2010
बैंक ने अपनी 2000वीं शाखा (यमुना विहार शाखा) खोली।

2009
100% सीबीएस बनाया गया।

2000
2003 में प्रारम्भिक सार्वजनिक निर्गम और अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम ।

1996
बैंक का लाभ पहली बार रुपये 100 करोड़ तक पहुंचा।

1984
1000वीं शाखा खोली गई (गोविंदपुरी शाखा)।

1969
बैंक का राष्ट्रीयकरण।

1964
माउंट रोड में आइओबी के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन।

पूँजी	विवरण
वित्तीय पूँजी	पूँजी : ₹19,256.69 करोड़ जमाएँ : ₹3,68,191 करोड़ (18.03% बढोत्तरी) कुल अग्रिम : ₹3,10,423 करोड़ (24.16% बढोत्तरी)
विनिर्माण पूँजी	कुल शाखाएं : 3335 एटीएम/सीआर : 3497 भौगोलिक प्रसार : 35 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में व्यावसायिक प्रतिनिधि एजेंट : 10135
बौद्धिक पूँजी	डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं आइओबी पे व्हाट्सअप बैंकिंग कोर बैंकिंग : फिनेकल 10.2.25 (वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपग्रेड किया गया) आईएसओ 27001 : 2022 प्रमाणित सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली शिकायत संक्षेपीकरण और ईएसजी ज्ञान पुनर्प्राप्ति के लिए जेनेरेटिव एआई
मानव संसाधन पूँजी	कुल कर्मचारी : 20966 आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित स्टाफ कॉलेज आंतरिक प्रशिक्षण क्षमता: 20,080 कर्मचारी लैंगिक विविधता अनुपात: 36.43% प्रति कर्मचारी प्रशिक्षण एवं विकास घंटे: 43.49 घंटे
सामाजिक व संबंध पूँजी	सीएसआर व्यय : ₹8.74 करोड़ विकासोन्मुखी जिलों पर किया गया व्यय : ₹36.37 लाख कुल ग्राहक : 46+मिल्लियन प्रापण : भारत में ही शत प्रतिशत प्रत्यक्ष रूप से जुटाए गए इनपुट स्नेहा वित्तीय साक्षरता केंद्र और आरसेटी
प्राकृतिक पूँजी	कुल ऊर्जा लागत : 3,50,214.71 गीगाजूल 50 करोड़ या उससे अधिक के कुल ऋण जोखिम के क्रेडिट मूल्यांकन में ईएसजी स्कोरकार्ड को अनिवार्य किया गया। कुल जल खपत : 2.61 लाख किलो लीटर

मूल्य सृजन मॉडल

कारोबारी सेगमेंट

- वैयक्तिक बैंकिंग
- कॉरपोरेट बैंकिंग
- कृषि एवं ग्रामीण बैंकिंग
- एमएसएमई
- फोरेक्स
- सरकारी कारोबार

मूल्य सृजन के प्रमुख कारक

- हितधारक सहभागिता एवं साझेदारी
- वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक विकास
- जोखिम एवं पूँजी प्रबंधन
- क्रेडिट डिलीवरी
- डिजिटल रूपांतरण
- निक्षेप जुटाना



उत्पाद/सेवाएँ

- डिजिटल बैंकिंग
- क्रेडिट कार्ड
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
- बीमा

परिणाम	मुख्य प्रभावकारी मुद्दे	प्रभावित एसडीजी
निवल लाभ : ₹5,208 करोड़ (वर्ष दर वर्ष 56.16% की बढ़ोत्तरी) एनआईआई : ₹12,574 करोड़ (15.46% की बढ़ोत्तरी) ईपीएस : ₹2.70 इक्वीटी पर रिटर्न : 20.42%	वित्तीय समावेशन ग्राहक निष्पक्षता और सही बिक्री विनियामक और कानूनी अनुपालन व्यवसाय निरंतरता	
कुल शाखाएँ : 3494 एटीएम/सीआर : 3651 बीसी : 12,187 एटीएम/सीडीएम में बढ़ोत्तरी : 96.66%	व्यवसाय निरंतरता नैतिक आचरण व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन ग्राहक निष्पक्षता और सही बिक्री विनियामक और कानूनी अनुपालन डाटा प्राइवेसी	
डिजिटल लेन-देन : कुल लेन-देन का 98.38 % डिजिटल लेन-देन का यूपीआई शेयर : 90% मोबाइल बैंकिंग यूजर बेस : 1.30 करोड़ वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान नए मोबाइल बैंकिंग पर पंजीकरण : 27 लाख+ धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए (रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब द्वारा विकसित) म्यूल हंटर एआई/एमएल समाधान	डाटा प्राइवेसी व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन	
कुल कर्मचारी : 21034 कर्मचारी सहभागिता सर्वे स्कोर : 3.85 प्रोजेक्ट लक्ष्य के अंतर्गत भावी नेतृत्व को प्रशिक्षण : 250 (9 महीनें का प्रशिक्षण कार्यक्रम) नारी : महिला नेतृत्व कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लैंगिक विविधता अनुपात : 37.10%	कर्मचारी हितलाभ एवं विकास नैतिक आचरण	
शिकायत निवारण दर : 99.89% पीएमजेडीवाई खातों की संख्या : 94.5 लाख+ सीएसआर लाभार्थी : 5.85 लाख सम्मान : स्वयं सहायता समूह-बैंक लिंकेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार ; सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच शिकायत निवारण में वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता कुल ग्रामीण शाखाएं : 956	नैतिक आचरण वित्तीय समावेशन ग्राहक निष्पक्षता और सही बिक्री	
वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान स्थापित की गई सौर ऊर्जा क्षमता : 350.5 किलो वाट हरित वित्तीय पोर्टफोलियो : ₹1,822.10 करोड़ आइओबी सुर्या और आइओबी तेजस के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा में वित्त	जीएचजी उत्सर्जन प्रबंधन ईएसजी ओवरसाइट	

हितधारक सहभागिता और महत्वपूर्ण विषयों का आकलन



इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में, हितधारक सहभागिता इस बात का अभिन्न अंग है कि बैंक किस प्रकार जोखिमों को समझता है, अवसरों की पहचान करता है तथा दीर्घकालिक रणनीति को निर्माण करता है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकिंग क्षेत्र में लगभग नौ दशकों के अनुभव के साथ, हम मानते हैं कि हमारे परिचालन से प्रभावित होने वाले लोगों और संस्थानों के साथ निरंतर संवाद से सार्थक निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है ।

डिजिटल परिवर्तन, ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं, जलवायु संबंधी चिंताओं और तेजी से बदलते नियामक वातावरण के कारण बैंकिंग परिदृश्य में लगातार तीव्र बदलाव आ रहे हैं। इस संदर्भ में, हितधारक सहभागिताओं के साथ जुड़ाव न केवल संबंध स्थापित करने का एक माध्यम है, बल्कि अनौपचारिक योजना, शासन, जोखिम प्रबंधन और सेवा वितरण में एक रणनीतिक इनपुट के रूप में भी कार्य करता है।

हितधारक सहभागिता

हमारी सहभागिता दृष्टिकोण इस विश्वास से निर्देशित होता है कि दीर्घकालिक संबंध सुलभता, जवाबदेही और पारदर्शिता के माध्यम से निर्मित होते हैं। हम ग्राहकों की उभरती अपेक्षाओं को समझने, प्रतिक्रिया प्राप्त करने और संस्थागत विश्वास को मजबूत करने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों चैनलों के माध्यम से उनसे सक्रिय रूप से जुड़ते हैं।

इन सहभागिताओं से प्राप्त अंतर्दृष्टियाँ नीतियों को आकार देने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने, परिचालन प्रथाओं को सुदृढ़ करने, वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने और पूरे संगठन में स्थिरता प्राथमिकताओं को परिष्कृत करने में सहायक होती हैं।

हमारे हितधारकों का समग्र परिदृश्य

हितधारक सहभागिता संबंधों को सुदृढ़ करने, अपेक्षाओं को समझने और दीर्घकालिक मूल्य निर्माण का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैंक अपने हितधारकों की पहचान करता है और व्यवसायिक परिचालन तथा रणनीतिक प्राथमिकताओं से प्रासंगिकता के आधार पर मानचित्रित करता है।

हम समय-समय पर आंतरिक मूल्यांकन और नेतृत्व समीक्षा के माध्यम से हितधारक समूहों की समीक्षा करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहभागिता तंत्र विकसित होते बैंकिंग वातावरण और हितधारकों की अपेक्षाओं के अनुरूप बने रहें। इस समीक्षा के आधार पर, बैंक वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान आंतरिक और बाहरी श्रेणियों में छह प्रमुख हितधारक समूहों के साथ निरंतर जुड़ा रहता है।

ग्राहक | कर्मचारी | शेयरधारक व निवेशक | नियामक | समुदाय | आपूर्तिकर्ता

हितधारक समूह
ग्राहक

वे हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं

ग्राहक बैंक के उद्देश्य और उसकी दीर्घकालिक फ्रैंचाइज़ी एवं मजबूती के केंद्र में हैं। उनका विश्वास सीधे तौर पर जमा राशि, ऋण संबंधों, सेवा प्रतिष्ठा और भविष्य के विकास को प्रभावित करता है ।

उनके लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है

शाखाओं और डिजिटल चैनलों में विश्वसनीय सेवा; पारदर्शी उत्पाद शर्तें; धन और डेटा की सुरक्षा; त्वरित शिकायत निवारण; न्यायसंगत शर्तों पर ऋण तक पहुँच।

हम कैसे जुड़ते हैं एवं उसकी आवृत्ति

शाखा संवाद; मोबाइल, इंटरनेट और व्हाट्सऐप बैंकिंग; कॉल सेंटर; शाखाओं पर क्यूआर-कोड प्रतिक्रिया; एसएमएस, ई-मेल और सूचना-पट अद्यतन; ग्राहक सेवा समिति

आवृत्ति: सतत और आवश्यकता-आधारित

हम कैसे प्रत्युत्तर देते हैं

- पुनर्गठित सीआरएम-24×7 एसपीजीआरएस पोर्टल के साथ एकीकृत शिकायते प्रबंधन
- वर्ष के दौरान शिकायत निवारण दर 99.89% रही
- शिकायतें 2,10,075 से घटकर 1,86,011 रह गईं
- लंबित शिकायतें 2,610 से घटकर 211 रह गईंराहक अधिकार नीति आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना के अनुरूप

हितधारक समूह
कर्मचारी

वे हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं

कर्मचारी प्रत्येक ग्राहक के साथ संवाद और परिचालन संबंधी निर्णय के माध्यम से बैंक की रणनीति को साकार रुप देते हैं।

उनके लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है

कैरियर विकास और सीखने का अवसर ; न्यायसंगत पारिश्रमिक; सुरक्षित एवं समावेशी कार्यस्थल; पारदर्शी शिकायत निवारण चैनल; सम्मान एवं विकास के मार्ग; कल्याण और कार्य-जीवन संतुलन

हम कैसे जुड़ते हैं एवं उसकी आवृत्ति

एसईजीआरएस; स्टाफ कॉलेज प्रशिक्षण; सहायता डेस्क; हर विचार महत्वपूर्ण ; कर्मचारी दिवस; केंद्रीय और क्षेत्रीय कार्यालयों में आईसीसी

आवृत्ति: सतत और निरंतर

हम कैसे प्रत्युत्तर देते हैं

- 100% स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण कवरेज
- 98.44% कर्मचारी कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल
- 100% प्रदर्शन और कैरियर विकास समीक्षा
- संरचित सहानुभूतिपूर्ण नियुक्ति और अनुग्रह राशि ढाँचा

हितधारक समूह
शेयरधारक व निवेशक

वे हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं

शेयरधारक और निवेशक वह पूँजी विश्वास प्रदान करते हैं जो बैलेंस शीट की वृद्धि और दीर्घकालिक रणनीतिक क्रियान्वयन को समर्थन देता है।

उनके लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है

सतत लाभप्रदता और परिसंपत्ति गुणवत्ता; पारदर्शी प्रकटीकरण; सुदृढ़ गवर्नेंस और जोखिम अनुशासन; पूँजी दक्षता; रणनीति पर स्पष्टता

हम कैसे जुड़ते हैं एवं उसकी आवृत्ति

त्रैमासिक निवेशक बैठकें; आय कॉल; स्टॉक एक्सचेंज दाखिले; वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम); निवेशक सम्मेलन; रोडशो

आवृत्ति: त्रैमासिक, वार्षिक और आवश्यकतानुसार।

हम कैसे प्रत्युत्तर देते हैं

- ₹5,208 करोड़ का निवल लाभ, 56.16% की वृद्धि
- 20.42% का आरओई और 1.23% का आरओए
- 19.78% का सीआरएआर, जिसमें टीयर 1 16.94% है
- 1.42% का सकल एनपीए
- लागत-से-आय अनुपात, में सुधार होकर 44.94 हो गया ।

हितधारक समूह
नियामक

वे हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं

नियामकों और सरकारी प्राधिकरणों के साथ रचनात्मक सहभागिता बैंक को अनुपालनशील तथा उनके साथ समंवित बने रहने में सहायता करता है ।

उनके लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है

नियामकीय अनुपालन; सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन; पारदर्शी रिपोर्टिंग; राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में सहभागिता।

हम कैसे जुड़ते हैं एवं उसकी आवृत्ति

नियामकीय निरीक्षण; पर्यवेक्षी समीक्षा; सांविधिक फाइलिंग; नीति परामर्श; तमिलनाडु में एसएलबीसी संयोजक की भूमिका

आवृत्ति: निरंतर और आवश्यकता-आधारित।

हम कैसे प्रत्युत्तर देते हैं

- बीएससी और एनएसई के पास जमा की गई गवर्नेंस अनुपालन रिपोर्टें
- पीएमजेडीवाइ, पीएमजेजेबीवाइ, पीएमएसबीवाइ, एपीवाइ, पीएम-कुसुम और पीएम स्वनिधि में सक्रिय भागीदारी
- डीएफएस द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच शिकायत निवारण में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता' के रूप में सम्मान प्राप्त

हितधारक समूह
समुदाय

वे हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं

बैंक के सार्वजनिक क्षेत्र के दायित्व में जनादेश में समुदाय केंद्रीय भूमिका निभाते हैं, विशेष रुप से ग्रामीण और विकासोन्मुख जिलों में ।

उनके लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है

औपचारिक बैंकिंग और ऋण तक पहुँच; वित्तीय साक्षरता; आजीविका सहायता; बैंकिंग सुविधा से वंचित क्षेत्रों तक

हम कैसे जुड़ते हैं एवं उसकी आवृत्ति

एनजीओ 'यों के माध्यम से सामुदायिक पहुँच, एसएनईएचए वित्तीय साक्षरता केंद्र, प्रायोजन और दान, तथा आकांक्षी ज़िलों तक पहुँच।.

आवृत्ति: निरंतर

हम कैसे प्रत्युत्तर देते हैं

- 94.57 लाख पीएमजेडीवाई खाते जिनमें कुल शेष राशि ₹3,991 करोड़ है;
- 192 प्रायोजन और दान पहल;
- ₹36.37 लाख का आकांक्षी ज़िला व्यय;
- एसएचजी बैंक लिंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार।

हितधारक समूह
आपूर्तिकर्ता

वे हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं	हम कैसे जुड़ते हैं एवं उसकी आवृत्ति	हम कैसे प्रत्युत्तर देते हैं
विक्रेता और प्रौद्योगिकी साझेदार सुरक्षित, विस्तार योग्य और कुशल बैंकिंग संचालन का समर्थन करते हैं।	जीईएम खरीद; ऑनबोर्डिंग के समय समुचित जाँच पड़ताल; अनुबंध प्रबंधन; प्रदर्शन समीक्षा; तकनीकी सहभागिता। आवृत्ति: आवधिक और आवश्यकतानुसार	• भारत के भीतर से सीधे प्राप्त इनपुट का 100% क्रय; आईटी खरीद का 20% एमएसई के लिए आरक्षित; डीपीआईआईटी-द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्ट -अप्स को प्राथमिकता दी जाएगी ।
उनके लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है		
न्यायसंगत और पारदर्शी खरीद; समय पर निपटान; स्पष्ट सेवा-स्तर अपेक्षाएँ		

महत्त्वपूर्ण मूल्यांकन

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में, महत्व मूल्यांकन बैंक की रणनीति, संचालन, हितधारकों की अपेक्षाओं और दीर्घकालिक मूल्य सृजन से संबंधित विषयों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने में मदद करता है। एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होने के नाते, जो विविध भौगोलिक क्षेत्रों और ग्राहक वर्गों में कार्य करता है, बैंक लगातार व्यापक मुद्दों का मूल्यांकन करता है — जिनमें वित्तीय समावेशन, डिजिटल परिवर्तन, साइबर लचीलापन, जलवायु जोखिम, गवर्नेंस, कर्मचारी क्षमता, और ग्राहक सेवा शामिल हैं।

चिन्हित किए गए महत्वपूर्ण विषय उन क्षेत्रों को दर्शाते हैं जो लंबे समय में सतत मूल्य सृजित करने की बैंक की क्षमता को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं। ये विषय रणनीतिक फोकस क्षेत्रों को दिशा देने, जोखिम निगरानी को सुदृढ़ करने, पूँजी आवंटन निर्णयों में सहायता करने और पूरे संगठन में परिचालन प्राथमिकताओं को आकार देने में भी मदद करते हैं।

बैंक समय-समय पर, परिचालन परिवेश में बदलावों, हितधारकों की अपेक्षाओं, विनियामक घटनाक्रमों और व्यावसायिक प्राथमिकताओं के अनुरूप, चिन्हित किए गए महत्वपूर्ण मामलों की प्रासंगिकता की समीक्षा करता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान किए गए आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर, चिन्हित किए गए महत्वपूर्ण मामले बैंक के दीर्घकालिक विकास और रूपांतरण के लिए प्रासंगिक बने हुए हैं।

ए. महत्वपूर्ण मूल्यांकन के प्रति दृष्टिकोण

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक द्वारा अपनाई गई "महत्वपूर्ण मूल्यांकन" प्रक्रिया को इस तरह से डिज़ाइन किया गया था, ताकि उन मुद्दों की पहचान की जा सके और उन्हें प्राथमिकता दी जा सके, जो बैंक के दीर्घकालिक मूल्य सृजन, हितधारकों की अपेक्षाओं और रणनीतिक प्राथमिकताओं के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। इस प्रक्रिया में एक व्यवस्थित, पाँच-चरणों वाला दृष्टिकोण अपनाया गया:

चिन्हांकन करना : हम बैंक के परिचालन परिवेश, रणनीतिक प्राथमिकताओं, क्षेत्रीय घटनाक्रमों, विनियामक अपेक्षाओं और बदलते कारोबारी परिदृश्य के आलोक में हितधारक समूहों और महत्वपूर्ण मामलों की पहचान और समीक्षा करते हैं। इससे हमें उन मुद्दों को समझने में मदद मिलती है, जो दीर्घकालिक मूल्य सृजन और जिम्मेदार बैंकिंग प्रथाओं के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं।

सहभागिता : हम कई औपचारिक और अनौपचारिक माध्यमों से हितधारकों के साथ जुड़ते हैं, जिनमें ग्राहक सेवा, कर्मचारियों के साथ बातचीत, निवेशकों के साथ संवाद, नियामक सहभागिता, सामुदायिक पहुँच और उद्योग में भागीदारी शामिल हैं। ये बातचीत हमें हितधारकों की अपेक्षाओं और उभरती प्राथमिकताओं को समझने में मदद करती हैं।

महत्वपूर्ण विषयों की प्राथमिकता निर्धारण: हितधारकों के साथ संवाद के माध्यम से प्राप्त इनपुट आंतरिक चर्चाएँ, व्यावसायिक प्राथमिकताएँ, और क्षेत्र-स्तरीय विकासों की समीक्षा ताकि बैंक की रणनीति, परिचालन, और दीर्घकालिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की पहचान एवं प्राथमिकता निर्धारण के लिए की जाती है ।

एकीकरण और प्रकटीकरण: चिन्हित महत्वपूर्ण विषयों को बैंक के रणनीतिक फोकस क्षेत्रों, जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण, गवर्नेंस प्रक्रियाओं, और सतत प्रकटीकरण में एकीकृत किया गया । ये अंतर्दृष्टियाँ सूचित निर्णय-निर्माण का समर्थन करती हैं और बैंक के दीर्घकालिक मूल्य सृजन ढाँचे को मजबूत करती हैं ।

महत्वपूर्ण मुद्दों को चिन्हित करना	विवरण/ क्यों यह महत्वपूर्ण है	प्रभावित पूँजी/ प्रभावित एसडीजी/ प्रभावित हितधारक
डेटा गोपनीयता	जैसे-जैसे डिजिटल अपनाने की प्रक्रिया बढ़ रही है, ग्राहक डेटा की सुरक्षा ग्राहक विश्वास बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक बन गई है । बैंक डिजिटल और ब्रांच, दोनों माध्यमों से बड़ी मात्रा में संवेदनशील निजी जानकारी को संभालता है; ऐसे में डेटा की गोपनीयता और साइबर सुरक्षा, ज़िम्मेदार बैंकिंग कार्यों के लिए बेहद अहम हो जाते हैं। इस मुद्दे के महत्व को बैंक के ISO 27001:2022-प्रमाणित 'सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली' और एक बहु-स्तरीय साइबर सुरक्षा ढाँचे से और भी बल मिलता है। इस ढाँचे में एन्क्रिप्शन, एक्सेस कंट्रोल, सुरक्षा कमज़ोरियों का आकलन, और ग्राहकों व कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता से जुड़ी पहलें शामिल हैं।	
कारोबार निरंतरता	देशव्यापी उपस्थिति वाले बैंक के लिए, निर्बाध ग्राहक सेवा और हितधारकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए परिचालन निरंतरता आवश्यक है । प्राकृतिक आपदाओं, साइबर घटनाओं, प्रणाली विफलताओं, या सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों से उत्पन्न होने वाली बाधाएं वितरण और परिचालन स्थिरता को प्रभावित कर सकती हैं। लचीलापन मजबूत करने के लिए, बैंक एक बोर्ड-अनुमोदित कारोबार निरंतरता योजना और आपदा पुनर्प्राप्ति ढाँचा संचालित करता है, जिसे चार-स्तरीय डेटा केंद्र संरचना, दोहरी -शाखा कनेक्टिविटी, और आवधिक आपदा पुनर्प्राप्ति अभ्यास द्वारा समर्थित किया जाता है।	
व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन	बैंकिंग मूल रूप से जोखिमों को चिन्हित करना, उनका आकलन करने और उन्हें प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। यदि सक्रिय रूप से प्रबंधन न किया जाए तो ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम, परिचालन जोखिम, चलनिधि जोखिम, प्रौद्योगिकी जोखिम, और सूचना सुरक्षा जोखिम वित्तीय स्थिरता, परिचालन लचीलापन और हितधारकों के विश्वास को प्रभावित कर सकते हैं। बैंक बोर्ड की देख-रेख में आईएसओ 31000:2018 के अनुरूप एक जोखिम प्रबंधन ढाँचा संचालित करता है जिसे ऋण, परिसंपत्ति-देयता प्रबंधन, परिचालन जोखिम तथा उत्पाद एवं प्रक्रिया जोखिम के लिए समर्पित समितियों द्वारा समर्थन किया जाता है। जोखिम की निगरानी को और मज़बूत करने के लिए क्षेत्र-स्तरीय जोखिम प्रबंधक नियुक्त किए गए हैं, जो जोखिमों की निगरानी उत्पत्ति के करीब ही उसकी निगरानी करते हैं ।	

वित्तीय पूँजी | विनिर्मित पूँजी | बौद्धिक पूँजी | मानव संसाधन पूँजी | सामाजिक और संबंध पूँजी | प्राकृतिक पूँजी

महत्वपूर्ण मुद्दों को चिन्हित करना	विवरण/ क्यों यह महत्वपूर्ण है	प्रभावित पूँजी/ प्रभावित एसडीजी/ प्रभावित हितधारक
नैतिक व्यवहार	नैतिक आचरण जिम्मेदार और विश्वसनीय बैंकिंग की नींव बनाता है। बैंक का आचार संहिता, व्हिसल-ब्लोअर नीति, और संरचित शिकायत निवारण तंत्र संगठन भर में ईमानदारी, जवाबदेही और पारदर्शी व्यावसायिक प्रथाओं को मज़बूत करने में मदद करते हैं। राष्ट्रीय जिम्मेदार व्यवसायिक आचरण दिशानिर्देश (एनजीआरबीसी) के अनुरुप शासन मानकों और नैतिक निर्णय लेने को और मजबूत करता है । उच्च आचरण मानकों को बनाए रखना बैंक द्वारा लगभग नौ दशकों में निर्मित विश्वास और विश्वसनीयता को संरक्षित करने के लिए आवश्यक है।	
ग्राहक निष्पक्षता और उचित विक्रय	ग्राहक निष्पक्षता बैंक के जिम्मेदार आचरण, पारदर्शी संचार और नैतिक सेवा प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बैंक का निष्पक्ष प्रथाओं का संहिता, ग्राहक अधिकार नीति, और शिकायत निवारण तंत्र, जो भारतीय रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना के अनुरूप है, उत्पाद डिज़ाइन, बिक्री प्रथाओं और सेवा-उपरांत सहभागिता का मार्गदर्शन करते हैं। ग्राहक संवाद में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना विश्वास, ग्राहक संबंधों और दीर्घकालिक संस्थागत विश्वसनीयता को मज़बूत करने के लिए आवश्यक है, जिसे बैंक ने लगभग नौ दशकों में विकसित किया है।	
नियामक और कानूनी अनुपालन	नियामक अनुपालन जिम्मेदार बैंकिंग संचालन और गवर्नेंस की नींव बनाता है। बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षी ढाँचे, सेबी सूचीबद्धता आवश्यकताओं, और अपने व्यवसायों पर लागू विभिन्न वैधानिक एवं नियामकीय दायित्वों के अंतर्गत कार्य करता है। एक बोर्ड-अनुमोदित अनुपालन नीति, मुख्य अनुपालन अधिकारी जो सीधे एमडी व सीईओ तथा लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करते हैं, और आवधिक कॉरपोरेट गवर्नेंस अनुपालन रिपोर्टिंग ये सभी मिलकर बैंक के अनुपालन और निगरानी ढाँचे को मज़बूत करते हैं। नियामक अनुशासन, परिचालन अखंडता और हितधारकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी और समय पर सुधारात्मक कार्रवाई आवश्यक है।	
जलवायु जोखिम	बैंक की ऋण मूल्यांकन और परिचालन संबंधी लेने की प्रक्रिया में जलवायु संबंधी विचार-विमर्श का महत्व लगातार बढता जा रहा है । अत्यधिक मौसम की घटनाओं जैसे भौतिक जोखिम साथ ही नियामक तकनीकी और बाजार परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाली संक्रमणकालीन जोखिम, पोर्टफोलियों की गुणवत्ता और दीर्घकालिक परिसंपत्ति लचीलेपन को प्रभावित कर सकते हैं । जलवायु जोखिम एकीकरण को मज़बूत करने के लिए, बैंक ने बड़े ऋण जोखिमों के लिए एक जलवायु जोखिम प्रश्नावली शुरू की है और मूल्यांकन प्रक्रिया में एक ईएसजी स्कोरकार्ड को लागू किया है।	

वित्तीय पूँजी | विनिर्मित पूँजी | बौद्धिक पूँजी | मानव संसाधन पूँजी | सामाजिक और संबंध पूँजी | प्राकृतिक पूँजी

महत्वपूर्ण मुद्दों को चिन्हित करना	विवरण/ क्यों यह महत्वपूर्ण है	प्रभावित पूँजी/ प्रभावित एसडीजी/ प्रभावित हितधारक
हरित वित्त और सतत ऋणदान	ग्रीन फ़ाइनेंस, ज़्यादा टिकाऊ और कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में अहम भूमिका निभाता है। बैंक, रिन्यूएबल एनर्जी फ़ाइनेंसिंग, इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए लोन देने और आइओबी सूर्या और आइओबी तेजस जैसी पहलों के तहत पर्यावरण के लिहाज़ से टिकाऊ प्रोजेक्ट्स को मदद देकर अपने ग्रीन फ़ाइनेंस पोर्टफ़ोलियो को लगातार मज़बूत कर रहा है। इस साल बायोमास प्रोजेक्ट्स और टिकाऊ मोबिलिटी के लिए फ़ाइनेंसिंग का दायरा भी बढ़ा, जिससे यह पता चलता है कि बैंक का ध्यान अब जलवायु के हिसाब से लोन देने पर ज़्यादा है। ग्रीन डिपॉज़िट से मिली रकम का स्वतंत्र वेरिफिकेशन और 'पार्टनरशिप फ़ॉर कार्बन अकाउंटिंग फ़ाइनेंशियल्स' के साथ बैंक का हस्ताक्षरकर्ता होना, उसके टिकाऊ फ़ाइनेंस के तरीके की विश्वसनीयता को और भी मज़बूत बनाता है।	
वित्तीय समावेशन	वित्तीय समावेशन इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है, क्योंकि यह एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है जो औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक पीएमजेडीवाई खातों, कारोबार प्रतिनिधि नेटवर्क, और पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, अटल पेंशन योजना, पीएम-कुसुम, और पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि जैसी राष्ट्रीय योजनाओं में भागीदारी के माध्यम से अपनी पहुँच को लगातार मज़बूत करता है। ये पहल देशभर में वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक बैंकिंग, वित्तीय सुरक्षा और ऋण की पहुँच बढ़ाने में मदद करती हैं, साथ ही बैंक के दीर्घकालिक ग्राहक संबंधों और पहुँच को भी मज़बूत करती हैं।	
कर्मचारी लाभ और विकास	कर्मचारियों का विकास बैंक की दीर्घकालिक वृद्धि, सेवा गुणवत्ता और परिचालन के महत्व के लिए केंद्रीय महत्व रखता है। बैंक अपने आइएसओ 9001:2015 प्रमाणित स्टाफ कॉलेज के माध्यम से अपनी कर्मचारियों की क्षमता को लगातार मज़बूत कर रहा है। यह स्टॉफ कॉलेज कोर बैंकिंग, जोखिम प्रबंधन, अनुपालन, डिजिटल बैंकिंग, नेतृत्व और कार्यात्मक विकास के क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है, जिसमें प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के लिए विशेष कार्यक्रम भी शामिल हैं। बैंक व्यापक कौशल विकास पहलों, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण, समूह बीमा कवरेज, शिशु गृह भत्ता और कर्मचारियों के कल्याण के लिए बनाए गए व्यवस्थित कर्मचारियों के कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर सीखने और कार्यस्थल पर भी ध्यान केंद्रित करता है ।	

वित्तीय पूँजी | विनिर्मित पूँजी | बौद्धिक पूँजी | मानव संसाधन पूँजी | सामाजिक और संबंध पूँजी | प्राकृतिक पूँजी

बाह्य परिवेश

अनुकूल विकास परिदृश्य

> वैश्विक परिदृश्य में चल रहे संरचनात्मक पुनर्संतुलन के दौर के बावजूद भारत की आर्थिक सुदृढ़ता बैंकिंग क्षेत्र को स्थिर आधार प्रदान करती रही है। इस परिवेश में, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक अपने हितधारकों के लिए व्यापक आर्थिक अवसरों को दीर्घकालिक मूल्य सृजन में परिवर्तित करने के लिए सुदृढ़ स्थिति में है।



वित्त वर्ष 2025–26 में भारत का व्यापक आर्थिक वातावरण मजबूत बना हुआ है, सशक्त घरेलू मांग, निरंतर अवसंरचना निवेश तथा नीतिगत निरंतरता का समर्थन के कारण। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास गति को बनाए रखने की अपेक्षा है, जिससे बैंकिंग क्षेत्र के लिए अनुकूल पृष्ठभूमि निर्मित होती है।

इस परिवेश में, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक एक सुदृढ़ होते वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में कार्य कर रहा है, जहाँ परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार, स्वस्थ ऋण मांग तथा अर्थव्यवस्था के बढ़ते औपचारिकीकरण की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। हाल के वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र ने अपनी बैलेंस शीट को अधिक मजबूत बनाया है, जिससे विशेष रूप से एमएसएमई, कृषि तथा खुदरा जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में आर्थिक विकास को समर्थन देने की क्षमता सुदृढ़ हुई है।

हालाँकि, बाह्य परिदृश्य अनेक ऐसे कारकों से भी प्रभावित है जो एक साथ चुनौतियाँ और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं— बदलता वैश्विक आर्थिक क्रम, समावेशन पर केंद्रित विकसित होता नियामकीय ढाँचा, वित्तीय निर्णयों में जलवायु संबंधी विचारों का बढ़ता महत्व तथा डिजिटल एवं साइबर परिवेश की बढ़ती जटिलता ये सभी कारक बैंक की रणनीति, जोखिम दृष्टिकोण तथा मूल्य सृजन की प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं।

वैश्विक अनिश्चितता एवं भारत की विकास गति

वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान वैश्विक आर्थिक वातावरण भू-राजनीतिक तनावों, परिवर्तित व्यापार नीतियों, मुद्रास्फीति संबंधी दबावों, वित्तीय बाजारों की अस्थिरता तथा प्रमुख क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से प्रभावित रहा। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उच्च ऋण स्तर तथा असमान रूप से घटती मुद्रास्फीति ने वैश्विक विकास परिदृश्य को और अधिक संतुलित तथा अनिश्चित बना दिया है, जिससे वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि देखी जा रही है, जबकि उभरते बाजार अस्थिर पूँजी प्रवाह, विनिमय दर उतार-चढ़ाव तथा परिवर्तित व्यापार गतिशीलताओं जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस परिवेश में वित्तीय संस्थान बदलते व्यापक आर्थिक जोखिमों का सामना करने हेतु अपनी बैलेंस शीट की सुदृढ़ता, तरलता प्रबंधन तथा जोखिम शासन ढाँचे को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि में भारत वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक तीव्र गति से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। निरंतर सरकारी पूँजीगत व्यय, सुदृढ़ शहरी मांग, ग्रामीण उपभोग में सुधार तथा अनुकूल कृषि परिदृश्य ने आर्थिक विकास को समर्थन प्रदान किया है। मुद्रास्फीति में नरमी तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अपनाए गए सहायक मौद्रिक उपायों ने निवेश, व्यावसायिक गतिविधियों एवं ऋण वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया है।

साथ ही, बैंकिंग क्षेत्र ब्याज दर जोखिम, पोर्टफोलियो संकेंद्रण, आस्ति गुणवत्ता तथा बाजार अस्थिरता से संबंधित विकसित होते जोखिमों का सामना करता रहा। वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान इण्डियन ओवरसीज़ बैंक ने वैश्विक मानकों— सीओएसओ ईआरएम, आईएसओ 31000, सीओबीआईटी तथा एनआईएसटी—के अनुरूप एक व्यापक ईआरएम ढाँचा लागू किया, जिसे निदेशक मंडल स्तर की निगरानी एवं 'थ्री लाइन्स ऑफ डिफेन्स' मॉडल का समर्थन प्राप्त रहा। इस ढाँचे ने शासन व्यवस्था, जोखिम वर्गीकरण, जोखिम स्वीकृति सीमा निगरानी तथा तकनीक-आधारित पर्यवेक्षण को सुदृढ़ किया, जिसमें केआरआई, डैशबोर्ड, जेआरसी प्रणाली, वीएआर मॉडल, स्ट्रेस टेस्टिंग एवं परिदृश्य विश्लेषण सम्मिलित थे।

बैंक ने परिचालन, तरलता, प्रौद्योगिकी, ग्राहक सेवा तथा व्यवसायिक जोखिमों को शामिल करते हुए 29 जोखिम स्वीकृति मानकों की मासिक एवं त्रैमासिक आधार पर निगरानी की।

बैंक ने ऋण, बाजार, तरलता, परिचालन, संकेंद्रण, इक्विटी तथा विदेशी मुद्रा जोखिमों के संबंध में परिदृश्य-आधारित स्ट्रेस टेस्टिंग एवं भावी जोखिम आकलन क्षमताओं को भी सुदृढ़ किया। स्ट्रेस परिदृश्यों में क्षेत्रीय संकेंद्रण, रेटिंग डाउनग्रेड, पुनर्गठित खातों तथा प्रमुख उद्योगों में संभावित स्लिपेज को सम्मिलित किया गया। विदेशी मुद्रा जोखिम के लिए रिवर्स स्ट्रेस टेस्टिंग एवं सिमुलेशन अभ्यास भी संचालित किए गए।

वर्ष के दौरान तरलता एवं पूँजीगत सुदृढ़ता मजबूत बनी रही। 31 मार्च 2026 की स्थिति में तरलता कवरेज अनुपात 122.01% तथा नेट स्टेबल फंडिंग अनुपात 127.73% रहा, जो नियामकीय आवश्यकताओं से पर्याप्त रूप से अधिक है। बैंक के निवेश पोर्टफोलियो की अवधि एवं संशोधित अवधि क्रमशः 5.3598 एवं 5.1244 रही, जो निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सीमाओं के भीतर रही। बैंक ने आईआरआरबीबी ढाँचे के अंतर्गत आर्थिक मूल्य इक्विटी एवं निवल ब्याज आय संवेदनशीलता के आकलन के माध्यम से ब्याज दर जोखिम की सतत निगरानी भी जारी रखी।

चिन्हित अवसर

- घरेलू आर्थिक गति से प्रेरित ग्रामीण, शहरी, एमएसएमई, कृषि एवं खुदरा क्षेत्रों में ऋण मांग का प्रभावी दोहन करना।
- सरकारी पूँजीगत व्यय के अनुरूप अवसंरचना एवं परियोजना वित्तपोषण को समर्थन प्रदान करना।
- अनुकूल ब्याज दर वातावरण में गुणवत्तापूर्ण ऋण विस्तार के अवसरों को बढ़ाना।
- दीर्घकालिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में पोर्टफोलियो विविधीकरण को मजबूत करना।
- विश्लेषण-आधारित पोर्टफोलियो निगरानी एवं स्ट्रेस टेस्टिंग ढाँचों के माध्यम से जोखिम-समायोजित विकास को सुदृढ़ करना।

हमारी रणनीतिक प्रतिक्रिया

- व्यापक आर्थिक, क्षेत्रीय, बाजार एवं पोर्टफोलियो जोखिम परिदृश्यों के अंतर्गत समग्र स्ट्रेस टेस्टिंग का संचालन करना, ताकि संस्थागत सुदृढ़ता बढ़ाई जा सके तथा रणनीतिक निर्णय-निर्माण को समर्थन मिल सके।
- एलसीआर, एनएसएफआर, आईसीएएपी, आईआरआरबीबी तथा बाजार जोखिम मानकों की सतत निगरानी के माध्यम से मजबूत तरलता एवं पूँजी बफर बनाए रखना।
- पोर्टफोलियो समीक्षा एवं शासन तंत्र के माध्यम से रेटिंग माइग्रेशन, क्षेत्रीय संकेंद्रण, भौगोलिक संकेंद्रण तथा बड़े एक्सपोज़र जोखिमों की निगरानी करना।
- विकसित होते नियामकीय एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप एकीकृत निगरानी ढाँचों के माध्यम से उद्यम-स्तरीय जोखिम शासन को सुदृढ़ करना।
- आस्ति गुणवत्ता, पूँजी दक्षता, सतत विकास तथा दीर्घकालिक वित्तीय सुदृढ़ता पर निरंतर ध्यान केंद्रित रखना।

वित्तीय समावेशन को गति प्रदान करता नीतिगत परिदृश्य

भारत का नीतिगत एवं नियामकीय वातावरण वित्तीय समावेशन, अंतिम छोर तक बैंकिंग पहुँच तथा कल्याणकारी लाभों के प्रभावी वितरण को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। भारत सरकार ने औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने हेतु, विशेषकर वंचित एवं बैंकिंग सेवाओं से बाहर रह गए वर्गों के लिए, अनेक पहलों को प्रारंभ एवं विस्तारित किया है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे प्रमुख कार्यक्रमों ने औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में भागीदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है, जबकि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ढाँचे ने सब्सिडी एवं कल्याणकारी लाभों के वितरण को अधिक पारदर्शी तथा दक्ष बनाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी किफायती आवास पहलें भी समावेशी विकास को प्रोत्साहित करते हुए खुदरा ऋण वृद्धि के लिए नए अवसर सृजित कर रही हैं।

साथ ही, भारतीय रिज़र्व बैंक डिजिटल भुगतान अवसंरचना, नवोन्मेषी बैंकिंग चैनलों, ग्राहक संरक्षण उपायों तथा विकसित होते नियामकीय ढाँचों के माध्यम से वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बना रहा है। डिजिटल बैंकिंग एवं भुगतान प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग से विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में पहुँच एवं सुविधा में सुधार हुआ है, वहीं परिचालन सुदृढ़ता, सुरक्षित प्रौद्योगिकी अवसंरचना तथा प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र का महत्व भी बढ़ा है।

जैसे-जैसे बैंकिंग सेवाएँ ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों तक विस्तारित हो रही हैं, वित्तीय संस्थान सेवा निरंतरता, प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी तथा ग्राहक-केंद्रित परिचालन ढाँचों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान बैंक ने ग्राहक सेवा से संबंधित जोखिम स्वीकृति मानकों—विशेष रूप से शिकायत निस्तारण एवं डिजिटल सेवा निरंतरता सीमाओं—की सतत निगरानी जारी रखी, जिससे विभिन्न बैंकिंग चैनलों में ग्राहक अनुभव एवं परिचालन पर्यवेक्षण को और सुदृढ़ किया जा सके।

चिन्हित अवसर

- अग्रणी वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए वंचित एवं बैंकिंग सेवाओं से वंचित वर्गों तक पहुँच का विस्तार करना।
- किफायती आवास तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र योजनाओं के माध्यम से ऋण वृद्धि करना।
- डीबीटी-संबद्ध बैंकिंग संबंधों के माध्यम से कल्याणकारी लाभों एवं सब्सिडी वितरण को निर्बाध बनाना।
- आधार-सक्षम सेवाओं एवं नवोन्मेषी भुगतान चैनलों के माध्यम से डिजिटल-आधारित ग्राहक अधिग्रहण का विस्तार करना।
- सुलभ, सुरक्षित एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से ग्राहक सहभागिता को सुदृढ़ करना।

हमारी रणनीतिक प्रतिक्रिया

- पीएमजेडीवाई, पीएमएमवाई, एपीवाई तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा एवं आजीविका कार्यक्रमों सहित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सक्रिय रूप से समर्थन प्रदान करना।
- औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में भागीदारी बढ़ाने हेतु ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक की उपस्थिति को सुदृढ़ करना।
- वंचित समुदायों के लिए लक्षित जन-जागरूकता पहलों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता को बढ़ावा देना।
- मोबाइल बैंकिंग, आधार-सक्षम सेवाओं एवं माइक्रो-एटीएम अवसंरचना के माध्यम से अंतिम छोर तक बैंकिंग संपर्क (लास्ट-माइल कनेक्टिविटी) का विस्तार करना।
- ग्राहक अनुभव एवं बैंकिंग सेवाओं की पहुँच में सुधार हेतु शिकायत निवारण प्रणालियों, परिचालन निगरानी तंत्रों तथा डिजिटल सेवा निरंतरता ढाँचों को सुदृढ़ करना।
- भौतिक एवं डिजिटल बैंकिंग चैनलों में परिचालन सुदृढ़ता एवं निगरानी क्षमताओं को निरंतर सशक्त बनाना।

स्थिरता, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा द्वारा बैंकिंग का स्वरूप निर्धारण

जलवायु परिवर्तन, द्रुत डिजिटलीकरण तथा ग्राहकों की बदलती अपेक्षाएँ वैश्विक स्तर पर बैंकिंग क्षेत्र को निरंतर पुनर्परिभाषित कर रही हैं। वित्तीय संस्थान अपने दीर्घकालिक परिचालन परिवेश एवं रणनीतिक प्राथमिकताओं में स्थिरता, प्रौद्योगिकी तथा कार्यबल क्षमता को बढ़ते रूप से समाहित कर रहे हैं।

जलवायु-संबंधित जोखिम, जिनमें अत्यधिक मौसमीय घटनाएँ तथा संक्रमण-संबंधी विनियामकीय एवं बाज़ार परिवर्तन शामिल हैं, ऋण वितरण प्रक्रियाओं, पोर्टफोलियो गुणवत्ता तथा जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोणों को प्रभावित कर रहे हैं। इण्डियन ओवरसीज़ बैंक ने अपने कॉरपोरेट ऋण पोर्टफोलियो का एक संरचित जलवायु जोखिम आकलन किया है, जिसमें जलवायु जोखिम को ऋण जोखिम तथा प्रतिष्ठा जोखिम का एक महत्त्वपूर्ण एवं बहुआयामी निर्धारक माना गया है।

निर्धारण से संकेत मिलता है कि कॉर्पोरेट पोर्टफोलियो का 14% तथा 31% भाग क्रमशः निम्न एवं मध्यम जलवायु जोखिम श्रेणियों में आता है, जबकि 17%, 30% तथा 8% भाग जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों एवं भौगोलिक जोखिमों के कारण क्रमशः उन्नत, उच्च एवं अत्यधिक गंभीर जलवायु जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत है। वर्तमान निर्धारण पोर्टफोलियो स्तर पर एक दिशात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है तथा अभी इसे उधारकर्ता-विशिष्ट ऋण पुनर्मूल्यांकन के रूप में नहीं माना गया है। बैंक ऋण वितरण प्रक्रियाओं, पोर्टफोलियो निगरानी तथा भावी ऋण मूल्यांकन रूपरेखाओं में जलवायु जोखिम विचारों के चरणबद्ध एकीकरण को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

साथ ही, डिजिटल प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विश्लेषण तथा स्वचालन के तीव्र अवनयन से ग्राहकों की पहुँच, सुविधा एवं सुरक्षित बैंकिंग

अनुभव संबंधी अपेक्षाओं में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। इन परिवर्तनों के कारण डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, अनुपालन, जोखिम प्रबंधन तथा ग्राहक सहभागिता जैसे क्षेत्रों में कुशल मानव संसाधन का महत्व और अधिक बढ़ गया है।

डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र की बढ़ती जटिलता ने सुदृढ़ शासन व्यवस्था, तकनीकी प्रत्यास्थता तथा संपूर्ण संगठन स्तर पर निगरानी रूपरेखाओं की आवश्यकता को और अधिक प्रबल किया है।

इसके समानांतर, सेबी द्वारा प्रस्तुत विकसित हो रही ईएसजी प्रकटीकरण आवश्यकताओं एवं विनियामकीय रूपरेखाओं ने वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता, स्थिरता-संबंधी शासन तथा उत्तरदायी व्यावसायिक आचरण को और अधिक सुदृढ़ किया है।

चिन्हित अवसर

- अर्थव्यवस्था के निम्न-कार्बन विकास मार्गों की ओर संक्रमण के साथ सतत एवं ईएसजी-संरेखित वित्तपोषण में अवसरों का विस्तार करना।
- निर्बाध, सुरक्षित तथा डिजिटल-सक्षम बैंकिंग सेवाओं की बढ़ती ग्राहक मांग के प्रति प्रभावी रूप से प्रतिसाद देना।
- प्रौद्योगिकी, डेटा विश्लेषण तथा निगरानी क्षमताओं के माध्यम से परिचालन प्रत्यास्थता एवं निर्णय-निर्माण प्रक्रिया को सुदृढ़ करना।
- डिजिटल बैंकिंग, अनुपालन, जोखिम प्रबंधन तथा ग्राहक सहभागिता क्षेत्रों में भविष्य-उन्मुख कार्यबल क्षमताओं का विकास करना।
- पारदर्शी ईएसजी प्रकटीकरण एवं उत्तरदायी व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से हितधारकों के विश्वास को सुदृढ़ करना।

हमारी रणनीतिक प्रतिक्रिया

- ऋण वितरण, पोर्टफोलियो निगरानी तथा ईएसजी जोखिम प्रबंधन रूपरेखाओं में जलवायु एवं संबंधी विचारों का एकीकरण करना।
- परिचालन एवं प्रौद्योगिकी-संबंधित जोखिमों के न्यूनीकरण हेतु परिचालन नियंत्रणों, प्रक्रिया शासन तथा निगरानी प्रणालियों को निरंतर सुदृढ़ करना।
- प्रौद्योगिकी, अनुपालन एवं जोखिम प्रबंधन क्षेत्रों में सतत अधिगम एवं विशेषीकृत प्रशिक्षण पहलों के माध्यम से कर्मचारियों की क्षमता विकास में निवेश करना।
- संगठन-व्यापी शासन व्यवस्था, विश्लेषण-आधारित निगरानी तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम निर्णय-निर्माण रूपरेखाओं को सुदृढ़ करना।
- विकसित होती स्थिरता एवं विनियामकीय रिपोर्टिंग आवश्यकताओं, विशेषकर बीआरएसआर रूपरेखा, के अनुरूप प्रकटीकरण एवं शासन प्रथाओं को समायोजित करना।

डिजिटल बैंकिंग परितंत्र में साइबर सुरक्षा का बढ़ता महत्व

बैंकिंग क्षेत्र तीव्र डिजिटल रूपांतरण के दौर से गुजर रहा है, जिसे डिजिटल बैंकिंग चैनलों के बढ़ते उपयोग, क्लाउड-सक्षम अवसंरचना तथा ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं ने गति प्रदान की है। यद्यपि इन विकासों से पहुँच, सुविधा तथा परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है, किन्तु इसके साथ ही सुदृढ़ साइबर सुरक्षा एवं डेटा गोपनीयता रूपरेखाओं का महत्व भी अत्यधिक बढ़ गया है।

साइबर जोखिम परिदृश्य लगातार अधिक जटिल होता जा रहा है, जहाँ वित्तीय संस्थान रैनसमवेयर हमलों, फ़िशिंग प्रयासों, डिस्ट्रिब्यूटेड डिनायल-ऑफ-सर्विस घटनाओं तथा अन्य उन्नत साइबर घुसपैठों से उत्पन्न बढ़ते जोखिमों का सामना कर रहे हैं। परस्पर जुड़े डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र एवं प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्मों पर बढ़ती निर्भरता ने प्रत्यास्थ अवसंरचना, सुरक्षित प्रणालियों तथा उत्तरदायी डेटा प्रबंधन प्रथाओं की आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है।

भारत में विकसित हो रहे विनियामकीय ढाँचे, विशेषकर डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023, डेटा गोपनीयता, साइबर प्रत्यास्थता तथा व्यक्तिगत जानकारी के उत्तरदायी उपयोग पर ध्यान को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं। डिजिटल अवनयन में तीव्र वृद्धि के साथ, डेटा की गोपनीयता, अखंडता एवं उपलब्धता बनाए रखना वित्तीय संस्थानों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण

प्राथमिकता बन गया है, जिसके लिए साइबर सुरक्षा अवसंरचना, निगरानी प्रणालियों तथा शासन क्षमताओं में सतत निवेश आवश्यक है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक ने उन्नत निगरानी, सुदृढ़ शासन व्यवस्था तथा प्रौद्योगिकी जोखिम पर्यवेक्षण तंत्रों के माध्यम से अपने साइबर प्रत्यास्थता ढाँचे को और मजबूत किया। बैंक के आईसीएएपी ढाँचे के अंतर्गत साइबर जोखिम को उच्च जोखिम श्रेणी के रूप में आंका गया, जिसके परिणामस्वरूप साइबर जोखिम प्रबंधन हेतु ₹6.67 करोड़ की अतिरिक्त पूँजी आवंटित की गई, जबकि प्रौद्योगिकी जोखिम को निम्न जोखिम श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए ₹1.67 करोड़ की अतिरिक्त पूँजी निर्धारित की गई।

बैंक ने डिजिटल सेवा निरंतरता, परिचालन प्रत्यास्थता तथा ग्राहक शिकायतों से संबंधित जोखिम स्वीकृति सीमाओं की निगरानी भी जारी रखी। आईसीएएपी रूपरेखा के अंतर्गत प्रौद्योगिकी जोखिम का आकलन अनुमोदित स्कोरकार्ड के आधार पर किया गया, जो आपदा पुनर्प्राप्ति अभ्यासों एवं प्रणाली प्रत्यास्थता आकलनों से प्राप्त रिकवरी टाइम वस्तुनिष्ठ तथा रिकवरी पॉइंट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित था।

चिन्हित अवसर

- गोपनीयता-प्राथमिकता एवं सुरक्षित बैंकिंग अनुभवों के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास सुदृढ़ करना तथा संबंधों को और गहरा बनाना।
- साइबर प्रत्यास्थता एवं उत्तरदायी डेटा शासन में नेतृत्व प्रदर्शित करते हुए हितधारकों के विश्वास को मजबूत करना।
- डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 के अनुरूप अनुपालन को सुदृढ़ करने हेतु विकसित होती सुरक्षा मानकों एवं रूपरेखाओं को अपनाना।
- परिचालन प्रत्यास्थता बनाए रखते हुए ग्राहक पहुँच का विस्तार करने के लिए सुरक्षित डिजिटल अवसंरचना का प्रभावी उपयोग करना।

हमारी रणनीतिक प्रतिक्रिया

- सुदृढ़ सुरक्षा नियंत्रणों, सतत निगरानी तंत्रों तथा सक्रिय जोखिम प्रबंधन प्रथाओं के माध्यम से सूचना सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना।
- खतरा पहचान, घटना प्रतिक्रिया क्षमताओं, भेद्यता आकलन तथा प्रणाली लेखा-परीक्षण तंत्रों को सुदृढ़ करना।
- नेटवर्क, अनुप्रयोग एवं क्लाउड सुरक्षा के साथ-साथ आपदा पुनर्प्राप्ति तैयारी तथा व्यवसाय निरंतरता रूपरेखाओं को सशक्त बनाना।
- विकसित होती विनियामकीय आवश्यकताओं एवं उत्तरदायी डेटा उपयोग प्रथाओं के अनुरूप व्यापक डेटा शासन एवं गोपनीयता रूपरेखाओं को बनाए रखना।
- एकीकृत निगरानी एवं पर्यवेक्षण ढाँचों के माध्यम से संगठन-व्यापी प्रौद्योगिकी शासन, साइबर प्रत्यास्थता तथा डिजिटल सेवा निरंतरता को निरंतर सुदृढ़ करना।



वित्तीय पूँजी

निवल लाभ
₹5,208 करोड़
वित्तीय वर्ष 2024–25 की तुलना में 56.16% की वृद्धि

निवल ब्याज आय
₹12,574 करोड़
15.46% की वृद्धि वित्तीय वर्ष 2024–25

इक्विटी पर प्रतिफल
20.42%

कुल कारोबार:
₹6,78,614 करोड़
20.76% की वृद्धि वित्तीय वर्ष 2024–25

प्रभावित हितधारक	प्रभावित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी' यों):	संबद्ध महत्त्वपूर्ण मुद्दे:
ग्राहक निवेशक/शेयरधारक	8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH 9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE	वित्तीय समावेशन ग्राहक निष्पक्षता और सही बिक्री विधिक विनियामक अनुपालन व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में वित्तीय पूँजी स्थिरता, विकास एवं विश्वास की नींव का प्रतिनिधित्व करती है। यह जमा राशि जुटाने, विवेकपूर्ण ढंग से निवेश करने, सुदृढ़ तरलता और पूँजीगत बफर रखने तथा उत्तरदायी ऋण समर्थन करने के हमारी क्षमता को दर्शाती है । ऋण वितरण से लेकर प्रावधान और वसूली तक प्रत्येक वित्तीय निर्णय बैंक की सुदृढ़ तथा दीर्घकालिक मूल्य सृजन को प्रभावित करता है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 इस आधार को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। लाभप्रदता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया, आस्ति गुणवत्ता पिछले एक दशक के सर्वोत्तम स्तर पर पहुँच गई, तथा व्यवसाय संरचना क्रमशः अधिक संतुलित एवं सूक्ष्म आरएएम खंडों की ओर अग्रसर रही। समग्र रूप से ये उपलब्धियाँ अनुशासित क्रियान्वयन, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन तथा सुदृढ़ परिचालन मॉडल को दर्शाती हैं, जो बैंक की वित्तीय सुदृढ़ एवं सतत विकास क्षमता को सुदृढ़ करता है।

सुदृढ़ परिचालन क्षमता को दर्शाने वाली आय

वित्त वर्ष 2025–26 आइओबी के लिए ऐसा वर्ष रहा, जिसमें बैंक के वित्तीय प्रदर्शन में बेहतर क्रियान्वयन, अनुशासित लागत प्रबंधन तथा विकास की बेहतर गुणवत्ता के संचयी प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होने लगे। लाभप्रदता में सुधार किसी अस्थायी कारण से नहीं हुआ, बल्कि बैंक द्वारा अपने मुख्य परिचालन तंत्र को निरंतर सुदृढ़ किए जाने के परिणाम स्वरूप हुआ — जिसमें ब्याज आय का विस्तार, उत्पादकता में वृद्धि, शुल्क-आधारित व्यवसायों का विस्तार तथा परिचालन व्ययों पर अधिक सुदृढ़ नियंत्रण बनाए रखना शामिल रहा।

यह वर्ष अधिक संतुलित आय संरचना के लाभ को भी दर्शाता है। ब्याज आय में वृद्धि को स्वस्थ ऋण विस्तार का समर्थन प्राप्त हुआ, जबकि गैर-निधि आधारित व्यवसाय तथा प्रसंस्करण-आधारित आय स्रोतों के माध्यम से शुल्क-आधारित राजस्व में निरंतर वृद्धि जारी रही। साथ ही, परिचालन दक्षता में सुधार और डिजिटल अपनाने में वृद्धि ने लागत वृद्धि को नियंत्रित रखने में सहायता की, जिससे राजस्व का लाभ में अधिक वृद्धि संभव हुई ।

इस परिचालन गति के वित्तीय परिणाम नीचे परिलक्षित किए गए हैं।

- निवल लाभ में 56.16% वृद्धि से ₹5,208 करोड़ तक
- निवल ब्याज आय में 15.46% वृद्धि से ₹12,574 करोड़ तक
- परिचालन लाभ में 15.40% वृद्धि से ₹10,026 करोड़ तक
- परिचालन आय ₹18,210 करोड़ रही।
- शुल्क-आधारित आय ₹2,796 करोड़ तक पहुँची।
- लागत-आय अनुपात 44.94% से सुधरकर 47.14% हो गया।

सूक्ष्म स्तर की वृद्धि पर तुलन पत्र ।

वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान बैंक की बैलेंस शीट में हुई वृद्धि एक सुदृढ़ एवं अधिक विविध व्यावसायिक मिश्रण को दर्शाती है। अग्रिमों तथा जमाओं दोनों में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई, जबकि ऋण पोर्टफोलियो निरंतर खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों की ओर केन्द्रीत रहा है, जिससे संकेंद्रण जोखिम में कमी आई और पोर्टफोलियो की स्थिरता मजबूत हुई। वर्ष के दौरान खुदरा एवं कृषि व्यवसाय प्रमुख वृद्धि प्रेरक बने रहे, जिन्हें आवास ऋण तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण में निरंतर गति का समर्थन प्राप्त हुआ। साथ ही, स्थिर कासा फ्रेंचाइज़ी ने वित्त पोषण की गुणवत्ता तथा तरलता को बनाए रखने में योगदान योगदान भी दिया है।

वर्ष के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित रहीं:

- कुल व्यवसाय 20.76% बढ़कर ₹6,78,614 करोड़ हो गया।
- सकल अग्रिमों में 24.16% की वृद्धि होकर यह ₹3,10,423 करोड़ हो गया।
- जमाओं में 18.03% की वृद्धि होकर यह ₹3,68,191 करोड़ हो गई।
- वैश्विक अग्रिमों में आरएएम खंड का योगदान बढ़कर 78.93% हो गया।
- खुदरा अग्रिमों में 45.12% की वृद्धि दर्ज की गई।
- कृषि अग्रिमों में 39.27% की वृद्धि हुई।
- कोर एमएसएमई अग्रिमों में 23.77% की वृद्धि हुई
- कासा अनुपात 40.99% रहा।

बेहतर संपत्ति गुणवत्ता में सुधार एवं पूँजी अनुशासन के माध्यम से लचीलापन सुदृढ़ करना।

वित्त वर्ष 2025–26 आइओबी की बैलेंस शीट की गुणवत्ता एवं लचीलापन में महत्वपूर्ण सुदृढ़ता का वर्ष रहा। निरंतर वसूली प्रयासों, अनुशासित ऋण स्वीकृति प्रक्रिया तथा सुदृढ़ निगरानी तंत्र के परिणामस्वरूप परिसंपत्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ और तनावग्रस्त आस्तियाँ एक दशक से अधिक की न्यूनतम स्तर पर पहुँच गईं। वर्ष के दौरान सकल एनपीए अनुपात 2.14% से सुधरकर 1.42% हो गया, जबकि निवल एनपीए अनुपात 0.37%

से घटकर 0.21% रह गया। बैंक ने वर्ष के दौरान ₹3,576 करोड़ की वसूली के समर्थन से 97.50% का सुदृढ़ प्रावधान कवरेज अनुपात भी बनाए रखा।

साथ ही, वर्ष में अग्रिमों में 24% से अधिक वृद्धि होने के बावजूद बैंक ने अपनी पूँजी स्थिति को और मजबूत किया। पूँजी पर्याप्तता अनुपात 19.78% के आरामदायक स्तर पर रहा, जबकि टियर-1 पूँजी अनुपात 16.94% रहा, जो बैंक की मजबूत वित्तीय लचीलापन तथा भविष्य की व्यावसायिक वृद्धि को समर्थन देने हेतु पर्याप्त पूँजी उपलब्धता को दर्शाता है। सूक्ष्म आरएएम ऋण वितरण की ओर निरंतर झुकाव ने पूँजी दक्षता में सुधार किया तथा समग्र पोर्टफोलियो जोखिम को कम किया, जिससे बैंक की दीर्घकालिक लाभप्रद एवं सतत विकास बनाए रखने की क्षमता और सुदृढ़ हुई।

दीर्घकालिक मूल्य सृजन की आधारशिला का निर्माण।

वित्त वर्ष 2025–26 केवल बेहतर वित्तीय प्रदर्शन का वर्ष ही नहीं रहा, बल्कि यह वह अवधि भी रही जिसमें बैंक ने सतत एवं दीर्घकालिक विकास के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं को और सुदृढ़ किया। लाभप्रदता में सुधार, बेहतर आस्ति गुणवत्ता, मजबूत पूँजी बफर तथा अधिक सूक्ष्म एवं संतुलित ऋण मिश्रण ने सामूहिक रूप से आइओबी की विभिन्न आर्थिक चक्रों में मूल्य सृजन की क्षमता को सशक्त बनाया है। आस्तियों पर प्रतिफल का 1.23% तथा इक्विटी पर प्रतिफल का 20.42% तक सुधरना इस तथ्य को दर्शाता है कि बैंक का व्यवसाय प्रत्येक वर्ष के साथ अधिक उत्पादक, दक्ष एवं लचीला बनता जा रहा है।

साथ ही, परिवर्तित होती ब्याज दर परिस्थितियों के बावजूद बैंक ने अनुशासित देयता प्रबंधन एवं बेहतर निधि संरचना के माध्यम से स्थिर मार्जिन बनाए रखे। विकास एवं जोखिम के बीच संतुलित दृष्टिकोण बैंक की दीर्घकालिक वित्तीय रणनीति का केंद्रीय आधार बना हुआ है।

आगे की दिशा में, आइओबी केवल आकार विस्तार पर नहीं बल्कि विकास की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने पर केंद्रित रहेगा। बैंक खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई खंडों में अपनी उपस्थिति को और गहरा करेगा, शुल्क-आधारित एवं डिजिटल आय स्रोतों का विस्तार करेगा, वसूली तथा ऋण स्वीकृति ढाँचों को मजबूत करेगा तथा जोखिम-समायोजित प्रतिफल को ध्यान में रखते हुए पूँजी का विवेकपूर्ण उपयोग करेगा।

जैसे-जैसे परिचालन परिवेश विकसित हो रहा है, बैंक ग्राहकों, शेयरधारकों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए स्थायी मूल्य सृजन हेतु एक अधिक बड़ा, संरचनात्मक रूप से सुदृढ़ तथा अधिक दक्ष बैलेंस शीट के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध बना हुआ है।



विनिर्मित पूँजी

3,494 देशीय शाखाएँ एवं **53** क्षेत्रीय कार्यालय
सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए

12,187
अल्प सेवा वाले क्षेत्रों में बैंक की पहुंच का विस्तार करने के लिए कारोबार संवादी एजेंट

3,651
एक निरंतर स्व-सेवा स्तर बनाने के लिए एटीएम।

7 एलईईडी
परिसर प्रमाणीकरण
(6 गोल्ड + 1 प्लेटिनम)

₹204.90 करोड़
वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आईटी पूँजीगत व्यय

प्रभावित हितधारक	प्रभावित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी' यों):	संबद्ध महत्त्वपूर्ण मुद्दे:
ग्राहक, कर्मचारी, नियामक	8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH, 9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE	नैतिक आचरण, कारोबार निरंतरता, व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन, ग्राहक निष्पक्षता और उचित तरीके बिक्री, विनियामक और कानूनी पालन

इण्डियन ओवरसीज बैंक में, विनिर्मित पूँजी, एक ऐसे संस्थान की मजबूती को दर्शाती है जो लगभग नौ दशकों से भारत के बैंकिंग परिदृश्य के साथ विकसित हुआ है। हमारी भौतिक उपस्थिति, डिजिटल बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर और परिचालन प्रणाली मिलकर वह आधार तैयार करते हैं जिसके माध्यम से हम देशभर में निर्बाध,सुरक्षित और सुलभ बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं।

हम शाखाओं, एटीएम, डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रौद्योगिकी संरचना को अलग-अलग चैनलों के रूप में नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए संपर्क बिंदुओं के रूप में देखते हैं, जो हमें ग्राहकों को उनकी वर्तमान स्थिति और उनके द्वारा चुने गए बैंकिंग माध्यमों से सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण हमें एक मजबूत भौतिक नेटवर्क के विश्वास को आधुनिक डिजिटल बैंकिंग की सुगमता और सुविधा के साथ जोड़ने की अनुमति देता है।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, हमने अपने बैंक की पहुँच का विस्तार करते हुए, मूल अवसरंचना का आधुनिकीकरण और परिचालन में सिस्टम की मजबूती को बढाते हुए इस आधार को और मजबूत किया है।बढ़ते लेन-देन और ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए हमने अपनी प्रौद्योगिकी को उन्नत किया है, और विभिन्न ग्राहक चैनलों के माध्यम से पहुँच को बेहतर बनाया है।

इसका परिणाम विस्तार योग्य भविष्य के लिए अनुकूल बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रणाली है जो सेवा वितरण को मजबूत करता है, व्यावसायिक निरंतरता को बनाए रखती है, व्यवधानों के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है और यह सुनिश्चित करते है कि अंतिम मील तक बैंकिंग सेवाएँ निरंतर उपलब्ध रहें।

सेवाएँ और शाखाओं के नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना

आइओबी में, डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेन-देन का स्तर लगातार बढ़ रहा है, फिर भी शाखाएँ ग्राहकों के विश्वास का आधार बनी हुई है। हमारी भौतिक और स्व-सेवा अवसंरचना शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण बाजारों में निर्बाध बैंकिंग सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है, जिससे भौगोलिक क्षेत्रों में ग्राहकों के साथ निरंतर जुड़ाव बना रहता है।

बैंक की पहुँच उसके निजी परिसर से कहीं आगे तक फैली हुई है, जहां एक व्यापक व्यावसायिक नेटवर्क मौजूद है। यह नेटवर्क अंतिम मील तक कनेक्टिविटी को मजबूत करता है और औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच को बढ़ाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, हमारी विदेशी उपस्थिति प्रमुख बाजारों में कारोबार, विप्रेषण और संबंध बैंकिंग संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक है।

निम्नलिखित अवसंरचना संबंधी मापदंड हमारे सेवा वितरण नेटवर्क के पैमाने और विश्वसनीयता को दर्शाते हैं:

- 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली 3,494 घरेलू शाखाएं और 53 क्षेत्रीय कार्यालय है।
- 805 एटीएम और 2,846 सीडीएम 96.66% सक्रिय समय के साथ स्व-सेवा बैंकिंग परिचालन का समर्थन करते हैं।
- 12,187 कारोबार संवादी एजेंट ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक की पहुँच को मजबूत कर रहे हैं।
- प्रमुख एशियाई कॉरिडॉर्स में स्थित विदेशी ग्राहक वर्गों को सेवाएँ प्रदान करने वाले 4 अंतरराष्ट्रीय कार्यालय है।

प्रौद्योगिकी आधार का आधुनिकीकरण

एक आधुनिक बैंक में डिजिटल बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती, विनिर्मित पूँजी निर्माण को परिभाषित करती है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, आइओबी ने अपने कोर बैंकिंग सिस्टम फिनेकल को 10.2.17 से 10.2.25 में अपग्रेड किया और जिससे हमारा बैंक इस संस्करण को अपनाने वाला भारत का दूसरा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है। आईबीएम पी10 सर्वर, ओरेकल आरएसी आर्किटेक्चर, सॉफ्टवेयर-डिफाइंड नेटवर्किंग, माइक्रोसेगमेंटेशन और 25 जीबीपीएस बैकबोन द्वारा समर्थित इस अपग्रेड ने सिस्टम की क्षमता, गति और सुरक्षा को मजबूत किया है।

बैंक ने महत्वपूर्ण बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर में एन+एन रिडंडेंसी के साथ चेन्नै में एक आईजीबीसी गोल्ड-रेटेड टीयर-3 प्राथमिक डेटा केंद्र भी शुरू किया है, साथ ही भविष्य के लिए तैयार डिजिटल एप्लिकेशन और परिचालन लचीलेपन को सक्षम बनाने के लिए वीएमवेयर वीसीएफ 9.0 पर अपने निजी क्लाउड 2.0 का परिवेश तैयार किया है।

वर्ष के दौरान, ग्राहक उन्मुख डिजिटल बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर का भी उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। जिसमें आइओबी ने एक नया मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन और कॉरपोरेट वेबसाइट लॉन्च किया है, 1200 बहु-कार्यात्मक पासबुक कियोस्क स्थापित किए तथा स्व-सेवा बैंकिंग क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 600 नए नकदी पुनर्चक्रण स्थापित किए हैं।

डिजिटल भागीदारी को और मजबूत करते हुए, बैंक ने आइओबी पे प्लेटफॉर्म पर 639 नए व्यापारियों को शामिल किया है, क्रेडिट कार्ड आवेदन प्रक्रिया में नई डीआईवाई यात्रा शुरू की है, और अतिरिक्त पेशकशों के साथ एक नया प्रीपेड कार्ड समाधान लॉन्च किया है। इन पहलों से डिजिटल चैनलों के माध्यम को अपनाने में तेजी आई है और इसके उपयोग में सुधार हुआ है, जिससे वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रति एटीएम/सीडीएम औसत लेन-देन 96 तक पहुँच गया है।

अभियांत्रिकी लचीलापन और निरंतरता

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के लिए, सेवा अवरोध केवल एक परिचालन समस्या नहीं है - यह एक सार्वजनिक प्रतिबद्धता का उल्लंघन है। हम इस बात को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। बैंक द्वारा चार-स्तरीय डेटा सेंटर व्यवस्था संचालित की जाती है, जिसमें प्राथमिक डेटा सेंटर, आपदा पुन:प्राप्ति साइट, नियर लाइन डीसी और नियर डीआर शामिल हैं, और इन सभी के बीच प्रतिकृति के ऐसे मार्ग स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करना है। शाखाओं को वैकल्पिक सेवा प्रदाताओं के माध्यम से दोहरे नेटवर्क मार्गों एवं माध्यमों से जोड़ा गया है, जिससे किसी एक फाइबर लाइन में समस्या आने पर भी शाखा की सेवाएँ बाधित न हों।

आपदा रिकवरी अभ्यास प्रत्येक तिमाही में कम से कम पांच से सात कार्यदिवसों के लिए आयोजित किए जाते हैं, जिसके दौरान संपूर्ण उत्पादन वातावरण को आपदा रिकवरी साइट से आपदा रिकवरी टीम की देखरेख में चलाया जाता है। रिकवरी टाइम ऑब्जेक्टिव और रिकवरी पॉइंट ऑब्जेक्टिव पैरामीटर बोर्ड द्वारा अनुमोदित बीसीपी और आपदा रिकवरी नीति में निर्धारित हैं और प्रत्येक अभ्यास के दौरान इनका परीक्षण किया जाता है। फायरवॉल, घुसपैठ पहचान प्रणाली, आवधिक भेद्यता आकलन और बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किए गए पेनिट्रेशन टेस्टिंग के माध्यम से साइबर सुरक्षा को मजबूत किया जाता है, ये सभी आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं।

समावेशी और टिकाऊ परिसर

समावेशी और टिकाऊ परिसर हमारे बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर के निवेश में परिचालन संबंधी पहलुओं के साथ-साथ पर्यावरणीय पहलुओं को भी अधिकाधिक शामिल किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक के पास 7 एलईईडी-प्रमाणित परिसर थे - जिनमें से 6 गोल्ड और 1 प्लेटिनम स्तर के थे - जिससे पर्यावरण-अनुकूल कार्यस्थलों का हमारी स्वामित्व वाली अचल संपत्ति में उल्लेखनीय और बढ़ता हुआ हिस्सा बन गया है। स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय, 250 मौजूदा शाखाओं और 162 नई शाखाओं में एलईडी प्रकाश व्यवस्था और ऊर्जा-कुशल उन्नयन को लागू किया गया, जबकि चुनिंदा शाखाओं और प्रशासनिक कार्यालयों में छतों पर सौर पैनल लगाए गए।

हमारी परिसर रणनीति में सुलभता भी एक समान रूप से महत्वपूर्ण पहलू है। दिव्यांग आगंतुकों के लिए बाधा-मुक्त पहुँच सुनिश्चित करने के लिए कई कार्यालयों में रैंप लगाए गए हैं, और दृष्टिबाधित कर्मचारियों को दैनिक कार्यों में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष सॉफ़्टवेयर उपलब्ध कराया गया है। चेन्नै स्थित स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय में वर्ष के दौरान कम पानी की खपत वाले नल, दोहरे फ्लश वाले शौचालय और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री लगाई गई हैं।

पूँजी आवंटन एवं आगामी कार्ययोजना

हम सुदृढ़ीकरण, विस्तारशीलता और ग्राहक पहुँच को मजबूत करने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए विनिर्मित पूँजी का आवंटन करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, आईटी पूँजीगत व्यय 204.90 करोड़ रुपये रहा, जिसे बैंक भर में मुख्य प्रौद्योगिकी उन्नयन, साइबर सुरक्षा, स्वचालन और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण की पहलों की ओर निर्देशित किया गया।

भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए हमारी निर्मित पूँजी प्राथमिकताओं में हैदराबाद में एक नए आपदा रिकवरी साइट की स्थापना, एटीएम स्विच इंफ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन और कॉरपोरेट मोबाइल बैंकिंग समाधानों के माध्यम से डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं को मजबूत करना शामिल है। बैंक की योजना 1,069 नकदी पुनर्चक्रण मशीनों को बदलने और 450 अतिरिक्त पासबुक कियोस्क को चालू करने की भी है ताकि स्व-सेवा बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्राहकों की सुविधा को और बढाया जा सके।

इन निवेशों के माध्यम से, हम एक ऐसे बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लचीला, विस्तार योग्य और डिजिटल रूप से जुड़े बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र की विकसित होती अपेक्षाओं के अनुरूप हो।



बौद्धिक पूँजी

27 लाख+

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान मोबाइल बैंकिंग पंजीकरण

1.8 लाख+

उपयोगकर्ता नवनिर्मित व्हाट्सऐप बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म पर

म्यूल हंटर एआई/एमएल समाधान धोखाधड़ी का पता लगाने हेतु रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के सहयोग से लागू किया गया

जनरेटिव एआई शिकायतों के संक्षेपण और ईएसजी ज्ञान प्राप्ति के लिए लागू किया गया

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान चार आइबीए बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार प्राप्त किए गए

प्रभावित हितधारक	प्रभावित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी' यों):	संबद्ध महत्त्वपूर्ण मुद्दे:
ग्राहक, कर्मचारी	9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE	डेटा गोपनीयता

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में बौद्धिक पूँजी उस ज्ञान, तकनीक और संस्थागत विशेषज्ञता को दर्शाती है जो हमारे संचालन और ग्राहकों की सेवा को सुदृढ़ बनाती है। यह उन डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मों में निहित है जिन पर ग्राहक भरोसा करते हैं, उन आसूचना प्रणालियों में जो लेन-देन की सुरक्षा करती हैं, और उस शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र में जो भविष्य-उन्मुख बैंकिंग क्षमताओं का निर्माण करता है।

हम मानते हैं कि तकनीक तभी सार्थक मूल्य प्रदान करती है जब उसे सशक्त संस्थागत ज्ञान और कुशल जनशक्ति के साथ जोड़ा जाए। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, हमने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को धोखाधड़ी निगरानी में समाहित करके, डिजिटल स्व-सेवा चैनलों का विस्तार करके, वैश्विक मानकों के अनुरूप साइबर सुरक्षा ढाँचे को सुदृढ़ करके, तथा कर्मचारियों के शिक्षण और क्षमता-विकास पहलों को बढ़ावा देकर इस एकीकरण को और गहरा किया।

इन प्रयासों से मिलकर एक अधिक चुस्त, सुरक्षित और डिजिटल रूप से सक्षम बैंक का निर्माण हो रहा है, जो ग्राहकों और बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र की बदलती आवश्यकताओं के लिए तैयार है।

संपर्कित डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाना

(आइओबी) में डिजिटल बैंकिंग लगातार विकसित हो रही है और एक सहज एवं एकीकृत ग्राहक सहभागिता प्लेटफार्म का रूप ले रही है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने एक नया मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन लॉन्च किया जिसमें उन्नत उपयोगकर्ता जर्नी, सहज नेविगेशन और एकीकृत डिजिटल क्षमताएँ शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न ग्राहक वर्गों में पहुँच और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

बैंक ने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और अपने विस्तारित डिजिटल इकोसिस्टम को समर्थन देने के लिए अपने निजी क्लाउड प्लेटफॉर्म, आइओबी मेघाद्री को भी अपग्रेड किया है। डिजिटल सेवाओं के तेजी से उपलब्धता और सभी चैनलों पर ग्राहक अनुभव के लिए यह उन्नत प्लेटफॉर्म अधिक स्केलेबिलिटी, लचीलापन और परिचालन दक्षता प्रदान करता है।

इस प्लेटफ़ॉर्म को वर्ष के दौरान ग्राहकों द्वारा व्यापक रूप से अपनाया गया, जिससे मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता आधार 1.30 करोड़ ग्राहकों तक पहुँच गया और 27 लाख से अधिक नए पंजीकरण वित्तीय वर्ष 2025–26 में दर्ज किए गए। इंटरनेट बैंकिंग को अपनाना भी मजबूत रहा, जहाँ उपयोगकर्ता आधार 39.58 लाख ग्राहकों से अधिक हो गया और वर्ष के दौरान 5.10 लाख से अधिक नए उपयोगकर्ता पंजीकरण दर्ज किए गए।

डिजिटल सहभागिता को और सुदृढ़ किया गया बहुभाषी व्हाट्सऐप बैंकिंग, स्व-सेवा री-केवाईसी, ऑनलाइन जमा खोलना, वीसीआईपी-सक्षम ऑनबोर्डिंग, आधार-आधारित टैब बैंकिंग सेवाएँ और डिजिटल रूप से सक्षम क्रेडिट कार्ड यात्राओं के माध्यम से डिजिटल सहभागिता को और मजबूत किया गया।

बैंक ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का भी लाभ उठाना जारी रखा, जिसमें यूपीआई, आधार प्रमाणीकरण और अकाउंट एग्रिगेटॅर संरचना शामिल है, ताकि ग्राहकों की यात्रा को और अधिक सुगम और विस्तार योग्य बनाया जा सके।

उन्नत कंप्यूटिंग क्षमताओं और भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढाँचे के साथ, आइओबी मेघाद्री उन्नत विश्लेषण और एआई-संचालित सेवाओं सहित नवाचार पहलों का समर्थन करता है, साथ ही सुरक्षित, निर्बाध और सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है। आधुनिकीकरण से परिचालनिक चपलता और लागत दक्षता में भी सुधार होता है, जिससे बैंक की दीर्घकालिक डिजिटल परिवर्तन यात्रा को बल मिलता है।

इन पहलों ने विभिन्न चैनलों पर डिजिटल लेन-देन को अपनाने की गति को उल्लेखनीय रूप से तेज़ किया। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, डिजिटल लेन-देन कुल लेन-देन का 98.38% रहे, जिनमें प्रमुख रूप से यूपीआई लेन-देन शामिल थे, जिन्होंने कुल डिजिटल लेन-देन मिश्रण में 90% योगदान दिया। एनईएफटी और आरटीजीएस का हिस्सा 3.09% रहा, कार्ड लेन-देन ने 2.92% योगदान दिया, जबकि अन्य डिजिटल चैनलों ने शेष हिस्सेदारी निभाई — जो एक डिजिटल रूप से जुड़े बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बढ़ते रुझान को दर्शाता है।

लचीला और विस्तार योग्य प्रौद्योगिकी अवसंरचना का निर्माण

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान अपनी प्रौद्योगिकी आधार को आधुनिक बनाने का कार्य जारी रखा। यह आधुनिकीकरण विस्तार क्षमता, अंतःक्रियाशीलता, साइबर सुरक्षा और परिचालन लचीलापन पर केंद्रित अवसंरचना उन्नयन के माध्यम से किया गया। बैंक ने अपने कोर बैंकिंग सिस्टम को फिनेकल 10.2.25 में अपग्रेड किया, जिससे वह भारत का दूसरा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया जिसने फिनेकल के नवीनतम समर्थित संस्करण में माइग्रेट किया।

बैंक ने अपने नए ऑन-प्रिमाइसेस अवसंरचना के भीतर वीएमवेयर वीसीएफ 9.0 आर्किटेक्चर पर प्राइवेट क्लॉउड 2.0 को भी लागू किया, जिससे विस्तार क्षमता और भविष्य-उन्मुख डिजिटल एप्लीकेशन के लिए समर्थन को सुदृढ़ किया गया। शाखा राउटर्स के लिए एसडी-डब्ल्यूएएन माइग्रेशन और वर्चुअल

डेस्कटॉप इन्फ्रास्ट्रक्चर (वीडीआइ) का कार्यान्वयन बैंक के नेटवर्क पारिस्थितिकी तंत्र में कनेक्टिविटी, सुरक्षा और परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाने में सहायक रहा।

वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकी निवेश मुख्य रूप से कोर बैंकिंग अवसंरचना, साइबर सुरक्षा, स्वचालन और नियामक क्षमताओं को सुदृढ़ करने पर केंद्रित रहे। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आईटी पूँजीगत व्यय ₹204.90 करोड़ रहा, जबकि बजट आवंटन ₹255.34 करोड़ था। प्रमुख निवेशों में शामिल थे:

ओरेकल यूएलए लाइसेंस	सर्वर अवसंरचना	सीएलएमएस टूल्स	एएमएल सॉफ़्टवेय
₹31.78 करोड़	₹12.56 करोड़	₹10.49 करोड़	₹10.49 करोड़

एएलएम, आइआरआर बीबी और पूँजी पर्याप्तता टूल्स	चेक पॉइंट फ़ायरवॉल	व्यापार स्वचालन प्रणाली
₹10.70 करोड़	₹5.70 करोड़	₹4.03 करोड़

बैंक ने व्यवसाय निरंतरता की तैयारी को और सुदृढ़ किया चार-स्तरीय डेटा सेंटर आर्किटेक्चर के माध्यम से, जिसमें प्राइमरी डेटा सेंटर (पीडीसी), डिज़ास्टर रिकवरी साइट (डीआरएस), नियर लाइन डेटा सेंटर (एनडीसी) और नियर डिज़ास्टर रिकवरी (एनडीआर) अवसंरचना शामिल है। त्रैमासिक डिज़ास्टर रिकवरी अभ्यास 5–7 कार्य दिवसों तक आयोजित किए जाते हैं, जिन्हें बैंक की बीसीपी एंड डीआर नीति के अंतर्गत अनुमोदित रिकवरी टाइम ऑब्जेक्टिव (आरटीओ) और रिकवरी पॉइंट ऑब्जेक्टिव (आरपीओ) ढाँचों के अनुसार परिभाषित किया गया है।

वर्ष के दौरान एक नया टियर-3 प्राइमरी डेटा सेंटर एन+एन प्रचुरता के साथ भी परिचालित किया गया। सात स्तरों की सुरक्षा, उन्नत अवसंरचना आर्किटेक्चर, ओवरहेड केबलिंग सिस्टम और ज़ीरो-टिल्ट फ्लोरिंग से सुसज्जित यह सुविधा परिचालन निरंतरता, अवसंरचना की विश्वसनीयता और दीर्घकालिक अनुरक्षण क्षमता को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ करती है।

सूचना और ग्राहक विश्वास की सुरक्षा

किसी बैंक पर विश्वास, उत्तरोत्तर, उसके सुरक्षा परिमाप पर विश्वास होना है, हमारा बैंक ISO 27001:2013 प्रमाणित सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली संचालित करता है और उद्यम जोखिम प्रबंधन के मानक के रूप में औपचारिक रूप से ISO 31000:2018 को अपनाया है। बैंक साइबर सुरक्षा जागरूकता को सार्वजनिक अभियानों और परामर्शों के माध्यम से सुदृढ़ करता है, जिनमें फ़िशिंग, नकली ऐप्स, डीपफेक घोटाले, डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी और यूपीआई -संबंधित जोखिम शामिल हैं। इन पहलों को बैंक की वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों द्वारा समर्थन प्राप्त है।

इस वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क के लिए ISO 31000:2018 प्रमाणन प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जो विश्व स्तर पर स्वीकृत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं के साथ संरेखण को दर्शाता है। यह कदम एक प्रमुख वैश्विक परामर्श फर्म के सहयोग से बैंक की जोखिम नीतियों, ढांचों और प्रक्रियाओं को व्यापक रूप से मजबूत करने के बाद उठाया गया।

किसी मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा किए गए स्वतंत्र लेखापरीक्षा के बाद प्रदान किया गया यह प्रमाणन इस बात की पुष्टि करता है कि बैंक का ईआरएम ढाँचा जोखिम गवर्नेन्स , पहचान, मूल्यांकन, न्यूनीकरण, निगरानी और रिपोर्टिंग को कवर करता है, और रणनीतिक और परिचालन निर्णय लेने में प्रभावी रूप से समाहित है। इसके अपनाने से जोखिम मूल्यांकन में एकरूपता में सुधार हुआ है, निर्णय लेने की क्षमता मजबूत हुई है, विभिन्न विभागों में जवाबदेही बढ़ी है और व्यावसायिक रणनीति के साथ जोखिम प्रबंधन के बेहतर एकीकरण को समर्थन मिला है।

परिचालन स्तर पर, बैंक ने सीआरएम प्लेटफ़ॉर्म को पुनः विकसित कर उसे केंद्रीकृत शिकायत निवारण पोर्टल (एसपीजीआरएस) के साथ एकीकृत कर अपनी शिकायत और ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणालियों को सुदृढ़ किया किया गया। यह प्रणाली 24×7 शिकायत पंजीकरण, वास्तविक समय ट्रैकिंग, एस्केलेशन प्रबंधन और संरचित टर्नअराउंड समय सीमा सक्षम करती है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 के अनुरूप है। इससे सेवा चैनलों में उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और ग्राहक विश्वास को और बढ़ावा मिला।

यह उपलब्धि सक्रिय जोखिम प्रबंधन, मजबूत शासन मानकों, पारदर्शिता और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ निरंतर तालमेल के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

डिजिटल आर्किटेक्चर और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता को सुदृढ़ करना

बैंक ने डिजिटल बैंकिंग परिचालन का समर्थन करने वाली अंतर्निहित प्रक्रिया संरचना को आधुनिक बनाने का कार्य जारी रखा। यह आधुनिकीकरण विस्तार योग्य एकीकरण ढाँचों, वर्कफ़्लो डिजिटलीकरण और सुरक्षित प्रौद्योगिकी अवसंरचना के माध्यम से किया गया।

एक सशक्त एंटरप्राइज सर्विस बस और एपीआइ गेटवे अवसंरचना अब आंतरिक प्रणालियों, फिनटेक प्लेटफ़ॉर्म, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना

और तृतीय-पक्ष अनुप्रयोगों के बीच निर्बाध एकीकरण सक्षम करती है। इससे डिजिटल सेवाओं की तेज़ और अधिक विस्तार योग्य तैनाती को समर्थन मिलता है।

वर्ष के दौरान डिजिटल वर्कफ़्लो परिवर्तन को तेज़ी मिली प्रबंधन स्तरों से लेकर निदेशक मंडल तक डिजिटल ऑफिस नोट्स समाधान के रोलआउट के माध्यम से, जिससे परिचालन दक्षता में सुधार हुआ और मैनुअल हस्तक्षेप कम हुआ। संग्रहण और वसूली परिचालन को भी डिजिटल डैशबोर्ड, वर्कफ़्लो और मोबाइल अनुप्रयोगों के माध्यम से सुदृढ़ किया गया, जिससे वास्तविक समय निगरानी और तेज़ निष्पादन संभव हुआ। बैंक ने यूआई पाथ का उपयोग करके रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) के माध्यम से स्वचालन क्षमताओं को और मजबूत किया, जिससे सॉफ्टवेयर बॉट्स विभिन्न कार्यों में दोहराव वाली और नियम-आधारित प्रक्रियाओं को स्वचालित करने में सक्षम हो गए। आरपीए डेटा एंट्री, मिलान, रिपोर्ट जनरेशन, अनुपालन निगरानी और ग्राहक ऑनबोर्डिंग जैसी गतिविधियों में सहायता करता है, जिससे प्रोसेसिंग की गति, परिचालन दक्षता और नियंत्रण में सुधार होता है, साथ ही मैन्युअल प्रयास और टर्नअराउंड समय में कमी आती है।

बैंक ने ग्राहक ऑनबोर्डिंग और केसीसी ऋण प्रक्रियाओं में स्ट्रेट-थ्रू प्रोसेसिंग क्षमताओं का और विस्तार किया। आइओबी लॉ कनेक्ट और केवाईसी स्मार्ट स्कैनर मोबाइल ऐप जैसी एप्लीकेशन ने कानूनी प्रक्रिया प्रबंधन को सुदृढ़ किया। इनसे ऑनबोर्डिंग और री-केवाईसी वर्कफ़्लो को सरल बनाया गया, जो क्यूआर -सक्षम दस्तावेज़ प्रसंस्करण के माध्यम से टैब बैंकिंग सिस्टम के साथ एकीकृत हैं। हैं। आरपीए फ्रेमवर्क के भीतर एआई-सक्षम क्षमताओं का एकीकरण कुशल स्वचालन को और अधिक समर्थन देता है, अनुपालन को बढ़ाता है, प्रसंस्करण त्रुटियों को कम करता है और व्यावसायिक कार्यों में डिजिटल वर्कफ़्लो की स्केलेबल तैनाती को सक्षम बनाता है। आंतरिक रूप से, आस्क अस और ऑल आइडिया मेटर्स ने कर्मचारी सहयोग, संरचित समस्या-समाधान और संगठन भर में प्रक्रिया नवाचार को निरंतर समर्थन प्रदान किया।

प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण, डिजिटल अवसंरचना और प्रक्रिया नवाचार में किए गए इन निवेशों को वर्ष के दौरान बाहरी सम्मान प्राप्त हुआ । भारतीय बैंक संघ (आइबीए) के 21वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन और पुरस्कार में, आइओबी को चार श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

- आईटी जोखिम और प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ (रनर-अप)
- सर्वश्रेष्ठ टेक प्रतिभा और संगठन (रनर-अप)
- वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक (विशेष उल्लेख) सर्वश्रेष्ठ डिजिटल वित्तीय समावेशन (विशेष उल्लेख)

ये सम्मान बैंक के सुरक्षित, विस्तार योग्य और समावेशी डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं के निर्माण पर निरंतर ध्यान को दर्शाते हैं, जो ग्राहक विश्वास और परिचालन लचीलापन को सुदृढ़ करते हैं ।



मानव संसाधन पूँजी

21,034
कर्मचारी

43.49
प्रति कर्मचारी प्रशिक्षण घंटे

37.05 %
महिला अधिकारी

3.85/5
सहभागिता स्कोर

250
भावी नेतृत्वकर्ताओं का प्रोजेक्ट लक्ष्य के अंतर्गत विकास किया गया।

₹32.26 करोड़
वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में कारोबार प्रति कर्मचारी 20.37% बढ़ गया ।

₹25 लाख
वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में लाभ प्रति कर्मचारी 56.25% बढ़ गया ।

प्रभावित हितधारक	प्रभावित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी' यों):	संबद्ध महत्त्वपूर्ण मुद्दे:
कर्मचारी	5 GENDER EQUALITY, 8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH, 10 REDUCED INEQUALITIES	कर्मचारी लाभ एवं विकास; नैतिक आचरण

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में, हमारे संस्थान की मजबूती, हमारे कर्मचारियों की क्षमता से प्रवाहित होती है। बैंकिंग मूल रूप से विश्वास का व्यवसाय है – और ग्राहक दर ग्राहक, प्रत्येक लेन-देन के साथ विश्वास, केवल कर्मचारी ही स्थापित कर सकते हैं । जैसे-जैसे बैंक डिजिटल प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग, तीव्र विनियामक अपेक्षाओं और सार्वजनिक क्षेत्र की बढ़ती जिम्मेदारियों के दौर से गुजरता है, इससे हमारे कार्यबल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमारे कर्मचारी प्रौद्योगिकी को सेवा में, नीति को व्यवहार में और उपस्थिति को संबंध में बदलते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मानव संसाधन की कार्यसूची तीन महत्वपूर्ण बदलावों पर आधारित हैं: क्षमता को बढ़ाना, प्रतिनिधित्व का विस्तार करना और कर्मचारियों की बात को अधिक ध्यान से सुनना।

पहुँच और विश्वसनीयता के लिए निर्मित कार्यबल

हमारा कार्यबल प्रोफाइल, गहरी देशीय जड़ों और जन-केंद्रित संस्कृति वाले एक सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान के रूप में बैंक की पहचान को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर्मचारियों की जो संख्या 20,966 थी, वह वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 21,034 हो गई । यह बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्थिर कार्यबल वृद्धि को दर्शाता है। इस वर्ष, बैंक ने 855 नए कर्मचारियों को नियुक्त किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 328 अधिक है, जिससे संस्थागत निरंतरता को बनाए रखने के साथ-साथ संगठन में नई क्षमताओं को जोड़ा गया। कर्मचारी प्रतिधारण भी मजबूत रहा, जिसमें कुल नौकरी छोड़ने की दर 1.80% रही, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.78% के लगभग बराबर है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए निर्धारित सामान्य मानकों के भीतर है।

कार्यबल का बदलता स्वरूप, बैंक के नेतृत्व को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाते हैं। आंतरिक पदोन्नति और चयनात्मक भर्तियों ने अधिकारी संवर्ग में वृद्धि को बढ़ावा दिया है, जिससे बैंक संस्थागत निरंतरता को बनाए रखते हुए पर्यवेक्षी, ऋण और डिजिटल बैंकिंग कार्यों का विस्तार करने में सक्षम हुआ है।

एक उभरती हुई बैंक के लिए कुशाग्र कौशल

वित्त वर्ष 2025-26 के हमारे प्रयासो में सीखने की तीव्रता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। प्रति कर्मचारी औसत प्रशिक्षण घंटे पिछले वर्ष के 27.41 घंटों से बढ़कर 43.49 घंटे हो गया है, जो लगभग 60% की वृद्धि है। यह वृद्धि दर्शाती है कि बैंक विकास के लिए क्षमता निर्माण को कितनी गंभीरता से ले रहा है। आंतरिक प्रशिक्षण प्रणाली 20,080 कर्मचारियों तक पहुँची , जबकि 4,233 अधिकारियों और कार्यपालकों ने राष्ट्रीय स्तर के बाहरी संस्थानों में कार्यक्रमों में भाग लिया। हमने नई संस्थागत साझेदारियों के माध्यम से विशेषज्ञ प्रशिक्षण को मजबूत किया, जिसमें भारतीय बैंकिंग और वित्तीय संस्थान (आइआइबीएफ) के साथ एक अनुकूलित एमएसएमई कार्यक्रम और भारतीय प्रबंध संस्थान कोळिकोड (आइआइएमके) के साथ एक विशेष प्रशिक्षण व्यवस्था शामिल है। डिजिटल दक्षता पर निरंतर ध्यान दिया गया, जिसके तहत वर्ष के दौरान 10,648 कर्मचारियों ने संरचित आई.टी मॉड्यूल पूरे किए, जो कोर बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल उपकरणों पर बैंक के व्यापक प्रयासों का समर्थन करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रमुख कार्यबल श्रेणियों में निम्नानुसार वितरित है:

अधिकारी
13,022

ग्राहक सेवा सहयोगी
6,705

अधीनस्थ कर्मचारी
1,307

देशीय / विदेशी कार्यबल:
21,013 / 21

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति
1.41%

अस्वैच्छिक सेवानिवृत्ति
0.39%

वर्ष के दौरान की गई नई नियुक्तियाँ
855

वर्ष के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

प्रति कर्मचारी प्रशिक्षण घंटे
43.49

आंतरिक प्रशिक्षण की पहुँच
20,080
कर्मचारी

पूरे किए गए आई.टी मॉड्यूल
10,648
स्टाफ सदस्य

बाहरी संस्थागत कार्यक्रम
4,233
कार्यपालक एवं अधिकारी

नई प्रशिक्षण-उद्योग साझेदारी: आईआईबीएफ (एमएसएमई) और आईआईएमके (अनुकूलित कार्यक्रम)

महिलाओं को निर्णय लेने की क्षमताओं को आगे बढ़ाना

हमारे लिए, लैंगिक विविधता केवल एक प्रतिनिधित्व मैट्रिक नहीं है - यह बैंक के भीतर नेतृत्व स्तरों पर अवसरों और भागीदारी के विस्तार को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, अधिकारी संवर्ग में महिलाओं की हिस्सेदारी पिछले वर्ष के 36.34% से बढ़कर 37.05% हो गई, जिसे 284 महिला अधिकारियों को जोड़ने का समर्थन मिला है। कार्यबल में पुरुष-महिला अंतर के क्रमिक संकुचन को दर्शाते हुए समग्र लिंग अनुपात भी 1.74 से 1.69 हो गया है।

इस प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए, बैंक ने एनएआरआई - समावेशी बैंकिंग में महत्वाकांक्षी आदर्शों को प्रशिक्षित करना- एक महिला समर्पित नेतृत्व कार्यक्रम शुरू किया है ताकि शाखाओं और कॉरपोरेट कार्यालयों में भविष्य के लिए तैयार महिला नेतृत्व की एक मजबूत शृंखला का निर्माण किया जा सके। इस दिशा में प्रगति जारी है और लगातार बनी हुई है, जो समावेश और नेतृत्व विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विविधता से संबंधित प्रमुख बातें निम्न हैं:

- महिला अधिकारी: 4,824
- अधिकारी संवर्ग में महिलाएं: कुल अधिकारियों का 37.05%
- महिला अधिकारियों की कुल संख्या में वृद्धि: 284
- लिंगानुपात (पुरुष: महिला): 1.69
- एनएआरआई लॉन्च – महिलाओं के लिए नेतृत्व कार्यक्रम

महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व और नेतृत्व के अवसरों को सुदृढ़ करते हुए, बैंक एक अधिक समावेशी और संतुलित कार्यबल का निर्माण कर रहा है। ये प्रयास एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देता है जहाँ विकास के अवसर क्षमता, भागीदारी और दीर्घकालिक विकास द्वारा निर्धारित होते हैं।

कार्यबल को सुनना, चिह्नित करना और प्रोत्साहित करना

बैंक में कर्मचारी की नियुक्ति सुनने, जवाबदेही और निरंतर सुधार की संस्कृति पर आधारित है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, वार्षिक कर्मचारी सहभागिता सर्वेक्षण में औसतन संतुष्टि स्कोर 5 में से 3.85 दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 3.7 से बेहतर है। यह सुधार कर्मचारी अनुभव को मजबूत करने और कार्यबल की प्रतिक्रिया पर सार्थक कार्रवाई करने हेतु बैंक के केंद्र-बिंदु को दर्शाता है।

सर्वेक्षण निष्कर्षों के एक प्रमुख परिणाम के आधार पर बाहरी विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा समर्थित एक गोपनीय परामर्श सुविधा की शुरुआत थी। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को संरचित, सुलभ कल्याण सहायता प्रदान करना है, जिससे व्यावसायिक तनाव को दूर करने और गोपनीय और सम्मानजनक तरीके से भावनात्मक कल्याण का समर्थन करने में मदद मिलती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कर्मचारी सहभागिता के प्रमुख बिंदुओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- कर्मचारी सहभागिता सर्वेक्षण स्कोर: 3.85 / 5
- बाहरी परामर्शदाताओं के माध्यम से गोपनीय परामर्श सुविधा शुरू की गई।

वर्ष के दौरान, बैंक ने एक अधिक निरंतर और प्रदर्शन-आधारित पहचान संस्कृति बनाने के लिए, अपने पुरस्कार एवं सम्मान अवसरंचना को भी पुनर्गठित किया है। समय-समय पर दिए जाने वाले पुरस्कार आधारित सम्मान के अलावा, बैंक ने एक त्रैमासिक अंक आधारित प्रणाली शुरू की है, जिसमें शीर्ष कार्य-निष्पादन करने वाले कर्मचारी, पुरस्कार अंक अर्जित करते हैं, जिन्हें व्यावसायिक विकास या करियर उन्नति के लिए मोचन किया जा सकता है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एफएबी 50, सुपर 88 और गोल्डन लीग चैंपियंस कार्यक्रम सक्रिय रहे, जिसके अंतर्गत अभियान में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन करने वाले कुल 403 सदस्यों को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रमुख सम्मान और पुरस्कार संबंधी प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:

- सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन करने वाले स्टाफ सदस्यों को तिमाही आधार पर रिवॉर्ड अंक दिए जाते हैं।
- इन रिवॉर्ड अंकों का उपयोग बाहरी और विदेशी प्रशिक्षण नामांकन के लिए किया जा सकता है।
- पदोन्नति संबंधी विचारों और स्थानांतरण प्राथमिकताओं से जुड़ा सम्मान।

इन पहलों के माध्यम से, बैंक कर्मचारियों की प्रेरणा और सहभागिता को मजबूत करना जारी रखता है और सम्मान, प्रोत्साहन और विकास पर आधारित कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देता है।

नेतृत्व की भावी पंक्ति की तैयारी

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक की संरचित मानव संसाधन परिवर्तन पहल 'लक्ष्य' के तहत नेतृत्व विकास पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना था। इस वर्ष के दौरान, 250 चिन्हित भावी नेतृत्वों ने नौ महीने का एक गहन विकास कार्यक्रम पूरा किया, जिसमें क्लासरूम लर्निंग, वास्तविक बैंकिंग चुनौतियों पर आधारित लाइव प्रोजेक्ट और संरचित व्यक्तिगत अधिकार सत्र शामिल थे। यह कार्यक्रम शाखा नेतृत्व, ऋण प्रबंधन और संस्थागत अधिकार भूमिकाओं के लिए आवश्यक प्रबंधकीय, रणनीतिक और निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बनाया गया था।

बैंक ने प्रतिष्ठित संस्थानों और आंतरिक प्रशिक्षण प्लेटफार्मों के सहयोग से संचालित विभिन्न विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नेतृत्व स्तर को और मजबूत किया। इन पहलों का उद्देश्य विभिन्न प्रबंधन स्तरों पर नेतृत्व प्रभावशीलता, टीम प्रबंधन, रणनीतिक सोच और संस्थागत क्षमता निर्माण को मजबूत करना था। ये सभी प्रयास बैंक की उस दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं जिसके तहत वह ऐसे नेतृत्व का विकास करना चाहते हैं जो बदलते बैंकिंग परिदृश्य में संस्था का मार्गदर्शन कर सकें।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नेतृत्व विकास की प्रमुख उपलब्धियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- लक्ष्य परियोजना के अंतर्गत विकसित भावी नेतृत्व: 250
- नौ महीने का एक गहन नेतृत्व विकास कार्यक्रम
- कार्यक्रम की सरंचना में क्लासरूम लर्निंग, लाइव प्रोजेक्ट और वन-टू-वन कोचिंग शामिल थी।
- आरोहण 2025 – नेतृत्व विकास कार्यक्रम
- बैंक कार्यपालकों के लिए नेतृत्व विकास पर कैंपस कार्यक्रम-एनआईबीएम
- वित्तीय क्षेत्र नेतृत्व विकास कार्यक्रम (एफएसएलडीपी) – सीएएफआरएएल
- प्रभावी नेतृत्व: उच्च कार्य-निष्पादन करने वाली टीम के लिए ब्लूप्रिंट – एसपीजेआईएमआर
- आईएसबी सीएक्सओ नेतृत्व रिफ्रेशर कार्यक्रम
- नेतृत्व विकास कार्यक्रम – संस्थान के विकास का केंद्र
- नेतृत्व विकास कार्यक्रम: प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण(टीटीटी) – बीसीजी
- नव पदोन्नत स्केल ।V अधिकारियों के लिए नेतृत्व उत्कृष्टता कार्यक्रम – एक्सएलआरआई

ये पहलें बैंक को एक मजबूत नेतृत्व टीम बनाने में मदद कर रही हैं जो संस्था के दीर्घकालिक सेवा मूल्यों को बनाए रखते हुए ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं, तकनीकी बदलावों और प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियों को संभालने में सक्षम है।



सामाजिक और संबंध पूँजी

99.89%
वर्ष भर में शिकायत निवारण दर रही।

94.5 लाख
पीएमजेडीवाई खाते

₹8.74 करोड़
सीएसआर व्यय

5.85 लाख
सीएसआर लाभार्थियों की संख्या

192
वर्ष के दौरान की गई प्रायोजन एवं दान संबंधी पहलें

₹36.37 लाख
का विकासोन्मुखी जिला व्यय

100%
स्थानीय सोर्सिंग - पूर्णत: भारत में

12,187
व्यावसायिक संवाददाता एजेंट

प्रभावित हितधारक

- ग्राहक
- समुदाय

प्रभावित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी' यों):

1 NO POVERTY
10 REDUCED INEQUALITIES
17 PARTNERSHIPS FOR THE GOALS

संबद्ध महत्त्वपूर्ण मुद्दे:

- नैतिक आचरण
- वित्तीय समावेशन
- ग्राहक निष्पक्षता और सही बिक्री

इण्डियन ओवरसीज बैंक में, सामाजिक और संबंधपरक पूँजी उस विश्वास और दीर्घकालिक संबंधों को दर्शाती है जो ग्राहकों, समुदायों, नियामकों, भागीदारों और समग्र रूप से समाज के साथ जोड़ते हैं। लगभग नौ दशकों में निर्मित ये संबंध समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध एक जिम्मेदार सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था के रूप में हमारी भूमिका को और मजबूत कर रहें हैं।

हमारा मानना है कि बैंकिंग तभी दीर्घकालिक मूल्य सृजित करती है जब वह सुलभ, उत्तरदायी और अपने द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों की आवश्यकताओं के साथ निकटता से जुड़ी रहती है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण वित्तीय समावेशन, ग्राहक सहभागिता, सामुदायिक भागीदारी और शेयरधारकों के विश्वास को मजबूत करने पर केंद्रित है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, हमने शिकायतों के त्वरित समाधान, व्यापक वित्तीय समावेशन पहलों, व्यापक सामुदायिक संपर्क, समावेशी खरीद प्रथाओं और मजबूत शेयरधारक सहभागिता प्रणालियों के माध्यम से इन संबंधों को और मजबूत किया है।

ये सभी संबंध मिलकर एक मजबूत सामाजिक आधार बनाते हैं जो सतत विकास और दीर्घकालिक मूल्य सृजन का समर्थन करता है।

बेहतर ढंग से सुनना और जिम्मेदारी से सेवा करना

इण्डियन ओवरसीज बैंक में जिम्मेदारी,सुलभता और सेवा की निरंतरता के माध्यम से ग्राहकों के विश्वास को मजबूत किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने शिकायत प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया, जिसमें ग्राहकों की शिकायतों में 11.5% की कमी और वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों में 91.9% की कमी दर्ज की गई। शिकायत निवारण दर 99.89% रही, जो सभी चैनलों पर त्वरित समाधान और मजबूत निवारण तंत्र को दर्शाती है।

यह प्रगति केंद्रीकृत शिकायत निवारण पोर्टल के साथ समन्वित ग्राहक संबंध प्रबंधन के सहयोग के द्वारा है, जो 24×7 शिकायत पंजीकरण,स्वचालित पावती,वास्तविक समय पर ट्रैकिंग और संरचित स्थानांतरण प्रक्रियाओं को सक्षम बनाता है। ग्राहक शाखाओं,मोबाइल बैंकिंग,इंटरनेट बैंकिंग,व्हाट्सअप,एसएमएस,कॉल सेंटर,ई-मेल और सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। शाखाओं में हर महीने 15 तारीख को शिकायत निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है जो सीधे ग्राहक संवाद और समाधान के लिए एक समर्पित मंच है।

बैंक ने कासा विन-बैक पहल भी शुरू की है, जिसका उद्देश्य उन सक्रिय, गैर-कॉर्पोरेट, गैर-सरकारी और गैर-कर्मचारी खातों वाले ग्राहकों से फिर से संपर्क स्थापित करना है, जिनका मासिक औसत शेष एक निर्दिष्ट अवधि में 25% से अधिक घट गया है। इस पहल में 3,243 शाखाएं शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक शाखा में ग्राहक संबंध अधिकारी नियुक्त किए गए हैं ताकि ग्राहकों से संपर्क किया जा सके, सेवा संबंधी कमियों को दूर किया जा सके और शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

यह कार्यक्रम चरण 1 से 5 तक लागू किया गया था, जिसमें धीरे-धीरे अतिरिक्त शाखाओं को शामिल किया गया और वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल कॉलिंग इंटरफेस की शुरुआत की गई। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, इस अभियान ने ₹1,920 करोड़ की संचयी कासा वृद्धि दर्ज की, जो ग्राहकों की मजबूत सहभागिता और संबंधों की गहराई में नवीनीकरण को दर्शाती है।

इस वर्ष ग्राहक संरक्षण ढाँचे को लगातार मजबूत करने का भी प्रभाव दिखा, जिसमें डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, अनुचित व्यापार प्रथाओं या भ्रामक विज्ञापन श्रेणियों में शून्य शिकायतें दर्ज की गईं और शून्य डेटा उल्लंघन हुआ।

वित्तीय समावेशन और सामुदायिक पहुँच को बढ़ावा देना

वित्तीय समावेशन बैंक के सार्वजनिक क्षेत्र के अधिदेश का केंद्रीय हिस्सा बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने 12,187 व्यावसायिक प्रतिनिधि एजेंटों के नेटवर्क के माध्यम से 94.5 लाख पीएमजेडीवाई खातों को सेवाएं प्रदान की और साथ ही पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना सहित राष्ट्रीय समावेशन योजनाओं की सेवाएं प्रदान की गई।

बैंक ने अपनी आईटी खरीद नीति के माध्यम से समावेशी खरीद प्रथाओं को भी मजबूत किया है, जो हाशिए पर रहने वाले और कमजोर समूहों के लिए खरीद का 20% हिस्सा निर्धारित करती है, जिसमें एससी/एसटी उद्यमियों के लिए एक समर्पित आवंटन शामिल है, जबकि डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स पर वरियतापूर्ण विचार किया जाता है।

बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच के अलावा, बैंक ने फिशिंग, यूपीआई सुरक्षा, डीपफेक धोखाधड़ी और साइबर सुरक्षा जागरूकता पर केंद्रित ग्राहक शिक्षा पहलों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता और डिजिटल सुरक्षा जागरूकता की जानकारी विभिन्न चैनलों के माध्यम से प्रदान की गई है।

उन समुदायों का समर्थन करना जहाँ उपस्थिति सबसे अधिक मायने रखती है

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण संबंधी पहलों, कल्याणकारी कार्यक्रमों, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में सामुदायिक सहभागिता दर्ज की गई , जिसके तहत 192 प्रायोजन और दान दिए गए। यद्यपि कंपनी अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत सीएसआर दायित्व बैंक पर लागू नहीं होते हैं, फिर भी ये पहलें सामाजिक विकास और स्थानीय सहभागिता के प्रति संस्था की व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

भारत सरकार द्वारा चिन्हित विकासोन्मुखी जिलों में भी विशेष व्यवधान किए गए, जिनमें छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा राज्य के क्षेत्र शामिल हैं। ये प्रयास उन क्षेत्रों की ओर निर्दिष्ट थे जहां वित्तीय पहुँच, संस्थागत सहायता और सामुदायिक बुनियादी ढाँचा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हितधारक पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करना

बड़े पैमाने पर विश्वास व्यक्तियों से नहीं, बल्कि संस्थानों से बनता है। बैंक नौ राष्ट्रीय व्यापार और उद्योग मंडलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है – भारतीय बैंक संघ, भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान, , राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, भारतीय वाणिज्य मंडल, भारत के विदेशी मुद्रा डीलरों का संघ, भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ और भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड।

क्रय प्रक्रिया भी संबंध निर्माण का एक माध्यम है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, हमारे सभी प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त इनपुट भारत के भीतर से ही खरीदे गए, और जहां संभव हुआ, जिला और आस-पास के जिलों से भी खरीदे गए। वित्तीय सेवा विभाग के आदेशानुसार, खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से की जाती है, और डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को खरीद प्रक्रिया के दौरान प्राथमिकता दी जाती है।

निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बैंकिंग

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप अपनी ग्राहक अधिकार नीति के माध्यम से ग्राहक- केंद्रित आचरण को सुदृढ़ करना जारी रखा। ब्याज दरें, सेवा शुल्क, जोखिम और ग्राहक दायित्वों सहित उत्पाद संबंधी जानकारी शाखाओं में प्रदर्शित जानकारी, डिजिटल चैनलों और प्रशिक्षित कर्मचारियों के सहयोग से प्रमुख तथ्य विवरणों के माध्यम से दी जाती है।

शाखाओं में क्यूआर-कोड सक्षम सेवा प्रतिक्रिया प्रणालियों के माध्यम से ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों को और मजबूत किया गया, जिससे वास्तविक समय में सेवा मूल्यांकन संभव हो सका। व्हिसल-ब्लोअर प्रणाली और भारतीय रिज़र्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना के साथ संरेखण सहित संरचित शिकायत निवारण चैनलों ने बैंक के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष ग्राहक व्यवहार को बढ़ावा देना जारी रखा।



प्राकृतिक पूँजी

स्थापित सौर क्षमता

350.5 किलो वाट

नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग

1957.37 जीजे

वित्तीय वर्ष 2024 -25 के दौरान 129 .96 जीजे की वृद्धि

स्कोप 1 उत्सर्जन

2,860.94 टन CO_2e

वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 49.6% की कमी

हरित वित्त पॉर्टफोलियो

₹1,822.10 करोड़

वित्त वर्ष 2024-25 में ₹1,157.58 करोड़ की वृद्धि

प्रभावित हितधारक	प्रभावित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी' यों):	संबद्ध महत्त्वपूर्ण मुद्दे:
निवेशक, समुदाय	11 SUSTAINABLE CITIES AND COMMUNITIES, 12 RESPONSIBLE CONSUMPTION AND PRODUCTION, 13 CLIMATE ACTION	जीएचजी उत्सर्जन, ईएसजी निरीक्षण

इण्डियन ओवरसीज बैंक में, प्राकृतिक पूँजी, पर्यावरणीय प्रभाव को प्रबंधित करने के साथ-साथ एक अधिक संधारणीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने की हमारी जिम्मेदारी को दर्शाती है। एक सेवा संगठन के रूप में, हमारा प्रत्यक्ष प्रभाव मुख्य रूप से ऊर्जा उपयोग,कागज का खपत और परिचालन बुनियादी ढाँचे से उत्पन्न होता है।एक वित्तीय संस्थान के रूप में हमारा व्यापक पर्यावरणीय प्रभाव उन क्षेत्रों एवं गतिविधियों में फैला हुआ है जिन्हें हम वित्तपोषित करते हैं।

हम ऋण देने, परिचालन और दीर्घकालिक लेने में पर्यावरणीय विचारों को एकीकृत करके सतत विकास को सक्षम बनाने में बैंकों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को पहचानते हैं। अत: हमारा दृष्टिकोण परिचालन दक्षता में सुधार,नवीनीकरण ऊर्जा को अपनाने में वृद्धि, संसाधन तीव्रता को कम करने और संधारणीय वितपोषण प्रथाओं को मजबूत करने पर केंद्रित है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, हमने अपने हरित वित्त पोर्टफोलियो का विस्तार किया, ऋण मूल्यांकन प्रक्रियाओं में जलवायु संबंधी विचारों को बारीकी से समन्वित और पर्यावरणीय डेटा एवं वित्तपोषित उत्सर्जन की ट्रैकिंग के लिए प्रणालियों को मजबूत किया। इसके साथ ही, ऊर्जा क्षमता में निरंतर प्रगति, नवीनीकरण ऊर्जा और कागज रहित बैंकिंग को अपनाने से हमारे परिचालन के पर्यावरणीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है।

एक साथ मिलकर, ये प्रयास अधिक जिम्मेदार और जलवायु जागरूक बैंकिंग पारिस्थितिकी प्रणाली के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

परिचालन में संसाधन दक्षता को बढावा देना

इण्डियन ओवरसीज बैंक में, पर्यावरणीय जिम्मेदारी की शुरुआत शाखाओं एवं कार्यालयों में परिचालन दक्षता से होती है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, शाखा नेटवर्क के विस्तार के बावजूद, बैंक ने अपने कुल ऊर्जा उपभोग को वित्त वर्ष 2024-25 के 3,80,123.87 गीगाजूल से घटाकर 3,50,214.71 गीगाजूल कर दिया है। यह हमारे मजबूत परिचालन अनुशासन और बेहतर बुनियादी ढाँचा दक्षता को दर्शाता है।

वर्ष के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में उल्लेखनीय काफी तेजी आई है, जिसका उपभोग 129.96 गीगाजूल से बढकर 1,957.37 गीगाजूल हो गया, इसे कई कार्यालयों और शाखाओं में 350.5 किलोवाट का सौर क्षमता की स्थापना से सहयोग मिला है। बैंक ने ग्राहकों के बीच सौर ऊर्जा को अपनाने में सहायता करने वाले हरित वित्तपोषण उत्पादों के माध्यम से आंतरिक परिचालन से परे नवीकरणीय ऊर्जा पर अपना ध्यान केंद्रित किया। आइओबी की तेजस योजना लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों को सौर रूफटॉप और ग्राउंड-माउंटेड ग्रिड-कनेक्टेड सिस्टम अपनाने के लिए किफायती वित्तपोषण प्रदान करती है, जो भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देने के साथ-साथ सतत विकास पहलों को प्रोत्साहित करती है।

स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच को और अधिक बढ़ावा देने के लिए, बैंक भारत में ऑफ-ग्रिड नवीकरणीय सौर ऊर्जा उपकरणों के वित्तपोषण के लिए आइओबी सूर्या योजना प्रदान करता है, जिसमें सौर कुकर, सौर हीटर और घरेलू या इनडोर प्रकाश व्यवस्था शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आइओबी एचएल सूर्या योजना उन व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को छतों या खुली सन्निहित भूमि पर ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सौर प्रणालियों की स्थापना के लिए वित्तपोषण प्रदान करती है, जिन्होंने आवास ऋण लिया है या ले रहे हैं। ये योजनाएं ग्राहकों के सभी वर्गों में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने को सक्षम बनाने के लिए बैंक की व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

बैंक ने सात परिसरों के एलईईडी प्रमाणीकरण के माध्यम से हरित बुनियादी ढाँचे के पदचिह्न को भी मजबूत किया, जिसमें छह एलईईडी गोल्ड एवं एक एलईईडी प्लेटिनम शामिल है।

वर्ष के दौरान परिचालन दक्षता संकेतकों में लगातार सुधार हुआ है। टर्नऑवर का प्रति रुपया ऊर्जा तीव्रता 11.29 गीगाजूल से घटकर 9.33 गीगाजूल हो गई, जबकि प्रति भौतिक आउटपुट ऊर्जा खपत 18.13 गीगावॉट से घटकर 16.65 गीगावाट हो गई। वर्ष के दौरान प्रत्यक्ष उत्सर्जन में भी काफी कमी आई, जबकि व्यावसायिक विकास के बावजूद परिचालन उत्सर्जन मुख्य तौर पर स्थिर रहा, यह विस्तार और पर्यावरणीय प्रभाव के बीच धीरे-धीरे अलगाव को दर्शाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जल दक्षता में भी सुधार हुआ, जिससे टर्नऑवर का प्रति रुपया जल तीव्रता 7.42 से घटकर 6.97 हो गई है। इसके साथ ही, बैंक ने अपनी आईटी निपटान नीति के अनुरूप सरंचित निपटान और पुनर्चक्रण प्रणाली के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को मजबूत किया है। वर्ष के दौरान उत्पन्न कुल 43.093 मेट्रिक टन में से 42.545 मेट्रिक टन को अधिकृत निपटान प्राधिकृतों के माध्यम से पुनर्चक्रण के लिए भेजा गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है।

ग्राहक अनुभव चक्र में कागज रहित बैंकिंग को शामिल करना

बैंक ने डिजिटल डिफॉल्ट और स्व-सेवा में ग्राहक अनुभव चक्र के माध्यम से कागज उपयोग के ऊपर निर्भरता को कम किया है। सभी नए डेबिट कार्ड जारी करने एवं भूले हुए पिन जेनेरेशन के लिए हरित पिन को डिफॉल्ट रूप से सक्षम किया गया है, जिससे भौतिक पिन डाक की आवश्यकता समाप्त हो गई है, और संबंधित लॉजिस्टिक्स से जुड़े उत्सर्जन में कमी आई है।

सफल निकासी के लिए एटीएम लेन-देन रसीद प्रिंटिंग को डिफॉल्ट रूप से बंद कर दिया गया है, जिससे डिजिटल पुष्टिकरण को बढ़ावा मिलता है और कागज की खपत कम होती है। चुनिंदा प्रीमियम डेबिट कार्डों के लिए मुद्रित, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और नियम एवं शर्तें क्यूआर कोड-सक्षम डिजिटल एक्सेस से बदल दिए गए हैं।

वर्ष के दौरान डिजिटल प्रक्रिया संवर्द्धन में इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन डिपॉजिट ओपनिंग भी शामिल रही, जिससे रसीद प्रिंटिंग समाप्त हो गई, डेबिट कार्ड ऑथेंटिकेशन के माध्यम से इंटरनेट बैंकिंग के लिए स्व:पंजीकरण, जिससे प्रिंटिड आवेदन फॉर्म की जरूरत खत्म हो गई है। बैंक आइओबी इको सेविंग्स अकाउंट भी प्रदान करता है, जो पूरी तरह से डिजिटल पहुंच और कागज रहित बैंकिंग सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया एक पर्यावरण-अनुकूल बचत खाता है। इस खाते में कोई भौतिक पासबुक, चेक बुक या कागजी विवरण शामिल नहीं है, जो पर्यावरण के अनुकूल बैंकिंग प्रथाओं का समर्थन करता है और साथ ही ग्राहकों को ऑनलाइन और डिजिटल सेवाओं की सुविधा प्रदान करता है।

बैंक ने इको सेविंग योजना के अंतर्गत पुनर्चक्रित पीवीसी के से बने पर्यावरण-अनुकूल डेबिट कार्ड का भी विस्तार किया और अपनी हरित आवास पहल हरित शुभग्रह को आगे बढाया।

हरित वित्त पोर्टफोलियो को आगे बढाना

बैंक ने अपने ऋण पोर्टफोलियो को एक सार्थक घटक के रूप में संधारित वितपोषण को मज़बूत करना जारी रखा। वित्तीय वर्ष 2025-26 को दौरान, हरित वित्त पोर्टफोलियो वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1,157.58 करोड़ से बढ़कर 1,822.10 करोड़ हो गया जो नवीकरणीय ऊर्जा और संधारित गतिशीलता वितपोषण में मज़बूत विकास को दर्शाता है।

यह वृद्धि आइओबी सूर्या और आइओबी तेजस के तहत नवीकरणीय ऊर्जा वितपोषण द्वारा संचालित थी। साथ ही, बायोमास परियोजना और गैर-योजनाबद्ध नवीकरणीय ऊर्जा ऋणों के लिए वितपोषण में भी वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन वितपोषण बढकर 309.68 करोड़ हो गया है, जिससे स्वच्छ परिवहन को अपनाने में मदद मिली।

भारतीय रिज़र्व बैंक के हरित जमा स्वीकृति ढाँचे के अनुरूप, बैंक ने निवासी व्यक्तियों और गैर-व्यक्तियों के लिए आइओबी ग्रीन डिपॉजिट योजना शुरू की। यह योजना पात्र हरित गतिविधियों और परियोजनाओं के लिए जमा राशि जुटाती है, जिससे देश के हरित वित्त पारिस्थितिकी तंत्र को समर्थन मिलता है।

बैंक ने 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक के कुल ऋण जोखिम वाले उधारकर्ताओं के लिए ऋण मूल्यांकन के अनिवार्य भाग के रूप में ईएसजी स्कोरकार्ड भी पेश किया है। इससे पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन संबंधी जोखिमों के साथ-साथ वित्तीय और व्यावसायिक मापदंडों पर बड़े जोखिमों का आकलन करना संभव हो पाता है।

बैंक ने हरित-प्रमाणित बिल्डिंग वित्तपोषण के लिए भारतीय हरित बिल्डिंग परिषद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी और एक मान्यता प्राप्त बाहरी एजेंसी के माध्यम से हरित जमा की आय का स्वतंत्र वार्षिक सत्यापन करवाया। एलईईडी, आईजीबीसी और जीआरआइहेचए जैसी एजेंसियों द्वारा मूल्यांकित ग्रीन-रेटेड इमारतें ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और टिकाऊ शहरी विकास का समर्थन करती हैं।

इस क्षेत्र को और बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने आईजीबीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी के प्रतीक के रूप में "श्री हरित" को अपना शुभंकर बनाया। यह आइओबी हरित शुभगृह भी प्रदान करता है, जो कि एक प्रकार का आवास ऋण है, जिसका उपयोग मान्यता प्राप्त हरित भवन रेटिंग एजेंसियों द्वारा टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल माने जाने वाले घरों और फ्लैटों के वित्तपोषण के लिए किया जाता है।

ग्रीन फाइनेंस पोर्टफोलियो के प्रमुख संकेतकों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- हरित वित्त पोर्टफोलियो: ₹1,822.10 करोड़
- इलेक्ट्रिक वाहन वित्त: ₹309.68 करोड़
- आइओबी सूर्या और आइओबी तेजस के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा वित्त
- वर्ष के दौरान बायोमास प्रोजेक्ट वित्त में वृद्धि
- योग्य हरित गतिविधियों और परियोजनाओं के लिए आइओबी ग्रीन डिपॉजिट योजना
- 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक के ऋण जोखिम वाले उधारकर्ताओं के लिए अनिवार्य ईएसजी स्कोरकार्ड
- आइओबी हरित शुभगृह के माध्यम से हरित-प्रमाणित आवास वित्त।

ऋण में जलवायु जोखिम को शामिल करना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, हमने ऋण मूल्यांकन और पोर्टफोलियो निगरानी प्रक्रियाओं में ईएसजी और जलवायु संबंधी विचारों के एकीकरण को सुदृढ किया।

100 करोड़ से अधिक के ऋणों के लिए शुरू की गई जलवायु जोखिम प्रश्नावली ने शाखाओं को उधारकर्ताओं के संचालन और क्षेत्रीय ऋणों से जुड़े भौतिक और संक्रमणकालीन जोखिमों का आकलन करने में सक्षम बनाया। इसके साथ, 50 करोड़ या उससे अधिक के कुल ऋण वाले उधारकर्ताओं के लिए ईएसजी स्कोरकार्ड, ऋण मूल्यांकन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि वित्तीय मापदंडों के साथ-साथ ईएसजी कारकों का भी मूल्यांकन किया जाए।

बैंक ने कार्बन लेखांकन वित्तीय साझेदारी (पीसीएएफ) पद्धति के अनुरूप बैंक द्वारा वित्तपोषित उत्सर्जन मापन भी शुरू किया और पीसीएएफ का हस्ताक्षरकर्ता बना हुआ है, जो वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त उत्सर्जन लेखांकन प्रथाओं के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान में सीईडीए उत्सर्जन कारकों का उपयोग करके गणना की जा रही है, जिसका आंतरिक सत्यापन जारी है, जिसके बाद बैंक वित्तपोषित उत्सर्जनों के प्रकटीकरण को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बना रहा है।

इसके साथ ही, बैंक ने जलवायु परिवर्तन के लिए एक योजना विकसित की है जिसमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के सांकेतिक लक्ष्य और निवल-शून्य लक्ष्यों, उत्सर्जन के मार्ग शामिल हैं। वित्तपोषित उत्सर्जन गणना और जलवायु डेटा प्रणालियों के परिपक्व होने के साथ ही इस योजना को और परिशोधित किया जाएगा।

भविष्य में, बैंक का लक्ष्य जलवायु जोखिम मूल्यांकन को मजबूत करना, सतत वित्त का विस्तार करना और ईएसजी विश्लेषण तथा पोर्टफोलियो स्तर पर जलवायु निगरानी ढाँचे को बेहतर बनाना है।


IOB
Good people to grow with
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
Indian Overseas Bank
90 FOUNDATION DAY
A Viksit Bharat is powered by strong,
smart individuals.
Agri Loan
Vehicle Loan
Home Loan
Deposits
Mobile Banking App
Online Activation
SUCCESS
Banking
Login
Register
NEW HOME SOLD
Supporting
India's progress with
smarter,
digital banking
solutions.
#BankSmarterWithIOB
www.iob.bank.in | Follow us on @IOBIndia | 1800 890 4445 | 1800 425 4445 | +91 96777 11234

शेयरधारकों को सूचना

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 2003 (2008 तक संशोधित) के विनियम 56(i) के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इण्डियन ओवरसीज़ बैंक निम्नलिखित कार्य करने के लिए **मंगलवार दिनांक 07 जुलाई 2026 को सुबह 11.00 (आइएसटी) बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से अपने शेयरधारकों की छब्बीसवीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन करेगा ।

सामान्य कार्य

कार्यसूची मद संख्या 1

विचारार्थ और यदि उचित पाया गया, तो उसे सामान्य संकल्प के रूप में पारित करें

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडआलोन एवं समेकित लाभ और हानि खाता एवं वार्षिक नकदी प्रवाह विवरण, बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट, तुलन पत्र और खातों एवं लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट द्वारा कवर की गई अवधि के लिए उस तिथि को बैंक के लेखा-परीक्षित स्टैंडआलोन एवं समेकित तुलन पत्र एवं खातों पर चर्चा के अनुमोदन और उसे अंगीकरण करने के लिए ।

विशेष कार्य

कार्यसूची मद संख्या 2:

वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव/राइट इश्यू/योग्य संस्थागत प्लेसमेंट/ईएसपीएस/एलआईसी और अन्य बीमा कंपनियों/म्यूचुअल फंड/क्यूआईबी को तरजीही आधार पर शेयर जारी करने या किसी अन्य तरीके या संयोजन के माध्यम से एक या एक से अधिक किश्तों में ₹5,000 करोड़ तक की इक्विटी शेयर पूँजी (शेयर प्रीमियम सहित, यदि कोई हो तो) जुटाना।

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना अथवा रहित **विशेष संकल्प** के रूप में पारित करना:

"संकल्प लिया जाता है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 (अधिनियम), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 और इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर और बैठकें) विनियमन 2003 (विनियम) 2008 तक यथासंशोधित के प्रावधानों के अनुक्रम में और इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआइ), भारत सरकार (जीओआइ), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और/या किसी ऐसे अन्य प्राधिकारी द्वारा, जो वांछित हों, के अनुमोदनों, सहमतियों और मंजूरियों की शर्त पर और उन अनुमोदनों को मंजूरी प्रदान करने में उनके द्वारा यथा निर्धारित निबंधनों, शर्तों और संशोधनों की शर्त पर जिसपर बैंक का निदेशक मंडल सहमत है और जो विनियमों के अनुपालन में है - यथा सेबी (पूँजी का निर्गमन और प्रकटीकरण की अपेक्षाएं) विनियमन 2018 (आइसीडीआर विनियम) जैसा कि आज की तिथि तक संशोधित है/दिशानिर्देशों, यदि कोई है, के अनुपालन में है तथा यह कि ये दिशानिर्देश बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 (बीआर अधिनियम), सेबी (सूचीगत बाध्य बाध्यताएँ व प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 (एलओडीआर) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992 और अन्य सभी लागू कानूनों व अन्य सभी संबंधित प्राधिकरणों, जो समय समय पर जारी होते हैं, के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी की अधिसूचनाओं/परिपत्रों और स्पष्टीकरणों द्वारा निर्धारित हैं, और जहाँ बैंक के ईक्विटी शेयर निर्धारित हैं, वहाँ के स्टॉक एक्सचेंजों के साथ हुए यूनिफॉर्म लिस्टिंग करार की शर्त के आधार पर और विनियमन 4(ए) के प्रावधानों के अनुसार है, बैंक के शेयरधारकों की एतदर्थ व एतद्द्वारा सहमति से बोर्ड के निदेशक मंडल (आगे से जिसे "बोर्ड" कहा जाएगा और जिसमें ऐसी कोई भी समिति शामिल रहेगी जिसे बोर्ड ने गठित किया हो या इस संकल्प द्वारा प्रदत्त अधिकारों सहित अपने अधिकारों का उपयोग करने हेतु बाद में गठित करता हो) को इस आशय से दी जाती है कि वे उस संख्या में इक्विटी/वरीयता शेयरों (संचित/गैर संचित)/प्रतिभूतियों (वरीयता शेयरों की श्रेणी, ऐसे वरीयता शेयरों की प्रत्येक श्रेणी के निर्गम की सीमा, क्या वे निरंतर हैं या मोचनीय हैं या अमोचनीय है, उन निबंधनों और शर्तों को विनिर्दिष्ट करते हुए, जिनके आधार पर वरीयता शेयरों की प्रत्येक श्रेणी का निर्गमण किया जाएगा - से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार) को सृजित, प्रस्तावित, निर्गमित व आबंटित (निश्चित आबंटन पर आरक्षण के लिए प्रावधान और/या उस समय लागू कानून द्वारा यथा अनुमत व्यक्तियों के प्रवर्गों और निर्गम के किसी हिस्से के प्रतिस्पर्धात्मक आधार सहित) कर सके और यह कार्य किसी प्रस्ताव दस्तावेज/या विवरणिका के ज़रिए या फिर भारत अथवा विदेश में इस प्रकार के अन्य दस्तावेज़ के ज़रिए होगा तथा प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य रु.10/- प्रति शेयर होगा और आज की तारीख में किसी भी हालत में रु. 5,000 करोड़ (शेयर प्रीमियम सहित) से अधिक नहीं होगा व यह बैंक की कुल समग्र निर्गम में अधिनियम की धारा 3 (2ए) के अनुसार या फिर उस संशोधन (यदि कोई हो) के अनुसार, जो भविष्य में अधिनियम बन सकता है, बढ़ाई गई प्राधिकृत पूँजी की निर्धारित सीलिंग की हद तक जहाँ आबंटन एक या उससे अधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों ("एनआरआइ"), निजी व सार्वजनिक कंपनियों, निवेशक संस्थाओं, संघों, न्यासों, शोध संगठनों, योग्य संस्थागत खरीदारों ("क्यूआइबी") जैसे विदेशी संस्थागत निवेशक ("एफआइआइ"), बैंक, वित्तीय संस्थाओं, भारतीय म्यूचुअल निधियों, उद्यमी पूँजीगत निधियों, विदेशी उद्यम पूँजी निवेशकों, राज्य

औद्योगिक विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों, पेंशन निधियों, विकास वित्तीय संस्थाओं या अन्य इकाइयों, प्राधिकरणों या निवेशकों के किसी ऐसे प्रवर्ग को किया जा सकता है, वह भी इस तरह कि केन्द्र सरकार का बैंक की प्रदत्त ईक्विटी पूँजी में धारण सभी समय 52% से कम नहीं रहेगा, चाहे वह एक या अधिक भागों में हो और चाहे बट्टे पर हो या प्रीमियम दर पर या फिर बाजार दर पर जिन्हें बैंक द्वारा जैसे वह उचित समझे उस रूप में उक्त में से किसी को या संयुक्त रूप में विद्यमान विनियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार या आइसीडीआर विनियमों के अंतर्गत संस्थागत निवेशकों को बैंक के इक्विटी/वरीयता शेयरों/प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।"

"साथ ही यह भी संकल्प लिया जाता है कि संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों के साथ हुए यूनिफॉर्म लिस्टिंग करार के प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के प्रावधानों (लिस्टिंग बाध्यताएं व प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015, ("एलओडीआर"), अधिनियम के प्रावधानों, विनियम के प्रावधानों, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2003 के प्रावधान जो 2008 तक संशोधित हैं, आइसीडीआर विनियमन के प्रावधानों, विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम 1999 के प्रावधानों और विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबन्धन (गैर कर्ज लिखत) नियम 2019, एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंजों, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआइ), उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रवर्तन विभाग और यथा वांछित अनुसार अन्य सभी प्राधिकारियों (आगे जिनका "समुचित प्राधिकारीगण" के रूप में संदर्भ लिया जाएगा) दिये जाने वाले आवश्यक अनुमोदनों, सहमतियों, अनुमतियों और/या मंजूरियों, की शर्त पर और उन शर्तों पर जोकि ऐसे अनुमोदन, ऐसी सहमति, अनुमति/या मंजूरी (आगे से जिसे "अपेक्षित अनुमोदन" कहा जाएगा) प्रदान करते समय उनमें से किसी के भी द्वारा निर्धारित किये जाते हैं तथा जिन्हें बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार के तहत निश्चित करता है, ईक्विटी शेयरों या किन्ही भी प्रतिभूतियों को एक या अधिक किस्तों में समय समय पर निर्गमित प्रस्तावित तथा आबंटित किया जा सकता है केवल उन वारंटों को छोड़कर जो बाद की तिथि में ईक्विटी शेयरों के साथ विनिमयित किये जा सकते है या परिवर्तित किये जा सकते हैं, वह भी इस तरह कि किसी भी समय केन्द्र सरकार का धारण बैंक की प्रदत्त ईक्विटी पूँजी में 52% से कम न हो और यह प्लेसमेंट या आबंटन क्यूआइबियों (आइसीडीआर विनियमन के अध्याय 2 (एसएस) नियम के अनुसार) को, योग्यताप्राप्त संस्थात्मक प्लेसमेंट (क्यूआइपी) होने के अनुक्रम में जैसा कि आइसीडीआर विनियमन और/या प्लेसमेंट दस्तावेज़ और/या ऐसे अन्य दस्तावेज़ों/लेखनों/परिपत्रों/ज्ञापनों के द्वारा तथा ऐसे रूप में और ऐसे मूल्य पर, निबंधनों और शर्तों पर , जो कि आइसीडीआर विनियमनों के भाग 6 के अनुसार या कानून के उन अन्य प्रावधानों के अनुसार जो कि उस समय विद्यमान है, बोर्ड द्वारा निश्चित किये गये हैं, बशर्ते इस प्रकार निर्गमित इक्विटी शेयरों का प्रीमियम सहित मूल्य आइसीडीआर विनियमनों के संबंधित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित मूल्य से कम न हो।"

संकल्प लिया जाता है कि बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रमों का हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (अधिनियम), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (योजना), सेबी (सूचीगत बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (एलओडीआर), इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2003, यथा संशोधित 2008 (विनियम) और बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्टॉक एक्सचेंजों) के साथ एलओडीआर के अनुसार किए गए समान सूचीकरण समझौतों (इसमें किसी भी संशोधन या पुन: अधिनियमन सहित) के प्रावधानों के अधीन और सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के विनियम 4ए (समय-समय पर किसी भी वैधानिक संशोधन, संशोधन या पुन: अधिनियमन सहित) ("सेबी विनियम") के प्रावधानों के अनुसार, और आरबीआई, भारत सरकार, सेबी, स्टॉक एक्सचेंज (जहां भी लागू हो) जिसमें बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, की स्वीकृति, सहमति और अनुमोदन के अधीन, और किसी भी प्राधिकरण द्वारा किसी भी स्तर पर दिए गए किसी भी लागू अनुमोदन, अनुमति और स्वीकृति के अधीन, और ऐसे प्राधिकरणों द्वारा ऐसे अनुमोदन, अनुमति और स्वीकृति प्रदान करते समय निर्धारित या लागू की गई किसी भी शर्त और संशोधन के अधीन 2026-27 में एक या एक से अधिक किश्तों में, बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा बैंक के कार्यपालक निदेशक (निदेशकों) सहित बैंक के ऐसे स्थायी कर्मचारियों को, चाहे वे भारत में कार्यरत हों या भारत के बाहर, (जैसा कि बोर्ड द्वारा तय किया जा सकता है), बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार से तय की गई ऐसी शर्तों और नियमों पर बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के साथ लाभांश का भुगतान सहित बोर्ड द्वारा कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना के तहत तय किए गए सभी प्रयोजनों और सभी मामलों में समतुल्य रैंक पर, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर बोर्ड द्वारा स्वीकार किया जाता है व बोर्ड को कर्मचारी शेयर खरीद योजना (जिसे इसके बाद आइओबी-ईएसपीएस कहा जाएगा) के तहत इस प्रकार कि भारत सरकार के पास हर समय बैंक की चुकता इक्विटी पूँजी के 52% से कम न हो (शेयर प्रीमियम सहित), बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के समतुल्य, ₹10/- (केवल ₹10) अंकित मूल्य के 10,00,00,000 (दस करोड़) नए इक्विटी शेयर सृजित करने, स्वीकृत करने, पेशकश करने, निर्गमित करने और आवंटित किए जाने को एतद्द्वारा सहमति प्रदान की जाती है, जो कुल सीमा ₹5,000 करोड़ के अधीन हो ।

"साथ ही यह भी संकल्प लिया जाता है कि ऐसा निर्गम, प्रस्ताव या आबंटन को एक या अधिक किश्तों में या सार्वजनिक प्रस्ताव के अनुवर्तन/अधिकार मामले/योग्य संस्थागत प्लेसमेंट/सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के तहत कर्मचारियों को शेयर जारी करने/एलआइसी और अन्य बीमा कंपनियों को अधिमानी आधार पर शेयर जारी करने/म्यूचुअल फंड/क्यूआइबी या किसी अन्य मोड या उसके संयोजन के माध्यम से या अति आबंटन के विकल्प सहित या विकल्प के बिना किया जाएगा और इस तरह का प्रस्ताव, निर्गम, प्लेसमेंट और आबंटन बंकिंग कंपनी (उपक्रमों

का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, सेबी (पूँजी का निर्गमन और प्रकटीकरण की अपेक्षाएं) विनियमन, 2018 ("आइसीडीआर विनियमन") और भा.रि.बैं, सेबी द्वारा जारी सभी अन्य दिशानिर्देशों तथा उस समय प्रभावी किसी अन्य प्राधिकारियों के दिशानिर्देशों और ऐसी पद्धति में जो बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार के तहत उचित समझता हो, ऐसे समय या समयों पर और ऐसे निबंधनों व शर्तों पर किया जाएगा ।"

"साथ ही यह भी संकल्प लिया जाता है कि अग्रणी प्रबंधकों और/या अधोलेखकों और/या अन्य सलाहकारों अथवा अन्यथा के साथ जहाँ आवश्यक हो वहॉ परामर्श करके ऐसे किसी रूप में जिसे वह उचित समझे, ऐसे मूल्य या मूल्यों को निश्चित करने का प्राधिकार बोर्ड को होगा, और उन निबंधनों और शर्तों के अधीन होगा, जिन्हें बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार के तहत आइसीडीआर विनियमनों, अन्य विनियमनों अथवा अन्य सभी लागू कानूनों, नियमों, विनियमनों और दिशानिर्देशों के अनुसार निश्चित करता है चाहे ऐसे निवेशक बैंक के वर्तमान सदस्य हों कि नहीं और मूल्य का नियतन आइसीडीआर विनियमनों के संबंधित प्रावधानों के तहत निर्धारित मूल्य से कम पर नहीं होगा।"

"साथ ही यह भी संकल्प लिया जाता है कि स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए एकीकृत सूचीबद्धता करार और अन्य लागू दिशानिर्देशों, नियमों व विनियमनों के नियम व शर्तों के अनुसार बोर्ड को एतद्वारा वैसे स्टॉक एक्सचेंजों, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध है, को जारी किए गए एक्विटी शेयरों की सूचीबद्धता हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु प्राधिकृत किया गया है।"

"साथ ही यह भी संकल्प लिया जाता है कि अहर्ताप्राप्त संस्थागत संस्थान (क्यूआइपी) के मामले में आइसीडीआर विनिमयनों के अध्याय VI के अनुसरण में:

क) आइसीडीआर विनियमों के अध्याय VI के अर्थ के भीतर केवल योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए प्रतिभूतियों का आवंटन होगा, ऐसी प्रतिभूतियां पूरी तरह से भुगतान की जाएंगी और ऐसी प्रतिभूतियों का आवंटन इस संकल्प की तारीख से 12 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा।

ख) आइसीडीआर विनियमों के विनियम 176(1) के प्रावधानों के अनुसार बैंक फ्लोर प्राइस पर पांच प्रतिशत की अधिकतम छूट तक शेयरों को ऑफर करने के लिए अधिकृत है जैसा कि विनियमनों के अनुसरण में निर्धारित किया गया है।

ग) प्रतिभूतियों के फ्लोर प्राइस के निर्धारण की प्रासंगिक तिथि आइसीडीआर विनियमों के अनुसार होगी।

साथ ही यह भी संकल्प लिया जाता है कि बैंक एसईबीआई (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और श्रम-एक्विटी) विनियम, 2021 के विनियम 15 में निर्दिष्ट लेखांकन नीतियों या इसके किसी भी वैधानिक संशोधन, परिवर्तन या पुनर्अधिनियमन का पालन करेगा।

कोई अलग से मूल्यांकन प्रक्रिया लागू नहीं होगा। योजना के तहत पात्र कर्मचारी होने के नाते, बैंक के प्रबंध निदेशक व कार्यपालक निदेशकों को योजना के तहत उन्हें दिए जाने वाले शेयरों की सीमा तक प्रस्ताव में हितधारक माना जा सकता है । उपरोक्त के अलावा, बैंक के अन्य निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों या उनके रिश्तेदारों का प्रस्तावित प्रस्ताव से सिवाय बैंक में उनकी हिस्सेदारी (यदि कोई हो) की सीमा तक वित्तीय या अन्य किसी भी रूप में कोई संबंध या हित नहीं है | बोर्ड योजना के तहत जारी किए गए शेयरों को वापस खरीदने का प्रोसेस तय करेगा, अगर बैंक कभी भी ऐसा करता है, और उसके लिए लागू नियम और शर्तें तय करेगा ।

निदेशक मंडल प्रस्तावित विशेष संकल्प को पास करने की सिफारिश करता है ।

कार्यसूची मद संख्या 3:

शेयर प्रीमियम खाते से 31.03.2026 तक संचित घाटे का विनियोजन

31.03.2026 तक, शेयर प्रीमियम खाते में रु.9636,50,05,532.04 जमा हैं, जो पहले प्रीमियम पर जारी किए गए शेयर की वजह से हैं । इसके अलावा, 31 मार्च, 2026 तक, बैंक के जमा हुए नुकसान के तौर पर रु. 8733,34,22,563.02 का बकाया है ।

बैंक का प्रस्ताव है कि वह शेयर प्रीमियम खाते में जमा रकम का इस्तेमाल जमा हुए नुकसान को प्रतितुलन करने के लिए करे ।

तदनुसार, मौजूदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान, बैंक का प्रस्ताव है कि 31 मार्च 2026 तक 'शेयर प्रीमियम खाते' में जमा 9,636.50 करोड़ रुपये में से 8,733.34 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया जाएगा । इसके लिए शेयर प्रीमियम खाते में जमा राशि को लाभ एवं हानि खाते में मौजूद 8,733.34 करोड़ रुपये के डेबिट राशि (जमा हुआ नुकसान) में अंतरित किया जाएगा और शेयर प्रीमियम खाते उसी हिसाब से कम हो जाएगा ।

ऊपर बताए गए शेयर प्रीमियम में कमी के प्रस्ताव को अगर मंज़ूरी मिल जाती है और यह फाइनल हो जाता है, तो इसका असर यह होगा कि जमा हुआ नुकसान, जो 31 मार्च 2026 तक 8,733.34 करोड़ रुपये था, उसे प्रतितुलन कर दिया जाएगा ।

बैंक का मानना है कि अभी के समय में यह बैंक के लिए सबसे व्यवहारिक और किफायती विकल्प है, ताकि बैंक की वित्तीय स्थिति का सही और स्पष्ट नज़रिया सामने आ सके ।

प्रस्तावित प्रतितुलन बैंक की वित्तीय स्थिति का सही और सही नज़रिया दिखाएगा और यह बही मूल्य पर शेयर, इक्विटी से अर्जन (आरओई), शेयर से अर्जन (ईपीएस) जैसे किसी भी अनुपात पर असर नहीं डालेगा । इस विनियोजन से बैंक की कुल मालियत में कोई बदलाव नहीं होगा ।

बैंक अपनी वास्तविक वित्तीय स्थिति स्पष्ट कर पाएगा, जिससे शेयरधारकों को फायदा होगा क्योंकि उनकी होल्डिंग से बेहतर वैल्यू मिलेगी और बैंक को शेयरधारकों के फायदे के लिए मौके तलाशने में भी मदद मिलेगी, जिसमें लागू नियमों के मुताबिक सही समय में लाभांश का भुगतान भी शामिल है । यह प्रस्ताव बैंक को समय पर अपने कायापलट योजना को पूरा करने के लिए भी बेहतर स्थिति में रखेगा ।

बैंकिंग कंपनीज़ (अधिग्रहण और उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970 में किसी भी अदाता पूँजी को निरस्त करके अपनी अदाता पूँजी को कम करने का प्रावधान है, जो खो गया है, या उपलब्ध आस्ति में शामिल नहीं है । इसके अलावा, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन व विविध प्रावधान) योजना, 1970 एक राष्ट्रीयकृत बैंक को बैंकिंग कंपनीज़ (अधिग्रहण और उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970 में उल्लिखित अदाता पूँजी को कम करने के उसी प्रक्रिया को अनुसरण करके अपने शेयर प्रीमियम खाते से कोई भी रकम निकालने की अनुमति देता है ।

चूँ कि जमा हुए नुकसान को प्रतितुलन करने के लिए बैंक के शेयर प्रीमियम खाते का प्रस्तावित इस्तेमाल पूँजी में कमी माना जाएगा, अत: बैंकिंग कंपनीज़ (अधिग्रहण और उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970 के अनुच्छेद 3(2बीबीए) के प्रावधानों के अनुसार एक विशेष संकल्प के ज़रिए बैंक के शेयरधारकों की मंज़ूरी मांगी जा रही है ।

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के अनुच्छेद 17(2) में यह नियम है कि अगर बैंक शेयर प्रीमियम खाते से कोई रकम या रकम लेता है, तो उसे ऐसे इस्तेमाल की तारीख से इक्कीस दिनों के अंदर, भारतीय रिज़र्व बैंक को इस बारे में रिपोर्ट करनी होगी, और इसके इस्तेमाल से जुड़े स्थिति बताने होंगे । बैंक निर्धारित समय में इस ज़रूरत को पूरा करेगा ।

शेयर प्रीमियम खाते में कमी, जिसमें शेयर प्रीमियम खाते के क्रेडिट में जमा रकम को कम करके लाभ व हानि खाते में डेबिट राशि को प्रतितुलन करना शामिल है, इसका मतलब यह नहीं है कि बैंक अपने शेयरधारकों को कोई भी कंसीडरेशन देगा । अत: शेयर प्रीमियम खाते में कमी के बाद बैंक की इक्विटी पूँजी स्ट्रक्चर और शेयरहोल्डिंग पैटर्न वैसा ही रहेगा । शेयरों की बही मूल्य भी वैसी ही रहेगी।

शेयरधारिता पैटर्न:

क्रम सं	वर्ग	शेयर प्रीमियम खाते में कमी से पहले		शेयर प्रीमियम खाते में कमी के बाद	
		धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	शेयरधारिता का प्रतिशत	धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	शेयरधारिता का प्रतिशत
1	प्रमोटर की होल्डिंग- भारत सरकार	17,80,04,88,299	92.44%	17,80,04,88,299	92.44%
2	गैर-प्रमोटर होल्डिंग: पब्लिक	1,45,61,01,496	7.56%	1,45,61,01,496	7.56%
कुल		**19,25,65,89,795**	**100%**	**19,25,65,89,795**	**100%**

शेयरधारकों और क्रेडिटर्स के अधिकारों पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता है।

निदेशक मंडल ने 21 मई, 2026 को हुई अपनी बैठक में बैंक और उसके शेयरधारकों के सबसे अच्छे हित में शेयर प्रीमियम खाते के इस्तेमाल के ऊपर दिए गए प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है और इसलिए शेयरधारकों से मंज़ूरी के लिए इसकी सिफारिश की है ।

बैंक के निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों में से कोई भी, उनके रिश्तेदारों सहित, उपर्युक्त प्रस्ताव में तब तक कोई रुचि या सरोकार नहीं रखता है, जब तक कि बैंक में उनकी कोई शेयरधारिता न हो ।

कार्यसूची मद संख्या 4:

श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, का बैंक के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यकाल, उनके वर्तमान में अधिसूचित कार्यकाल (जो 31.12.2025 को समाप्त हो गया था) के बाद, 01.01.2026 से 08.10.2027 तक बढ़ाया गया है ।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण प्रावधान) योजना, 1970 (दिनांक 17.11.2022 की अधिसूचना द्वारा संशोधित) के पैराग्राफ 8(1) के साथ पठित, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना ईएफ. संख्या 4/3/2024 बीओ.आई, दिनांकित 8 सितंबर 2025 ने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अजय कुमार श्रीवास्तव का कार्यकाल उनके वर्तमान अधिसूचित कार्यकाल से आगे बढ़ा दिया है, जो 31.12.2025 को समाप्त हो गया था, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में पूर्णकालिक निदेशक के रूप में उनके 10 वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने की तिथि तक, यानी 01.01.2026 से 08.10.2027 तक, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो ।

सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 17(1सी) के पहले प्रावधान के अनुसार, बैंक के बोर्ड में निदेशकों की नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति को बैंक के शेयरधारकों की बैठक में अनुमोदित किया जाना है ।

अत: भारत सरकार द्वारा तय की गई शर्तों और नियमों पर, श्री अजय कुमार श्रीवास्तव को बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर नियुक्त करने के लिए शेयरधारकों की मंज़ूरी मांगी गई है ।

संक्षिप्त प्रोफ़ाइल:

श्री अजय कुमार श्रीवास्तव दिनांक 01.01.2023 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ का कार्यभार संभाले हुए हैं; इससे पूर्व वे दिनांक 09.10.2017 से बैंक में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

उन्होंने अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत 1991 में इलाहाबाद बैंक में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के तौर पर की थी, जहाँ उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग पदों पर काम किया । वे एक कुशाग्र और अनुभवी बैंकर हैं, जिन्हें ज़मीनी स्तर का व्यापक अनुभव प्राप्त है; साथ ही, इलाहाबाद बैंक में वरिष्ठ स्तर पर कार्यरत रहते हुए, उन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात और दिल्ली जैसे सबसे बड़े और अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने का गौरव भी हासिल है ।

इलाहाबाद बैंक में लगभग 27 वर्षों की सफल सेवा पूरी करने के बाद, भारत सरकार द्वारा उन्हें कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया, और उन्होंने 09.10.2017 को इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में कार्यभार ग्रहण किया ।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में कार्यपालक निदेशक के तौर पर उनका सफर बहुत मुश्किल भरा रहा । बैंक 2014 से घाटे में था, 2015 से पीसीए में था और कई दूसरी चुनौतियों के अलावा वित्तीय पैरामीटर भी खराब हालत में थे । उन्होंने सभी विशेष क्षेत्र के लिए रणनीति बनाई और बोर्ड के सहयोग से उन्हें जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया । उन्होंने पांच साल से ज़्यादा समय तक कार्यपालक निदेशक के तौर पर बैंक में काम किया और इस दौरान सभी विभाग और पोर्टफोलियो संभाले । कार्यपालक निदेशक के तौर पर उनके समय की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने मार्च 2020 में बैंक को घाटे से और सितंबर 2021 में पीसीए से बाहर निकालने में बहुत अहम भूमिका निभाई थी । इसके अलावा, वह 2020-2021 के दौरान लगभग 14 महीनों तक बैंक में अकेले कार्यपालक निदेशक थे ।

वह दो साल के लिए भारत सरकार द्वारा नामित इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आइआइएफसीएल) के बोर्ड में निदेशक भी थे । उन्होंने अपने पिछले बैंक में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बोर्ड में निदेशक के तौर पर भी काम किया है । वह यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक हैं ।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 36(3) के अनुसार अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

- निदेशकों के बीच आपसी संबंध: शून्य
- अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद: शून्य
- दूसरी सूचीबद्ध इकाईयों में सदस्यता/अध्यक्षता: शून्य
- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: 8182 इक्विटी शेयर

श्री अजय कुमार श्रीवास्तव या बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक उनके रिश्तेदारों के अलावा बैंक के किसी भी निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक और उनके रिश्तेदारों, यदि कोई हो, एजीएम की संलग्न सूचना के मद संख्या 4 में दिए गए प्रस्ताव से संबंधित या इच्छुक नहीं हैं ।

निदेशक मण्डल की ओर से
कृते इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

-ह/-
रघुराम मल्लेला
उप महा प्रबंधक व कंपनी सचिव

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 21-05-2026

निदेशकों की रिपोर्ट 2025-26

वैश्विक और देशीय आर्थिक वातावरण

बढ़ते भू-राजनैतिक अस्थिरता, विशेषकर पश्चिम एशिया में संघर्ष, आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट, ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतें और लगातार व्यापार में अनिश्चितताओं की वजह से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा । इन विकास ने वैश्विक वित्तीय बाज़ार में उतार-चढ़ाव बढ़ा दिया और वृहत्त अर्थव्यवस्था में वृद्धि और महंगाई को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दीं ।

इसे संज्ञान में लेते हुए , अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक निधि के नए अनुमानों के मुताबिक, **2026** में वैश्विक वृद्धि **3.1%** और **2027** में 3.2% रहेगी, जो भू-राजनैतिक तनावों, कमोडिटी की बढ़ी कीमतों और वित्तीय बाज़ार मार्केट में बदलाव के असर को दर्शाता है ।

अनिश्चित ग्लोबल माहौल के बीच, भारत ने मज़बूत देशीय माँ ग, लगातार निवेश, जारी स्ट्रक्चरल सुधारों और एक मजबूत वित्तीय क्षेत्र के सहारे मज़बूत मैक्रोइकॉनॉमिक आघात-सहनीयता दिखाना जारी रखा है । वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ **7.6% रहने का अनुमान है** । भविष्य की ओर देखते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी नीति जून 2026 में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए **6.9%** की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है और पॉलिसी रेपो रेट को **5.25%** पर बिना किसी बदलाव के रखा है, जबकि **तटस्थ नीतिगत रुख बनाए रखा** ।

मार्च 2026 के अद्यतित उपलब्ध डेटा के अनुसार, भारत का बैंकिंग क्षेत्र लगातार मज़बूत और लचीला बना हुआ है । अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने **17.68% का कैपिटल टू रिस्क वेटेड एसेट्स रेश्यो (सीआरएआर) रिपोर्ट किया है**, जो नियामक आवश्यकताओं से काफी अधिक है । आस्ति गुणवत्ता में और सुधार हुआ है, सकल एनपीए घटकर **1.73%** और निवल एनपीए **0.40% हो गया है । तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) 123.70%** पर सुविधाजनक बना रहा । वार्षिक आस्तियों पर वापसी (आरओए) और इक्विटी से वापसी (आरओई) क्रमशः **1.33%** और **13.06%** रहे , जबकि निवल ब्याज मार्जिन (एनआइएम) **3.26% रहा** ।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में, हमारा वित्तीय पैरामीटर मार्च 2026 तक मजबूत बना रहा, जिसमें **सकल एनपीए 1.93%**, **निवल एनपीए 0.39%**, **आस्तियों पर रिटर्न (आरओए) 1.10%** और **निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.84% रहा**, जो परिसंपत्ति की गुणवत्ता, लाभप्रदता और परिचालन दक्षता में निरंतर सुधार को दर्शाता है ।

बैंक का क्रेडिट ग्रोथ वार्षिक आधार पर **13.8%** रही, जबकि एक वर्ष पहले यह **11.0%** थी । डिपॉजिट ग्रोथ भी अच्छी रही, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल जमा में वार्षिक आधार पर लगभग **10.8%** की बढ़ोतरी हुई, जिससे बैंकिंग सिस्टम में लगातार क्रेडिट बढ़ने और लिक्विडिटी स्टेबिलिटी को सहयोग मिला ।

दुनिया भर में अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत के मज़बूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स, विवेकपूर्ण मौद्रिक व्यवस्था और राजस्व नीति, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, और सबको साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता, अर्थव्यवस्था के ग्रोथ की रफ़्तार बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में रखती है । मज़बूत पूँजी बफर, बेहतर आस्ति गुणवत्ता, अधिक तरलता और डिजिटल अपनाने की बढ़ती मांग के सहारे, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र निवेश, वित्तीय समावेशन, और देश की लंबे समय की आर्थिक उम्मीदों को सहायता करने के लिए अच्छी स्थिति में है ।

वित्तीय प्रदर्शन

बैंक ने **31 मार्च 2026** को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान व्यवसाय, लाभप्रदता, परिसंपत्ति की गुणवत्ता, परिचालन दक्षता और ग्राहक अधिग्रहण में अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए अपना **अब तक का सबसे अच्छा वित्तीय प्रदर्शन किया** और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच अपनी स्थिति को और मजबूत किया है ।

31 मार्च 2026 तक **बैंक का कुल कारोबार** पिछले वर्ष के **₹5,61,957 करोड़** से **₹ 1,16,657 करोड़** बढ़कर **₹ 6,78,614 करोड़** हो गया, जो **20.76%** की ज़बरदस्त बढ़त दिखाता है । हमारा **सकल अग्रिम 24.16%** बढ़कर **₹ 3,10,423 करोड़** हो गया, जबकि कुल जमा **18.03%** बढ़कर **₹ 3,68,191 करोड़** हो गया, जो मज़बूत और बड़े पैमाने पर कारोबार में बढ़ोतरी दिखाता है ।

देनदारी पक्ष पर, बैंक ने अपनी विविध और कम लागत वाली जमा उत्पाद को मजबूत करना जारी रखा । **बचत बैंक जमाओं** में **15.30%** की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जो वर्ष के दौरान **₹ 1,08,035 करोड़** से **₹ 16,530 करोड़** बढ़कर **₹ 1,24,565 करोड़** हो गई । **कासा जमा 10.85%** बढ़कर **₹ 1,50,936 करोड़** हो गई, जबकि **खुदरा अवधि जमा** ने **17.81**% की स्वस्थ वृद्धि दर्ज की, जो **₹ 1,83,601 करोड़** हो गई । बैंक ने **41.46%** के **देशीय कासा अनुपात** के साथ एक मजबूत कम लागत वाली जमा प्रोफ़ाइल बनाए रखी, जबकि उच्च लागत वाली थोक जमा कुल जमा के **6%** से नीचे थी । उल्लेखनीय रूप से, **कासा और खुदरा अवधि जमाओं ने कुल जमा में 94%** का योगदान दिया ।

बैंक ने पिछले वर्ष के **₹ 3,335 करोड़** के मुकाबले **₹ 5,208 करोड़** का **अब तक का सबसे ज़्यादा वार्षिक निवल लाभ रिपोर्ट** किया, जो **56.16%** की शानदार बढ़त दिखाता है । विशेष बात यह है कि बैंक ने वित्तीय वर्ष **2025-26 की सभी चार तिमाहियों में ₹ 1,000 करोड़ से ज़्यादा का निवल लाभ दिया**, जो **तिमाही1 में ₹ 1,111 करोड़** से बढ़कर **तिमाही4 में ₹ 1,50**5 **करोड़** हो गया, जो कमाई में एकरूपता और टिकाऊपन दिखाता है ।

निवल ब्याज आय (एनआईआई) 15.46% बढ़कर ₹ 12,574 करोड़ हो गई, जबकि परिचालनगत लाभ ₹ 10,000 करोड़ के लैंडमार्क को पार कर 15.40% बढ़कर ₹ 10,026 करोड़ हो गया । परिचालनगत आय 10.80% बढ़कर ₹ 18,210 करोड़ हो गई । कुल रेपो रेट में 125 बीपीएस की कटौती के बावजूद, बैंक ने वैश्विक एनआइएम को 3.21% और देशीय एनआइएम को 3.33% पर रखते हुए अच्छा मार्जिन बनाए रखा । बैंक का लाभ अनुपात लगातार मज़बूत होता रहा, आरओए 0.92% से बढ़कर 1.23% हो गया , जो पूरे वर्ष 1% से ऊपर रहा , और आरओई 16.28% से बढ़कर 20.42% हो गया । इसके अलावा, लागत-से-आय अनुपात 47.14% से सुधरकर 44.94% हो गया, जबकि जमाराशि की लागत 5.08% से घटकर 4.97% हो गई , जो बेहतर परिचालन क्षमता और प्रभावी देनदारी प्रबंधन को दर्शाता है ।

बैंक ने आस्ति गुणवत्ता सुधार के मामले में अपनी शानदार यात्रा जारी रखी । सकल एनपीए 2.14% से घटकर 1.42% हो गया, जबकि निवल एनपीए 0.37% से सुधरकर 0.21% हो गया, जो इंडस्ट्री में सबसे अच्छा है । बैंक ने इंडस्ट्री में सबसे अच्छा 97.50% का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा, जबकि क्रेडिट कॉस्ट 0.30% पर कम रही ।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान नई स्लिपेज पिछले वर्ष के ₹3,568 करोड़ से 66 % कम होकर ₹ 1,211 करोड़ हो गए, स्लिपेज रेश्यो 1.68% से सुधरकर 0.49% हो गया, जो इंडस्ट्री में सबसे कम में से एक है । वर्ष के दौरान, बैंक ने ₹ 3,576 करोड़ वसूली किया, जो नए स्लिपेज का लगभग 2.95 गुना था, जिससे मजबूत रिकवरी और रेज़ोल्यूशन मैकेनिज्म की पुष्टि होती है ।

खुदरा, कृषि और एमएमएमई (आरएएम) सेगमेंट पर बैंक के रणनीतिक फोकस से अच्छे नतीजे मिलते रहे । आरएएम अग्रिम 34.91% बढ़कर ₹ 2,45,014 करोड़ हो गया और यह कुल अग्रिम का 78.93% था । आरएएम पोर्टफोलियो में, खुदरा अग्रिम 45.12% , कृषि अग्रिम 39.27 % और मुख्य एमएसएमई अग्रिम 23.77 % बढ़ा, जो अलग-अलग तरह के और विविध क्रेडिट ग्रोथ को दिखाता है ।

बैंक की पूँजी स्थिति मजबूत रही, कैपिटल एडिक्वेसी अनुपात (सीआरएआर) सुधरकर 19.78% हो गया, जिसमें 16.94% का सीईटी-1 अनुपात भी शामिल है, जो नियामक ज़रूरतों से काफी ऊपर है और इंडस्ट्री में सबसे अच्छा है ।

163 नई शाखा, 3 क्षेत्रीय कार्यालय , 154 एटीएम/सीआरएम और 2,052 कारोबार संवादी जोड़कर अपने ग्राहक आउटरीच को भी काफी बढ़ाया, जिससे वित्तीय समावेशन, ग्राहक पहुँ च और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति उसका प्रतिबद्धता और मजबूत हुआ ।

कारोबार ग्रोथ, लाभप्रदता, परिचालनगत दक्षता, आस्ति गुणवत्ता, वसूली परफॉर्मेंस, पूँजी स्ट्रेंथ और ग्राहक धारण में लगातार सुधार बैंक के एक मजबूत, टिकाऊ और फ्यूचर-रेडी इंस्टीट्यूशन में बदलाव को पुष्टि करता है, जो सभी हितधारकों के लिए लॉन्ग-टर्म वैल्यू बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है ।

आय और व्यय विश्लेषण

31 मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अग्रिम पर प्राप्त ब्याज **19.32% (वार्षिक-दर-वार्षिक)** बढ़कर ₹ **24,082** करोड़ हो गया, जबकि **31 मार्च 2025** को खत्म हुए पिछले वित्तीय वर्ष में यह ₹ **20,182** करोड़ था । निवेश पर प्राप्त ब्याज वित्तीय वर्ष 2025-26 में **6.82%** बढ़कर **₹ 7,518** करोड़ हो गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह **₹ 7,038** करोड़ था । नतीजतन, कुल ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2025-26 में **13.38%** बढ़कर ₹ **31,896** करोड़ हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह **₹ 28,131** करोड़ थी ।

बैंक की नॉन-ब्याज आय में भी बढ़ोतरी हुई और यह वित्तीय वर्ष 2025-26 में **₹ 5,636** करोड़ हो गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह **₹ 5,545** करोड़ थी, यानी **1.64%** की बढ़ोतरी हुई । इसके मुताबिक, कुल आय वित्तीय वर्ष 2025-26 में **11.45%** बढ़कर **₹ 37,532** करोड़ हो गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह **₹ 33,676** करोड़ थी ।

खर्च की बात करें तो, जमा पर दिया गया ब्याज वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर ₹ **16,577** करोड़ हो गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह **₹ 15,008** करोड़ था । यह जमा बेस में बढ़ोतरी के हिसाब से **10.45%** की बढ़ोतरी है । उधार पर दिया गया ब्याज पिछले वर्ष के **₹ 2,232** करोड़ के मुकाबले **22.98%** बढ़कर **₹ 2,745** करोड़ हो गया । नतीजतन, कुल ब्याज खर्च वित्तीय वर्ष 2024-25 के **₹ 17,241** करोड़ से **12.07%** बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में **₹ 19,322** करोड़ हो गया ।

बिज़नेस बढ़ाने और ब्रांच नेटवर्क बढ़ाने के बावजूद, बैंक ने लागत पर अच्छा कंट्रोल बनाए रखा । परिचालनगत खर्च पिछले वर्ष के **₹ 7,747** करोड़ के मुकाबले **5.64%** बढ़कर **₹ 8,184** करोड़ हो गया, जो परिचालन आय में बढ़ोतरी से कम था, जो बेहतर परिचालन दक्षता को दर्शाता है । स्टाफ का खर्च **₹ 4,689** करोड़ पर काफी हद तक स्थिर रहा, जबकि दूसरे परिचालन खर्च वर्ष के दौरान **₹ 3,495** करोड़ रहे । कुल खर्च वित्तीय वर्ष 2025-26 में **10.08%** बढ़कर **₹ 27,506** करोड़ हो गया , जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह **₹ 24,988** करोड़ था ।

31.03.2026 को समाप्त हुए वर्ष के लिए **निवल ब्याज आय (एनआइआइ) 15.46%** बढ़कर **₹ 12,574** करोड़ हो गई, जबकि 31.03.2025 को समाप्त वर्ष के लिए यह **₹ 10,890** करोड़ थी । परिचालन आय **10.80**% बढ़कर **₹ 18,210** करोड़ हो गई , जबकि **परिचालनगत लाभ ₹ 10,000** करोड़ के बड़े मील के पत्थर को पार कर **15.40%** बढ़कर **₹ 10,026** करोड़ हो गया । बैंक का आय पर लागत अनुपात **47.14%** से बढ़कर **44.94 %** हो गया , जो बेहतर परिचालनगत दक्षता और असरदार लागत प्रबंधन को दर्शाता है ।

वर्ष के दौरान पॉलिसी रेपो रेट में **125 बीपीएस** की कुल कटौती के बावजूद, बैंक ने **वैश्विक एनआइएम 3.21%** और **देशीय एनआइएम 3.33%** के साथ अच्छा मार्जिन बनाए रखा । बेहतर आय प्रोफ़ाइल, कुशल तरलता प्रबंधन, जमा की लागत में **5.08%** से **4.97%** तक की कमी, और अनुशासनित खर्च प्रबंधन ने मज़बूत लाभप्रदता में योगदान दिया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक ने **₹ 5,208** करोड़ का **अपना अब तक का सबसे ज़्यादा निवल लाभ** रिपोर्ट किया, जो पिछले वर्ष के मुकाबले **56.16%** ज़्यादा है ।

पूँजी पर्याप्तता अनुपात

बैंक की पूँजी पर्याप्तता अनुपाल मज़बूत बना रहा और **31.03.2026** को **74 बेसिस पॉइंट्स बढ़कर 19.78%** हो गया, जबकि **31.03.2025** को यह **19.04%** था । यह नियामक ज़रूरत से काफ़ी ज़्यादा है, जो बैंक की मज़बूत पूँजी स्थिति और भविष्य में कारोबार ग्रोथ को सपोर्ट करने की उसकी क्षमता को दर्शाता है ।

बैंक का **कॉमन इक्विटी टीयर-1 (सीईटी-1)** अनुपात **31.03.2026** को **16.94%** रहा, जबकि **31.03.2025** को यह **16.44%** था , जबकि टीयर-II कैपिटल अनुपात उक्त अवधि लिए **2.60**% से बढ़कर **2.84%** हो गया । बैंक का कुल कैपिटल फंड 31 मार्च, 2026 को बढ़कर **₹ 39,144 करोड़** हो गया, जो पिछले वर्ष **₹ 32,306 करोड़** था ।

लगातार मज़बूत पूँजी बफ़र्स, जिसे अच्छे आंतरिक मुनाफ़े, बेहतर आस्ति गुणवत्ता और विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन का सहायता मिला है, बैंक को आने वाले सालों में तेज़ी से कारोबार ग्रोथ में मदद करने, नियामक ज़रूरतों को पूरा करने और रणनीतिक ग्रोथ के मौकों का फ़ायदा उठाने के लिए अच्छी स्थिति में रखते हैं ।

शाखा नेटवर्क

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपनी भौतिक मौजूदगी और ग्राहक आउटरीच को मजबूत करना जारी रखा । **31 मार्च 2026** तक बैंक की **3,494** देशीय शाखाएं हैं, जबकि **31 मार्च 2025** तक **3,335** ब्रांच थीं, जिससे वर्ष के दौरान **159** ब्रांच की निवल बढ़ोतरी हुई ।

ब्रांच नेटवर्क की ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में मज़बूत मौजूदगी बनी हुई है, जो वित्तीय समावेशन और समावेशित आर्थिक ग्रोथ के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का समर्थन करता है। कुल ब्रांच नेटवर्क में से, **लगभग 58% ब्रांच ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों में हैं**, जिससे कम बैंकिंग वाले और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों गहरी पहुंच बनाने में मदद मिलती है ।

वर्ष के दौरान **154 एटीएम/सीआरएम** और **2,052 कारोबार संवादी** जोड़कर अपने कस्टमर टच पॉइंट्स को बढ़ाया, जिससे 31 मार्च, 2026 तक कुल कस्टमर टच पॉइंट्स **19,336** हो गए । बैंक के भौतिक और अल्टरनिवल डिलीवरी चैनल्स का लगातार बढ़ोत्तरी कस्टमर की सुविधा, वित्तीय समावेशन और सस्टेनेबल बिज़नेस ग्रोथ के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है ।

पूँजी:

- वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने इक्विटी कैपिटल नहीं जुटाया है ।
- 31 मार्च 2026 तक बैंक की चुकता पूँजी ₹ 19,256.59 करोड़ है। 31 मार्च 2026 तक भारत सरकार की शेयरधारिता 92.44% है ।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआइबी'यों) से सब्सक्राइब होकर प्राइवेट प्लेसमेंट के ज़रिए कुल 1000 करोड़ रुपये के बेसल III टीयर II बॉन्ड (सीरीज़ VI) जारी किए हैं ।

लाभांश:

बैंक के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की ।

बैंक का मार्केट कैपिटलाइज़ेशन :

विवरण	31.12.2025 तक मार्केट कैपिटलाइज़ेशन (करोड़ रुपये में)	सूचीबद्ध संस्थाओं में रैंक
बीएसई लिमिटेड	74120	140
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड	74113	141

कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रणाली:

बैंक का बोर्ड कॉरपोरेट गवर्नेंस के सबसे ऊंचे स्टैंडर्ड को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से अपने शब्दों या भावनाओं के लिए प्रतिबद्ध है । बैंक ने विस्तृत गवर्नेंस पक्का करने के लिए नीति और अभ्यास का एक बड़ा और अच्छी तरह से दस्तावेजीकरण फ्रेमवर्क बनाया है । कॉरपोरेट गवर्नेंस पर एक विस्तृत रिपोर्ट इस वार्षिक रिपोर्ट के खंड में दी गई है ।

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आइईपीएफ):

भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की गाइडलाइंस के अनुसार, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013-14 तक का सारा बिना पेमेंट वाला लाभांश राशि निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आइईपीएफ) में अंतरण कर दिया है।

बैंक नियामक प्राधिकरण और भारत सरकार के बताए गए नियमों और निर्देशों का पूरी तरह पालन करता है। शेयरधारकों की शिकायतों को तुरंत सुलझाया जाता है, जिससे सभी लेन-देन में ट्रांसपेरेंसी और भरोसा बना रहता है ।

निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण:

निदेशक 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों की तैयारी के लिए पुष्टि करते हैं कि:

- लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है तथा यदि कोई विचलन हुआ है तो उसके संबंध में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है।
- लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है और उन्हें सुसंगत रूप से लागू किया गया है तथा ऐसे निर्णय और आकलन किए गए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और उस अवधि के लिए आपके बैंक के लाभ और हानि का सटीक एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके।
- आपके बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने हेतु एवं पर्याप्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए प्रासंगिक अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई है ।
- वार्षिक लेखा वित्तीय वर्ष के आधार पर तैयार किया गया था ।
- आपके बैंक द्वारा पालन किए जाने के लिए निर्धारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त थे और प्रभावी रूप से काम कर रहे थे। स्पष्टीकरण— इस खंड के प्रयोजनों के लिए, "आंतरिक वित्तीय नियंत्रण" शब्द का अर्थ आपके बैंक द्वारा अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई नीतियां और प्रक्रियाएं हैं, जिनमें आपके बैंक की नीतियों का पालन, बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाना, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता और समय पर विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की तैयारी शामिल है।
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां मौजूद थीं और ये प्रणालियां पर्याप्त थीं तथा प्रभावी ढंग से कार्य कर रही थीं।

निदेशक मंडल

बैंक का व्यवसाय निदेशक मंडल के अधीन है । एमडी व सीईओ तथा ईडी बोर्ड के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण में कार्य करते हैं । 31.03.2026 तक निदेशकों की संख्या 10 थीं, जिसमें 01 गैर-कार्यपालक अध्यक्ष, 03 पूर्णकालिक निदेशक, 01 भारत सरकार नामिती निदेशक, 01 आरबीआई नामिती निदेशक, 03 अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक और शेयरधारकों में से उनके हितों का विधिवत प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 01 निदेशक शामिल थे।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निदेशकों के कार्यकाल की स्थिति

क्रम संख्या	नाम	नियुक्ति तिथि	सेवा समाप्ति / टर्म समापन	पद का नाम
01	श्री श्रीनिवासन श्रीधर	21/02/2024	20/02/2027	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
02	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	01/01/2023	08/10/2027	प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी
03	श्री जयदीप दत्ता रॉय	31/01/2024	19/10/2028	कार्यपालक निदेशक
04	श्री धनराज टी	10/03/2024	09/03/2027	कार्यपालक निदेशक
05	सुश्री नीलम अग्रवाल	05/08/2024	यूएफओ *	सरकारी नामित निदेशक
06	श्री थॉमस मैथ्यू	03/03/2026	यूएफओ *	आरबीआई नामित निदेशक
07	श्री जी वेंकटरमणन	03/12/2025	02/12/2028	शेयर धारक निदेशक
08	श्री सुरेश कुमार रुंगटा	11/04/2025	10/04/2026	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
09	श्री बी चंद्रा रेड्डी	11/04/2025	10/04/2026	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
10	श्री दीपक शर्मा	11/04/2025	10/04/2026	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

*यूएफओ - अगले आदेश तक

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, निम्नलिखित निदेशकों का कार्यकाल निम्नानुसार समाप्त हुआ:

01	सुश्री सोनाली सेन गुप्ता	14/07/2023	03/03/2026	आरबीआई नामित निदेशक
02	श्री संजया रस्तोगी	03/12/2022	02/12/2025	शेयर धारक निदेशक

आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंज, राज्य सरकारों, वित्तीय संस्थानों और सभी विदेशी विनियामकों से प्राप्त मूल्यवान मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी है। निदेशक मंडल मूल्यवान ग्राहकों, कर्मचारी यूनियनों, अधिकारी संघों, देशीय और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह, शेयरधारकों और अन्य हितधारकों को उनके मूल्यवान समर्थन और बैंक के साथ निरंतर संरक्षण के लिए धन्यवाद देता है।

बोर्ड सभी स्तरों पर बैंक के कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान के लिए अपनी गहरी सराहना व्यक्त करना चाहता है तथा भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ उनकी निरंतर भागीदारी की आशा करता है ।

निदेशक मंडल की ओर से

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 21-05-2026

अजय कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

आर्थिक और बैंकिंग वातावरण

वित्तीय वर्ष 2025-26 वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही, जो भू-राजनीतिक तनावों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों, वस्तु मूल्यों की अस्थिरता, व्यापार से संबंधित अनिश्चितताओं तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकसित होती मौद्रिक नीति कार्रवाइयों से चिह्नित रही। आवधिक जोखिम-बचाव भावना तथा पूँजी प्रवाह में समायोजन के कारण वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बनी रही। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर वर्ष **2026 में 3.1% तथा वर्ष 2027 में 3.2%** रहने का अनुमान है, जो ऐतिहासिक औसत से अभी भी कम है।

इन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत विश्व की प्रमुख तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहा, जिसे सशक्त देशीय उपभोग, निरंतर निवेश, अवसंरचना विकास, संरचनात्मक सुधारों तथा सुदृढ़ व्यापक आर्थिक आधारों से समर्थन प्राप्त हुआ। भारतीय रिज़र्व बैंक के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय **वर्ष 2025-26** के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर **7.6%** रहने का अनुमान है। मुद्रास्फीति समग्र रूप से नियंत्रित रही तथा अपनी नवीनतम मौद्रिक नीति समीक्षा में भारतीय रिज़र्व बैंक ने वृद्धि और मूल्य स्थिरता के मध्य संतुलन बनाए रखते हुए **नीतिगत रेपो दर को 5.25%** पर यथावत रखा तथा **तटस्थ मौद्रिक नीति** रुख बनाए रखा।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने सुदृढ़ पूँजीकरण, संपत्ति गुणवत्ता में सुधार, स्वस्थ लाभप्रदता तथा मजबूत ऋण मांग के समर्थन से अपनी आघात क्षमता का निरंतर प्रदर्शन किया। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने **सीआरएआर 17.68%, सकल एनपीए 1.73%, निवल एनपीए 0.40%, आरओए 1.33%** तथा **एनआईएम 3.26%** दर्ज किया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने भी सुदृढ़ वित्तीय मानकों को बनाए रखा, जिनमें **सकल एनपीए 1.93%**, **निवल एनपीए 0.39%, आरओए 1.10%** तथा **एनआईएम 2.84%** रहा, जो आस्ति गुणवत्ता, लाभप्रदता तथा परिचालन दक्षता में निरंतर सुधार को दर्शाता है।

अद्यतित डेटा के अनुसार बैंक ऋण वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **13.8% के स्वस्थ स्तर पर बनी रही,** जबकि कुल जमा में **वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.8%** की वृद्धि दर्ज की गई, जो अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर मांग को दर्शाती है। तथापि, उद्योग को कम लागत वाले कासा जमाओं के संकलन में प्रतिस्पर्धात्मक दबाव तथा नीतिगत ब्याज दरों में परिवर्तन के संचरण के कारण मार्जिन में कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना जारी रहा।

बैंकिंग क्षेत्र का दृष्टिकोण

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है, जिसे सुदृढ़ व्यापक आर्थिक आधारभूत संरचना, स्वस्थ कॉरपोरेट एवं खुदरा बैलेंस शीट, सतत अवसंरचना व्यय, अर्थव्यवस्था के बढ़ते औपचारीकरण तथा निरंतर नीतिगत समर्थन से बल मिल रहा है। आर्थिक विकास एवं वित्तीय समावेशन में वृद्धि के परिणामस्वरूप खुदरा, कृषि, एमएसएमई, अवसंरचना तथा सेवा क्षेत्रों में ऋण मांग के स्वस्थ बने रहने की अपेक्षा है।

साथ ही, बैंकों को निकट अवधि में रेपो-दर से संबद्ध ऋण पोर्टफोलियो के पुनर्मूल्य निर्धारण, जमा संकलन में प्रतिस्पर्धा, कासा जमा वृद्धि में मध्यम गति तथा निवल ब्याज मार्जिन - एनआईएम पर दबाव जैसी चुनौतियों का सामना करना जारी रह सकता है। लाभप्रदता एवं विकास को बनाए रखने के लिए बैंकों द्वारा सूक्ष्म स्तर पर जमा संकलन, डिजिटल बैंकिंग के विस्तार, परिचालन दक्षता में सुधार, विविधीकृत ऋण पोर्टफोलियो तथा विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित किए जाने की अपेक्षा है।

मजबूत पूँजी बफर, आस्ति गुणवत्ता में सुधार, स्वस्थ लाभप्रदता, पर्याप्त तरलता, डिजिटल अपनाने की तीव्र गति तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निरंतर विनियामक निगरानी के साथ, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र देश की दीर्घकालिक आर्थिक आकांक्षाओं को समर्थन प्रदान करने तथा आने वाले वर्षों में सतत मूल्य सृजन करने के लिए सुदृढ़ स्थिति में बना हुआ है।

बैंक की पृष्ठभूमि:

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (आइओबी) की स्थापना **10 फरवरी 1937** को कई क्षेत्रों में अग्रणी **श्री एम. सीटी. एम. चिदंबरम चेट्टियार** द्वारा की गई थी। आइओबी उन 14 प्रमुख बैंकों में से एक था जिनका 1969 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। राष्ट्रीयकरण की पूर्व संध्या तक, आइओबी की भारत में **195 शाखाएँ** थीं, जिनमें कुल जमा राशि **रुपये 67.70** करोड़ और अग्रिम राशि रुपये **44.90 करोड़** थी। वर्तमान में बैंक की उपस्थिति चार देशों **सिंगापुर , हांगकांग, थाईलैंड और श्रीलंका** में है।

ओडिशा में ओडिशा ग्रामीण बैंक का प्रयोजक बैंक है।

मुख्य बातें

- बैंक को **10.02.2026** तक बैंकिंग क्षेत्र में **89** वर्षों की उत्कृष्ट सेवा का अनुभव प्राप्त है।
- बैंक की देशभर में मजबूत देशीय उपस्थिति है, जिसमें **3,494** शाखाएँ , **3,651** एटीएम/सीआरएम तथा **12,187 कारोबार**

संवादी शामिल हैं, जो पूरे देश में ग्राहकों तक विस्तारित पहुँ च प्रदान करते हैं।

- लगभग **58% शाखाएँ ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी** केंद्रों को सेवा प्रदान करती हैं, जो वित्तीय समावेशन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं।
- दक्षिण भारत, विशेष रूप से तमिलनाडु में, बैंक की सशक्त ब्रांड पहचान एवं प्रतिष्ठा निरंतर बनी हुई है।
- बैंक की अपनी विदेशी शाखाओं के माध्यम से **4 देशों में** अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने **159 नई शाखाएँ** खोलीं तथा **3 क्षेत्रीय कार्यालय** जोड़े, जिससे इसके वितरण नेटवर्क को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया गया।
- बैंक के वर्ष के दौरान **42 लाख से अधिक नए कासा खाते** जोड़े, जिसमें **₹14,000 करोड़ अधिक के कासा जमा संचित किए गए ।**
- बैंक नें **खुदरा, कृषि, तथा एमएसएमई (आरएएम)** क्षेत्रों पर अपना रणनीतिक ध्यान निरंतर बनाए रखा है, जिनका 31 मार्च 2026 तक कुल अग्रिमों में **78.93%** योगदान रहा ।

बैंक का परिचालन

देशीय जमाएँ

31 मार्च 2026 को बैंक की **कुल देशीय जमाएँ ₹3,59,032 करोड़** रही, जबकि **31 मार्च 2025** को यह **₹3,03,415 करोड़** थी, जिससे **18.33%** की सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की गई। देशीय **कासा जमाएँ ₹1,33,644 करोड़** से बढ़कर **₹1,48,841 करोड़** हो गई, जो **11.37%** की वृद्धि को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि वर्ष के दौरान **बचत बैंक जमाओं** में **15.26%** की वृद्धि हुई और यह **₹1,07,661 करोड़** से बढ़कर **₹1,24,089 करोड़** हो गई, जो बैंक की मजबूत खुदरा देयता फ्रेंचाइज़ी को प्रतिबिंबित करता है। **खुदरा सावधि जमाओं** में भी **17.81%** की सशक्त वृद्धि दर्ज की गई, जो **₹1,55,846 करोड़** से बढ़कर **₹1,83,601 करोड़** हो गई। 31 मार्च 2026 तक बैंक ने **41.46%** का स्वस्थ **देशीय कासा अनुपात** बनाए रखा।

देशीय अग्रिम

पोर्टफोलियो विविधीकरण,ग्रैन्युलर लेंडिंग तथा मार्जिन सुधार पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए, बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **खुदरा**, **कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्रों** में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ किया। **31 मार्च 2026** को बैंक के **देशीय सकल अग्रिम ₹2,94,405 करोड़** रहें, जबकि **31 मार्च 2025** को यह **₹2,33,501 करोड़** थे, जिससे **26.08%** की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

आरएएम पोर्टफोलियो के अंतर्गत, **खुदरा अग्रिम 45.13%** बढ़कर **₹91,086 करोड़** हो गया, **कृषि अग्रिम 39.27%** की वृद्धि के साथ **₹1,03,821 करोड़** तथा **एमएसएमई अग्रिम 13.08%** बढ़कर **₹50,107 करोड़** हो गया। बैंक के **मूल एमएसएमई पोर्टफोलियो** में **23.77%** की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो **31 मार्च 2025** के **₹33,085 करोड़** से बढ़कर **31 मार्च 2026** को **₹40,951 करोड़** हो गया। यह उत्पादक एवं प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण पर बैंक के निरंतर फोकस को दर्शाता है। बैंक के कुल अग्रिमों में **आरएएम पोर्टफोलियो** का योगदान पिछले वर्ष के **72.64%** की तुलना में बढ़कर **78.93%** हो गया, जो विविधीकृत, सूक्ष्म एवं सतत ऋण वृद्धि पर निरंतर ध्यान को प्रतिबिंबित करता है।

एलईएपी कक्ष

प्रोजेक्ट एलईएपी (देयता संवर्धन कार्ययोजना)

बैंक ने अपने कासा आधार को सशक्त एवं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 7 जुलाई 2025 को प्रोजेक्ट एलईएपी का शुभारंभ किया। इस परियोजना के अंतर्गत बैंक के वर्तमान ग्राहक (ईटीबी) तथा नए ग्राहक (एनटीबी) दोनों को जोड़ते हुए ग्राहक-केंद्रित एवं सेवा-उन्मुख संबंध मॉडल को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। परियोजना के अंतर्गत प्रमुख पहलों में कासा विन-बैक, टीएएससी (ट्रस्ट, एसोसिएशन, सोसाइटी एवं क्लब), ईएक्सआईएम (निर्यात-आयात), माइक्रो-मार्केट तथा लीड एंड सक्सीड शामिल हैं।

प्रोजेक्ट एलईएपी ने बैंक के कासा पोर्टफोलियो तथा समग्र व्यवसाय वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा आगे के विस्तार एवं सतत विकास गति के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।

कासा विन-बैक पहल

कासा विन-बैक पहल की शुरुआत ग्राहकों के साथ पुनः जुड़ाव स्थापित करने के उद्देश्य से की गई, विशेष रूप से उन सक्रिय, गैर-कॉरपोरेट, गैर-सरकारी एवं गैर-स्टाफ खाताधारकों के लिए, जिनके खातों में निर्दिष्ट अवधि के दौरान मासिक औसत शेष (एमएबी) में 25% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई थी।

वर्तमान में यह पहल 3,243 शाखाओं तक विस्तारित की जा चुकी है, जहाँ प्रत्येक शाखा में ग्राहकों से संवाद स्थापित करने, सेवा संबंधी कमियों का समाधान करने तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु ग्राहक संबंध अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस कार्यक्रम को वेव्स 1 से वेव्स 5 तक चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया, जिसमें क्रमिक रूप से अतिरिक्त शाखाओं को शामिल किया गया

तथा वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) कॉलिंग इंटरफेस भी प्रारंभ किया गया।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इस अभियान के परिणामस्वरूप ₹1,920 करोड़ की संचयी कासावृद्धि दर्ज की गई।

माइक्रो-मार्केट पहल

माइक्रो-मार्केट पहल की शुरुआत उन जिलों में नए ग्राहकों को जोड़ने तथा अतिरिक्त शेष राशि (इन्क्रीमेंटल बैलेंस) संचित करने के उद्देश्य से की गई, जहाँ बैंक की शाखा उपस्थिति की तुलना में बाजार हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम थी।

वेव 1 का शुभारंभ 1 अगस्त 2025 को पाँच क्षेत्रों — डिंडिक्कल, कोयंबत्तूर, वेल्लोर, एर्णाकुलम एवं कांचीपुरम — में किया गया। इसके पश्चात वेव 2 का शुभारंभ 6 अक्टूबर 2025 को सात क्षेत्रों — रांची, लखनऊ, देहरादून, अहमदाबाद, कोझिकोड, जयपुर एवं पुणे — में किया गया।

इस पहल के परिणामस्वरूप नए खातों के अधिग्रहण में उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई तथा नए-खोले गए खातों में भविष्य में अतिरिक्त शेष राशि वृद्धि होने की अपेक्षा है।

- वेव 1 के अंतर्गत कुल 1,278 खाते खोले गए, जिनसे ₹7.68 करोड़ की संचयी कासा वृद्धि हुई।
- वेव 2 के अंतर्गत सातों क्षेत्रों में कुल 4,017 खाते खोले गए, जिनसे ₹21.44 करोड़ की संचयी कासा वृद्धि दर्ज की गई।

ईएक्सआईएम – ईटीबी एवं एनटीबी पहल

प्रोजेक्ट एलईएपी के अंतर्गत बैंक ने ईएक्सआईएम खंड में भी लक्षित पहलें शुरू कीं, जिनका उद्देश्य निष्क्रिय व्यावसायिक संबंधों को पुनर्जीवित करना तथा लक्षित संपर्क एवं विशेष ग्राहक सहभागिता के माध्यम से ग्राहक आधार का विस्तार करना था।

ईएक्सआईएम – ईटीबी पहल के अंतर्गत, 14 जुलाई 2025 को अभियान प्रारंभ होने के बाद से अधिकृत डीलर (एडी) शाखाओं में कार्यरत 60 फॉरेक्स अधिकारियों द्वारा ईटीबी ग्राहकों से सक्रिय संपर्क स्थापित किया जा रहा है, जिसमें ग्राहक-केंद्रित एवं सेवा-उन्मुख संबंध विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत शाखाओं द्वारा 1,663 संभावित लीड की पहचान की गई तथा समर्पित फॉरेक्स अधिकारियों ने बैंक के उत्पादों को प्रोत्साहित करने हेतु इन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से संवाद किया।

इसके अतिरिक्त, बैंक ने प्रोजेक्ट एलईएपी के अंतर्गत 48 क्षेत्रों की 111 एडी शाखाओं में ईएक्सआईएम एनटीबी अभियान भी प्रारंभ किया। व्यवसाय रूपांतरण हेतु कुल 15,385 सक्रिय एवं उच्च संभावनाओं वाली लीड की पहचान की गई तथा यह अभियान 6 अक्टूबर 2025 को शुरू किया गया।

समग्र रूप से, ईएक्सआईएम पहल के परिणामस्वरूप ₹14 करोड़ की संचयी कासा शेष वृद्धि दर्ज की गई।

लीड एंड सक्सीड

2 जनवरी 2026 को प्रारंभ किया गया लीड एंड सक्सीड अभियान बैंक की सबसे समावेशी कर्मचारी सहभागिता पहलों में से एक है। इस अभियान के अंतर्गत लिपिकीय एवं पर्यवेक्षी संवर्ग सहित सभी स्तरों के कर्मचारियों को अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक नेटवर्क — जैसे परिवार, मित्रों तथा अन्य परिचित समूहों — से संभावित ग्राहकों को संदर्भित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

कर्मचारी अपने मोबाइल फोन पर एमक्रिस ऐप के माध्यम से संभावित ग्राहकों की लीड जानकारी दर्ज करते हैं, जिसमें ग्राहक का नाम, मोबाइल नंबर, इच्छित उत्पाद तथा निकटतम शाखा का विवरण शामिल होता है। विवरण दर्ज होते ही लीड की जानकारी स्वतः चयनित शाखा के सीआरएम पोर्टल पर प्रेषित हो जाती है, जिससे शाखा कर्मचारी संभावित ग्राहकों से शीघ्र संपर्क स्थापित कर नए एसबी अथवा सीए खोलने की प्रक्रिया को सुगम बना सके।

अभियान के अंतर्गत मान्यता प्राप्त करने हेतु नए-खोले गए खातों में अभियान अवधि के दौरान निर्धारित औसत शेष राशि बनाए रखना आवश्यक है।

अभियान प्रारंभ होने के बाद से विभिन्न स्तरों के कर्मचारियों द्वारा लगभग 44,577 नई लीड उत्पन्न की गईं, जिसके परिणामस्वरूप 23,340 नए खाते खोले गए। यह पहल कासा शेष वृद्धि के साथ-साथ अन्य पैरा-बैंकिंग उत्पादों में क्रॉस-सेल अवसरों को भी आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होने की अपेक्षा है।

शाखा नेटवर्क प्रबंधन

शाखा नेटवर्क प्रबंधन विभाग, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के प्रावधानों के अनुरूप बैंक के भौतिक नेटवर्क के विस्तार, युक्तिकरण तथा अनुकूलन की देखरेख करता है। इसमें नई शाखाओं का उद्घाटन, मौजूदा शाखाओं का स्थानांतरण, विलय अथवा आवश्यकता अनुसार बंद करना शामिल है।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग ने बैंक की उपस्थिति को सुदृढ़ करने तथा सेवा वितरण क्षमताओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दर्ज कीं:

- वर्तमान वित्त वर्ष **2025–26** के दौरान बैंक ने सफलतापूर्वक **20** राज्यों एवं **2** केंद्रशासित प्रदेशों में **163** नई शाखाएँ खोलीं। इस वर्ष खोली गई **163** शाखाओं में से **19** शाखाएँ वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के कम सेवा-प्राप्त क्षेत्रों में तथा **6** शाखाएँ गैर-बैंकिंग ग्रामीण केंद्रों में स्थापित की गईं, जो वित्तीय समावेशन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है।

- 31 मार्च 2026 तक बैंक का देशीय नेटवर्क **28** राज्यों एवं **6** केंद्रशासित प्रदेशों में फैली **3,494** शाखाओं के साथ सशक्त रूप से संचालित हो रहा है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक ने तीव्र विस्तार करते हुए देशभर में **21** राज्यों एवं **3** केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करते हुए कुल **280** नई शाखाएँ स्थापित की, जिसने कुल **₹5,058 करोड़** का व्यवसाय उत्पन्न किया गया, जिसमें **₹1,634 करोड़** का कासा व्यवसाय शामिल है।

- प्रशासनिक दक्षता एवं क्षेत्रीय पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से **कोझिकोड, डिंडिक्कल** तथा **नागपट्टिनम** में तीन नए क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए

- बैंक ने अपनी विशेषीकृत अवसंरचना का भी विस्तार करते हुए **चेन्नै-I, चेन्नै-II**, **कोयंबत्तूर, दिल्ली, कोलकाता** एवं **मुंबई** में छह एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किए।

- इसके अतिरिक्त, स्टार्टअप पारितंत्र को समर्थन एवं प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु **बेंगलुरु, दिल्ली** एवं **मुंबई** में तीन समर्पित स्टार्टअप शाखाओं का उद्घाटन किया गया।

विदेशी परिचालन

31 मार्च 2026 तक बैंक की चार विदेशी शाखाएँ — सिंगापुर, हांगकांग, बैंकॉक एवं कोलंबो में एक-एक शाखा के साथ संचालित हैं । इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद (आईआईबीएमबी), जो बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज़ बैंक तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एक संयुक्त उपक्रम था, स्वैच्छिक परिसमापन की प्रक्रिया में है। 31.12.2025 तक आईआईबीएमबी में किए गए निवेश का संपूर्ण बही मूल्य प्राप्त कर लिया गया है, अतः बैंक के अभिलेखों में अब आईआईबीएमबी संयुक्त उपक्रम के रूप में विद्यमान नहीं है।

31 मार्च 2026 तक बैंक का विदेशी व्यवसाय रु 25,177 करोड़ रहा, जबकी 31 मार्च 2025 को यह रु 25041 करोड़ था ।

ट्रेज़री परिचालन एवं निवेश

ट्रेज़री परिचालन

ट्रेज़री परिचालन से कुल लाभ, जिसमें निवेशों की बिक्री से लाभ, निवेशों के उचित मूल्यांकन से पुनर्मूल्यांकन लाभ/हानि तथा विनिमय लाभ शामिल हैं, वित्त वर्ष 2025–26 में ₹383.99 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024–25 में यह ₹524.00 करोड़ था। वर्ष के दौरान 10-वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल 6.58% से बढ़कर 7.02% हो गया।

निवेश (देशीय)

31 मार्च 2026 तक बैंक का निवल निवेश ₹1,15,730.43 करोड़ रहा, जो 31 मार्च 2025 के ₹1,07,019.14 करोड़ की तुलना में वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देशीय निवेशों से ब्याज आय बढ़कर ₹7,228.49 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह ₹6,687.72 करोड़ था।

वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो के वर्गीकरण, मूल्यांकन एवं संचालन संबंधी प्रचलित भारतीय रिज़र्व बैंक के (निदेश 2025) मास्टर निर्देश के अनुरूप, बैंक ने वित्त वर्ष 2025–26 एवं वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षण विभाग की पूर्व स्वीकृति के बिना निवेशों को किसी श्रेणी से दूसरी श्रेणी में अंतरण नहीं किया।

ट्रेज़री परिचालन एवं निवेश (केवल विदेश के लिए)

ट्रेज़री परिचालन (विदेश)

2025-26 के दौरान निवेश (विदेशी केंद्रों) की बिक्री पर लाभ रुपये 6.77 करोड़ रहा। 31.03.2026 तक विनिमय पर विदेशी मुद्रा व्यापार से लाभ रुपये 40.67 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष यह रुपये 37.10 करोड़ था।

निवेश (विदेशी)

31 मार्च 2026 तक बैंक (विदेशी केंद्र) का निवल निवेश रुपये 4079.10 करोड़ था। वर्ष 2025-26 के दौरान प्रतिभूतियों की बिक्री और विनिमय पर लाभ सहित कुल लाभ रुपये 47.44 करोड़ था।

एमएसएमई

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के संवर्धन और विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए, भारत सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 (एमएसएमईडी अधिनियम 2006) अधिनियमित किया है । अधिनियम 02.10.2006 से लागू है और साथ ही नए मानदंडों को राजपत्र अधिसूचना संख्या सीजी-डीएल-ई-26062020-220191 दिनांकित 26 जून, 2020 के माध्यम से अधिसूचित किया गया।

आरबीआई ने अपनी पत्र संख्या आरबीआई 2020-21/10 एफआईडीडी. एमएसएमई और एनएफएस. बीसी. संख्या 3/06.02.31/2020-21, दिनांकित 02.07.2020 के माध्यम से एमएसएमई के रूप में उद्यमों के वर्गीकरण के लिए संशोधित दिशानिर्देशों की सूचना दी थी, जो 01 जुलाई, 2020 से लागू है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की परिभाषा के संबंध में - खुदरा और थोक व्यापार को जोड़ने हेतु दिनांक 07.07.2021 के आरबीआई परिपत्र संख्या आरबीआई/2021-2022/67 एफआईडीडी. एमएसएमई एवं एनएफएस. बीसी. सं. 13/06.02.31/2021-22 के अनुसार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की विभिन्न श्रेणियों को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

वर्ग	संयंत्र और मशीनरी/ उपकरण लागत में निवेश (डबल्यूडीवी)	टर्न-ओवर
सूक्ष्म	रुपये 1.00 करोड़ तक	रुपये 5.00 करोड़ तक
लघु	रुपये 1.00 करोड़ से अधिक एवं रुपये 10.00 करोड़ तक	रुपये 5.00 करोड़ से अधिक एवं रुपये 50.00 करोड़ तक
मध्यम	रुपये से 10.00 करोड़ अधिक और रुपये 50.00 करोड़ तक	रुपये 50.00 करोड़ से अधिक और रुपये 250.00 करोड़ तक

निवेश एवं टर्न ओवर मानदंड विनिर्माण और सेवा उद्यमों दोनों के लिए एक समान हैं।

भारत सरकार ने दिनांक 21.03.2025 के राजपत्र अधिसूचना सीजी-डीएल-ई-21032025-261838 के माध्यम से एमएसएमई के वर्गीकरण के मानदंडों को और संशोधित किया है जो 01.04.2025 से निम्नानुसार प्रभावी हो गए हैं:

वर्ग	संयंत्र और मशीनरी/ उपकरण लागत में निवेश (डबल्यूडीवी)	टर्न-ओवर
सूक्ष्म	रुपये 2.50 करोड़ तक	रुपये 10.00 करोड़ तक
लघु	रुपये 2.50 करोड़ से अधिक रुपये एवं 25.00 करोड़ तक	रुपये 10.00 करोड़ से अधिक & रुपये 100.00 करोड़ तक
मध्यम	रुपये 25.00 करोड़ से अधिक एवं रुपये 125.00 करोड़ तक	रुपये 100.00 करोड़ से अधिक एवं रुपये 500.00 करोड़ तक

निवेश एवं कारोबार मानदंड विनिर्माण और सेवा उद्यमों दोनों के लिए एक समान है।

एमएसएमई कार्य निष्पादन

31 मार्च 2026 तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को ऋण का हिस्सा रुपये 50107 करोड़ रहा, जो कि 13.08% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता यह वृद्धि पिछले वित्त वर्ष में प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुरूप है।

मुख्य बिन्दु

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना:

बैंक ने 31 मार्च 2026 तक रुपये 7000 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में रुपये 7746.16 करोड़ की राशि संवितरित करके पीएमएमवाई के तहत दिया गया लक्ष्य हासिल कर लिया है। बैंक ने वित्त वर्ष 25-26 में रु. 7808.26 करोड़ रुपये की राशि के 336233 नए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ऋण मंजूर किए हैं।

पीएमईजीपी:

बैंक ने पीएमईजीपी के अंतर्गत आवेदनों को सक्रिय रूप से स्वीकृत करते हुए वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान ₹232 करोड़ की कुल परियोजना लागत के साथ 2,123 नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान की। 31.03.2026 तक पीएमईजीपी के अंतर्गत बकाया राशि ₹676.46 करोड़ रही।

स्टार्टअप परितंत्र की ओर आइओबी की पहल:

बैंक के पास प्रारंभ में चेन्नै में एक समर्पित स्टार्टअप शाखा थी तथा वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान भारत के स्टार्टअप परितंत्र को समर्थन प्रदान करने हेतु दिल्ली, मुंबई एवं बेंगलुरु में तीन नई स्टार्टअप शाखाएँ खोली गईं। इन शाखाओं के माध्यम से बैंक ने विभिन्न स्टार्टअप्स को ₹55.35 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए तथा 31.03.2026 तक कुल एक्सपोज़र ₹85 करोड़ रहा।

स्टार्टअप्स की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बैंक द्वारा आइओबी प्रगति नामक समर्पित योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत एनसीजीटीसी के माध्यम से ₹20 करोड़ तक की क्रेडिट गारंटी सुविधा प्रदान की जाती है।

ऋण उद्गम प्रणाली

बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (आईटीडी) के समन्वय से लगभग सभी एमएसएमई योजनाओं को सफलतापूर्वक एलओएस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड कर लिया है, जिससे ऋण प्रस्तावों के प्रसंस्करण में सुगमता, ऋण आवेदकों के लिए परेशानी-मुक्त अनुभव तथा निस्तारण समय में कमी सुनिश्चित हुई है।

सिबिल ट्रिगर्स:

बैंक ने सिबिल ट्रिगर्स के लिए सिबिल ट्रांसयूनियन के साथ समझौता किया है जो ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड की एक पेशकश है, यह हमें उद्योग में हमारे बैंक के मौजूदा एमएसएमई ग्राहकों की ऋण गतिविधियों की निगरानी करने की अनुमति देता है। यह पहल हमारी शाखाओं को उन एमएसएमई ग्राहकों तक पहुँ चने में मदद करती है जो अपनी वित्तीय ज़रूरतों के लिए दूसरी बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से संपर्क

कर रहे हैं और यह हमें समय रहते ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने और रिश्तों को मज़बूत करने में मदद करती है।

विभिन्न डिजिटल उत्पादों का शुभारंभ:

आइओबी ई-जीएसटी योजना

आइओबी ई-जीएसटी योजना जीएसटी रिटर्न दाखिल करने वाले आवेदकों को आसान एवं परेशानी-मुक्त वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ऋण की राशि जीएसटी पोर्टल से प्राप्त टर्नओवर डेटा तथा बैंक खाता विवरण के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस योजना के माध्यम से आवेदकों को कुछ ही क्लिक में उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित ऋण सुविधा उपलब्ध हो जाती है।

मुद्रा एसटीपी:

बैंक के समर्पित पोर्टल के माध्यम से ग्राहक ₹10 लाख तक के बिना संपार्श्विक मुक्त ऋण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस पोर्टल में पूर्व-निर्धारित बीआरई स्थापित है, जो दर्ज की गई जानकारी का मूल्यांकन करते हुए बैंक स्टेटमेंट, आयकर रिटर्न आदि आवश्यक दस्तावेजों को स्वतः प्राप्त करता है तथा कुछ ही मिनटों में ऋण स्वीकृति प्रदान करता है।

नई योजनाओं का शुभारंभ:

बैंक ने क्षेत्रीय प्रतिक्रिया एवं बाजार की मांग के आधार पर विभिन्न नई एवं नवोन्मेषी उत्पाद/योजनाएँ प्रारंभ की हैं। ऐसी योजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

1. संवर्धित ऋण सीमा एवं क्रेडिट कार्ड सुविधा सहित पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजना।

2. ₹100 करोड़ तक के एमएसएमई ऋणों के लिए कवरेज प्रदान करने वाली म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना।

3. परिवहन कर्मियों, देशीय कामगारों, गिग वर्कर्स, अपशिष्ट कर्मियों, निर्माण श्रमिकों एवं केयर वर्कर्स जैसे संवेदनशील व्यावसायिक समूहों के लिए आजीविका सहायता ऋण, जिसमें ऋण राशि ₹50,000 से ₹4 लाख तक तथा जेएलजीके लिए ₹20 लाख तक।

4. सौर उपकरण विक्रेताओं हेतु ₹10 लाख से ₹5 करोड़ तक की ऋण सीमा के साथ पीएमएसजीएमबीवाई विक्रेता वित्तपोषण योजना।

5. हाल ही में लगाए गए अमेरिकी शुल्कों से प्रभावित निर्यात इकाइयों के समर्थन हेतु निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना।

6. अस्पतालों एवं स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना/नवीनीकरण हेतु अस्पताल एवं उपकरण वित्तपोषण के लिए समर्पित योजना।

7. ₹5 लाख से ₹5 करोड़ तक की ऋण सीमा के साथ वाणिज्यिक वाहनों के वित्तपोषण हेतु एमएसएमई कमर्शियल व्हीकल ऋण योजना।

8. इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्य सरकार प्रायोजित योजनाएँ भी प्रारंभ की गईं।.

टीआरईडीएस:

हमारा बैंक टीआरईडीएस के अंतर्गत अग्रणी बैंकों में से एक है। बैंक के पास टीआरईडीएस के अंतर्गत इनवॉइस वित्तपोषण हेतु सुदृढ़ अवसंरचना उपलब्ध है तथा इसका एकीकरण चार प्लेटफॉर्मों — एम1 विनिमय, सी2टीआरईडीएस, इनवॉइस मार्ट तथा रिसीवेबल्स एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (आरएक्सआइएल) — के साथ किया गया है। वे छोटे आपूर्तिकर्ता, जिनके व्यवसाय के सुचारु संचालन के लिए त्वरित कार्यशील पूँजी वित्त की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है, उन्हें प्रतिस्पर्धी एवं सर्वोत्तम दरों पर शीघ्र उपलब्ध ऋण सुविधा प्रदान की जाती है। दिनांक 31.03.2026 को टीआरईडीएस पोर्टफोलियो के अंतर्गत बकाया राशि ₹ 7,822.18 करोड़ है।

क्लस्टर आधारित वित्तपोषण:

31.03.2026 तक बैंक द्वारा पहचाने गए क्लस्टरों की संख्या 33 है। बैंक ने वित्त वर्ष 25-26 में 10 क्लस्टर जोड़े हैं और बैंक उद्योगों की भौगोलिक स्थिति और व्यवहार्यता के आधार पर लगातार नए क्लस्टरों की पहचान कर रहा है। क्लस्टर आधारित ऋण वितरण के अंतर्गत बकाया राशि ₹ 2,863.12 करोड़ है।

31.03.2026 तक क्लस्टरों की सूची इस प्रकार है:

क्र. सं.	क्लस्टर योजना का नाम	क्षेत्र
1	मोरवी, गुजरात में सिरेमिक और प्लास्टिक उद्योग क्लस्टर	अहमदाबाद
2	कोयंबत्तूर में कपड़ा उद्योग क्लस्टर	कोयंबत्तूर
3	कोयंबत्तूर में इंजीनियरिंग सामान क्लस्टर	कोयंबत्तूर
4	एनसीआर दिल्ली में इंजीनियरिंग और पैकेजिंग क्लस्टर	एनसीआर दिल्ली
5	एनसीआर दिल्ली में ऑटो कंपोनेंट क्लस्टर	एनसीआर दिल्ली
6	चेन्नै/कांचीपुरम में ऑटो कंपोनेंट क्लस्टर	चेन्नै I, चेन्नै II
7	कांचीपुरम में ऑटो कंपोनेंट क्लस्टर	कांचीपुरम
8	लुधियाना में ऑटो/साइकिल कंपोनेंट क्लस्टर	लुधियाना
9	लुधियाना में होजरी/टेक्सटाइल क्लस्टर	लुधियाना
10	केरल के पेरुंबवूर में प्लाईवुड उद्योग क्लस्टर	एर्णाकुलम
11	सूरत, गुजरात में कपड़ा क्लस्टर	बड़ौदा
12	तमिलनाडु के तिरुचेंगोडे में टेक्सटाइल क्लस्टर	सेलम
13	तमिलनाडु के होसुर और कृष्णगिरी में ऑटो कंपोनेंट क्लस्टर.	सेलम
14	एलेप्पी और कोल्लम सीओआइआर उत्पाद क्लस्टर	तिरुवनंतपुरम
15	बड़ौदा – इंजीनियरिंग क्लस्टर	बड़ौदा
16	बड़ौदा – रासायनिक एवं रासायनिक उत्पाद क्लस्टर	बड़ौदा
17	मंडी गोबिंदगढ़, फतेहगढ़ साहिब – स्टील री रोलिंग क्लस्टर	चंडीगढ़
18	इरोड और करूर वस्त्र और तत्सम्बंधी गतिविधि क्लस्टर	इरोड
19	जीनोम वैली-मेडचल/मलकजगिरी फार्मास्युटिकल क्लस्टर	हैदराबाद
20	तिरुच्चि- फैब्रिकेटर्स और इंजीनियरिंग वर्क्स क्लस्टर	तिरुच्चि
21	रानीपेट चमड़ा उत्पाद क्लस्टर	वेल्लूर
22	पानीपत एनसीआर दिल्ली-टेक्सटाइल क्लस्टर	एनसीआर दिल्ली
23	रानीपेट - स्टील फैब्रिकेशन और मशीनरी शॉप उद्योग क्लस्टर	वेल्लूर
24	ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग क्लस्टर पुणे	पुणे
25	मुरादाबाद में ब्रासवेयर एवं हंडिक्राफ्ट क्लस्टर	मेरठ
26	दिल्ली में आटोमोबाइल पार्ट्स एंड इंजीन्यरिंग क्लस्टर	दिल्ली

क्र. सं.	क्लस्टर योजना का नाम	क्षेत्र
27	दिल्ली में एलेक्ट्रिकल्स एंड एलेक्ट्रोनिक सामान क्लस्टर	दिल्ली
28	इंजीनियरिंग, ऑटो एंसिलरी (ऑटोमोबाइल पार्ट्स, ऑटोमोबाइल एक्सेसरीज़ निर्माण), फाउंड्री, कास्टिंग, फोर्जिंग तथा अन्य संबंधित गतिविधियों का क्लस्टर	अहमदाबाद
29	स्टील री-रोलिंग, कास्टिंग, मेटल फैब्रिकेशन क्लस्टर	रायपुर
30	ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग, फैब्रिकेशन क्लस्टर	भोपाल
31	गारमेंट्स एवं टेक्सटाइल क्लस्टर	भोपाल
32	सेफ्टी मैचेस एवं अन्य संबद्ध गतिविधियाँ क्लस्टर	तुतिकोरिन
33	बेगूसराय में इंजीनियरिंग एवं फैब्रिकेशन क्लस्टर	पटना

हमारे ग्राहकों से प्राप्त समग्र फीडबैक सकारात्मक है, क्योंकि उन्हें विभिन्न लाभ प्राप्त हो रहे हैं, जैसे कि कम ब्याज दर एवं शुल्क, कम टीएटी, तथा क्लस्टर में उद्योगों की समान प्रकृति के कारण प्रस्तावों की एक समान टेम्पलेट-आधारित प्रोसेसिंग।

वित्त वर्ष 25-26 के लिए निर्देशन

1. बैंक एमएसएमई उत्पादों के पूर्ण डिजिटलीकरण और कुछ उत्पादों के लिए एसटीपी के कार्यान्वयन की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है ताकि हमारे ग्राहकों के लिए निर्बाध आवागमन और कम टीएटी सुनिश्चित किया जा सके।

2. कॉरपोरेट्स तथा सहायक डीलरों/वितरकों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण के लिए बैंक के पास डीलर वित्तपोषण योजना उपलब्ध है।

   बैंक पीएसबी एलायंस से लीड प्राप्त करने हेतु एक तंत्र विकसित करने की प्रक्रिया में है, जिससे हमारे पोर्टफोलियो में नए एमएसएमई व्यवसाय जुड़ेंगे।

3. विभाग नए क्लस्टरों की पहचान हेतु क्षेत्र के अधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ निरंतर संपर्क में है। इस पहल से क्लस्टर-आधारित वित्तपोषण के अंतर्गत समग्र कवरेज का विस्तार होगा तथा विभिन्न क्लस्टर-आधारित लाभ प्रदान करते हुए हमारे पोर्टफोलियो में अनेक नए एमएसएमई इकाइयाँ।

खुदरा बैंकिंग

रिटेल क्रेडिट कार्य-निष्पादन **खुदरा ऋण पोर्टफोलियो** के अंतर्गत कुल बकाया राशि **मार्च 2025 के ₹62,764 करोड़** से बढ़कर **मार्च 2026 तक ₹91,086 करोड़** हो गई। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान खुदरा पोर्टफोलियो में **वर्ष-दर-वर्ष** आधार पर **45.12% की वृद्धि** दर्ज की गई। बैंक की देशीय अग्रिमों में खुदरा ऋण की कुल हिस्सेदारी **30.94%** रही।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **आवास ऋण पोर्टफोलियो में वर्ष-दर-वर्ष** आधार पर **12.13% की वृद्धि दर्ज** की गई। समीक्षा अवधि के दौरान **21,362 नए आवास ऋण खाते स्वीकृत** किए गए, जिनकी कुल राशि **₹8,423.36 करोड़** रही तथा कुल **संवितरण ₹7,851.65** करोड़ रहा।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **वाहन ऋण पोर्टफोलियो में वर्ष-दर-वर्ष** आधार पर **31.51% की वृद्धि दर्ज** की गई। समीक्षा अवधि के दौरान **28,821 नए वाहन ऋण खाते स्वीकृत** किए गए, जिनकी कुल **राशि ₹3,414.04 करोड़** रही तथा कुल **संवितरण ₹3,388.31 करोड़** रहा।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **बंधक ऋण पोर्टफोलियो में वर्ष-दर-वर्ष** आधार पर **44.46% की वृद्धि दर्ज** की गई। समीक्षा अवधि के दौरान **2,755 नए बंधक ऋण खाते स्वीकृत** किए गए, जिनकी कुल **राशि ₹3,200.98 करोड़** रही तथा **कुल संवितरण ₹3,090.96 करोड़** रहा।

वैयक्तिक ऋण पोर्टफोलियो में **23.56% की वृद्धि दर्ज** की गई। समीक्षा अवधि के दौरान **29,908 नए वैयक्तिक ऋण खाते स्वीकृत** किए गए, जिनकी कुल **राशि ₹1,656.80 करोड़** रही तथा कुल **संवितरण ₹1,651.87 करोड़** रहा।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में 184.03% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज** की गई। समीक्षा अवधि के दौरान **24,75,365 नए स्वर्ण ऋण खाते स्वीकृत** किए गए, जिनकी कुल **राशि ₹48,508.93 करोड़ रही** तथा कुल **संवितरण ₹48,250.53 करोड़** रहा।

ए) मौजूदा योजना में संशोधन:

बाजार की गतिशीलता और क्षेत्र के अधिकारियों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर तथा हमारे उत्पाद को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, मौजूदा खुदरा उत्पादों में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं, ताकि उन्हें और अधिक प्रतिस्पर्धी उत्पाद बनाया जा सके। खुदरा ऋण उत्पादों में किए गए संशोधनों का विवरण इस प्रकार है:

1. **संपत्ति के बदले ऋण**: जीवन-यापन लागत एवं व्यय में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए **एलएपी के अंतर्गत अधिकतम ऋण सीमा को मेट्रो केन्द्रों के लिए ₹20.00 करोड़ से बढ़ाकर ₹40.00 करोड़ तथा शहरी केन्द्रों के लिए ₹20.00 करोड़ से बढ़ाकर ₹25.00 करोड़** कर दिया गया है। **गैर-व्यक्तिगत उधारकर्ताओं** के लिए **ऋण सीमा ₹40.00 करोड़ से बढ़ाकर ₹200.00 करोड़** कर दी गई है। साथ ही **आय मानदंड, टीएचपी मानदंड, प्रतिभूति, मार्जिन तथा प्रवेश/निकास आयु** संबंधी प्रावधानों में **संशोधन/शिथिलीकरण** प्रदान किया गया है।

2. **आवासीय ऋण टॉप-अप योजना – (संशोधन)** - हाउसिंग लोन टॉप-अप तथा एनआरआई टॉप-अप के लिए क्रमशः ₹5.00 करोड़ एवं ₹2.00 करोड़ की अधिकतम ऋण सीमा को समाप्त कर दिया गया है तथा होम लोन टॉप-अप एवं एनआरआई होम लोन टॉप-अप योजना के अंतर्गत अब **कोई अधिकतम स्वीकृति सीमा निर्धारित नहीं** रहेगी। साथ ही **ऋण पात्रता, प्रवेश/निकास आयु तथा कार्य अनुभव संबंधी** मानदंडों में **संशोधन/शिथिलीकरण** प्रदान किया गया है।

बी) खुदरा ऋण पोर्टफोलियो के अंतर्गत नए उत्पादों/पहलों की शुरूआत:

1. आइओबी – ईज़ी प्लॉट योजना

निवासी, अनिवासी तथा बैंक स्टाफ हेतु आवासीय प्लॉट/साइट की खरीद के लिए **अधिकतम ₹3.00 करोड़** तक वित्त उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें 25% मार्जिन रखा गया है। यह सुविधा 60 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा तक के उधारकर्ताओं के लिए उपलब्ध है।

2. हरित शुभगृह योजना:

यह योजना व्यक्तिगत मकानों एवं फ्लैट/मकानों के लिए **ग्रीन होम निर्माण** अथवा **पर्यावरण-अनुकूल आवास निर्माण परियोजनाओं** के अंतर्गत **आवास ऋण** प्रदान करेगी, जिन्हें **एलईईडी, आईजीबीसी** एवं **जीआरआईएचए रेटिंग एजेंसियों** द्वारा प्रमाणित किया गया हो। योजना के अंतर्गत **ब्याज दर एवं प्रसंस्करण शुल्क में रियायत** प्रदान की जाएगी।

3. तमिलनाडु राज्य के लिए नई आवास ऋण योजना:

कलाईनारिन कनवु इल्लम (एचएलकेकेआई) – तमिलनाडु सरकार की आवास योजना "कलाईनारिन कनवु इल्लम" के अंतर्गत सरकारी अनुदान एवं मकान निर्माण की वास्तविक लागत के बीच के अंतर को पूरा करने हेतु आवास ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

4. जमा के बदले डिमांड ऋण – स्ट्रेट थ्रू प्रोसेस (एसटीपी:

डिपॉजिट के बदले डिमांड ऋण (एसटीपी) एक पूर्णतः डिजिटल, एंड-टू-एंड ऋण उत्पाद है, जिसे गति, सुविधा एवं दक्षता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। स्ट्रेट थ्रू प्रोसेस के माध्यम से ऋण का संपूर्ण जीवनचक्र — आवेदन, स्वीकृति, वितरण से लेकर समापन तक — बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के ऑनलाइन पूर्ण किया जाता है।

सी . महिला सशक्तिकरण पहलें:

आइओबी सखी:

महिला उधारकर्ताओं के लिए एक विशेष **व्यक्तिगत ऋण योजना,** जिसमें **वेतनभोगी** महिलाओं हेतु (अधिकतम **₹30.00 लाख**) तथा **गैर-वेतनभोगी** महिलाओं हेतु (अधिकतम **₹10.00 लाख**) तक ऋण सुविधा उपलब्ध है।

आइओबी पिंक व्हील्स:

महिला उधारकर्ताओं के लिए **दोपहिया वाहन ऋण योजना,** जिसमें **ऋण राशि की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं** है।

मौजूदा ग्राहकों से गुणवत्तापूर्ण रिटेल ऋण व्यवसाय प्राप्त करने के उद्देश्य से सीआरएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से 02.05.2025 को सिबील ट्रिगर्स प्रारंभ किए गए हैं।

डी डिजिटल पहलें

<u>बैंक द्वारा डिजिटलीकरण की दिशा में निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं</u>

रिटेल उत्पादों का एलओएस में स्थानांतरण:

ऋण प्रसंस्करण की **गुणवत्ता में सुधार** एवं **टीएटी में कमी** लाने हेतु रिटेल ऋण उत्पादों को **एलओएस (डिजिटल ऋण प्रसंस्करण प्लेटफॉर्म)** पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, हमने निम्नलिखित उत्पादों को एलओएस में स्थानांतरित कर दिया है:

1. आवासीय ऋण टेकओवर
2. लिक्विरेंट
3. लिक्विरेंट टॉप उप
4. आइओबी सखी
5. आइओबी पिंक व्हील्स
6. एमएसएसएफ (मारुति सुज़ुकी स्मार्ट फ़ाइनेंस)

कॉरपोरेट क्रेडिट

वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने आस्ति गुणवत्ता, जोखिम प्रबंधन तथा नियामकीय अनुपालन को सुदृढ़ बनाया। यह वर्ष बाजार की बदलती परिस्थितियों के बीच चयनात्मक ऋण विस्तार तथा पोर्टफोलियो की आघात सहनीयता पर बल देने वाला रहा।

बैंक ने विनिर्माण, अवसंरचना, सेवाओं आदि जैसे प्रमुख कॉरपोरेट एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों को निरंतर समर्थन प्रदान किया। ऋण स्वीकृति प्रक्रिया अनुशासित बनी रही, जिसमें उधारकर्ताओं की मूलभूत वित्तीय स्थिति, नकदी प्रवाह आधारित ऋण वितरण तथा क्षेत्रीय जोखिम आकलन पर विशेष ध्यान दिया गया। नई ऋण स्वीकृतियाँ संस्थान के जोखिम स्वीकृति ढाँ चे के अनुरूप की गईं, जिनमें बेहतर रेटिंग वाले कॉरपोरेट, स्थापित व्यावसायिक मॉडल तथा स्थिर नकदी प्रवाह एवं सुदृढ़ शासन मानकों का प्रदर्शन करने वाली संस्थाओं को प्राथमिकता दी गई।

पूरे वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो गुणवत्ता प्रमुख फोकस क्षेत्र रही। जिससे स्लिपेज नियंत्रण तथा समग्र पोर्टफोलियो स्थिरता में सुधार हुआ। संरचित पुनर्भुगतान व्यवस्था, पर्याप्त प्रतिभूति कवरेज तथा अनुबंधीय शर्तों की निगरानी पर बल देने से ऋण अनुशासन और मजबूत हुआ। बैंक ने निम्नलिखित **उभरते हुए तथा प्रमुख प्रारंभिक चरण में रहने वाले क्षेत्रों** को लक्षित करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई चक्र) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी हस्ताक्षरित किया है।

- नवीकरणीय ऊर्जा
- ई-मोबिलिटी एवं चार्जिंग अवसंरचना
- ग्रीन हाइड्रोजन एवं अमोनिया
- एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री / बैटरी प्रौद्योगिकी
- डीकार्बोनाइजेशन
- स्मार्ट अवसंरचना
- डेटा सेंटर

नियामकीय अपेक्षाओं के अनुरूप, बैंक ने आंतरिक ऋण नीतियों, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों तथा एक्सपोज़र मानदंडों का सुदृढ़ अनुपालन सुनिश्चित किया। ऋण निर्णयों की समयावधि में सुधार करते हुए जोखिम मानकों से समझौता किए बिना उन्नत समुचित जानकारी प्रक्रियाओं के माध्यम से क्रेडिट प्रक्रियाओं को और सुव्यवस्थित किया गया।

आगामी समय में, बैंक पोर्टफोलियो गुणवत्ता को बनाए रखते हुए सतत व्यवसायिक विकास को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज दोनों स्तरों पर विवेकपूर्ण ऋण विस्तार पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, साथ ही ग्राहकों की संख्या बढ़ाने, उभरते जोखिमों की सघन निगरानी, प्रौद्योगिकी एवं विश्लेषण के बढ़ते उपयोग तथा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। बैंक विकास एवं जोखिम के मध्य संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए बदलती बाजार परिस्थितियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सुदृढ़ स्थिति में है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान चार तिमाहियों की औसत वृद्धि रुपये 7951.25 करोड़ रही और औसत बकाया रुपये 84669.02 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले रुपये 117302.18 करोड़ रहा और **बैंक ने एएनबीसी के 40% के अनिवार्य मानदंडों को पार करते हुए** वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों के अंतर्गत प्रतिशत 55.42% लक्ष्य अर्जित कर लिया है ।**

कृषि

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चार तिमाहियों की औसत वृद्धि रुपये 4577.44 करोड़ थी और औसत बकाया रुपये 38101.06 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले रुपये 62898.25 करोड़ रहा और बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान **कृषि अग्रिमों के तहत 29.71% प्राप्त करके एएनबीसी के 18% के अनिवार्य मानदंडों को पार कर लिया है।**

छोटे और सीमांत किसानों को ऋण

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चार तिमाहियों की औसत वृद्धि रुपये 3603.07 करोड़ थी और औसत बकाया रुपये 21167.25 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले रुपये 42052.44 करोड़ रहा और बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान लघु/सीमांत किसानों को **19.87%** ऋण संवितरित करके एएनबीसी के **10%** के अनिवार्य मानदंडों को पार कर लिया है।

गैर-कॉरपोरेट किसानों को ऋण

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चार तिमाहियों की औसत वृद्धि रुपये 4588.42 करोड़ थी और औसत बकाया रुपये 29634.16 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले रुपये 62405.46 करोड़ रहा और बैंक ने वित्त वर्ष

2025-26 के दौरान गैर-**कॉरपोरेट** किसानों को ऋण के तहत **29.48%** हासिल करके एएनबीसी के **14.00%** के अनिवार्य मानदंडों को पार कर लिया है।

सूक्ष्म उद्यमों को ऋण

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान चार तिमाहियों की औसत वृद्धि ₹2,568.54 करोड़ रही तथा औसत बकाया ₹25,168.22 करोड़ रहा, जो ₹15,875.44 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में **सूक्ष्म उद्यमों** को ऋण के अंतर्गत एएनबीसी **के अनिवार्य 7.5% मानदंड को पार करते हुए 11.89% की उपलब्धि हासिल की है।**

कमजोर वर्ग को ऋण

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान चार तिमाहियों की औसत वृद्धि ₹3,822.66 करोड़ रही तथा चार तिमाहियों का औसत बकाया ₹47,479.57 करोड़ रहा, जो ₹25,400.71 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध है। **बैंक ने कमजोर वर्ग को ऋण के अंतर्गत एएनबीसी के अनिवार्य 12.00% मानदंड को पार करते हुए 22.43% की उपलब्धि प्राप्त की है**।

पीएसएलसी बिक्री:

बैंक ने लघु एवं सीमांत किसान श्रेणी के अंतर्गत ₹30,588 करोड़ के पीएसएलसी की बिक्री कर ₹595.52 करोड़ की आय अर्जित की**,** जो पिछले वर्षों की तुलना में बैंक की सर्वाधिक आय है।

सूक्ष्म-वित्त:

वर्ष के दौरान, बैंक ने रुपये 5126.54 करोड़ के ऋण परिव्यय के साथ 54755 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को क्रेडिट-लिंक किया ।

विशिष्ट एसएचजी क्रेडिट केंद्र:

हमारे बैंक के 19 क्षेत्रों में 30 शाखाओं जिनमें से 5 शाखाओं को क्लस्टर में तथा को आस-पास की शाखाओं से एसएचजी ऋण के प्रसंस्करण के लिए विशेष एसएचजी क्रेडिट सेंटर के रूप में बनाया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, विशेष एसएचजी क्रेडिट सेंटर द्वारा 8161 एसएचजी समूहों को 999.65 करोड़ रुपये संवितरित किए गए हैं।

महिलाओं को ऋण प्रवाह

31 मार्च 2026 तक बैंक द्वारा महिलाओं को संवितरित ऋण रुपये 78,408 करोड़ था, जो बैंक के समायोजित शुद्ध बैंक ऋण का 36.69 % है।

अग्रणी बैंक पहल

बैंक तमिलनाडु के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है। बैंक तमिलनाडु के 15 जिलों तथा केरल के 1 जिले में लीड बैंक के रूप में कार्य कर रहा है।.

वित्तीय समावेशन के लिए एसएलबीसी की पहल:

- 31 मार्च 2026 तक कुल 166.84 लाख पीएमजेडीवाई खाते खोले गए। इनमें से 99.88 लाख खाते महिलाओं के हैं, जो कुल खातों का 59.87% है।

तमिलनाडु में ऋण प्रवाह पर एसएलबीसी की पहल:

मार्च 2025 तक तमिलनाडु में बैंकों ने निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल की हैं:

- राज्य के बैंकों ने ₹9.00 लाख करोड़ के वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) लक्ष्य को पार कर लिया है।
- राज्य में बैंकों का क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) अनुपात 100% से अधिक बना हुआ है तथा मार्च 2026 तक यह 131.78% रहा।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण कुल अग्रिमों का 46.56% रहा, जो राष्ट्रीय औसत 40% से अधिक है।
- कृषि अग्रिम कुल ऋण का 24.43% रहा, जो राष्ट्रीय औसत 18% से अधिक है।
- वित्तीय समावेशन एवं महिला सशक्तिकरण को समर्थन देने हेतु सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों (एस एच जी) को ऋण प्रवाह को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य के बैंकों ने ₹37,049 करोड़ के एस एच जी ऋण वितरित किए**,** जो ₹37,000 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य से अधिक है।

वित्तीय समावेशन

बैंक ने वर्ष 2022 से कॉरपोरेट बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट (सीबीसी) के रूप में मेसर्स इंटेग्रा माइक्रो सिस्टम प्रा. लि. को नियुक्त किया है, जो तकनीकी सेवाओं के साथ बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट एजेंट्स (बीसीए) की नियुक्ति एवं प्रबंधन का कार्य कर रहा है। वित्तीय समावेशन की पहुँ च बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2023 के दौरान बैंक ने अखिल भारतीय स्तर पर बीसीए प्रबंधन हेतु 5 कॉरपोरेट बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स — मेसर्स अत्यति टेक्नोलोजिस प्रा. लि., मेसर्स एफआईए टेक्नोलोजी प्रा. लि., मेसर्स स्टारफीन इंडिया प्रा. लि. , मेसर्स जीरो मास प्रा. लि. तथा मेसर्स आरएनएफ़आई सर्विसेस लि. को भी नियुक्त किया है। 31.03.2026

तक बैंक में कुल 12,187 बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट एजेंट्स कार्यरत हैं, जो ग्राहकों को उनके घर-घर बैंकिंग सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, जैसे बचत खाता, आरडी एवं टीडी खाते खोलना, जन सुरक्षा योजनाओं (एपीवाई, पीएमजेजेबीवाई एवं पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत नामांकन, ऋण खातों, एनपीए खातों सहित की वसूली, जमा संग्रहण तथा आरडी किश्तों का संकलन आदि।

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):

बैंक द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन धन योजना लागू की गई है। यह योजना भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त 2014 को प्रारंभ की गई थी। 31.03.2026 तक बैंक ने कुल 94,57,638 पीएमजेडीवाई खाते खोले हैं, जिनमें से 90,21,504 (95%) खाते परिचालित हैं। योजना की शुरुआत से 31 मार्च 2026 तक बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई खातों में 85,65,083 रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं।

आधार विनियामक, 2016 के अनुसार आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र

आधार विनियम, 2016 के अनुरूप हमारे बैंक ने यूआईडीएआई दिशानिर्देशों के अनुसार देशभर में 379 शाखाओं में आधार नामांकन केन्द्र स्थापित किए हैं। नवंबर 2024 से बैंक ने सभी आधार नामांकन केन्द्रों में मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु मेसर्स असूजा ईसर्व प्राइवेट लिमिटेड को सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त किया है।

जनसुरक्षा योजनाएँ

जन सुरक्षा योजनाएँ भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 1 जून 2015 को प्रारंभ की गई थी। बैंक द्वारा ग्राहकों का नामांकन पीएमजेजेबीवाई तथा पीएमएसबीवाई के अंतर्गत किया जा रहा है। 31 मार्च 2026 तक जन सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन की स्थिति निम्नानुसार है:

योजनाओं	31 मार्च 2026 तक नामांकन की स्थिति (संचयी)	वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान नामांकन की स्थिति
पीएमजेजेबीवाई	4720204	937570
पीएमएसबीवाई	9916217	1599520
कुल	**14636421**	**2537090**

अटल पेंशन योजना:

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) 18-40 वर्ष की आयु के बचत खाताधारक जो आयकर दाता नहीं है, उनके लिए एक वृद्धावस्था आय सुरक्षा योजना है । यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच बढ़ती उम्र से जोखिमों को दूर करने में मदद करती है और श्रमिकों को अपनी सेवानिवृत्ति के लिए स्वेच्छा से बचत करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

पिछले कुछ वर्षों में एपीवाई के तहत निष्पादन इस प्रकार रहा है

वित्तीय वर्ष	नामांकन
2015-16	18,540
2016-17	60,084
2017-18	1,11,959
2018-19	1,03,711
2019-20	1,50,010
2020-21	1,79,081
2021-22	2,32,860
2022-23	2,77,710
2023-24	2,61,318
2024-25	2,67,678
2025-26	**3,27,234**
कुल एपीवाई नामांकन (संचयी)	**19,90,185**

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई)

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, बैंक ने तमिलनाडु एवं केरल राज्यों में बैंक को आवंटित सभी लीड जिलों में कुल 14 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) स्थापित किए हैं। इन संस्थानों का उद्देश्य किसानों, एसएचजी सदस्यों, शिक्षित बेरोजगार युवाओं, कारीगरों तथा कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। आरएसईटीआई का संचालन बैंक द्वारा स्थापित स्नेहा ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है।समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आरएसईटीआई द्वारा 520 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे 16,080 ग्रामीण प्रतिभागियों को लाभ मिला। बैंक ने 81% सेटलमेंट तथा 64% क्रेडिट सेटलमेंट प्राप्त किया, जो क्रमशः राष्ट्रीय औसत 70% एवं 50% से काफी अधिक है।

वित्तीय साक्षरता

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत (तमिलनाडु में 15 तथा केरल में 9) सहित कुल 24 स्थानों पर स्थापित वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता प्रदान की जा रही है। इन केन्द्रों के परामर्शदाता ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को औपचारिक वित्तीय संस्थानों द्वारा उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में जागरूक कर रहे हैं, आमने-सामने वित्तीय परामर्श प्रदान कर रहे हैं तथा ऋणग्रस्त व्यक्तियों को ऋण परामर्श सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही विभिन्न स्थानों पर नियमित जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। 31 मार्च 2026 तक स्थापना से अब तक एफएलसी द्वारा कुल 98,797 क्रेडिट काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए। बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं पर 52,443 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए तथा 1,58,701 बचत बैंक खाते खोले गए। वित्तीय प्रणाली में नव-समाविष्ट व्यक्तियों हेतु 5,945 विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनसे 4,66,512 लाभार्थी लाभान्वित हुए। एफएलसी द्वारा 118 आईटीआई, 7 व्यावसायिक प्रशिक्षण भागीदार (वीटीपी) तथा 3 परिचालन केन्द्रों (ओसी) में वित्तीय साक्षरता सत्र आयोजित कर स्थापना से अब तक 39,226 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

वित्तीय साक्षरता केन्द्र (सीएफ़एल):

राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति (एनएसएफआई: 2019-2024) के प्रमुख उद्देश्यों में से एक देश के प्रत्येक ब्लॉक तक सीएफ़एल की पहुँ च का विस्तार करना है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक को कुल 74 सीएफ़एल केन्द्र आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 65 तमिलनाडु तथा 9 केरल में स्थापित किए गए हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से मेसर्स धन फाउंडेशन (एनजीओ) द्वारा वित्तीय साक्षरता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। सीएफ़एल केन्द्रों का उद्देश्य वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, बेहतर वित्तीय व्यवहार को प्रोत्साहित करना तथा व्यवहारिक परिवर्तन के माध्यम से लोगों को सूचित वित्तीय निर्णय लेने और अपने वित्तीय प्रबंधन पर नियंत्रण स्थापित करने में सक्षम बनाना है। इन केन्द्रों में शैक्षणिक वीडियो, अनुभवात्मक शिक्षण तथा वित्तीय नियोजन उपकरणों का उपयोग कर औपचारिक वित्तीय सेवाओं के लाभों को प्रभावी ढंग से समझाया जाता है। बैंक के सीएफ़एल सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित समुदायों की वित्तीय क्षमता सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक परिवार की वित्तीय संवेदनशीलता को कम करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। साथ ही ये केन्द्र समुदाय में बेहतर वित्तीय व्यवहार को बढ़ावा देने, अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा प्रशिक्षित वित्तीय समावेशन विशेषज्ञों का नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे अंतिम छोर तक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके।

पैरा-बैंकिंग उत्पादों पर कार्य निष्पादन

पैरा बैंकिंग व्यवसाय के अंतर्गत, बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बैंकाश्योरेंस और म्यूचुअल फ़ंड के वितरण के माध्यम से रु 43.90 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। जबकि पिछले वर्ष 31.03.2025 तक यह आय **₹33.32 करोड़** थी। इस प्रकार वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **31.75%** की वृद्धि दर्ज की गई।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रारंभ किए गए उत्पाद

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा निम्नलिखित नए उत्पाद प्रारंभ किए गए

- **ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी – एसबीआईजीआई के साथ पीएआई 2000** - बैंक के ग्राहकों हेतु विशेष रूप से शुरू किया गया पीएआई उत्पाद, जिसके अंतर्गत ₹2,000 के एक समान प्रीमियम पर ₹40 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाता है।.

- **नीवा बूपा के साथ न्यू ग्रुप क्रिटिकल केयर (न्यू जीसीसी)** - यह ऋण-संबद्ध समूह बीमा उत्पाद है, जो 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के उधारकर्ताओं को 5 वर्ष की पॉलिसी अवधि के लिए गंभीर बीमारी एवं दुर्घटना बीमा सुरक्षा प्रदान करता है।

- **नीवा बूपा के साथ सुपर टॉप अप –समूह बीमा उत्पाद** - नए एवं मौजूदा पॉलिसीधारकों के लिए प्रारंभ किया गया समूह स्वास्थ्य बीमा उत्पाद, जिसमें वयस्कों (18–60 वर्ष) तथा बच्चों (91 दिन–21 वर्ष) को कवर प्रदान किया जाता है। सुपर टॉप अप योजना में निर्धारित डिडक्टिबल राशि से अधिक अस्पताल व्यय पर पॉलिसी सक्रिय होकर आगे के दावों को कवर करती है।

- **नीवा बूपा के साथ एसएचजी सुरक्षा – समूह बीमा उत्पाद** - यह एसएचजी सदस्यों के लिए विशेष रूप से उपलब्ध समूह बीमा योजना है। इसके अंतर्गत प्रति दिन ₹1,000 हॉस्पिटल डेली कैश तथा ₹2,000 प्रतिदिन आईसीयू कैश (प्रत्येक पूर्ण 24 घंटे के आधार पर) अधिकतम 30 दिनों तक देय है। साथ ही ₹1,00,000 का दुर्घटना मृत्यु बीमा कवर प्रदान किया जाता है। वार्षिक प्रीमियम ₹300 (जीएसटी सहित) है तथा पॉलिसी शर्तों के अनुसार प्रतीक्षा अवधि एवं स्वास्थ्य घोषणा में छूट प्रदान की गई है।

- **यूएसजीआईसी के साथ आइओबी सुरक्षा – प्लान डी** - यह आइओबी बचत खाता धारकों के लिए समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा उत्पाद है, जिसमें दुर्घटना मृत्यु एवं स्थायी पूर्ण विकलांगता हेतु ₹40 लाख का बीमा कवर उपलब्ध है। वार्षिक प्रीमियम ₹1,750 (जीएसटी सहित) है तथा प्रवेश आयु 18–70 वर्ष है, जिसमें आजीवन नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

- **नीवा बूपा के साथ सुपर टॉप अप प्लस –समूह स्वास्थ्य बीमा उत्पाद** - यह बचत खाते एवं कॉरपोरेट वेतनभोगी ग्राहकों हेतु उन्नत समूह स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें ₹3 लाख डिडक्टिबल के साथ ₹30 लाख तक का टॉप-अप कवर उपलब्ध है, जो पूर्व की सुपर टॉप अप योजना (₹15 लाख कवर एवं ₹2 लाख डिडक्टिबल) का उन्नत संस्करण है। डिडक्टिबल राशि पूर्ण होने के पश्चात पात्र अस्पताल व्यय बीमित राशि तक कवर किए जाते हैं। यह योजना वयस्कों (18–65 वर्ष) एवं बच्चों (91 दिन–21 वर्ष) हेतु 1 वर्ष की पॉलिसी अवधि के साथ उपलब्ध है।

सामाजिक उद्देश्य हेतु संचालित अभियान:

सामाजिक उद्देश्यों को बढ़ावा देने हेतु मासिक अभियान संचालित किए गए, जिनमें चैनल पार्टनर द्वारा प्राप्त प्रीमियम के विरुद्ध सीएसआर गतिविधियों में योगदान किया जाता है, जिसका उपयोग बैंक द्वारा सुझाए गए अवसरों पर किया जाता है।

धार्मिक संस्थानों हेतु ई-हुंडी

- मंदिर, चर्च, मस्जिद तथा अन्य धार्मिक संस्थानों में श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से चढ़ावा देने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैंक द्वारा ई-हुंडी स्टैंड स्थापित किए जा रहे हैं।

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न धार्मिक संस्थानों में **514** ई-हुंडी स्थापित किए गए (**स्थापना से अब तक कुल 755 ई-हुंडी स्थापित**)। इस पहल को क्षेत्रीय भाषाओं के मीडिया एवं समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार मिला।

- 31.03.2026 तक विभिन्न धार्मिक संस्थानों में स्थापित क्यूआर कोड स्टैंड्स के माध्यम से **₹35.36 करोड़** की भेंट/चढ़ावा राशि प्राप्त हुई, जिसे संबंधित संस्थानों के खातों में सुरक्षित रखा गया है।

आइओबी नेस्ट ऐप

आइओबी नेस्ट एक मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे विशेष रूप से आवासीय फ्लैटों अथवा हाउसिंग यूनिट्स की सोसाइटी/एसोसिएशनों की सोसाइटी संबंधी गतिविधियों के प्रबंधन हेतु विकसित किया गया है।

- इस उत्पाद का शुभारंभ 17.10.2025 को किया गया। यह उत्पाद बाजार में एक प्रतिस्पर्धी पेशकश के रूप में उभरकर सामने आया है तथा एससीबी के बीच अपनी तरह का पहला उत्पाद है।

- यह एप विशेष रूप से आवासीय फ्लैट एवं हाउसिंग यूनिट्स की सोसाइटी/एसोसिएशनों के लिए विकसित किया गया है तथा यह माई गेट और अड्डा जैसे प्लेटफॉर्म्स के अनुरूप कार्य करता है।

- आइओबी नेस्ट आवासीय भवन सोसाइटियों और निवासियों के लिए निर्मित एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन है। यह समाधान सोसाइटियों के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों को सरल बनाने के साथ-साथ डिजिटल इंटरैक्शन के माध्यम से उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने का उद्देश्य रखता है।

जुटाए गए आवेदनों	बकाया राशि
210	रु 7.58 करोड़

ग्राहक सेवा

बैंक निर्बाध, विश्वसनीय एवं ग्राहक-केन्द्रिwत सेवाएँ प्रदान करने के अपने संकल्प के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देते हुए बैंक निर्धारित टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर ग्राहक शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करता रहा है। वर्ष के दौरान बैंक ने उन्नत क्षमताओं वाले आधुनिक ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) सिस्टम को पुनर्गठित एवं लागू कर अपनी शिकायत निवारण प्रणाली को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया है। इस पहल के माध्यम से ग्राहक शिकायतों के प्रबंधन, ट्रैकिंग एवं समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी हुई है, जिससे समग्र सेवा गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

बैंक ग्राहकों को शिकायत दर्ज कराने हेतु अनेक सुविधाजनक माध्यम उपलब्ध कराता है, जिनमें बैंक की वेबसाइट, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन, सोशल मीडिया, ई-मेल, व्हाट्सऐप, एसएमएस तथा कॉन्टैक्ट सेंटर शामिल हैं। ग्राहक अपनी शिकायतों की स्थिति वास्तविक समय में देख सकते हैं, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत कर सकते हैं तथा संतोषजनक समाधान प्राप्त होने पर शिकायत को बंद भी कर सकते हैं।

शिकायत निवारण तंत्र:

बैंक का सुदृढ़ शिकायत निवारण तंत्र समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है, जिसमें जहाँ संभव हो शिकायतों का निस्तारण अगले कार्य दिवस तक करने पर विशेष जोर दिया जाता है। देशभर के क्षेत्रीय कार्यालयों में समर्पित हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं, जहाँ क्षेत्रीय कार्यालय के द्वितीय पंक्ति के अधिकारी शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ) के रूप में कार्य करते हैं। उन्हें तकनीकी

सहायता हेतु आरसीसी अधिकारी तथा ग्राहक शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एक डेस्क अधिकारी का सहयोग प्राप्त होता है।

ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) प्लेटफॉर्म नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप पूर्णतः संरेखित है तथा संगठन के विभिन्न स्तरों पर शिकायत संबंधी आँकड़ों तक वास्तविक समय में पहुँच उपलब्ध कराता है, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली में संरचित फीडबैक तंत्र भी शामिल है, जिसके माध्यम से ग्राहक शिकायत बंद होने के बाद अपना अनुभव साझा कर सकते हैं, जिससे निरंतर सुधार को बढ़ावा मिलता है। बैंक के सर्वोच्च स्तर पर आंतरिक लोकपाल भी नियुक्त है, जो अस्वीकृत शिकायतों पर अपने अवलोकन प्रस्तुत कर निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करते हैं।

आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली एवं कॉन्टैक्ट सेंटर के अतिरिक्त बैंक बाह्य शिकायत निवारण माध्यमों — जैसे बैंकिंग लोकपाल (भारतीय रिज़र्व बैंक), सीपीजीआरएएमएस (केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली) तथा आईएनजीआरएएमएस (उपभोक्ता कार्य विभाग की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) — से प्राप्त शिकायतों का भी प्रभावी प्रबंधन करता है।

बैंक ने ग्राहक अनुभव को सरल एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से अनेक ग्राहक-अनुकूल पहलें प्रारम्भ की हैं। उनमें से प्रमुख निम्नलिखित हैं:

- **शिकायत निवारण दिवस:** प्रत्येक माह की 15 तारीख को सभी शाखाओं में यह दिवस आयोजित किया जाता है। यह पहल ग्राहकों को अपनी समस्याएँ एवं सुझाव प्रस्तुत करने के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करती है। प्राप्त फीडबैक एवं सुझावों की व्यवस्थित समीक्षा कर उन्हें नीतिगत सुधार हेतु निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

- **शिकायत निवारण दिवस:** प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करना तथा सेवा दक्षता एवं निवारण की गति में सुधार करना है।

- **ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम):** बैंक की डिजिटल परिवर्तन यात्रा के अंतर्गत एक एकीकृत सीआरएम आधारित शिकायत प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। यह प्रणाली शिकायत के पंजीकरण, वर्गीकरण, समाधान एवं समापन तक संपूर्ण प्रक्रिया का प्रबंधन करती है, जिससे परिचालन दक्षता, पारदर्शिता एवं ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि हुई है।

- **ग्राहक सेवा उत्कृष्टता केंद्र (सीएससीओई)** बंद की गई शिकायतों तथा अन्य उत्पादों पर ग्राहकों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु ग्राहक सेवा विभाग के विस्तारित अंग के रूप में सीएससीओई की स्थापना की गई है। प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण कर उसे निदेशक मंडल के समक्ष निगरानी एवं मार्गदर्शन हेतु प्रस्तुत किया जाता है।

पीएसबी एलायंस डोरस्टेप बैंकिंग:

आईबीए एवं आरबीआई के निर्देशानुसार बैंक ने पीएसबी एलायंस डोरस्टेप बैंकिंग सेवा को सफलतापूर्वक लागू किया है।

- ऑल इंडिया डीएसबी राष्ट्रीय डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान, पीएसबी अलाइएन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 01.11.2024 से 31.12.2025 तक आयोजित किया गया, जिसके दौरान 202 लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

- ऑल इंडिया डीएसबी अभियान-2, पीएसबी अलाइएन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 05.08.2025 से 04.11.2025 तक आयोजित किया गया, जिसके दौरान 1534 लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

बैंक की उपलब्धियाँ :

वित्तीय वर्ष 2025-26 बैंक की ग्राहक सेवा यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ, जिसमें शिकायत निवारण एवं ग्राहक सहभागिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ एवं निरंतर सुधार दर्ज किए गए।

- बैंक ने अपने इतिहास का सर्वाधिक शिकायत निवारण प्रदर्शन दर्ज किया तथा सीपीजीआरएएमएस एवं आईएनजीआरएएमएस के अंतर्गत शून्य शिकायतें बनाए रखने में सफलता प्राप्त की, जो इसके सुदृढ़ शिकायत निवारण तंत्र की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बैंक को 13.02.2026 को वित्तीय सेवा विभाग (डीएफ़एस) द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच लोक शिकायतों के प्रभावी निवारण हेतु प्रतिष्ठित "बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द ईयर 2025" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- शाखा स्तर पर सेवाओं तथा समग्र शाखा अनुभव के संबंध में ग्राहकों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने हेतु क्यूआर-आधारित फीडबैक प्रणाली शुरू की गई। इस पहल से वास्तविक समय में जानकारी प्राप्त होती है तथा सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार को बढ़ावा मिलता

- शिकायतों की लंबित संख्या लगभग शून्य स्तर के निकट रही, जो परिचालन दक्षता एवं सक्रिय शिकायत निवारण व्यवस्था को दर्शाती है।

- बैंक ने अपनी त्रैमासिक शैक्षणिक श्रृंखला को जारी रखते हुए शिकायत विश्लेषण एवं मूल कारणों की पहचान के आधार पर 24 परिपत्र जारी किए, जिससे आवर्ती समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आई।

- ग्राहक सेवा विभाग के अंतर्गत ईएएसई 8.0 पहल के अनुरूप एक ग्राहक अनुभव उत्कृष्टता केंद्र (सीएससीओई) की स्थापना की गई। यह केंद्र शिकायत निवारण के पश्चात ग्राहकों से संरचित सर्वे कॉल के माध्यम से सेवा गुणवत्ता का आकलन करता है तथा सुधार के क्षेत्रों की पहचान करता है।

- एक मासिक समीक्षा तंत्र स्थापित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्वयं 20 नमूना शिकायतों के ग्राहकों से संवाद कर समाधान की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हैं।

- ग्राहक जागरूकता बढ़ाने हेतु बैंक ने चेन्नै-II (29.07.2025) तथा कांचीपुरम (19.09.2025) क्षेत्रों में टाउन हॉल बैठकें आयोजित कीं, जिनमें पेंशन सेवाएँ, आरबीआई लोकपाल व्यवस्था, नामांकन सुविधा, साइबर धोखाधड़ी तथा डिजिटल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

- वरिष्ठ नागरिकों के साथ सहभागिता सुदृढ़ करने एवं पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के समन्वय से पेंशनर्स मीट का आयोजन किया गया।

- 07.11.2025 को चेन्नै-I, चेन्नै-II, कांचीपुरम एवं वेल्लोर क्षेत्रों के डेस्क अधिकारियों तथा शिकायत-प्रवण शाखाओं के लिए लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सत्रों का संचालन वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के अधिकारियों, जिनमें निदेशक, डीएफएस भी शामिल थे, द्वारा किया गया, जिससे शिकायत निवारण एवं ग्राहक सेवा संबंधी कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि हुई।

वर्ष 2025-26 के दौरान प्राप्त एवं निवारण की गई ग्राहक शिकायतों का विवरण नीचे दिया गया है:

विवरण	वित्त वर्ष 2025-26	वित्त वर्ष 2024-25
वर्ष की शुरुआत में शिकायतों की संख्या	2610	2017
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	186011	210075
वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	188410	209482
वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	211	2610
प्रभावी समाधान दर	99.89%	98.77%

31.03.2026 को समाप्त वर्ष के लिए शिकायतों की श्रेणियां निम्नानुसार हैं:

शिकायतों की प्रकृति	सभी चैनलों में शिकायतों की कुल संख्या	कुल शिकायतों का %
	गैर-डिजिटल	
सामान्य बैंकिंग	5708	3.07%
ग्राहक सेवा	5520	2.97%
जमाएँ	1222	0.66%
बीमा	538	0.29%
अग्रिम	457	0.25%
सीआइसी	368	0.20%
पीएमजेडीवाई	297	0.16%
अन्य	240	0.13%
एनआरआई सेवाएं	76	0.04%

शिकायतों की प्रकृति	सभी चैनलों में शिकायतों की कुल संख्या	कुल शिकायतों का %
पेंशन	40	0.02%
कुल	**14466**	**7.78%**
	डिजिटल	
गैर-एटीएम	137634	73.99%
एटीएम	33911	18.23%
उप - योग	**171545**	**92.22%**
कुल योग	**186011**	**100.00%**

तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

1. बैंक अपने एनपीए पोर्टफोलियो को कम करने तथा लाभ स्तर में सुधार हेतु निरंतर विभिन्न विधियों एवं वसूली साधनों को अपनाता रहा है। यद्यपि एनपीए वसूली का मूल उद्देश्य लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना समस्त संविदात्मक बकाया की वसूली करना है, तथापि व्यवहार में विभिन्न परिस्थितियों के कारण बैंक को आवश्यकतानुसार कानूनी कार्यवाहियों के साथ-साथ समझौता निपटान सहित अन्य वैकल्पिक रणनीतियाँ अपनानी पड़ती हैं। वर्ष के दौरान बैंक ने वसूली कार्य को सुदृढ़ करने तथा वसूली क्षेत्र में समग्र प्रदर्शन सुधारने हेतु अनेक पहलें कीं।

2. बैंक ने सरफेसी प्रक्रिया में डिजिटलीकरण लागू करते हुए सभी डिमांड नोटिस, कब्जा नोटिस तथा बिक्री नोटिस का विकास एवं कार्यान्वयन किया है। खरीदारों को अधिक दृश्यता प्रदान करने हेतु सभी बिक्री नोटिस में क्यूआर कोड भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही, बैंक संपूर्ण वसूली प्रक्रिया — जैसे ओटीएस, एनसीएलटी, डीआरटी, लोक अदालत, सिविल वाद आदि — के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में भी है।

3. समीक्षा अवधि के दौरान प्रभावी सिद्ध हुई वसूली रणनीतियों में विशेष ओटीएस योजनाएँ प्रमुख रहीं। विशेष ओटीएस योजनाओं में संशोधन कर गैर-एनसीएलटी खातों के लिए विभिन्न स्तरों के प्राधिकारियों को अधिकार प्रदान किए गए, जिससे लंबी स्वीकृति प्रक्रिया के बिना एनपीए खातों का सरल एवं त्वरित निपटान संभव हो सका तथा उधारकर्ताओं/गारंटरों को शीघ्र सूचना दी जा सकी। इस विशेष ओटीएस योजना को विवेकाधीन एवं भेदभावरहित स्वरूप में लागू किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 31119 खातों में ₹614.86 करोड़ की ओटीएस स्वीकृत की गई, जिसमें से अब तक बैंक ₹493.70 करोड़ की वसूली कर चुका है।

4. बैंक ने मार्च 2026 तक प्रत्येक माह पीएसबी अलाइन्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत कब्जे में ली गई संपत्तियों की ई-नीलामी आयोजित की। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 3,992 संपत्तियों को ई-नीलामी हेतु प्रस्तुत किया गया, जिनमें से 671 संपत्तियाँ विक्रय होकर ₹597.22 करोड़ की प्राप्ति हुई। सरफेसी के अंतर्गत ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू होने से अनेक एनपीए खातों में ओटीएस, अपग्रेडेशन तथा पूर्ण समापन का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। अधिक खरीदारों को आकर्षित करने हेतु बैंक ने बोलीदाताओं को जुटाने के लिए ऋण वसूली एजेंटों को भी नियुक्त किया। बैंक ने पात्र संपत्तियों का विवरण आइओबी ऑनलाइन पर उपलब्ध कराया है, जहाँ संभावित खरीदार संपत्ति विवरण खोजकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। साथ ही, वेबसाइट पर आने वाले संभावित खरीदारों से लीड प्राप्त करने हेतु बैंक ने एक ट्रिगर टूल भी विकसित किया है।

5. वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा कुल लगभग ₹3,576 करोड़ की एनपीए वसूली की गई। वसूली पर बैंक का ध्यान पहले की तरह दृढ़ एवं निरंतर बना हुआ है तथा चालू वित्त वर्ष में भी वसूली की गति को सशक्त बनाए रखने हेतु बैंक प्रतिबद्ध है।

आरटीआई अधिनियम के तहत प्राप्त याचिकाओं का निपटान

बैंक में आरटीआई आवेदन एवं अपीलों के निस्तारण हेतु एक पृथक एवं विशेष प्रकोष्ठ, जिसे आरटीआई सेल कहा जाता है, कार्यरत है। आरटीआई सेल सहायक महा प्रबंधक, विधि विभाग के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करता है, जिन्हें केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है। बैंक ने आरटीआई आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा (अर्थात आवेदन प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर) में निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु क्षेत्रीय प्रबंधकों को

केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में भी नामित किया है। बैंक में कुल 53 सीएपीआईओ कार्यरत हैं।

बैंक ने महा प्रबंधक, विधि विभाग को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया है, जो सीपीआईओ एवं सीएपीआईओ के उत्तर से असंतुष्ट अपीलकर्ताओं द्वारा दायर प्रथम अपीलों का निस्तारण करते हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सूचना प्राप्ति हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत बैंक को कुल **2,097** आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का निस्तारण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सीपीआईओ एवं सीएपीआईओ द्वारा विधिवत किया गया।

सीपीआईओ एवं सीएपीआईओ के उत्तर के विरुद्ध अतिरिक्त जानकारी की मांग करते हुए कुल **310** प्रथम अपीलें प्राप्त हुईं, जिनका निस्तारण प्रथम अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप गुण-दोष के आधार पर उपयुक्त आदेश पारित करते हुए किया गया।

सीपीआईओ/सीएपीआईओ एवं एफएए के उत्तर से असंतुष्ट अपीलकर्ताओं द्वारा माननीय केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी), नई दिल्ली के समक्ष द्वितीय अपीलें दायर की गईं। बैंक को ऐसी द्वितीय अपीलों के संबंध में कुल **28** नोटिस प्राप्त हुए। सभी मामलों में सीपीआईओ/सीएपीआईओ द्वारा प्रभावी रूप से पक्ष प्रस्तुत किया गया तथा सूचना आयुक्त द्वारा गुण-दोष के आधार पर उचित आदेश पारित करते हुए सभी द्वितीय अपीलों का निस्तारण किया गया, जिसमें बैंक के विरुद्ध कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई।

जोखिम प्रबंधन

जोखिम उठाना बैंकिंग व्यवसाय का एक अभिन्न अंग है। बैंक अपनी गतिविधियों में विभिन्न प्रकार के जोखिम उठाते हैं जबकि अपनी जोखिम क्षमता के आधार पर विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान करते हैं। बैंक द्वारा उठाया जाने वाला प्रत्येक लेन-देन बैंक के जोखिम प्रोफाइल को बदलता है। व्यवसाय के सामान्य क्रम में, बैंक को क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम सहित विभिन्न जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य जोखिम लेने की गतिविधि को प्रतिबंधित या रोकना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि जोखिम पूरी जानकारी, स्पष्ट उद्देश्य और समझ के साथ सचेत रूप से लिया जाए ताकि इसे मापा और कम किया जा सके। ऐसे जोखिमों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और अपने जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, बैंक ने विभिन्न जोखिम प्रबंधन उपायों और प्रक्रियाओं को लागू किया है जिसमें नीतियां, टूल्स, तकनीक, निगरानी तंत्र और प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) शामिल हैं।

बैंक का लक्ष्य निरंतर आधार पर जोखिम और रिटर्न के बीच उचित संतुलन प्राप्त करके शेयरधारक मूल्यों को बढ़ाना और अधिकतम करना है। बैंक के जोखिम प्रबंधन उद्देश्यों में मोटे तौर पर बैंक के समग्र जोखिम दर्शन को स्पष्ट करने के उद्देश्य से जोखिमों की उचित पहचान, माप, निगरानी, नियंत्रण और शमन शामिल हैं। बैंक द्वारा अपनाई गई जोखिम प्रबंधन रणनीति जोखिमों की समझ और बैंक की जोखिम क्षमता के स्तर पर आधारित है। जोखिम प्रबंधन से संबंधित विभिन्न नीतियों में जोखिम सीमाओं के निर्धारण के माध्यम से बैंक की जोखिम क्षमता मोटे तौर पर प्रदर्शित होती है।

बैंक ने उचित जोखिम प्रबंधन संगठन संरचना स्थापित की है। बोर्ड की एक उप-समिति, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) गठित की गई है जो बैंक में ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम और अन्य जोखिमों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। इस शासन संरचना का समर्थन करने के लिए, बैंक ने निम्नलिखित आंतरिक प्रबंधन समितियों का गठन किया है:

- **ऋण जोखिम प्रबंधन के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)**
- **परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) एवं बाजार व चलनिधि जोखिम के लिए निधि समिति**
- **परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और उत्पाद/प्रक्रिया जोखिम न्यूनीकरण समिति (पीआरएमसी)**
- **सूचना सुरक्षा व साइबर प्रबंधन के लिए सूचना सुरक्षा समिति।**

बैंक में सर्वोत्तम जोखिम प्रबंधन प्रणालियों और प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए बैंक के केंद्रीय कार्यालय में व्यवसाय विभागों से स्वतंत्र, एक पूर्ण जोखिम प्रबंधन विभाग कार्य कर रहा है। बैंक के मुख्य महा प्रबंधक के पद पर मुख्य जोखिम अधिकारी विभाग (सीआरओ) के प्रभारी हैं, जो बैंक में जोखिम प्रबंधन पर समग्र पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार हैं और सभी आंतरिक जोखिम प्रबंधन समितियों के संयोजक हैं। विशेष रूप से विभागों/जोखिम प्रबंधन में मध्य कार्यालय और सामान्य रूप से अन्य कार्यात्मक शाखाएं भी जोखिम प्रबंधन कार्य करती हैं और नीतियों, जोखिम सीमा ढांचे और आंतरिक अनुमोदन के पालन/अनुपालन की निगरानी करती हैं। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के ऋण जोखिम की देखरेख के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में जोखिम प्रबंधकों को नामित किया गया है। विभिन्न एमआइएस प्रस्तुत करने के लिए जोखिम प्रबंधन विभाग, केंद्रीय कार्यालय के साथ समन्वय करने के अलावा क्षेत्रीय जोखिम प्रबन्धक क्षेत्रीय स्तर की ऋण अनुमोदन समितियों में भाग लेते हैं।

जोखिम को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का मूल दृष्टिकोण इसके उद्भव स्थल पर जोखिम को नियंत्रित करना है। बेसल III

दिशानिर्देश 01.04.2013 से लागू किए गए हैं, और बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार पूँजी बनाए रख रहे हैं। 9% की न्यूनतम पूँजी और 11.50% के समग्र सीआरएआर के साथ 2.5% का पूँजी संरक्षण बफर आरबीआई द्वारा उनके बेसल III में निर्धारित किया गया है।

बेसल- III ढांचा तीन परस्पर सुदृढ़ स्तंभों पर आधारित है।

- स्तंभ I ऋण, बाजार और परिचालन जोखिमों के लिए न्यूनतम पूँजी आवश्यकताएं
- स्तंभ II यह सुनिश्चित करता है कि बैंक के पास अपने व्यवसाय में सभी जोखिमों से निपटने के लिए पर्याप्त पूँजी है
- स्तंभ III विस्तृत प्रकटीकरणों के माध्यम से बाज़ार अनुशासन

बैंक ने दूसरे स्तंभ की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आंतरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आइसीएएपी) पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति लागू की है। आइसीएएपी फ्रेमवर्क पहले स्तंभ के जोखिमों के तहत विनियामक निर्देशों के अलावा बैंक के समक्ष आने वाले सभी महत्वपूर्ण जोखिमों का आकलन करना और निरंतर आधार पर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त पूँजी संरचना सुनिश्चित करना है।

बैंक ने 2 दिसंबर 2013 को जारी आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप एक तनाव परीक्षण ढांचा तैयार किया है। तनाव परीक्षण और परिदृश्य विश्लेषण संभावित कमजोरियों का आकलन करने में मदद करते हैं, विशेषकर आर्थिक दबाव की अवधि में, जब अत्यधिक लेकिन संभाव्य घटनाएँ घटित हो सकती हैं। स्वीकृत नीति और मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, बैंक की बैलेंस शीट और प्रमुख पोर्टफोलियो पर समय-समय पर स्ट्रेस टेस्ट किए जाते हैं। इन परीक्षणों के परिणाम एएलसीओ, आरएमसीबी और बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं।

बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यवसाय निरंतरता योजना (बीसीपी) और आपदा उद्धार योजना लागू है। शून्य डेटा हानि हो इसके लिए 3-वे डेटा केंद्र स्थापित किए गए हैं,

- एमपीएलएस-वीपीएन उच्च बैंडविड्थ कनेक्शन
- विभिन्न वैकल्पिक सेवा / वैकल्पिक प्रदाताओं से दोहरी कनेक्टिविटी
- शाखाओं के लिए वैकल्पिक मीडिया स्थापित की गई है

फ़ायरवॉल और घुसपैठ का पता लगाने वाले सिस्टम लागू किए गए हैं। सुधारात्मक कदम उठाने के लिए सूचना सुरक्षा घटनाओं की निगरानी और विश्लेषण करने के लिए सूचना सुरक्षा विभाग द्वारा एक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया गया है। आवधिक सूचना प्रणाली ऑडिट किए जाते हैं, और त्रैमासिक आधार पर नियमित आपदा पुनर्प्राप्ति अभ्यास आयोजित किए जाते हैं। नेटवर्क सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जाता है बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किए गए आवधिक भेद्यता मूल्यांकन और पैठ परीक्षण (वीएपीटी) अभ्यासों के माध्यम से, जो आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं

बैंक ने एकीकृत एएलएम और चलनिधि जोखिम प्रबंधन प्रणाली क्रय की है, जो बाज़ार जोखिम, चलनिधि जोखिम और बेसल पूँजी गणना को कवर करती है। यह प्रणाली बेसल III ढाँचे के अंतर्गत परिकल्पित उन्नत दृष्टिकोणों को अपनाने को सक्षम बनाती है।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्च 2013 से, एवं 21 अप्रैल 2025 को जारी संशोधित दिशानिर्देश (1 अप्रैल 2026 से प्रभावी) प्रभावी चलनिधि जोखिम प्रबंधन पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देश में विभिन्न आवृत्तियों पर अलग-अलग देशीय परिचालन और विदेशी परिचालन सहित समेकित बैंक परिचालन की तैयारी और प्रस्तुति शामिल है। बैंक ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में इस संबंध में प्रणाली और प्रक्रिया लागू की है।

आरबीआई ने संभावित नकदी व्यवधानों के प्रति बैंकों की अल्पकालिक आघात-सहनीयता सुनिश्चित करने के लिए चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) की शुरुआत की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बैंक के पास 30 दिनों तक चलने वाले तीव्र तनाव परिदृश्य से बचने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) हो। बैंक के लिए 1 जनवरी 2019 से प्रभावी आरबीआई के दिशानिर्देशों में निर्धारित न्यूनतम एलसीआर आवश्यकता 100% है। बैंक न्यूनतम निर्धारित स्तरों से काफी ऊपर एलसीआर बनाए रख रहा है।

आरबीआई ने बैंकों की लंबी अवधि में आघात-सहनीयता बढ़ाने के लिए निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर) की शुरुआत की है, 1 अक्टूबर 2021 से प्रभावी आरबीआई के दिशानिर्देशों में निर्धारित न्यूनतम एनएसएफआर आवश्यकता 100% है। बैंक नियामकीय सीमा से ऊपर एनएसएफआर बनाए रखता है, जो मुख्यतः खुदरा और छोटे व्यवसायों की जमाओं से बनी स्थिर निधि आधार द्वारा समर्थित है।

17 फरवरी 2023 को जारी आरबीआई के गवर्नेंस, मापन और आईआरआरबीबी के प्रबंधन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की गणना करता है। इक्विटी के आर्थिक मूल्य (ईवीई) और निवल ब्याज आय (एनआइआइ) पर संभावित प्रभाव को मापा जाता है और आरबीआई को रिपोर्ट किया जाता है। बैंक का आईआरआरबीबी जोखिम अनुमोदित सहनशीलता सीमाओं के भीतर ही रहता है और इसे निरंतर आधार पर निगरानी की जाती है।

बेसल III ने एक सरल, पारदर्शी और गैर-जोखिम आधारित लीवरेज अनुपात शुरु किया है, जिसे जोखिम आधारित पूँजी आवश्यकता के लिए एक विश्वसनीय पूरक उपाय के रूप में कार्य करने के लिए कैलिब्रेट किया गया है। बैंक जून 2015 को समाप्त तिमाही से लीवरेज अनुपात पर

नियामक आवश्यकता का अनुपालन कर रहा है और तिमाही आधार पर आरबीआई को रिपोर्ट कर रहा है।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत में बेसल III पूँजी विनियमों के कार्यान्वयन पर दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिन्हें 1 अप्रैल 2013 से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, इसके तहत बैंकों को 30 जून 2013 को समाप्त तिमाही से बेसल III पूँजी अनुपात का प्रकटीकरण करना होगा। बैंक इसका अनुपालन कर रहे हैं।

बेसल-III ढांचे का तीसरा स्तंभ बाजार अनुप्रशासन से संबंधित है। बाजार अनुप्रशासन का उद्देश्य स्तंभ 1 के तहत विस्तृत न्यूनतम पूँजी आवश्यकताओं और स्तंभ 2 के तहत विस्तृत पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया का पूरक बनना है। इस संदर्भ में और आरबीआई के मार्गदर्शन में बैंक में जोखिम प्रबंधन के संबंध में डीएफ 1 से 11 (संलग्न) में प्रकटीकरण (गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों) का एक सेट प्रकाशित किया गया है, जो बाजार सहभागियों को (ए) आवेदन के दायरे (डीएफ-1), (बी) पूँजी पर्याप्तता (डीएफ-2), (सी) ऋण जोखिम: सभी बैंकों के लिए सामान्य प्रकटीकरण (डीएफ-3), (डी) ऋण जोखिम: मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन पोर्टफोलियो के लिए प्रकटीकरण (डीएफ-4), (ई) ऋण जोखिम शमन: मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण (डीएफ-5), (एफ) प्रतिभूतिकरण जोखिम: मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण (डीएफ-6), (जी) काउंटर पार्टी क्रेडिट जोखिम से संबंधित एक्सपोजर के लिए सामान्य प्रकटीकरण (डीएफ-10), (के) पूँजी की संरचना (डीएफ (11), लेखांकन परिसंपत्तियां बनाम लीवरेज अनुपात जोखिम उपाय (डीएफ 17) और लीवरेज अनुपात सामान्य प्रकटीकरण टेम्पलेट (डीएफ-18) की सारांश तुलना है। यह बाज़ार सहभागियों को आवश्यक जानकारी भी प्रदान करेगा ताकि वे विभिन्न मानकों पर बैंक के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर सकें।

बैंक सतत बैंकिंग प्रथाओं को मजबूत करने तथा अपने रणनीतिक और जोखिम प्रबंधन ढांचे में पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) संबंधी विचारों के एकीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

बैंकिंग क्षेत्र पर प्रभाव डालने वाले एक महत्वपूर्ण और उभरते जोखिम के रूप में जलवायु जोखिम को पहचानते हुए, बैंक ने जलवायु जोखिम प्रबंधन एवं वित्तपोषित उत्सर्जन के आकलन हेतु एक संरचित दृष्टिकोण अपनाया है। इसी दिशा में, बैंक ने एक विशेषीकृत प्रणाली खरीदी है, जो वर्तमान में कार्यान्वयन के चरण में है और जिसमें पूरे पोर्टफोलियो की जलवायु जोखिम तथा वित्तपोषित उत्सर्जनों को मापने की क्षमता उपलब्ध है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने कार्बन लेखांकन वित्त के लिए साझेदारी (पीसीएएफ) द्वारा निर्धारित कार्यप्रणाली के अनुरूप वित्तपोषित उत्सर्जनों का मापन प्रारंभ किया। वैश्विक स्तर पर स्वीकृत उत्सर्जन लेखांकन मानकों को अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक कार्बन लेखांकन वित्त के लिए साझेदारी (पीसीएएफ) पर हस्ताक्षर करने का गौरव प्राप्त किया है।

बैंक ने सीईडीए उत्सर्जन कारक (सीईडीए ईएफ) का उपयोग करते हुए वित्तपोषित उत्सर्जन की गणना प्रारंभ कर दी है, और इस पद्धति तथा इसके परिणामों का आंतरिक सत्यापन और परिष्करण किया जा रहा है। जैसे ही पीसीएएफ द्वारा सीईडीए उत्सर्जन कारकों का आरबीआई बेसिक स्टैटिस्टिकल रिटर्न (बीएसआर) कोड्स के साथ मानचित्रण पूरा होगा, बैंक अपनी पद्धति को मानकीकृत करने और विकसित होती नियामकीय तथा वैश्विक प्रकटीकरण अपेक्षाओं के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से वित्तपोषित उत्सर्जन का प्रकटीकरण करने की इच्छा रखता है।

क्रेडिट जोखिम आकलन में ईएसजी एकीकरण को सुदृढ़ करने के हिस्से के रूप में, बैंक ने ₹50 करोड़ और उससे अधिक के कुल ऋण जोखिम वाले सभी उधारकर्ताओं के लिए क्रेडिट मूल्यांकन प्रक्रिया में ईएसजी स्कोरकार्ड को एक अनिवार्य घटक के रूप में लागू किया है। ईएसजी स्कोरकार्ड ढांचा यह सुनिश्चित करता है कि बड़े क्रेडिट प्रस्तावों का मूल्यांकन केवल पारंपरिक वित्तीय और व्यावसायिक मानकों पर ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) आयामों पर भी किया जाए, जो दीर्घकालिक उधारकर्ता की लचीलापन, स्थिरता, प्रतिष्ठा और ऋण-योग्यता का आकलन करने में तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

साथ ही, बैंक ने सतत वित्तीय पहलों को समर्थन देने और ग्रीन बिल्डिंग वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के अनुरूप, बैंक ने "आइओबी हरित शुभगृह" योजना शुरू की है, जिसके तहत ग्रीन होम्स के लिए वित्तपोषण किया जाता है, जिससे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ आवास परियोजनाओं और ग्रीन बिल्डिंग प्रथाओं को अपनाने को प्रोत्साहन मिलता है।

बैंक के उद्यम-व्यापी जोखिम गवर्नेंस और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को सुदृढ़ करने के प्रयासों को बाहरी सम्मान भी प्राप्त हुआ है । वर्ष के दौरान, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक को जोखिम प्रबंधन में अपनी पहलों के लिए प्रतिष्ठित एसकेओसीएच पुरस्कार प्लेटिनम श्रेणी में प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त, बैंक को उद्यम जोखिम प्रबंधन के लिए आइएसओ 31000:2018 प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो सुदृढ जोखिम गवर्नेंस, संरचित जोखिम प्रबंधन प्रथाओं और जोखिम निगरानी तंत्र में निरंतर सुधार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ऋण निगरानी

बैंक ने एसएमए खातों की अनुवर्ती कार्रवाई और वसूली तथा ऋण की गहन निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियां क्रियान्वित की हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्लिपेज़ को न्यूनतम संभव स्तर पर रखा जा सके।

खातों की प्रभावी निगरानी के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान लागू किए गए उपाय:

बैंक ने बढ़ती हुए स्लिपेज के संभावित जोखिम को दूर करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं,

- **प्रत्येक माह काफी पहले ही महीने के लिए एसएमए और संभावित स्लिपेज रिपोर्टें ऑनलाइन** उपलब्ध करा दी जाती है तथा शाखाओं/क्षेत्रीय कार्यालयों/केंद्रीय कार्यालयों द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई के लिए दैनिक आधार पर अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाती है।

- एसएमए उधारकर्ताओं को नियमित अंतराल पर **एसएमएस अलर्ट** भेजे जाते हैं, जो उन्हें बकाया राशि के चुकौती का स्मरण दिलाते हैं।

- 15 दिनों के भीतर टेलीफोन पर अनुवर्ती कार्रवाई का जवाब नहीं देने वाले एसएमए उधारकर्ता के पास **वैयक्तिक रुप से दौरा** किया जाता है ।

- रुपये 50 लाख और उससे अधिक बकाया वाले **एसएमए खातों** की केन्द्रीय कार्यालय में जीएम समिति द्वारा **मासिक आधार पर समीक्षा** की जा रही है ।

- विदेशी शाखाओं के एसएमए खातों की भी मासिक आधार पर जीएम समिति द्वारा समीक्षा की जाती है।

- **सिस्टम द्वारा पत्र** भेजने की सुविधा (अतिदेय राशि का उल्लेख तथा शीघ्र नियमितीकरण का अनुरोध करते हुए) को क्षेत्रीय कार्यालयों तथा शाखाओं के लिए सक्षम कर दिया गया है।

- खुदरा ऋण और एमएसएमई के एसएमए/संभावित स्लिपेज खातों में अनुवर्तन और वसूली के लिए **आउटबाउंड कॉल सेंटर** की सेवाएं भी ली जाती हैं । कॉल के अलावा **वॉयस ब्लास्ट** सुविधा का उपयोग अतिदेय उधारकर्ताओं को पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश भेजने के लिए भी किया जाता है, जिससे उन्हें जल्द से जल्द अपना बकाया चुकाने की याद दिलाई जाती है।

- वेब ऐप और मोबाइल ऐप 01.07.2024 को लॉन्च किया गया है और इन ऐप के ज़रिए शाखाओं/आरओ द्वारा एसएमए खातों का अनुवर्तन किया जा रहा है। शाखाओं/आरओ द्वारा अनुवर्तन के लिए एसएमए डेटा को दैनिक आधार पर अद्यतित किया जा रहा है।

बैंक ने 30.10.2025 को **स्टॉक और बही ऋण विवरण** अपलोड करने के लिए एक **ऑनलाइन पोर्टल** शुरू किया है, जिससे ग्राहकों/उधारकर्ताओं द्वारा डिजिटल विवरणों का तेज़ी से प्रस्तुतिकरण संभव हो गया है।

बैंक उपर्युक्त उपायों को अपनाकर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान स्लिपेज को नियंत्रित करने में सक्षम रहा और एसएमए की वसूली और नियमितीकरण को बढ़ाया गया है।

ऋण समीक्षा तंत्र

- **स्टॉक लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं** को उन सभी खातों के लिए सुदृढ़ किया गया है जिनमें ₹5 करोड़ और उससे अधिक की कार्यशील पूँजी (निधि आधारित और गैर-निधि आधारित दोनों) बकाया है । स्टॉक लेखा-परीक्षा समीक्षा नोट केंद्रीय कार्यालय में जीएम समिति के समक्ष रखे जा रहे हैं और समिति की टिप्पणियों को क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखाओं को सूचित किया जा रहा है।

- **विशेष निगरानी (एएसएम) के लिए एजेंसी** बैंक द्वारा उन खातों के लिए आबंटित की जाती है जहां क्रेडिट वर्टिकल्स ने मंजूरी में विभागों द्वारा एएसएम की नियुक्ति अनुबद्ध की गई है। रिपोर्टें केंद्रीय कार्यालय में महा प्रबंधक समिति के समक्ष रखी जा रही हैं तथा समिति की टिप्पणियों को उचित अनुपालन हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखाओं को सूचित किया जा रहा है।

- देशीय खातों के लिए रुपये 50.00 लाख और उससे अधिक के एक्सपोज़र वाले खातों और विदेशी खातों के लिए रुपये 1.00 करोड़ और उससे अधिक के एक्सपोज़र वाले खातों के लिए **क्रेडिट अनुपालन लेखा-परीक्षा** की जा रही है। लेखा-परीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है। अनुपालन के स्तर के अनुसार खाते को निम्न/मध्यम/उच्च के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। अनुपालन को सुदृढ़ करने और कमियों को दूर करने के लिए खातावार सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

- **पूर्व चेतावनी संकेत (ईडब्ल्यूएस):** बैंक के पास एक सुदृढ़ ईडब्ल्यूएस समाधान है। यह समाधान रुपये 3.00 करोड़ या उससे अधिक (निधि और गैर-निधि आधारित दोनों) के एक्सपोज़र वाले गैर-खुदरा खातों और रुपये 50.00 लाख और उससे अधिक एक्सपोज़र वाले खुदरा खातों को कवर करता है, चाहे उधार व्यवस्था कुछ भी हो।

अनुपालन

अनुपालन प्रबंधन को किसी भी कॉरपोरेट इकाई की कॉरपोरेट गवर्नेंस संरचना और सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन अभ्यास के प्रमुख तत्वों में से एक माना जाता है।

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एक सुव्यवस्थित अनुपालन नीति बनाई है और अनुपालन कार्यों के प्रबंधन हेतु प्रणालियाँ एवं प्रक्रियाएँ स्थापित की हैं। नियामकीय दिशानिर्देशों पर आवश्यक परिपत्र/निर्देश समय-समय पर जारी किए जा रहे हैं ।

मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के नेतृत्व में अनुपालन विभाग सीधे प्रबंध निदेशक व सीईओ, बोर्ड और बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) को रिपोर्ट करता है, विभिन्न नीतियों की स्वीकृति तथा शासन बैठकों में प्रभावी रूप से भाग लेते हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान, अनुपालन विभाग ने विभिन्न क्षेत्रीय स्तरों पर अनुपालन के स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। अनुपालन विभाग ने नए पहल भी किए हैं और मौजूदा अनुपालन टूल्स का विकास भी किया है।

समग्र अनुपालन स्तर बोर्ड/बोर्ड की ऑडिट समिति को प्रस्तुत किया जाता है। अनुपालन कार्य का वार्षिक समीक्षा और शाखाओं के अनुपालन स्तर में सुधार हेतु किए गए उपाय भी बोर्ड की ऑडिट समिति को प्रस्तुत किए जाते हैं।

बैंक ने अपने इंट्रानेट पर 'नॉलेज मैनेजमेंट टूल' नामक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया है, जहाँ आरबीआई, सेबी आदि जैसे विभिन्न नियामकों के सभी विनियम और दिशानिर्देश एक ही स्थान पर देखे जा सकते हैं।

अनुपालन संस्कृति को कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रकार के संचार और संवाद के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। बैंक ने भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आइआइबीएफ) के सहयोग से **अनुपालन पर एक विशेष पाठ्यक्रम शुरू** किया है, जो हमारे कर्मचारियों को अनुपालन आवश्यकताओं का गहन ज्ञान प्रदान करता है और उन्हें निरंतर बदलते नियामकीय वातावरण में आगे बनाए रखता है।

बैंक की अनुपालन नवाचार और शासन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को हमारे बैंक द्वारा शुरू किए गए अभिनव प्रोजेक्ट **'कॉम्प्लायंस एपेक्सियन'** के लिए प्रतिष्ठित **स्कॉच अवार्ड** से सम्मानित किया गया ।

निरीक्षण व लेखापरीक्षा

बैंक का निरीक्षण और आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग परिचालन उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का आधारस्तंभ बना हुआ है, जो नियामकीय अनुपालन, जोखिम न्यूनीकरण और आंतरिक नियंत्रण ढाँचे को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य करता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बैंक ने तीन प्रमुख दायित्वों पर ध्यान केंद्रित किया: भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और अन्य वैधानिक निकायों के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना; जोखिम प्रबंधन प्रोटोकॉल की दृढ़ता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना; तथा बैंक की समग्र परिचालन दक्षता और हितधारकों के विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए रणनीतिक अवसरों की पहचान करना।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रमुख गतिविधियों की मुख्य विशेषताएं

वर्ग	उद्देश्य	प्रमुख गतिविधियां एवं मुख्य बिन्दु	प्रभाव/महत्व
समग्र अधिदेश	विनियमक अनुपालन सुनिश्चित करना, जोखिम प्रबंधन को मजबूत करना	बैंक ने अपनी एक स्वतंत्र आश्वासन तंत्र के रूप में कार्य किया, जो बैंक की परिचालन दृढ़ता और शासन मानकों की सक्रिय रूप से निगरानी करता है ।	विभाग ने एक मजबूत और अनुपालक बैंकिंग वातावरण बनाने में योगदान दिया, सम्पत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और हितधारकों के विश्वास को सुदृढ किया
जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआइए)	विस्तृत जोखिम आधारित लेखा परीक्षा	सभी नियोजित और अनुमोदित शाखाओं को निर्धारित समय - सीमा के भीतर शामिल करते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आरबीआइए योजना का 100% क्रियान्वयन किया ।	जोखिम प्रोफ़ाइल का विस्तृत मूल्यांकन सक्षम किया गया, जिससे पूरे नेटवर्क में संभावित कमजोरियों का समय पर न्यूनीकरण सुनिश्चित हुआ।

वर्ग	उद्देश्य	प्रमुख गतिविधियां एवं मुख्य बिन्दु	प्रभाव/महत्व
ऑफसाइट निगरानी इकाई (ओएमयू)	प्रारम्भिक जोखिम पहचानने में वृद्धि और उसे कम करना ।	उन्नत विश्लेषण और नियंत्रण-उन्मुख अपवाद रिपोर्टिंग के माध्यम से सुदृढ़ किया गया, ताकि सक्रिय पर्यवेक्षण में सुधार हो सके	उभरते जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और उनका समाधान करने की इकाई की क्षमता में सुधार हुआ है। जोखिम प्रबंधन के प्रति अधिक गतिशील और अग्रगामी दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाना, जो विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप हो।
वर्ग	उद्देश्य	प्रमुख गतिविधियां एवं अंश	प्रभाव/महत्व
ऑफसाइट कंट्रोल एंड सर्विलेंस (ओसीएएस)	लेखापरीक्षा के निरीक्षण बिन्दुओं के अनुपालन में सुधार करना	मुख्य नियंत्रण क्षेत्रों और स्थायी टिप्पणियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ऑडिट पैकेज में संशोधन और डैशबोर्ड में सुधार लागू किए गए।	लेखापरीक्षा अनुशंसाओं के अनुपालन में वृद्धि से बैंक परिचालन में अधिक मजबूत नियंत्रण वातावरण को बढ़ावा मिला
प्रबंधन लेखापरीक्षा	प्रबंधन कार्यों की दक्षता एवं प्रभावशीलता का आकलन करना	प्रबंधन लेखापरीक्षा विभिन्न कार्य क्षेत्रों में संचालित की गई, जिसमें 50 क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय कार्यालय के 42 विभागों, 7 नोडल लेखापरीक्षा कार्यालयों एवं 1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल है।	प्रबंधन प्रथाओं की प्रभावशीलता पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की गई, जिससे समग्र संचालन दक्षता एवं रणनीतिक समन्वयन को बढ़ाने के लिए लक्षित सुधार संभव हो सके ।
समवर्ती लेखापरीक्षा	लेन - देन की वास्तविक समय में निगरानी	749 शाखाओं को शामिल किया गया, जो कुल जमा राशि का 50% और कुल अग्रिमों का 60% दर्शाती हैं।	निरंतर नियंत्रण/निगरानी प्रदान की गई, जिससे पूरे नेटवर्क में अनियमितताओं का शीघ्र पता लगाना और समाधान संभव हुआ।
आइएस लेखापरीक्षा	आइटी प्रणालियों की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करना	सभी आईएस ऑडिट पूरे किए गए; नियामकीय आईटी परीक्षाओं से प्राप्त टिप्पणियों का समाधान किया गया; और आउटसोर्सिंग व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए रूपरेखा लागू की गई।	संभावित साइबर खतरों को कम किया गया और डेटा सुरक्षा को सुदृढ़ किया गया। आउटसोर्स की गई प्रौद्योगिकी सेवाओं पर जवाबदेही और गवर्नेंस को बेहतर बनाया गया।
आंतरिक वित्तीय नियंत्रण आइएफसीओएफआर	वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता सुनिश्चित की गई।	एससीए द्वारा वार्षिक प्रमाणीकरण सक्षम करने के लिए शाखाओं, क्षे.का., के.का. और सिस्टम पर आंतरिक आइएफसीओएफआर का नियंत्रण परीक्षण किया गया।	वित्तीय विवरणों की सटीकता और अखंडता को एक पारदर्शी और सत्यापन योग्य ऑडिट ट्रेल के माध्यम से सुनिश्चित किया गया

आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की उपलब्धि:

- **विस्तृत लेखापरीक्षा कवरेज:** आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य ने सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व विस्तृत लेखापरीक्षा कवरेज के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाई, जिससे मजबूत जोखिम प्रबंधन और नियामकीय अनुपालन सुनिश्चित हुआ।

- **सक्रिय जोखिम प्रबंधन:** ओएमयू और विश्लेषण-आधारित निगरानी टूल्स में महत्वपूर्ण सुधार एक फ़ॉरवर्ड-लुकिंग ऑडिट दृष्टिकोण की ओर बदलाव को दर्शाते हैं, जो जोखिमों को उनके वास्तविक रूप लेने से पहले ही पहचानने में सक्षम बनाता है।

- **सुदृढ़ नियंत्रण वातावरण:** कार्यपालक लेखा परीक्षा समिति (एसीई) और क्षेत्रीय ऑडिट समिति (आरएसीई) के माध्यम से बैंक ने उच्च-स्तरीय पर्यवेक्षण बनाए रखा, जिसमें वित्तीय वर्ष के दौरान एसीई की बैठकें **11 बार** आयोजित की गईं, जो नियामकीय मानकों से अधिक थीं ।

- **प्रौद्योगिकी और साइबर दृढ़ता:** आउटसोर्सिंग निगरानी रूपरेखा के सफल एकीकरण और आईएस ऑडिट की पूर्णता बैंक की डिजिटल अवसंरचना को विकसित होते खतरों से सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

- **अनुपालन संस्कृति की स्थिरता:** मार्च 2026 तक की प्रदर्शन समीक्षा ने पुष्टि की कि समग्र नियंत्रण वातावरण स्थिर बना रहा, उच्च-जोखिम शाखाओं को नगण्य स्तर पर रखा गया और ऑडिट अनियमितताओं को अनुमत समयसीमा के भीतर बंद कर दिया गया।

निरीक्षण और ऑडिट कार्य की मजबूत प्रदर्शन ने गवर्नेंस को सुदृढ़ करने और जोखिम प्रबंधन में सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आगे बढ़ते हुए, बैंक उन्नत डेटा विश्लेषण और प्रौद्योगिकी-आधारित पर्यवेक्षण को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि बदलते वैश्विक बैंकिंग परिदृश्य के साथ तालमेल बनाए रखा जा सके।

सतर्कता

वर्ष 2025-26 के दौरान " कारोबार पहले, सतर्कता निवारक हमेशा की " थीम के साथ , बैंक ने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सतर्कता निवारक और सतर्कता अनुशासनात्मक मामलों के त्वरित निपटान के लिए विभिन्न प्रभावी कदम उठाना जारी रखा है ।

1. **निवारक सतर्कता गतिविधियाँ :** वर्ष 2025-26 के दौरान निम्नलिखित सतर्कता निवारक की पहल गई:

    1. वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, डीएफएस, सीवीसी, आरबीआई, सीबीआई और अन्य विभिन्न स्रोतों से कुल 219 शिकायतें प्राप्त हुईं। जहां कहीं भी सतर्कता में ओवरटोन देखी गई, ऐसी शिकायतों को सीवीसी द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अंदर तार्किक ढंग से समाप्त किया गया और इस समय कोई भी शिकायत 3 महीने से अधिक लंबित वाली नहीं है।

    2. बैंक ने 24 सीटीई प्रकार के निरीक्षणों की जांच की है और सूचना प्रौद्योगिकी, सामान्य प्रशासन विभाग और अनुषंगी आरआरबी ओडिशा ग्रामीण बैंक द्वारा रखे गए विभिन्न खरीद आदेशों/सेवा आदेशों की जांच की है ।

    3. विभिन्न मामलों पर विषयगत निरीक्षणों की एक शृंखला, अभियान अवधि के दौरान स्वीकृत आवास ऋणों का सत्यापन, उच्च अग्रिम विकास करने वाली शाखाएँ, अनुपालन स्तर आदि की जांच के लिए सतर्कता विभाग द्वारा वर्ष के दौरान औचक निरीक्षण आदि आयोजित किए गए ।

    4. जमीनी स्तर पर सतर्कता तंत्र का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सीवीओ/अधिकारी ने वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के 16 क्षेत्रों एवं ओडिशा ग्रामीण बैंक (ओजीबी) का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सतर्कता निवारक के महत्व के बारे में वेबेक्स/वीडियो कॉन्फ्रेंस पर क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों, चुनिंदा शाखा प्रमुखों और कुछ शाखाओं को इसकी संवेदनशीलता से अवगत करवाया।

    5. वित्तीय वर्ष 2025-16 के दौरान, वीएडब्ल्यू 2025 के आयोजन के क्रम में शाखाओं/क्षे.का. के अधिकारियों के लिए पूरे भारत में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिस्टम/प्रक्रियाओं और अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त, बैंक के अधिकारियों के साथ-साथ कुछ आरवीओ का नामांकन सीवीसी/विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न सतर्कता प्रशिक्षण कार्ययक्रमों के लिए भी किया गया, जिन्होंने वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला है। उक्त अवधि के दौरान कुल 3920 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया ।

2. **पूर्वानुमानित सतर्कता**: वर्ष 2025-26 के लिए सभी उच्च और मध्यम जोखिम वाली शाखाओं की के.का निरीक्षण रिपोर्ट, ऑडिट रिपोर्ट की वास्तविक समय के आधार पर जांच की गई और सतर्कता दृष्टिकोण से घटनाओं का संज्ञान बैंक द्वारा उचित कार्रवाई के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया एवं जांच की गई रिपोर्ट का विवरण निम्नवत है:

    - वर्ष 2025-26 के दौरान 4132 समवर्ती लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच की गई ।
    - वर्ष 2025-26 के दौरान 3045 केंद्रीय कार्यालय निरीक्षण रिपोर्ट की जांच की गई ।
    - वर्ष 2025-26 के दौरान 1313 सांविधिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की जांच की गयी।
    - वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 29330 कर्मचारियों को ऋण, पासपोर्ट, विदेश यात्रा, प्रथम पंक्ति की तैनाती आदि के लिए मंजूरी/स्थिति उपलब्ध कारवाई गई।
    - 177 एसएसी फाइलों की जांच की गयी।
    - 47 धोखाधड़ी फाइलों की जांच की गयी।

3. **दंडात्मक सतर्कता:** बैंक द्वारा अनुशासनात्मक मामलों के निपटान के लिए उठाए गए प्रभावी कदमों के कारण, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सतर्कता मामलों और गैर-सतर्कता मामलों के निपटान में कमी आयी है। 31.03.2026 तक विभिन्न स्तरों पर केवल 77 सतर्कता मामले प्रक्रियाधीन हैं और उसमें से 35 मामले के लिए चार्जशीट जारी किए गए थे और शेष 45 मामले के लिए चार्जशीट जारी करने की प्रक्रिया सी-डैक द्वारा प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा 36 महीने से अधिक समय वाला कोई भी मामला लंबित नहीं है । दिनांक 31.03.2026 को कुल निलंबन प्रकरणों की संख्या 14 है। साथ ही, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 66 मामले एबीबीएफएफ को भेजे गए थे, जिनमें से 11 मामलों पर विचार-विमर्श किया गया और उसका निष्कर्ष निकाला गया। शेष 55 मामलों पर आगे विचार-विमर्श के लिए प्रक्रियाधीन है।

4. **सहभागी सतर्कता:** सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर आयोग का संदेश "**सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी**" सभी शाखाओं, देश के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय द्वारा अच्छे से अपनाया गया। ईमानदार और पारदर्शी बने रहने के लिए तथा हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, हितधारकों और आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सतर्कता विभाग ने विभिन्न आंतरिक और आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया है। अभियान अवधि के दौरान क्षमता निर्माण, प्रणालीगत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन, परिपत्र/दिशानिर्देशों/ मैनुअल का अद्यतन, 30.06.2025 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान गतिशील डिजिटल उपस्थिती पर विशेष ध्यान और व्यापक प्रचार किया गया । हमने आम तौर पर आम जनता को भ्रष्टाचार उन्मूलन और सत्यनिष्ठा को गले लगाने के लिए प्रेरित किया।

संगठन के भीतर आयोजित गतिविधियों/कार्यक्रमों का सार:

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडबल्यू) –27.10.2025 से 02.11.2025 तक केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों और दिशानिर्देशों के अनुसार मनाया गया । सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2025 के दौरान बैंक द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई ।

आंतरिक सतर्कता जागरूकता गतिविधियां:

ए. सामूहिक प्रतिज्ञा: 27 अक्टूबर 2025 को सामूहिक प्रतिज्ञा केंद्रीय कार्यालय, चेन्नै में पूर्वाह्न 11:00 बजे लिया गया, जिसमें प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने कार्यपालक निदेशकों, मुख्य सतर्कता अधिकारी, महा प्रबंधकों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में अंग्रेजी में शपथ दिलाई। हिन्दी में शपथ मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री राजीव कुमार द्वारा दिलवायी गयी। इसी तरह, पूरे भारत में शाखाओं और प्रशासनिक कार्यालयों के सभी कर्मचारियों ने एक ही समय में शपथ ली ।

बी. ई-सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा: समय 16 अगस्त 2025 से 15 नवंबर 2025 तक, 1,37,882 से अधिक ग्राहकों ने हमारे साथ खाता खोलते पूरे भारत में हमारी शाखाओं के माध्यम से सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा ली।

सी. ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता: बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों के लिए **15 अक्टूबर, 2025 से 19 अक्टूबर 2025** तक एक अखिल भारतीय ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी:

डी. कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता: 6 अक्टूबर, 2025 से 18 अक्टूबर, 2025 तक बैंक के सभी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से **सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ई. धोखाधड़ी की रोकथाम पर सेमिनार: 29 अक्टूबर 2025 को, पूरे भारत में डॉ. संदीप मित्तल, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी), साइबर अपराध शाखा, तमिलनाडु को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करके एक वेबिनार का आयोजन किया गया था। भारत के सभी क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी और क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखाओं के अन्य स्टाफ सदस्यों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

वीएडब्ल्यू 2025 के दौरान सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में संगोष्ठियों व कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीआई, पुलिस आदि की प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रित किया गया।

एफ.आइओबी विजिल (त्रैमासिक पत्रिका) का सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 विशेष संस्करण का प्रकाशन: सतर्कता विभाग ने सतर्कता निवारक गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए त्रैमासिक गृह पत्रिका आइओबी विजिल का सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 विशेष संस्करण प्रकाशित किया, जो कार्य प्रोफ़ाइल के सभी स्टाफ सदस्यों के लिए सहायक होगी।

जी. सतर्क आइओबियनों को पुरस्कार एवं सम्मान: 16.08.2024 से 15.08.2025 की अवधि के दौरान बैंक को धोखाधड़ी/हानि से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी कर्मचारियों के लिए पुरस्कार एवं मान्यता हेतु विशेष अभियान शुरू किया गया। अभियान अवधि के दौरान 04 कर्मचारियों को पुरस्कार और प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।

ii. आउटरीच गतिविधियाँ :

1. **स्काई विज्ञापन**: 27 अक्टूबर, 2025 को एमडी, ईडी व सीवीओ द्वारा केंद्रीय कार्यालय तथा स्टाफ कॉलेज भवन के छत पर तमिल और अंग्रेजी में वीएडब्ल्यू थीम तथा आइओबी के लोगो के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की थीम पर एक स्काई विज्ञापन बलून 40 फीट ऊंचा लगाया गया ।

2. **एअर विज्ञापन**: सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वीएडब्ल्यू 2025 थीम पर तैयारी की गई जिंगल्स को 7 दिन (27.10.2025 से 02.11.2025 तक) रेडियो चैनलों (बिग एफएम, रेडियो सिटी और रेडियो मिर्ची) पर अंग्रेजी व तमिल में प्रसाारित की गई ।

3. **सीवीओ का रेडियो साक्षात्कार**: मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का **पाँच** मिनट (300 सेकंड) का साक्षात्कार 30 – 30 सेकंड के दस भागों में विभाजित कर 02.11.2025 को रेडियो में प्रसारित किया गया ।

4. **स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम**: देश भर में वीएडब्ल्यू गतिविधियों में 253 स्कूलों में 19561 छात्र और 64 कॉलेजों में 4986 छात्रों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह में भााग लिया और सामूहिक शपथ ली। इन स्कूलों में आशुभाषण, वाद-विवाद, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए ।

5. **जागरूकता ग्राम-सभाएँ :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान देश भर में 12838 लोगों को शामिल करते हुए 512 ग्रामसभाएं आयोजित की गई और सामूहिक शपथ ली गई ।

6. **संगोष्ठी/कार्यशालाएँ** : देश भर में वीएडब्ल्यू गतिविधियों पर कुल 66 संगोष्ठी/कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें लगभग 3491 लोगों ने भाग लिया और सामूहिक प्रतिज्ञा ली ।

7. **वॉकथॉन**: चेन्नै के मेट्रो और गैर-मेट्रो क्षेत्रीय कार्यालय ने केंद्रीय कार्यालय के सहयोग से 25.10.2025 को बेसेंट नगर बीच-चेन्नै में एक मेगा वॉकथॉन का आयोजन किया।

सूचना प्रौद्योगिकी

वर्ष के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने बैंक भर में स्वचालन, प्रणाली एकीकरण, डिजिटल सक्षमता, नियामकीय अनुपालन और परिचालन दक्षता में वृद्धि को लक्षित करते हुए कई रणनीतिक पहलें कीं। लागू की गई प्रमुख पहलों का सारांश निम्नलिखित है:

कोर बैंकिंग आधुनिकीकरण:

पिछले कुछ वर्षों में बैंक ने अपनी कोर बैंकिंग समाधान को सुदृढ़ करने हेतु सचेत रूप से निवेश किया है, ताकि उच्च प्रसंस्करण क्षमता, मिडलवेयर इंटीग्रेशन लेयर्स, डिजिटल चैनल रिडंडेंसी और आपदा पुनर्प्राप्ति तत्परता सुनिश्चित की जा सके। हमारी वर्तमान संरचना केवल मौजूदा लेन-देन मात्रा के लिए ही नहीं, बल्कि खुदरा और डिजिटल वृद्धि से अपेक्षित उल्लेखनीय रूप से अधिक लेन-देन तीव्रता को संभालने के लिए भी डिज़ाइन की गई है।

डेटा सेंटर आधुनिकीकरण:

बैंक ने अब सफलतापूर्वक अपने परिचालन को एक अत्याधुनिक डेटा सेंटर में स्थानांतरित कर लिया है, जिसे सुरक्षित, विश्वसनीय और भविष्य-उन्मुख डिजिटल अवसंरचना प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह परिवर्तन बैंक की इस प्रतिबद्धता पर बल देता है कि वह निर्बाध बैंकिंग सेवाएँ , उन्नत परिचालन आघात सहनीयता और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करे।

प्राइवेट क्लाउड ट्रांसफ़ॉर्मेशन:

बैंक ने अपने निजी क्लाउड प्लेटफ़ॉर्म आइओबी मेघाद्रि को उन्नत करके अपनी डिजिटल अवसंरचना को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं और बैंक के विस्तृत होते डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन किया जा सके। यह उन्नत प्लेटफ़ॉर्म अधिक विस्तार क्षमता, लचीलापन और परिचालन दक्षता प्रदान करता है, जिससे डिजिटल सेवाओं की तेज़ तैनाती और विभिन्न चैनलों पर बेहतर ग्राहक अनुभव संभव हो पाता है।

उन्नत कंप्यूटिंग क्षमताओं और भविष्य-उन्मुख अवसंरचना के साथ, यह प्लेटफ़ॉर्म बैंक की नवाचार पहलों का समर्थन करेगा, जिनमें उन्नत विश्लेषण और एआई-आधारित सेवाएँ शामिल हैं, साथ ही सुरक्षित, निर्बाध और निरंतर परिचालन सुनिश्चित करेगा। यह आधुनिकीकरण परिचालन चपलता और लागत दक्षता को भी बेहतर बनाता है, जिससे बैंक की विश्वसनीय, प्रौद्योगिकी-आधारित बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने और दीर्घकालिक डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन यात्रा को तेज़ करने की प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

विकसित होती व्यावसायिक आवश्यकताओं को समर्थन देने के लिए निर्मित यह डेटा सेंटर उच्च उपलब्धता, विस्तार क्षमता और व्यवसाय निरंतरता सुनिश्चित करता है, जिससे बैंक के दीर्घकालिक डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन और विकास की रणनीति के लिए एक मजबूत आधार तैयार होता है।

जन सुरक्षा नवीनीकरण स्वचालन एवं एपीआई एकीकरण:

जन सुरक्षा योजनाओं का नवीनीकरण और मिलान सुदृढ़ एपीआई एकीकरण के माध्यम से स्वचालित किया गया, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप में उल्लेखनीय कमी आई और प्रीमियम प्रसंस्करण की सटीकता तथा विभिन्न प्रणालियों में डेटा का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित हुआ।

निवा बूपा सुपर टॉप अप इंश्योरेंस एकीकरण (आइएनएसपीआरएम):

नए स्वास्थ्य बीमा सुपर टॉप अप उत्पादों को कोर प्रणालियों के साथ एकीकृत किया गया, जिससे प्रीमियम की स्वचालित डेबिटिंग और सरल नामांकन संभव हुआ। इससे ग्राहकों का शीघ्र ऑनबोर्डिंग हुआ और परिचालन दक्षता में सुधार हुआ।

ट्रेडस – बिलों का स्वचालित वसूली:

प्रणाली एकीकरण के माध्यम से ट्रेडस बिलों का स्वचालित प्रस्तुतिकरण और निस्तारण सक्षम किया गया, जिससे प्रसंस्करण समय कम हुआ, मैनुअल हस्तक्षेप समाप्त हुआ और सटीकता एवं दक्षता में वृद्धि हुई।

राष्ट्रीय बचत सावधि जमा योजना (एनएससीटीडी):

सरकार समर्थित राष्ट्रीय बचत सावधि जमा योजना को प्रणाली में सक्षम किया गया, जिससे ग्राहकों को सुरक्षित निवेश विकल्प उपलब्ध हुए जो लागू सुनिश्चित रिटर्न के साथ-साथ कर लाभ भी प्रदान करते हैं।

राष्ट्रीय बचत आवर्ती जमा योजना (एनएसआरडी):

राष्ट्रीय बचत आवर्ती जमा योजना शुरू की गई, जिससे ग्राहकों को नियमित अंशदान के माध्यम से बचत कराने का अवसर मिला, साथ ही लचीले किस्त विकल्प भी उपलब्ध कराए गए।

जीएसटी चालान अपलोड प्रणाली:

भुगतान से जुड़ी अनिवार्य जीएसटी चालान अपलोड व्यवस्था लागू की गई, जिससे वैधानिक जीएसटी अनुपालन सुनिश्चित हुआ और पात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट की हानि रोकी जा सकी।

एनएससीसीएल से लिंक्ड ई-एफडीआर योजना:

संपार्श्विक प्रबंधन हेतु नियंत्रित इलेक्ट्रॉनिक सावधि जमा (ई-एफडीआर) योजना शुरू की गई, जिसमें प्रणाली सत्यापन, धारणाधिकार मार्किंग और एनएससीसीएल के साथ निर्बाध एकीकरण शामिल है।

दिव्यांगजन स्टाफ हेतु ईज़ सर्वेक्षण:

कार्यस्थल की सुगमता पर दिव्यांगजन स्टाफ से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए एक विशेष सर्वेक्षण मॉड्यूल लागू किया गया, जिससे अवसंरचना और सुविधाओं में सुधार संभव हुआ।

ई-नीलामी क्यूआर कोड जेनरेटर:

संपत्ति नीलामी सूचीकरण हेतु एक क्यूआर कोड जनरेटिंग टूल विकसित किया गया, जिससे 'स्कैन और व्यू' की त्वरित सुविधा उपलब्ध हुई और हितधारकों के लिए पारदर्शिता तथा सूचना तक पहुँच की सुगमता में सुधार हुआ।

सीआरईडबल्यूआइएन – क्रेडिट कार्ड कैनवसिंग टूल:

क्रेविन, एक डिजिटल क्रेडिट कार्ड कैनवसिंग प्लेटफ़ॉर्म लागू किया गया, जिससे संरचित ग्राहक ऑनबोर्डिंग संभव हुआ, सहमति प्राप्ति, बिल्ट इन वेलिडेशन और ऑडिट-तैयार ट्रैकिंग तंत्र सुनिश्चित हुए।

मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट (एमएनआरएल) सत्यापन:

मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट (एमएनआरएल) के प्रति प्रणाली स्तर पर सत्यापन शुरू किया गया, जिससे जोखिमपूर्ण मोबाइल नंबरों को चिन्हित किया जा सके और ग्राहक डेटा अद्यतन के दौरान समुचित सावधानी लागू की जा सके।

किसान एवं ऋण वर्गीकरण संवर्धन:

स्वचालित किसान श्रेणीकरण और गतिविधि मानचित्रण के माध्यम से कृषि ऋण वर्गीकरण को सुदृढ़ किया गया, जिससे एमआईएस की सटीकता में सुधार हुआ और नियामकीय रिपोर्टिंग बेहतर हुई।

ट्रेड्स बिल वसूली का स्वचालित सत्यापन:

एनएसीएच क्रेडिट डेटा का उपयोग करके बिलों की पहचान, वसूली और सत्यापन को स्वचालित करने हेतु ट्रेड्स एकीकरण को और उन्नत किया गया, जिससे मैनुअल सत्यापन प्रयासों में कमी आई और डेटा की सटीकता में सुधार हुआ।

निवा बूपा सुपर टॉप अप बीमा का एकीकरण :

नई स्वास्थ्य बीमा सुपर टॉप अप योजना को कोर बैंकिंग प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया जिससे प्रीमियम की स्वचालित कटौती तथा नामांकन प्रक्रिया का सरलीकरण संभव हुआ, इससे ग्राहकों को तीव्रता से जोड़ने में सुविधा हुई तथा परिचालन दक्षता में सुधार हुआ ।

एपीआई के माध्यम से निवा बूपा एसएचजी नामांकन:

नई स्वास्थ्य बीमा सुपर टॉप उप उत्पाद के साथ कोर पद्धति स्वत किस्त डेबिट समर्थित और सरलीकृत पंजीयन एकीकृत है, जिससे डेटा का स्वतः भरण और त्वरित पॉलिसी जनरेशन संभव हुआ।

अन्य बैंक खातों में एफडी ब्याज जमा:

अन्य बैंकों में रखे खातों में मीयादी जमा (एफडी) ब्याज क्रेडिट करने की सुविधा उचित सत्यापन नियंत्रणों के साथ सक्षम की गई, जिससे ग्राहक सुविधा बढ़ी और मैनुअल प्रसंस्करण न्यूनतम हुआ।

डिजिटल बैंकिंग:

समकालीन बैंकिंग परिदृश्य में, निर्बाध डिजिटल एकीकरण और वास्तविक समय पर आधारित डेटा-प्रेरित समाधान श्रेष्ठ ग्राहक अनुभव के मानक बन गए हैं। इण्डियन ओवरसीज़ बैंक अपने ग्राहकों को हर संपर्क बिंदु पर सहज और निर्बाध बैंकिंग का आनंद दिलाने हेतु विश्वस्तरीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर दृढ़ है।

हमारे वैकल्पिक वितरण चैनलों (एडीसी 'यों) का सुदृढ़ नेटवर्क हमारी 24/7 सेवा उपलब्धता की रीढ़ है, जो पारंपरिक ईंट-गारे आधारित बैंकिंग की सीमाओं से परे है। यह डिजिटल कोर उच्च-प्रौद्योगिकी एटीएम और कैश रीसाइक्लरों की विस्तृत शृंखला द्वारा समर्थित है, जिसे बहु-कार्यात्मक कियॉस्क और उच्च मांग वाली सेवाओं के एक समूह द्वारा पूरक किया गया है, जिनमें शामिल हैं:

- **नेक्स्ट-जेन प्लेटफ़ॉर्म:** उन्नत इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग इंटरफेस।
- **त्वरित भुगतान:** एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस और भीम आइओबी यूपीआई ऐप के माध्यम से निर्बाध भुगतान।
- **मर्चेंट समाधान:** उन्नत पीओएस पारिस्थितिकी तंत्र, वॉयस-आधारित क्यूआर तकनीक और आइओबी पे।
- **गतिशीलता एवं लॉजिस्टिक्स**: फास्टैग और डिजिटल ट्रांज़िट समाधानों का एकीकरण किया गया। हमारे बैंक ने विशेष रूप से ट्रांज़िट उद्देश्यों के लिए मोबाइल ऐप – आइओबी यात्रा भी लॉन्च किया।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक अपने 'डिजिटल-फर्स्ट' दर्शन के माध्यम से बैंकिंग नवाचार और व्यवसायिक विस्तार को नई दिशा देने में अग्रणी रहा है। हमने उन्नत डू-इट-योरसेल्फ (डीआइवाई) प्रक्रियाओं के जरिए ग्राहक जीवनचक्र को सफलतापूर्वक स्वचालित किया है, जिससे तत्काल खाता खोलना, डिजिटल ऋण सुविधा, तथा क्रेडिट कार्ड और पैरा-बैंकिंग सेवाओं की रियल-टाइम स्वीकृति संभव हो पाई है।

बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अपनी चल रही डिजिटल यात्रा को एक नए उच्च स्तर तक पहुंचाया है और आगामी वित्त 2026-27 में भी इसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है । हमारा ध्यान उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके ग्राहक सहभागिता को घनिष्ठ करने, डिजिटल ऑनबोर्डिंग को अनुकूलित करने और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि आइओबी भारत की डिजिटल बैंकिंग क्रांति के अग्रणी मोर्चे पर बना रहे।

बैंक द्वारा प्रदान प्रदत्त विभिन्न डिजिटल बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं का सारांश इस प्रकार है:

बैंक की एटीएम, कैश रिसाइक्लर और पासबुक कियॉस्क सेवाएं:

31.03.2026 तक बैंक के पास कुल 3651 कैश मैनेजमेंट मशीनों का नेटवर्क है, जिनमें 805 एटीएम और 2846 कैश रिसाइक्लर शामिल हैं। इन मशीनों में से 2916 ऑनसाइट स्थित है, जबकि शेष 735 ऑफसाइट स्थित है । बैंक सुनिश्चित करता है कि उसके सभी एटीएम और कैश रिसाइकलरों में पर्याप्त नकदी उपलब्ध हो, ताकि ग्राहकों को 24x7 निरंतर एटीएम सेवाएँ मिलती रहे ।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1200 नए मल्टीफंक्शनल कियोस्क और 600 नए कैश रीसाइक्लर स्थापित किए। पासबुक कियोस्क पर कई अतिरिक्त गैर-वित्तीय सेवाएँ लागू की गईं, जिससे वे बहु-कार्यात्मक बन गए। पासबुक प्रिंटिंग के अलावा, ग्राहक इन कियोस्क का उपयोग बैलेंस इन्क्वायरी, मिनी स्टेटमेंट, ईमेल के माध्यम से अकाउंट स्टेटमेंट, सामान्य खाता जानकारी, बचत बैंक खाता जानकारी, चालू खाता जानकारी, सावधि जमा खाता जानकारी, ऋण खाता जानकारी, डेबिट कार्ड और चेकबुक अनुरोध सेवाओं आदि के लिए भी कर सकते हैं।

कॉरपोरेट वेबसाइट:

बैंक ने अपने 90वें स्थापना दिवस 10.02.2026 पर नया कॉरपोरेट वेबसाइट लॉन्च किया। इस नए वेबसाइट में उच्च गुणवत्ता वाला यूज़र इंटरफ़ेस और यूज़र एक्सपीरियंस है तथा त्वरित प्रतिक्रिया और बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया गया है।

डेबिट एवं प्रीपेड कार्ड्स:

- एटीएम, पीओएस मशीनों और ऑनलाइन माध्यम से वित्तीय लेन-देन करने के लिए डेबिट कार्ड एक प्रमुख माध्यम है।
- ग्राहकों की अनिश्चितताओं को पूरा करने के लिए, बैंक रुपे, वीज़ा और मास्टरकार्ड ब्रांडों के तहत दस से अधिक विभिन्न प्रकार उपलब्ध है।
- कार्ड के प्रत्येक प्रकार को विशिष्ट ग्राहक वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कार्ड के प्रकारों

में क्लासिक, गोल्ड, प्लैटिनम, सिग्नेचर, सेलेक्ट आदि शामिल है। सभी प्रकार के कार्ड एनसीएमसी सक्षम एनएफसी कार्ड हैं।

- सरकारी योजना से संबंधित विशिष्ट कार्ड जैसे पीएमजेडीवाई कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि भी ग्राहक के लिए उपलब्ध हैं ।
- इंस्टा कार्ड (ग्राहक के नाम के बिना) और वैयक्तिकृत कार्ड (ग्राहक के नाम के साथ) दोनों ग्राहकों की पसंद के अनुसार उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- उपयोग में आसानी के लिए ग्राहकों द्वारा डेबिट कार्ड का स्व-सक्रियण, विभिन्न चैनलों के माध्यम से ग्रीन पिन जेनरेशन (पीएमजेडीवाई, केसीसी, एनआरओ सहित सभी प्रकार के कार्डों के लिए) के माध्यम से पिन बदला जा सकता है।
- इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, आइओबी वेबसाइट, संपर्क केंद्र और बैंक की शाखाओं के माध्यम से कार्ड धारकों के लिए विभिन्न स्वयं-सेवा सुविधाएं जैसे ई-कॉम को सक्षम/अक्षम करना, अंतरराष्ट्रीय लेन-देन को सक्षम/अक्षम करना, विभिन्न प्रकार के लेनदेन के लिए अलग-अलग कार्ड सीमा निर्धारित करना, डेबिट कार्ड को ब्लॉक के सुविधा उपलब्ध है ।
- फ़ाइल पर कार्ड (टोकनीकरण) सक्षम है।
- संपर्क रहित लेन-देन के लिए रुपे की नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सुविधाा के साथ कार्ड जारी किए जाते हैं ।
- कार्ड धारकों को नेट बैंकिंग और आइओबी एटीएम के माध्यम से कार्ड सक्रिय करने की सुविधा प्रदान की गई है ।
- ग्रीन पिन पीएमजेडीवाई/केसीसी/एनआरओ/एनआरई और इंस्टा कार्ड ग्राहकों सहित सभी प्रकार के खातों के लिए सक्षम है ।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने मास्टरकार्ड के दो नए वेरिएंट — मास्टर प्लेटिनम और वर्ल्ड — पेश किए।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने एक नए प्रीपेड कार्ड सेवा प्रदाता को ऑनबोर्ड किया और चेन्नै मेट्रो तथा मद्रास ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बसों में केवल ट्रांज़िट हेतु नो केवाईसी एनसीएमसी कार्ड जारी करना शुरू किया।
- बैंक ने आइओबी ईसीओ योजना के अंतर्गत पर्यावरण-अनुकूल डेबिट कार्ड और दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए ब्रेल डेबिट कार्ड पेश किए।
- एटीएम के माध्यम से फरगॉट पिन और री-केवाईसी की सुविधा लागू की गई।
- ग्राहक शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु यूडीआइआर को लागू किया गया।
- हमारे बैंक ने वीज़ा ब्रांड के अंतर्गत बिज़नेस कार्ड लॉन्च किया।

क्रेडिट कार्ड

- क्रेडिट कार्ड वित्तीय लेन-देन करने का एक प्रमुख साधन है, जिसका उपयोग पीओएस मशीनों, ऑनलाइन लेन-देन और एटीएम नकद निकासी में किया जाता है।
- बैंक रूपे और वीज़ा प्रकार के क्रेडिट कार्ड जारी करता है, जिनमें क्लासिक, प्लेटिनम, सिग्नेचर और सेलेक्ट वेरिएंट शामिल हैं।
- बैंक अब प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट कार्ड और फिक्स्ड डिपॉज़िट समर्थित क्रेडिट कार्ड ग्राहक सेल्फ-ऑनबोर्डिंग के माध्यम से जारी कर रहा है।
- फिक्स्ड डिपॉज़िट के प्रति सह-ब्रांडेड सुरक्षित क्रेडिट कार्ड का निर्गम किया गया है।
- अब कार्ड ग्राहकों के पते पर भेजे जाते हैं और कार्ड सक्रियण एसएमएस के माध्यम से किया जा सकता है।
- रूपे क्रेडिट कार्ड के लिए यूपीआई पर ऐड-ऑन कार्ड की सुविधा सक्षम की गई है।
- बैंक अब पीएम-स्वनिधि क्रेडिट कार्ड भी जारी कर रहा है।

मोबाइल बैंकिंग:

- आइओबी मोबाइल बैंकिंग ऐप उपयोगकर्ता के अनुकूल और व्यापक एमबी ऐप्स में से एक है ।
- यह एंड्रॉयड और आइओएस दोनों उपकरणों में उपलब्ध है ।
- उत्पाद में सभी उन्नत विशेषताएं हैं, जैसे:

  ए) शाखा में आए बिना स्व-पंजीकरण

  बी) बढ़ी हुई सुरक्षा और पहुंच के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/ फेस रिकग्निशन (आइओएस) का उपयोग करके लॉग इन करें ।

  सी) सक्रिय डेबिट कार्ड विवरण या आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से एम-पिन सेट करें।

  डी) व्यापक फंड ट्रांसफर मॉड्यूल लागू किया गया है, जो सभी चैनलों को कवर करता है — इंट्रा बैंक, आइएमपीएस,

एनईएफटी और आरटीजीएस, जिसमें लाभार्थी जोड़ने के लिए 'कूलिंग पीरियड' भी शामिल है ।

ई) 360° यूपीआई सुविधा लागू की गई है, जिसमें कलेक्ट रिक्वेस्ट और यूपीआई लाइट शामिल हैं।

एफ) ग्राहक अपने अन्य बैंक खातों को जोड़कर खाता विवरण और लेन-देन देख सकते हैं।

जी) आरडी और ऋण खातों के लिए स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन/ऑटो पेमेंट सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

एच) इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के बीच आदाता सिंक करने की सुविधा सक्षम की गई है।

आई) डेबिट कार्ड के लिए आवेदन, रिप्लेसमेंट, अपग्रेड, प्रबंधन, नया पिन सेट/रीसेट और पुराना पिन बदलने की सुविधा उपलब्ध है।

जे) एएसबीए – आईपीओ आवेदन की सुविधा लागू की गई है, जिसमें ग्राहक अपने लगाए गए आइपीओ को देख और वापस ले सकते हैं।

के) ऋण पुनर्भुगतान और व्यापक बिल भुगतान विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं।

एल) क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान और क्रेडिट कार्ड एसडीके इंटीग्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

एम) पीएमजेजेबीवाई/पीएमएसबीवाई बीमा नामांकन की सुविधा शुरू की गई है।

एन) एमपासबुक सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से ग्राहक खाता विवरण देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

ओ) जमा खातों का खोलना, बंद करना और नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

पी) 444 दिनों की अवधि सहित जमा खोलना, नवीनीकरण, प्री-क्लोज़र और क्लोज़र की सुविधा दी गई है।

क्यू) ग्राहक अपने खातों से संबंधित सभी विवरण जनरेट कर सकते हैं।

आर) एईपीएस लेन-देन को सक्षम/अक्षम करने की सुविधा उपलब्ध है।

एस) मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन अब 11 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

टी) मोबाइल बैंकिंग के साथ स्केन एंड पे सुविधा एकीकृत की गई है।

यू) शिकायत और धोखाधड़ी रिपोर्टिंग की सुविधा उपलब्ध है।

वी) स्वयं संचालित बचत बैंक खातों में नामिनी जोड़ने और नामिनी विवरण देखने की सुविधा दी गई है।

डबल्यू) स्टेप-अप आरडी खोलने की सुविधा उपलब्ध है।

एक्स) पीपीएफ, एपीवाई, पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई जैसी सरकारी योजनाएँ खोलने की सुविधा दी गई है।

वाई) आइओबी सुरक्षा ऑनबोर्डिंग की सुविधा शुरू की गई है।

ज़ेड) ग्राहक अपने पसंदीदा स्टोर पर कपड़े, एक्सेसरीज़, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और बहुत कुछ खरीद सकते हैं, साथ ही अतिरिक्त रिवार्ड पॉइंट्स भी प्राप्त कर सकते हैं।

इंटरनेट बैंकिंग

वर्तमान में हमारा बैंक अत्याधुनिक इंटरनेट बैंकिंग सुविधाओं की ओर माइग्रेशन चरण में है, जो ग्राहकों को निर्बाध अनुभव प्रदान करती हैं।

- जिसकी प्रमुख विशेषताएं हैं, बैलेंस पूछताछ, लेनदेन विवरण, एनईएफटी/आरटीजीएस/आइएमपीएस आदि का उपयोग करके फंड ट्रांसफर, ऑनलाइन टैक्स और यूटिलिटी बिल भुगतान, बिल भुगतान, प्रीपेड कार्ड का टॉप अप और क्रेडिट कार्ड भुगतान करना ।
- इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन 10 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है ।
- जमा राशि पर डिमांड ऋण प्राप्त करने की सुविधा।
- इंटरनेट बैंकिंग में सिंगापुर के लिए विदेशी जावक प्रेषण सक्षम ।
- शाखा में जाए बिना पीपीएफ खाता खोलें ।
- डेबिट कार्ड (खुदरा) के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण और स्व-सक्रियण।
- जमाओं को खोलना/बंद करना/उनका नवीनीकरण करना।
- अपने डेबिट कार्ड को ब्लॉक/अनब्लॉक/अपग्रेड/ग्रीन पिन सेट करें/अधिकतम सीमा बदलें ।
- एनपीएस, एसजीबी, पीपीएफ आदि सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन करें/स्थिति देखें।

- खुदरा और कॉरपोरेट दोनों के लिए आइपीओ (आरंभिक सार्वजनिक पेशकश) के लिए आवेदन करें ।
- ई-स्टेटमेंट, जमा/ऋण ब्याज प्रमाणपत्र आदि डाउनलोड करें ।
- एइपीएस सक्षम/अक्षम करें ।
- नेट बैंकिंग के माध्यम से वीएएन आइडी (मेरा नाम ही मेरी खाता संख्या) में निधि अंतरण ट्रांसफर करें।

भीम आइओबी यूपीआई

- बैंक ने वर्ष 2016 में अपना भीम आइओबी यूपीआइ ऐप शुरू किया।
- बैंक ने भीम आइओबी यूपीआइ (2017 में यूपीआइ 1.0 और 2021 में यूपीआइ 2.0 के साथ) लॉन्च किया ।
- वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक ने भीम आइओबी यूपीआइ ऐप के अभिन्न अंग के रूप में यूपीआइ लाइट ऐप पेश किया; यूपीआइ लाइट ऐप का उपयोग करके ग्राहक तुरंत 1000 रुपये तक का प्रति भुगतान बिना यूपीआइ पिन के कर सकते हैं।
- संशोधित भीम आइओबी यूपीआइ एप्लिकेशन को सरलीकृत यूजर इंटरफेस और बेहतर डिजिटल अनुभव के साथ अप्रैल 2024 में लॉन्च किया गया ।
- यूपीआइ आइडी, खाता संख्या और आइएफएससी का उपयोग करके और किसी भी क्यूआर कोड को स्कैन करके भुगतान करें ।
- यूपीआइ नंबर कार्य क्षमता वाले किसी भी मोबाइल नंबर से भुगतान करें।
- राशि प्राप्त करने के लिए रिक्वेस्ट मनी सुविधा का उपयोग करें।
- आवर्ती भुगतान के लिए यूपीआइ स्थायी निर्देश देने की सुविधा ।
- डेबिट कार्ड या आधार कार्ड का उपयोग करके यूपीआइ पिन सेट/रीसेट करें।
- एकाधिक खातों के मामले में स्व-अंतरण सुविधा ।
- तेजी से भुगतान के लिए आदाता जोड़ें।
- व्यापारी की दैनिक गतिविधियों को सरल बनाने के लिए 2023 में बहुभाषी साउंड बॉक्स सुविधा और आइओबी यूपीआइ व्यापार एप्लिकेशन लॉन्च किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू की गई नई सुविधाएँ और उन्नयन:

- यूपीआई वित्तीय लेन-देन को अपग्रेडेड यूपीआई इशूअर स्विच वर्ज़न 4.0 पर माइग्रेट किया गया।
- यूपीआई पर क्रेडिट लाइन को इश्यूअर के रूप में शुरू किया गया।
- मुंबई मेट्रो लाइन 1 के 12 स्टेशनों पर यूपीआई मर्चेंट क्यू कोड लाइव किए गए।
- मुंबई मेट्रो के लिए आइओबी यात्रा मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया।
- आइओबी कनेक्ट ऐप में रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई पर एक्वायर के रूप में सक्षम किया गया।
- आइओएस उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत सुविधाओं के साथ आइओबी यूपीआई व्यापर एप्लिकेशन लॉन्च किया गया।
- यूपीआई के माध्यम से एनसीपीसी प्रीपेड कार्ड रिचार्ज की सुविधा शुरू की गई।
- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 उत्पादों के पायलट लॉन्च में साझेदारी की गई।
- कई संस्थाओं के साथ डायनेमिक/स्टैटिक क्यूआर का एकीकरण किया गया।

आरटीजीएस/एनईएफ़टी

- ग्राहक और इंटर बैंक लेन-देन के लिए उपलब्ध है।
- ग्राहक मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से एनईएफटी चैनल और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एनईएफटी और आरटीजीएस का लाभ उठा सकते हैं।
- एनईएफटी और आरटीजीएस चैनल 24 X 7 कार्यरत है।
- बचत खाता ग्राहक के लिए ऑनलाइन मोड (अर्थात इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग) के माध्यम से शुरू किए गए

एनईएफटी लेन-देन के लिए एनईएफटी को शुल्क रहित कर दिया गया है।

आइओबी पे

- यह एक एकीकृत ऑनलाइन भुगतान प्रणाली है जो शुल्क भुगतान, मर्चेंट भुगतान, धर्मार्थ संस्थानों के लिए दान आदि प्रदान करती है। यह हमारे बैंक के मर्चेंट ग्राहकों के लिए भुगतान एकत्र करने का एक आसान और प्रभावी तरीका है।
- सेवाएँ एकीकृत एग्रीगेटर्स के साथ देशीय विकसित उत्पादों के माध्यम से/सीधे पीजी एग्रीगेटर्स के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।
- बैंक ने हाल ही में हमारे बैंक के व्यापारी ग्राहकों को भुगतान गेटवे प्रदान करने के लिए ईओआइ प्रक्रिया के माध्यम से 10 (दस) पीजी एग्रीगेटर्स को सूचीबद्ध किया है। इससे बैंक को कॉरपोरेट मर्चेंट को वेबसाइट/बिना वेबसाइट के अनुकूलित मोबाइल एप्लिकेशन/ईआरपी आदि प्रदान करके उद्योग मानक भुगतान गेटवे समाधान प्रदान करने में मदद मिलेगी ।
- 31.03.2026 तक आइओबी पे के लिए 1717 व्यापारियों को ऑनबोर्ड किया गया है और वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 30 शीर्ष सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को बैंक द्वारा आइओबी पे के लिए ऑनबोर्ड किया गया है। इनमें देश के विभिन्न राज्यों से ग्रेटर चेन्नै कॉरपोरेशन, भारत सरकार का आइसीईजीएटीई पोर्टल, भारत सरकार का जीएसटी पोर्टल, भारत सरकार का सीबीडीटी पोर्टल, लखनऊ विकास प्राधिकरण, पुणे महानगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण आदि शामिल हैं।
- बैंक कई अन्य डिजिटल बैंकिंग भुगतान समाधान भी प्रदान करता है, जैसे प्वाइंट ऑफ सेल्स मशीन (पीओएस), नए ग्राहकों को रेडी टू यूज़ क्यूआर कोड के माध्यम से क्यूआर कोड सक्षम भुगतान, वॉयस मैसेज आधारित क्यूआर कोड हैंडसेट, राजमार्ग टोल के लिए प्रीपेड स्टिकर के लिए आइओबी फास्टैग के मध्यम से शुल्क भुगतान आदि ।

समग्र डिजिटल पैठ:

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, कुल मिलाकर 98.38% लेन-देन डिजिटल चैनलों के माध्यम से संपन्न हुए। साथ ही, डिजिटल लेन-देन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 28% बढ़े हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियाँ :

1. नया उपयोगकर्ता-अनुकूल, व्यापक एवं यूपीआई समर्थित मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन –आइओबी कनेक्ट एंड्रॉइड और आइओएस दोनों में लॉन्च किया गया।
2. अत्याधुनिक कॉरपोरेट वेबसाइट का शुभारंभ किया गया।
3. ग्राहक सुविधा को बढ़ाने हेतु 1200 बहु-कार्यात्मक कियोस्क स्थापित किए गए, जिनमें पासबुक प्रिंटिंग, स्टेटमेंट अनुरोध, डेबिट कार्ड सेवाएँ, चेकबुक सेवाएँ आदि जैसी विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं।
4. साथ ही, विभिन्न स्थानों पर नए कैश रीसाइक्लर्स स्थापित करके हमारे एटीएम नेटवर्क को और सुदृढ किया गया।
5. ग्राहक सुविधा के लिए क्रेडिट कार्ड एप्लिकेशन में नए डीआइवाई जर्नी लॉन्च किए गए।
6. एनसीएमसी श्रेणी के अंतर्गत ट्रांज़िट प्रीपेड कार्ड पेश किया गया।

आगे की डिजिटली राह:

वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत मौजूदा उत्पादों की कार्यक्षमताओं के उन्नयन से होगी, ताकि हमारे वैकल्पिक वितरण चैनलों के ग्राहकों को नई और आकर्षक सेवाएँ प्रदान की जा सकें।

बैंक यूपीआई एक्वायर स्विच पर अपग्रेड करने, भीम आइओबी यूपीआई और आइओबी यूपीआई व्यापार एप्लिकेशन के नए और उन्नत संस्करण लॉन्च करने तथा यूपीआई के साथ पीए/पीजी इंटीग्रेशन की योजना बना रहा है।

इस वर्ष आइओबी कनेक्ट मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन कॉरपोरेट मोबाइल बैंकिंग को भी सपोर्ट करेगा।

ग्राहकों की सुविधा के लिए इस वर्ष भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अतिरिक्त 1069 कैश रीसाइक्लर और 450 पासबुक कियोस्क स्थापित किए जाएंगे।

बैंक प्रीपेड कार्ड समाधान को और बेहतर बनाएगा, जिसके अंतर्गत ग्राहकों को पूर्ण केवाईसी वाले प्रीपेड कार्ड वर्तमान नो केवाईसी कार्ड के अतिरिक्त भी जारी किए जा सकेंगे, । बैंक ने कई फिनटेक कंपनियों के साथ एकीकरण किया है ताकि सुरक्षित क्रेडिट कार्ड ऑनबोर्डिंग यात्राएँ प्रदान की जा सकें और क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को अधिक ऑफ़र उपलब्ध कराए जा सकें।

बैंक के कुल आईटी बजट में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा डिजिटल भुगतान समाधानों में निर्बाध अनुभव प्रदान करने और विभिन्न शाखा उत्पादों के डिजिटलीकरण के लिए निर्धारित किया गया है। चूँकि डिजिटल अनुभव ग्राहकों के विश्वास और आत्मविश्वास के साथ होना चाहिए, इसलिए डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा में निरंतर अनुसंधान एवं विकास किया जाएगा और इस संबंध में आवश्यक पूँजी और राजस्व निवेश भी किए जाएंगे।

उद्यम डेटा प्रबंधन

दिसम्बर 2024 में, बैंक में एक नया विभाग उद्यम डाटा प्रबंधन के रूप में स्थापित किया, जो आइबीए परिचालन समिति की सिफारिशों के अनुरूप और बैंक की डेटा गवर्नेंस नीति के अनुपालन में की गई। इस विभाग को डेटा प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने और डेटा प्रबंधन पहलों के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए कार्यप्रणालियाँ प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, ईडीएमडी बैंक में डेटा प्रबंधन मानकों को लागू करने, उनका पालन सुनिश्चित करने और उन्हें सुगम बनाने के लिए उत्तरदायी है।

उद्यम डेटा प्रबंधन विभाग (ईडीएम) विभाग ने अप्रैल–मई 2025 में परिचालन प्रारंभ किया। इसे बैंक के डेटा को 25 पहचाने गए मानकों पर शुद्ध करने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया, जिन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है: ग्राहक, जमा और ऋण । 31 मई 2025 तक लंबित अभिलेखों की कुल संख्या 46.73 लाख थी। इस पहल का समर्थन करने के लिए, ईडीएमडी ने मेसर्स बॉस्टर कंसल्टिंग ग्रुप के सहयोग से एक समर्पित डेटा क्वालिटी इंडेक्स (डीक्यूआई) यूटिलिटी विकसित की, जिसके बाद इसे बैंक के आइओबी ऑनलाइन में अपलोड किया गया।

सभी शाखा और क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) उपयोगकर्ताओं को डीक्यूआई यूटिलिटी तक पहुँचने के लिए वैयक्तिक लॉगिन प्रदान किए गए। शाखाओं द्वारा सुधार हेतु कुल 46.73 लाख अभिलेख पोर्टल पर अपलोड किए गए। वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंत तक, अर्थात् 31 मार्च 2026 तक, लंबित अभिलेखों में से 99.25% का सफलतापूर्वक सुधार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक के समग्र डेटा गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

बैंक की डेटा गवर्नेंस नीति के संरक्षक के रूप में, एंटरप्राइज डेटा मैनेजमेंट विभाग (ईडीएमडी) इसके कार्यान्वयन को सुगम बनाता है और उपयोगकर्ता विभागों, आईटी विभाग, निरीक्षण विभाग तथा सूचना सुरक्षा विभाग जैसे प्रमुख हितधारकों के सहयोग से अनुपालन सुनिश्चित करता है। डेटा गवर्नेंस की निगरानी और पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने के लिए एक बहु-स्तरीय समिति संरचना स्थापित की गई है, जिसमें **क्षेत्रीय स्तर डेटा गवर्नेंस समिति (आरएलडीजीसी)** क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्रीय प्रमुखों द्वारा संचालित होती है, **केंद्रीय कार्यालय स्तरीय डेटा गवर्नेंस समिति (एसएलसीडीजीसी)** केंद्रीय कार्यालय में वरिष्ठतम जीएम–क्रेडिट वर्टिकल द्वारा संचालित होती है और **शीर्ष स्तर डेटा गवर्नेंस समिति (एलडीजीसी)** शीर्ष स्तर पर कार्यपालक निदेशक द्वारा संचालित होती है। इन समितियों की बैठकें नीति ढांचे के अनुसार क्रमशः मासिक, द्वि-मासिक और त्रैमासिक रूप से आयोजित की जाती हैं। यह संरचित गवर्नेंस तंत्र बैंक के डेटा गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने में सहायक सिद्ध हुआ है।

सूचना सुरक्षा

- बोर्ड द्वारा अनुमोदित सूचना सुरक्षा नीति, साइबर सुरक्षा नीति, डिजिटल भुगतान सुरक्षा नियंत्रण नीति, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन नीति, साइबर संकट प्रबंधन योजना, व्यवसाय निरंतरता योजना और आपदा पुनर्प्राप्ति योजना लागू है।
- बैंक का सूचना सुरक्षा विभाग आईएसओ 27001:2022 से प्रमाणित है जो सूचना सुरक्षा सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए एक मान्य मानक है।
- बैंक ने पीसीआई-डीएसएस 4.0 प्रमाणन प्राप्त किया है। पीसीआई डीएसएस का अर्थ है भुगतान कार्ड उद्योग डेटा सुरक्षा मानक। यह सुरक्षा मानकों का एक सेट है जिसे कार्डधारकों के भुगतान कार्ड डेटा की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है और भुगतान कार्ड डेटा को संसाधित, संग्रहीत या संचारित करने वाले संगठनों द्वारा कार्डधारक की जानकारी के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करता है।
- अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों के साथ निवारक और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए सूचना सुरक्षा घटनाओं की निगरानी और विश्लेषण करने के लिए एक सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) 24*7*365 दिन संचालित रहता है।
- उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक तिमाही में नियमित डीआर अभ्यास आयोजित किए जा रहे हैं।
- बैंक ने ग्राहकों, कर्मचारियों और वेंडर्स के लाभ के लिए बैंक की वेबसाइट, आंतरिक परिपत्रों, पोस्टरों, एसएमएस, एटीएम कियॉस्क, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और सोशल मीडिया हैंडल (फेसबुक, ट्विटर आदि) के माध्यम से शैक्षणिक शृंखलाओं के माध्यम से सुरक्षा जागरूकता का प्रसार किया है।
- बैंक ने ग्राहक, कर्मचारियों और वेंडर्स के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए बैंक की वेबसाइट, सोशल मीडिया खातों जैसे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि में साइबर सुरक्षा जागरूकता वीडियो भी अपलोड किए हैं।
- बैंक ने सभी स्टाफ सदस्यों और तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं को साइबर सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण दिया है।
- बैंक के पास सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत बीसीपी/डीआर के साथ एक आकस्मिक योजना है।
- बैंक ने बैंक के आईटी वातावरण को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर गहन सुरक्षा को लागू किया है।

सरकारी लेखा

केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सरकारी एजेंसी व्यवसाय व्यवस्था हेतु मान्यता

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, हमारे बैंक को निम्नलिखित केंद्रीय सरकारी मंत्रालयों/संस्थानों द्वारा सरकारी एजेंसी व्यवसाय संभालने हेतु मान्यता प्रदान की गई:

1. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए)
2. महालेखाकार (सीजीए)
3. सरकारी लेखा एवं वित्त संस्थान (आइएनजीएएफ)

उपरोक्त मान्यताओं के अनुसार, हमारे बैंक ने एमओएचयूए के लिए एजेंसी बैंकिंग परिचालन 01.12.2025 से तथा सीजीए एवं आइएनजीएएफ के लिए 01.03.2026 से प्रारंभ कर दिए हैं।

प्रत्यक्ष कर संग्रह:

बैंक प्रत्यक्ष करों की वसूली के लिए अधिकृत बैंक है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, हमारे बैंक ने पेमेंट गेटवे (पीजी) के माध्यम से प्रत्यक्ष करों के भुगतान की सुविधा 16.12.2025 से सक्षम की है। तदनुसार, अब हमारे बैंक में प्रत्यक्ष कर संग्रहण की सुविधाएँ निम्नलिखित माध्यमों से उपलब्ध हैं:

- इंटरनेट बैंकिंग
- काउंटर पर (ओटीसी) मोड सभी शाखाओं में
- पेमेंट गेटवे (पीजी) मोड

वर्ष के दौरान, बैंक ने कुल ₹12,549.65 करोड़ के लेन-देन निपटाए और ₹1.22 करोड़ का कमीशन अर्जित किया।

अप्रत्यक्ष कर संग्रह:

बैंक अप्रत्यक्ष करों जैसे कि सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर की वसूली (जीएसटी) के लिए अधिकृत बैंक है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क के भुगतान की सुविधा पेमेंट गेटवे के माध्यम से 19.08.2025 से सक्षम की तथा जीएसटी के लिए पीजी सुविधा 17.10.2025 से प्रारंभ की।

तदनुसार, अब हमारे बैंक में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण की सुविधाएँ निम्नलिखित माध्यमों से उपलब्ध हैं:

- इंटरनेट बैंकिंग
- काउंटर पर (ओटीसी) मोड (केवल जीएसटी हेतु) सभी शाखाओं में
- पेमेंट गेटवे (पीजी) मोड

वर्ष के दौरान, बैंक ने कुल ₹15,356.18 करोड़ के अप्रत्यक्ष कर लेन-देन प्रबंधित किए और ₹1.06 करोड़ का कमीशन आय अर्जित किया।

पेंशन का भुगतान:

बैंक केंद्रीय सिविल, रक्षा, रेलवे, पोस्टल स्टेट सिविल, टीएनईबी, चेन्नै पोर्ट ट्रस्ट, टीएनएसटीसी तमिलनाडु के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा और मलेशियाई सरकार पेंशन से संबंधित पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान कर रहा है।

उपर्युक्त में से, हमारा केंद्रीयकृत पेंशन प्रसंस्करण केंद्र (सीपीपीसी), केंद्रीय सरकार के विभागों जैसे सिविल, रक्षा, रेलवे, और पोस्टल के साथ पॉण्डिचेरी स्टेट सरकार पेंशनर्स के लिए संवितरित करता है। जिसमें 31.03.2026 तक पेंशन खातों की कुल संख्या 33,255 है। बैंक ने वर्ष के दौरान ऐसी पेंशन के लगभग रु. 1,445.45 करोड़ रुपये वितरित किए हैं । वर्ष के दौरान बैंक ने 3.65 करोड़ रुपये का कमीशन अर्जित किया है।

अन्य ट्रेज़री एवं संचालित सेवाएं:

बैंक विभिन्न राज्य सरकारों की ओर से राजस्व संग्रहण के लिए अधिकृत है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने ₹6,184.87 करोड़ का राज्य सरकार राजस्व संग्रहित किया। इसके अतिरिक्त, हमारा बैंक योजना आयोग और दूरसंचार विभाग के खातों का संचालन करता है।

साथ ही, बैंक तमिलनाडु में डाकघर विभाग की ओर से एजेंसी बैंकिंग व्यवसाय भी संचालित कर रहा है, जिसके अंतर्गत 90 शाखाओं के माध्यम से आहरण और जमा परिचालन की सुविधा प्रदान की जा रही है।

लघु बचत योजनाएँ:

बैंक भारत सरकार की लघु बचत योजनाओं जैसे वरिष्ठ नागरिक बचत योजना 2004, लोक भविष्य निधि, सुकन्या समृद्धि योजना योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और वर्ष 2025-26 के दौरान हमारे बैंक ने 53124 नए खाते खोलें ।

हमारे बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान निम्नलिखित पाँच लघु बचत योजनाएँ लागू की हैं:

1. किसान विकास पत्र (केवीपी)
2. राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी)

3. राष्ट्रीय बचत आवर्ती जमा

4. राष्ट्रीय बचत सावधि जमा

5. राष्ट्रीय बचत मासिक आय खाता

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, हमारे बैंक ने लघु बचत योजनाओं के अंतर्गत लगभग **₹2,060.32 करोड़** की सदस्यता का योगदान किया।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली:

हमारे बैंक की सभी शाखाओं को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत ऑनबोर्डिंग और सदस्यता के लिए सक्षम किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, बैंक ने कुल 25,981 नए एनपीएस खाते खोले, जो पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा निर्धारित 15,000 खातों के लक्ष्य से कहीं अधिक है। हमारे बैंक ने ट्रिपल ई अभियान (20.05.2025 से 31.07.2025) में पीएफआरडीए द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 124% और एनपीएस दिवस – एनपीएस ज़रूरी है अभियान (16.09.2025 से 18.10.2025) में 117% लक्ष्य हासिल किया।

सरकारी कारोबार कक्ष

बैंक ने सभी प्रमुख राज्य राजधानियों में सरकारी व्यवसाय को बढ़ाने के उद्देश्य से 23 सरकारी कारोबार कक्ष स्थापित किए हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, जीबीसी टीमों ने सफलतापूर्वक ₹4,369 करोड़ का सरकारी कारोबार संचालित किया।

मानव संसाधन विकास

हमारे बैंक की सबसे बड़ी संपत्ति हमारे कर्मचारी हैं, जो निरंतर व्यवसायिक वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। बैंक में लगभग 21,000+ कर्मचारी कार्यरत हैं, जिन्हें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने और ग्राहक संतोष सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु, बैंक ने विभिन्न मानव संसाधन पहल अपनाई है, जिनका ध्यान निम्नलिखित क्षेत्रों पर केंद्रित है जैसे जनशक्ति अनुकूलन, क्षमता निर्माण, सीखने और विकास के माध्यम से मानव पूँजी विकास, नेतृत्व विकास, कर्मचारी कल्याण, समावेशी कार्यस्थल वातावरण | यह पहलें बैंक को न केवल व्यवसायिक वृद्धि में सहायक बनाती है, बल्कि कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणादायी और सहयोगी कार्यस्थल भी सुनिश्चित करती है।

1. भर्ती और कर्मचारियों की संख्या

31 मार्च, 2026 तक बैंक के कर्मचारियों की संख्या **21034** थी, जिसमें **13022** अधिकारी, **6705** लिपिक और **1307** अधीनस्थ कर्मचारी शामिल थे।

- वर्ष 2025-26 के दौरान, हमने **390** स्थानीय बैंक अधिकारी स्वप्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किए और **246** परिवीक्षाधीन अधिकारी और 40 विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती की, जो की जेएमजी स्केल 1 में नियुक्त हुए । उपरोक्त के अतिरिक्त,178 ग्राहक सेवा सहयोगी, आइबीपीएस कॉमन रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी) XIV के माध्यम से हमारे बैंक की सेवाओं में शामिल हुए हैं। साथ ही, हमारे बैंक की सेवा में लेटरल भर्ती के माध्यम से 01 अधिकारी ने ज्वाइन किया ।

कुल कर्मचारियों में से **4053** सदस्य एससी श्रेणी के, **1567** एसटी श्रेणी के और **7292** ओबीसी श्रेणी से हैं । कर्मचारियों की संख्या में **7803** महिला कर्मचारी, **715** भूतपूर्व सैनिक और **531** दिव्यांग सदस्य शामिल हैं।

2. अभिप्रेरण

मेंटरिंग

हमारे बैंक ने स्केल-I के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए एक मेंटरिंग पहल शुरू की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नए परिवीक्षाधीन अधिकारियों को मार्गदर्शन, परामर्श और सहयोग प्रदान करना है। परामर्शदाता अनुभवी संकाय सदस्य हैं, जो उन्हें निरंतर सहायता प्रदान करेंगे और उनकी शंकाओं का समाधान करेंगे। यह प्रक्रिया दो वर्षों तक जारी रहेगी। बैंक ने यह पहल इस उद्देश्य से की है कि नए परिवीक्षाधीन अधिकारी सहज महसूस करें और नए बैंकिंग वातावरण में उन्हें उचित मार्गदर्शन मिले। हमारी यह पहल हमारे नियामकों/हितधारकों द्वारा सराहना प्राप्त कर रही है।

प्रोजेक्ट लक्ष्य – एचआर ट्रांसफोर्मेशन

बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में उद्योग के रुझानों के साथ तालमेल बिठाने और कर्मचारियों के प्रदर्शन को बढ़ाने के उद्देश्य से अपनी प्रमुख डिजिटल एचआर ट्रांसफोर्मेशन प्रोजेक्ट लक्ष्य शुरू किया है।

एचआर ट्रांसफोर्मेशन चरण-2 के रूप में, क्षमता निर्माण, बैंक ने विस्तृत और वृहद डिजिटल वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धति क्रियान्वित किया जो की उद्देश्यपरक, सिस्टम जनित और विकासोन्मुख भी है । द्वितीय वर्ष के कार्यक्रम में , सीखने और विकास और नेतृत्व विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

इस पहल के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए समाधान निम्नलिखित को बढ़ावा देने की अपेक्षा रखते हैं:

- सही लोगों को उचित ढंग से प्रशिक्षित करना
- भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करना
- कर्मचारी कल्याण

- कर्मचारियों के बीच सामाजिक जुड़ाव

मानव संसाधन (एचआर) कार्यों का डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (आइओबी) में दक्षता बढ़ाने, भविष्य के नेताओं की पहचान करने और कर्मचारी संतुष्टि में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैंक ने **250 भविष्य के नेताओं** को नौ महीने के व्यापक नेतृत्व विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया है, जिसमें **लाइव प्रोजेक्ट्स** शामिल थे। इस नेतृत्व कार्यक्रम का हिस्सा रहते हुए, **वन-टू-वन कोचिंग सत्र** भी आयोजित किए गए।

कर्मचारियों में बैंकिंग उद्योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, हमारे बैंक ने कर्मचारी पोर्टल में एक विशेष सुविधा विकसित की है, जिसके माध्यम से बैंकिंग उद्योग से संबंधित दैनिक समाचार प्रदर्शित किए जाएंगे।

कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण का आकलन करने हेतु एक स्वास्थ्य सर्वेक्षण आयोजित किया गया। इस सर्वेक्षण के माध्यम से उन कर्मचारियों को आवश्यक सहायता बैंक के द्वारा प्रदान की गई जिन्हें इसकी आवश्यकता थी। यह पहल सुनिश्चित करती है कि हमारे कर्मचारी स्वस्थ और प्रसन्न रहें।

परिणामस्वरुप, हमारे बैंक की एचआर प्रणालियों में अपनाए गए ये डिजिटल टूल्स न केवल ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि एक अधिक सक्रिय, उत्पादक और संतुष्ट कार्यबल को भी प्रोत्साहित करते हैं। यह समग्र दृष्टिकोण हमारे बैंक को प्रतिस्पर्धी, तत्पर और भविष्य के लिए तैयार बनाए रखने में सहायक होगा।

3. क्षमता निर्माण

उत्तराधिकार की योजना बनाने और चिन्हित महत्वपूर्ण पदों के लिए चिन्हित अधिकारियों को सुसज्जित करने के लिए, बैंक ने स्टाफ सदस्यों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप क्षमता निर्माण पर एक नीति तैयार की है।

कर्मचारियों को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए उन क्षेत्रों में प्रमाणन प्राप्त करने के लिए सूचना दी गई है।

प्रेरणात्मक उपाय के रूप में, बैंक क्षमता निर्माण के अंतर्गत पहचाने गए प्रमाणपत्रों के लिए पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति कर रहा है और पदोन्नति प्रक्रिया में इसके लिए उचित महत्व भी दे रहा है।

हमारे बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत बैंक ने सभी कर्मचारियों के लिए ई-लर्निंग मोड के माध्यम से एमएसएमई पर एक विशेष प्रमाणन कार्यक्रम शुरू किया है।

साथ ही, हमने अपने पाठ्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित कोर्स भी शामिल किए हैं, क्योंकि कर्मचारियों को एआइ के बारे में जागरूक होना आवश्यक है। भविष्य में बैंकिंग की दिशा और स्वरूप को एआइ महत्वपूर्ण रूप से बदलने वाला है।

4. पुरस्कार एवं सम्मान:

हमारे बैंक ने पुरस्कार और सम्मान प्रणाली को उन्नत किया है, जिसके अंतर्गत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को त्रैमासिक आधार पर रिवार्ड प्वाइंटस प्रदान किए जाते हैं। संचित अंकों को कर्मचारी एक्स्टर्नल/ विदेशी प्रशिक्षण, पदोन्नति, स्थानांतरण आदि के लिए भुना सकते हैं। यह पहल कर्मचारियों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

इसके अतिरिक्त, विजेताओं के लिए बैंक ने फैब **50** अभियान के **71** शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं ; सुपर 88 अभियान के **255** शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं; गोल्डन लीग चेम्पियन अभियान के **77** शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं ।

5. आचार नीति

सार्वजनिक आचरण, बैंक के साथ संचार, मीडिया सहित बाहरी संस्थाओं के साथ बातचीत और सहकर्मियों के साथ व्यवहार के संबंध में कर्मचारियों के बीच सहयोग की संस्कृति बनाने के लिए, बैंक के सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए आचार नीति लागू की गई है।

नीति आचरण के मानकों को परिभाषित करती है जो सभी कर्मचारियों से अपेक्षित है ताकि बैंक में विभिन्न कार्यों में भूमिका और जिम्मेदारियों को निभाने में सही निर्णय लिए जा सकें।

उक्त नीति के कार्यान्वयन के लिए, एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अपनाई गई है, जिसमें आचार नीति में विस्तृत रूप से वर्णित आचार संहिता के पालन की पुष्टि करने वाले सभी कर्मचारियों से वार्षिक आधार पर ऑनलाइन पुष्टि प्राप्त की जाती है।

6. जॉब फैमिली

अधिकारियों के लिए जॉब फैमिली ढांचा निर्मित है जिसमें 14 फैमिली शामिल हैं। मानव संसाधन ट्रांसफोर्मेशन प्रोजेक्ट के तहत समान प्रकृति के कार्यों/व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों तथा संबंधित विभागों/कक्ष/क्षेत्रों आदि को एक परिवार के अंतर्गत समूहीकृत करने के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला गया है। अधिकारियों को विशिष्ट पदोन्नति मार्ग उपलब्ध करवाने के लिए और अधिकारियों तथा बैंक को पेशा में तरक्की और कौशल विकास में मदद करता है ।

संबंधित विभागों/व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में अनुभव/कार्य करने वाले तथा जॉब फैमिली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अपेक्षित योग्यता रखने वाले सभी अधिकारियों को समूहीकृत/वर्गीकृत किया गया है।

7. प्रशिक्षण

बैंक को ग्राहक केंद्रित बनाने के कॉरपोरेट लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आंतरिक तथा बाह्य मोड के माध्यम से बैंकिंग के बुनियादी क्षेत्रों के अतिरिक्त बैंकिंग के समसामयिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया गया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, क्रेडिट मूल्यांकन/क्रेडिट निगरानी, लघु एवं मध्यम उद्यम वित्तपोषण, सतर्कता के क्षेत्र में बैंकिंग विषयों पर अधिकारियों तथा लिपिकों को नियमित प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही, सभी स्टाफ सदस्यों के लिए ऑफलाइन मोड के माध्यम से प्रथम पंक्ति तथा द्वितीय पंक्ति प्रबंधकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अधीनस्थ से लिपिक संवर्ग, क्लर्क से जेएमजीएस I, जेएमजीएस I से एमएमजीएस II और एमएमजीएस II से एमएमजीएस III में पदोन्नति के लिए पात्र एससी/एसटी/ओबीसी/पीएच सदस्यों के लिए पूर्व-पदोन्नति प्रशिक्षण ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित किया गया था।

वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और क्लर्कों के लिए पूर्व-सेवानिवृत्ति परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

आंतरिक प्रशिक्षण

हमारे बैंक की आंतरिक प्रशिक्षण प्रणाली में एक स्टाफ कॉलेज, चेन्नै में और पूरे भारत में 12 स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिए गए आंतरिक प्रशिक्षण के आँकड़े नीचे दिए गए हैं:

विवरण	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ स्टाफ	कुल	एससी (कुल में से)	एसटी (कुल में से)
व्यक्तिगत स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया (दिए गए प्रशिक्षणों की संख्या की परवाह किए बिना)	12119	6793	1168	**20080**	3923	1522
वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान दिये जाने वाला प्रशिक्षण (सदस्यों द्वारा भाग लिए गए प्रशिक्षणों की कुल संख्या के आधार पर)	25622	13797	2107	**41526**	8582	3513

बाह्य प्रशिक्षण

हमने आईडीआरबीटी-हैदराबाद, एनआईबीएम-पुणे, प्रशासन स्टाफ कॉलेज़ ऑफ इण्डिया एएससीआई-हैदराबाद, सीएबी-पुणे, सेंटर फॉर ऑर्गनाइज़ेशन (सीओडी), कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी) पुणे, भारतीय रिज़र्व बैंक आरबीआई, राइट्स ट्रेनिंग एंड कंसल्टिंग एलएलपी, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप (एसबीआईएल), उन्नत वित्तीय अनुसंधान और शिक्षा केंद्र (काफराल) – मुंबई, भारतीय बैंक संस्थान (आइबीए), उन्नत वित्तीय अनुसंधान और अधिगम केंद्र (आइआइबीएफ), बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बीआईआरडी), भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरआईटीएम), केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), भारत की स्थिर आय मुद्रा बाज़ार एवं डेरिवेटिव्स संघ (एफआईएमएमडीए), इण्डियन बैंक, राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी (एनएएचआरडी), राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अकादमी, राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (एनसीआईआईपीसी), युनियन बैंक ऑफ इंडिया, water.org, ज़ेवियर प्रबंधन विद्यालय (एक्सएलआरआई) – जमशेदपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 4233 कार्यपालकों/अधिकारियों/ग्राहक सेवा सहयोगियों को भी प्रतिनियुक्त किया ।

सामान्य और चयनित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त, हमारे बैंक ने 97 कार्यपालकों/अधिकारियों को विभिन्न नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया है, जिन्हें एनआइबीएम, (एक्सएलआरआई) जमशेदपुर, एस. पी जैन प्रबंधन संस्थान जैसे प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित किया गया।

साथ ही, हमारे बैंक ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझिकोड (आइआइएमके) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इस पहल के अंतर्गत भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं की व्यावसायिक क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से सीखने की पहल शुरू की गई है।

ई-पाठशाला - ऑनलाइन ई-लर्निंग पोर्टल:

हमारे बैंक के ऑनलाइन मॉड्यूल में सभी स्टाफ सदस्यों के लिए ई-पाठशाला उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान क्रेडिट, एनपीए, ट्रेज़री, विदेशी मुद्रा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर 85 मॉड्यूल शामिल थे। इन मॉड्यूल का लक्ष्य स्टाफ सदस्यों के ज्ञान को बढ़ाना और अद्यतन करना था, जिससे हमारी ऑनलाइन शिक्षण पहल (ई-पाठशाला) का विस्तार हो सके। उक्त पोर्टल को हमारे स्टाफ कॉलेज के संकाय द्वारा नियमित आधार पर अपडेट और रखरखाव किया जाता है। कुल 8458 कर्मचारियों ने ई-पाठशाला के तहत सभी छह अनिवार्य मॉड्यूल (85 उपलब्ध मॉड्यूल में से) पूरे किए।

मानक कर्मचारी शिकायत निवारण प्रणाली (एसईजीआरएस):

हमारे स्टाफ सदस्यों के लिए एक औपचारिक शिकायत निवारण तंत्र बनाने के लिए,स्टाफ सदस्यों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक मानक कर्मचारी शिकायत निवारण प्रणाली (एसईजीआरएस) ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। शिकायतों/व्यथा संबंधी मुख्य क्षेत्रों को सुविधाओं, व्यवहार, भत्ते आदि से संबंधित विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

इन शिकायतों का निवारण दो स्तरों पर किया जाता है - क्षेत्रीय कार्यालय और केंद्रीय कार्यालय। शिकायतों को समयबद्ध आधार पर अगले स्तर पर भेजा जाता है और तदनुसार निवारण किया जाता है।

औद्योगिक संबंध

पूरे वर्ष संगठन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, बैंक में औद्योगिक संबंध विषयक वातावरण सौहार्दपूर्ण और अनुकूल रहा।

बैंक के सभी कार्यालयों/शाखाओं में औद्योगिक संबंधों के अच्छे माहौल की निगरानी और उसे बनाए रखने के लिए समय-समय पर अनुशासन लागू करने और पालन किए जाने वाले दिशा-निर्देशों/नीतियों आदि के बारे में परिपत्र/दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैंक में अनुशासन और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों को लागू करने के लिए जिन कर्मचारियों के विरुद्ध आईआर प्रकृति की शिकायतें/मामले सामने आए, उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई । अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरु की गई।

साथ ही, कर्मचारियों के मामलों के संबंध में वित्त मंत्रालय और भारतीय बैंक संघ द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों को हमारे कर्मचारियों के लाभ के लिए परिपत्र जारी करके शीघ्रता से लागू किया गया।

एचआरएमडी-आईआर अनुभाग, केंद्रीय कार्यालय ने स्टाफ लाभ/आईआर मुद्दों आदि के बारे में स्टाफ सदस्यों की शिकायतों के निवारण के लिए अधिकारी संघ/कर्मचारी संघ के साथ विचार-विमर्श किया।

वितीय वर्ष के दौरान, कर्मचारी आवास ऋण योजना में संवर्धन किए गए जिसमें ऋण की राशि में वृद्धि,ब्याज दरों में कमी और ऋण चुकौती की आयु सीमा को बढ़ाना शामिल है।

बैंक के सभी पर्यवेक्षी कर्मचारियों के लिए देय लीज आवास के किराये में बढोत्तरी की गई। परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भी लीज आवास सुविधा के लिए पात्र बनाया गया।

ऑन ड्यूटी यात्रा करने वाले अधिकारियों के होटल खर्चों की प्रतिपूर्ति में भी बढोत्तरी की गई।

कर्मचारियों द्वारा पीएफ ऋण प्राप्त करने की सुविधा में और सुधार किए गए हैं, जिसके तहत अब ऑनलाइन माध्यम से आवेदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू की गई है।

इसी तरह, वार्षिक चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य व्यय,वार्षिक नेत्र जाँच आदि जैसे कल्याणकारी लाभों की राशि को "स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग" के माध्यम से क्रेडिट किया गया, जिससे कर्मचारियों को तत्काल लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए,यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार सभी प्रशासनिक कार्यालयों (केंद्रीय/क्षेत्रीय कार्यालयों) में आंतरिक शिकायत समितियाँ गठित की गई हैं। पीओएएसएच के तहत प्राप्त शिकायत के संबंध में जीरो टोलरेंस नीति अपनायी जाती है और आंतरिक समिति ऐसी किसी भी शिकायत पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करती है।

स्टाफ सदस्यों द्वारा सहायक श्रम आयुक्त सहित विभिन्न न्यायालयों में कर्मचारियों द्वारा दर्ज किए औद्योगिक विवादों/न्यायालयी मामलों की समीक्षा शीर्ष स्तर पर की जाती है और न्यायालयीन मामलों को शीघ्रता से निपटाने के प्रयास किए जाते हैं।

आचरण और अनुशासनात्मक कार्रवाई कक्ष

अनुशासनात्मक कार्यवाही:

वितीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान, अनुशासनात्मक मामलों के निपटान के लिए प्रभावी कदम उठाए गए और हमने 647 मामलों का निपटारा किया।

मामलों को औसतन 160 दिनों के समय सीमा में बंद किया जा रहा है, जो कि सीवीसी द्वारा निर्धारित 270 दिनों के समय सीमा के भीतर है।

उन अनुशानात्मक कार्यवाहियों को पूरा करने की सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है जहां कर्मचारी निलंबित है।

जाँच प्रक्रिया को तेज करने के लिए जहां शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है, वहां वेबेक्स या वीडियो कॉनफ्रेंसिंग जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

सीडीएसी ने सभी जाँच अधिकारियों और प्रस्तुतीकरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया और सुचारू जाँच के लिए आवश्यक सामग्री और दिशा-निर्देश प्रदान किए। ग्रेड एमएमजी III तक के अधिकारियों से जुड़े मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए केंद्रीय कार्यालय में एक डीजीएम की अध्यक्षता में एक समर्पित अनुशासन प्राधिकरण कक्ष (डीए कक्ष) का गठन किया गया।

बैंक के आईआर सेल और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, विशेष रूप से सीडैक के अनुशासनात्मक मामलों की जांच करने के लिए सात नोडल लेखा परीक्षा कार्यालयों में, जांच कार्यवाही में तेजी लाने के लिए जांच कक्ष का गठन किया गया, जिसमें एक एजीएम जांच प्राधिकारी के रूप में और एक मुख्य प्रबंधक प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं।

अनुशासनात्मक अधिकारियों को निर्धारित समय के भीतर अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी करने के लिए जागरूक किया गया।

एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व

पदों की श्रेणी	31.03.2026 तक कर्मचारियों की कुल संख्या	एससी'यों की संख्या	एससी'यों का %	एसटी'यों की संख्या	एसटी'यों का प्रतिशत	ओबीसी'यों की संख्या	ओबीसी'यों का %	सामान्य वर्ग'ओं की संख्या	सामान्य वर्गों का प्रतिशत
अधिकारी	13022	2241	17.21	1177	9.04	4408	33.85	5196	39.90
लिपिक	6705	1312	19.57	347	5.17	2428	36.21	2618	39.05
अधीनस्थ	1192	451	37.83	40	3.36	411	34.48	290	24.33
सफाई कर्मचारी	115	49	42.61	3	2.61	45	39.13	18	15.62
कुल	**21034**	**4053**	**19.27**	**1567**	**7.45**	**7292**	**34.67**	**8122**	**38.61**

रोस्टर:

मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस कर्मचारियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय में भर्ती और पदोन्नति रोस्टर बनाए गए। रोस्टर का निरीक्षण नियमित आधार पर किया जाता है। कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए रोस्टर रजिस्टर को वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग, नई दिल्ली द्वारा सत्यापित किया गया है और हमारी आइओबी वेबसाइट (www.iob.bank.in) पर ऑनलाइन अपलोड किया गया।

प्रशिक्षण:

पदोन्नति परीक्षा शुरू होने से पहले एससी/एसटी/ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

आरक्षण मानदंडों, रोस्टर और अन्य सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, सीएलओ और एससी/एसटी और ओबीसी कल्याण संघों के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों का कल्याण:

भारत सरकार के तहत बैंकों के एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिकों के लिए लागू आरक्षण नीति, हमारे बैंक पर भी लागू है। डीएफएस के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आरक्षण कक्ष मुख्य संपर्क अधिकारी के सीधे नियंत्रण में काम कर रहा है जो आरक्षण के नियमों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है। यह कक्ष एससी/एसटी/ओबीसी/भूतपूर्व सैनिकों/दिव्यांग कर्मचारियों की शिकायतों का निराकरण करता है।

हमारे एससी/एसटी कर्मचारियों की शिकायतों/सेवा मामले/कल्याण से संबंधित मुद्दों की सुलह करने के लिए अधिकतम ओबीसी कल्याण संघ के साथ नियमित अंतराल पर तिमाही बैठक आयोजित की जाती है।

ओबीसी कर्मचारियों का कल्याण:

भारत सरकार के अधीन बैंकों के लिए लागू ओबीसी के लिए आरक्षण नीति इण्डियन ओवरसीज़ बैंक पर भी लागू है।

बैंक के केंद्रीय कार्यालय में आरक्षण कक्ष है, जो मुख्य संपर्क अधिकारी की सीधी निगरानी में है। आरक्षण कक्ष के माध्यम से मुख्य संपर्क अधिकारी यह सुनिश्चित करते हैं कि बैंक में सरकारी दिशा-निर्देशों को लागू किया जाए ।

हमारे ओबीसी कर्मचारियों की शिकायतों/सेवा मामलों/कल्याण से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए अधिकतम ओबीसी कल्याण संघ के साथ तिमाही बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती है।

एससी/एसटी लाभार्थियों के लिए ऋण सुविधाएं:

हमारे बैंक में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उत्थान के लिए सीईजीएसएससी और स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाएं हैं और हमारे बैंक की अन्य सभी ऋण सुविधाएं अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित समाज के सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करती हैं।

सीईजीएसएससी (अनुसूचित जातियों के लिए क्रेडिट वृद्धि गारंटी योजना): अनुसूचित जाति के उधारकर्ताओं को पांच करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए गारंटी कवर प्रदान करती है।

सुरक्षा

केंद्रीय कार्यालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी सभी शाखाओं,एटीएम,करेंसी चेस्ट और प्रशासनिक कार्यालयों के सुरक्षा पहलुओं के समग्र पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार है।

सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य निधि, संपत्तियों और ग्राहकों को किसी भी प्रकार के भौतिक खतरे से बचाना है।विभाग नियमित रूप से निवारक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।इस प्रकार स्थानीय कानून व्यवस्था की स्थिति,अपराध दर और बैंकों में अपराधों की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए,सभी शाखाओं, एटीएम और प्रशासनिक कार्यालयों की सुरक्षा और एहतियाती उपाय, जहाँ भी आवश्यक हो, अनिवार्य और सुझाए गए उपायों की समीक्षा, और कार्यान्वयन किया गया।

बैंक ने जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के लिए निवारक उपायों और कर्मचारियों के बीच अग्नि रोकथाम और सुरक्षा चेतना को विकसित करने पर जोर देना जारी रखा।क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी शाखाओं के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को असामाजिक तत्वों द्वारा अपनाए जाने वाले नवीनतम कार्यप्रणाली और अग्नि तथा सुरक्षा जोखिमों को रोकने के लिए शुरू किए जाने वाले निवारक उपायों के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करते हैं।

निवारक और बचाव कार्रवाई के रूप में शाखाओं को प्रदान की जाने वाली सहायता प्रणालियों को बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान निम्नलिखित उपाय शुरू किए गए।

1) सभी कर्मचारियों को सुरक्षा जागरूकता के बारे में शिक्षित किया गया।

2) सभी प्रकार की आग से बचाव के लिए दो नए पोर्टेबल अग्निशामक यंत्र मौजूदा अग्निशामक यंत्र के साथ शाखाओं और प्रशासनिक कार्यालयों में प्रदान किए गए।

3) शाखाओं में मौजूदा बर्गलर अलार्म सिस्टम को स्मार्ट इंटीग्रेटेड फायर कम बर्गलर अलार्म सिस्टम से बदल दिया गया है, जिसमें आपात स्थिति में स्टाफ सदस्यों को सूचित करने की व्यवस्था है।

4) सभी शाखाओं में सीसीटीवी प्रणालियों को डीवीआर आधारित प्रणालियों से एनवीआर आधारित सीसीटीवी प्रणाली में बदला जा रहा है।

5) सुरक्षा उपकरण जैसे सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम लगे हुए हैं जो 24*7*365 दिन कार्य करता है।

6) संवेदनशील एटीएम और शाखाओं में एकीकृत अलार्म प्रणाली और आउटसोर्स किए गए चौकीदार/सशस्त्र गार्ड उपलब्ध कराए गए।

7) अधिकांश करेंसी चेस्टों को नकदी के सुरक्षित परिवहन के लिए दो सशस्त्र गार्डों के साथ आउटसोर्स किए गए फोर्टिफाइड कैश वैन स्वीकृत किए गए हैं और कैश वैन के प्रदर्शन की समीक्षा केंद्रीय कार्यालय के सुरक्षा विभाग द्वारा की जाती है।

केंद्रीय कार्यालय द्वारा निम्नलिखित पहलुओं को कवर किया जाता है:

1) शाखाओं के कामकाज के लिए सुरक्षित वातावरण के प्रावधान हेतु क्षेत्रों को सहायता देने के अतिरिक्त केंद्रीय कार्यालय परिसर के भीतर इमारतों में सभी सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

2) केंद्रीय कार्यालय में काम करने वाले सभी कर्मचारियों और आउटसोर्स किए गए कर्मचारियों को फ्लोर-वार अग्नि सुरक्षा व्याख्यान,निकासी,असेंबली प्वाइंट पर एकत्रित होने और पोर्टेबल अग्निशामक यंत्रों के उपयोग के व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से उनके संबंधित कार्यालयों सुनिश्चित किए जाने वाले अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई है।

3) केंद्रीय कार्यालय अपनी सभी शाखाओं को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने के लिए क्षेत्रों हेतु बजट की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

4) बैंक के प्रति अपराध या आग लगने की स्थिति में, विभाग यह सुनिश्चित करता है कि घटना की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों को की जाए और एक तार्किक निष्कर्ष पर पहुँचा जाए।

स्टाफ कॉलेज में अखिल भारतीय स्तर पर सभी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारियों(आरएसओ) का एक सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें सभी आरएसओ ने सुरक्षा उपकरणों,तिजोरियों और स्ट्राँग रूम के दरवाजों,विभिन्न आपात स्थितियों के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और बैंकों के विरुद्ध अपराध की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न सुरक्षा मापदंडों पर सत्रों में भाग लिया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में बैंकों द्वारा अपनाई गई सुरक्षा विशेषताओं के बारे में जानकारी साझा करना था।

बैंकिंग के लिए एक सुरक्षित वातावरण तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब सुरक्षा विभाग और सुरक्षा उपकरणों के साथ-साथ सभी स्तरों पर कर्मचारियों की भी भागीदारी हो।

राजभाषा

बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति को लागू करने के लिए सभी प्रयास किए हैं। साथ ही, बैंक ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, बैंक ने प्रशासनिक कार्यालयों और शाखाओं के सभी कंप्यूटरों में हिंदी यूनिकोड फ़ॉन्ट प्रतिष्ठापित किया है। हमारी गृह हिंदी पत्रिका "वाणी" प्रिंट के साथ-साथ डिजिटल रूप में चार संस्करण प्रकाशित हुए हैं। बैंक ने 21 और 22 जुलाई 2025 दिल्ली में हमारे राजभाषा अधिकारियों के लिए अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन और संगोष्ठी का आयोजन किया । उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे एमडी व सीईओ ने की और मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार, गृह मंत्रालय की सचिव सुश्री अंशुली आर्या, भी शामिल हुईं । राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों को राजभाषा शील्ड योजना के तहत पुरस्कृत किया गया। साथ ही, जिन क्षेत्रीय कार्यालयों में ई-पत्रिका का प्रकाशन उत्कृष्ट हुआ था, उन्हें उक्त सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया।

हमारे बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में किए गए प्रयासों के प्रमाणन के रूप में, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्रतिष्ठित **'राजभाषा कीर्ति - प्रथम पुरस्कार'** प्राप्त हुआ, जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। हमें यह उल्लेख करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि वितीय वर्ष 2024-25 के लिए हमारे केंद्रीय कार्यालय को **वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार (डीएफएस)** से राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **प्रथम पुरस्कार** प्राप्त हुआ है। साथ ही, हमारे केंद्रीय कार्यालय ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन हेतु **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास),चेन्नै** से **प्रथम पुरस्कार** प्राप्त किया । हम सहर्ष उल्लेख करते हैं कि हमारे 53 क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ शाखाओं को संबंधित नराकास से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।संबंधित नराकास से किसी भी वित्तीय वर्ष में प्राप्त हुए पुरस्कारों की यह संख्या अब तक की सर्वाधिक है। राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में हमारे 25 क्षेत्रीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन हेतु संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति ने विभिन्न तिथियों पर क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी,क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु, क्षेत्रीय कार्यालय मैसुरु, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून, क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता-2, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी और क्षेत्रीय कार्यालय लुधियाना का निरीक्षण किया। संबंधित समिति ने उक्त केंद्रों में राजभाषा कार्यान्वयन विषयक कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। इसके साथ राजभाषा कार्यान्वयन हेतु संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य समिति ने विभिन्न तिथियों को क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता-1, क्षेत्रीय कार्यालय पाँडिचेरी, क्षेत्रीय कार्यालय एर्णाकुलम, अरियालूर शाखा(तंजावुर क्षेत्र), आलप्पुळा शाखा(एर्णाकुलम क्षेत्र) का निरीक्षण किया संबंधित समिति ने उक्त क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखाओं में राजभाषा कार्यान्वयन विषयक कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

हमारा बैंक हिंदी साहित्य के संरक्षण और कर्मचारियों के ज्ञानवर्धन के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने हेतु समर्पित रूप से प्रकाशन कार्य कर रहा है। इस संबंध में, हमने **'साहित्यकार महाकुंभ'** नामक एक विशिष्ट पुस्तक प्रकाशित की, जिसमें विभिन्न संघ राज्यों के उन महान लेखकों के योगदान को संकलित किया गया है जिन्होंने साहित्य के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पुस्तक का विमोचन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी ने 26 जून 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राजभाषा विभाग के हीरक जयंती समारोह के दौरान किया था। हमने एक अन्य प्रख्यात पुस्तक **'ज्ञान क्षितिज पर हिंदी'** भी प्रकाशित की, जिसमें समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए आलेखों का संकलन किया गया है। उक्त पुस्तक का विमोचन भी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी ने 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर 2025 को महात्मा कन्वेंशन सेंटर, गांधीनगर, गुजरात में किया था।

बैंक ने हिंदी दिवस समारोह-2025 के अवसर पर सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। 15 सितंबर 2025 को हमने अपने स्टाफ सदस्यों के लिए अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। बैंक ने फरवरी 2026 में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के लिए अंतर-बैंक अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। उक्त प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेता आलेखों को संकलित करके **"निबंध संचय भाग-4"** नामक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। 10 जनवरी 2026 को केंद्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय

कार्यालयों में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं, सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। 10 फरवरी 2026 को बैंक के 90वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैंक ने 21 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस भी मनाया, इस दिन क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं और सेमिनार का आयोजन किया गया।

जनवरी 2021 से हमारे बैंक ने राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन में योगदान देने वाले कर्मचारियों के लिए नकद प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले कर्मचारियों को 1,000 रुपये का प्रोत्साहन दिया जा रहा है और साथ ही केंद्रीय कार्यालय से 12 कर्मचारियों, प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय से 3 कर्मचारियों और उनके अधीनस्थ में आने वाली शाखाओं से 6 कर्मचारियों को प्रति छह महीने में प्रमाण पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, इस योजना के तहत कुल 622 कर्मचारियों को नकद प्रोत्साहन और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

हमारे बैंक में आईएनडी एएस के कार्यान्वयन की स्थिति

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक में आईएनडी एएस के कार्यान्वयन की स्थिति बैंक आईएनडी एएस (भारतीय लेखा मानक) को लागू करने की प्रक्रिया में है। आरबीआई ने 22 मार्च 2019 के परिपत्र डीबीआर.बीपी.बीसी.सं.29/21.07.001/2018-19 के माध्यम से सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए आईएनडी एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया है। हालांकि, आरबीआई को सभी बैंकों से आईएनडी एएस प्रोफार्मा वित्तीय विवरणी अर्ध वार्षिक आधार पर प्रस्तुत करना अपेक्षित है । आरबीआई के निर्देशानुसार, बैंक में इंड एएस के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में एक परियोजना संचालन समिति(पीएससी) का गठन किया गया है। परियोजना संचालन समिति के अनुमोदन के पश्चात बैंक नियमित रूप से अर्धवार्षिक आधार पर आरबीआई को आईएनडी एएस प्रोफार्मा वित्तीय विवरणी प्रस्तुत कर रहा है।

पीएसबीएस - सुधार एजेंडा - ईएएसई – एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस

ईएएसई सुधार एजेंडा को 2018 में आईबीए द्वारा डीएफएस के मार्गदर्शन में शुरू किया गया था। ईएएसई सुधार एजेंडा का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के बीच परिचालन और क्षमता संबंधी अंतर को कम करना था। ईएएसई कार्यक्रम हर साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए एक समान सुधार एजेंडा निर्धारित करता है। ईएएसई का लक्ष्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में लाभप्रदता, परिसंपत्ति गुणवत्ता, ग्राहक सेवा और डिजिटल क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए नए युग के सुधारों को बढ़ावा देना है। उन्नत पहुंच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई) कार्यक्रम ने डेटा विश्लेषण, स्वचालन, डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी, परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधार, परिणाम-केंद्रित मानव संसाधन और पूर्णत: सुशासन पर जोर दिया। ईएएसई सुधार एजेंडा ने सभी पीएसबी में प्रदर्शन, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

ईएएसई 8.0: सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना

भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के मार्गदर्शन में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा शुरू किया गया **उन्नत पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई) सुधार एजेंडा**, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के आधुनिकीकरण में एक परिवर्तनकारी शक्ति बना हुआ है। ईएएसई 8.0 फ्रेमवर्क को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए थीम: **जोखिम एवं आघात सहनियता। नवाचार। सामाजिक-आर्थिक प्रभाव। उत्कृष्टता।** के साथ प्रस्तुत किया गया है।

ईएएसई 8.0 निम्नवत कार्य बिंदुओं पर केंद्रित है:

- **डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच:** सभी ग्राहक वर्गों को निर्बाध और उपयोगकर्ता के अनुकूल सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिजिटल बैंकिंग चैनलों को मजबूत करना।
- **उन्नत ऋण वितरण:** विशेष रूप से एमएसएमई,कृषि और खुदरा क्षेत्रों के लिए समय पर और कुशल ऋण सहायता पर ध्यान केंद्रित करना।
- **ग्राहक केंद्रित सेवाएँ:** संतुष्टि और प्रतिधारण में सुधार के लिए वैयक्तिक और तकनीक-संचालित समाधान लागू करना।
- **परिचालन उत्कृष्टता:** दक्षता बढ़ाने और काम पूरा होने में लगने वाले समय को कम करने के लिए स्वचालन और एआई के माध्यम से प्रक्रियाओं को आसान बनाना।
- **जोखिम और अनुपालन:** उन्नत विश्लेषिकी का उपयोग करके जोखिम प्रबंधन और अनुपालन ढांचे को मजबूत करना।
- **स्थिरता और समावेशिता:** ईएएसई 8.0 के लक्ष्यों के अनुरूप हरित बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना।

बैंक ने परिचालन उत्कृष्टता, डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए **ईएएसई सुधार सूचकांक में नियमित रुप से प्रगति को प्रदर्शित** किया है। बैंक ने बैंकिंग क्षेत्र की उभरती जरूरतों के साथ स्वयं को संरेखित करते हुए **ग्राहक अनुभव, गवर्नेंस फ्रेमवर्क, जोखिम प्रबंधन और सेवा वितरण** में सुधार लाने के लिए रणनीतिक पहलों को सक्रिय रूप से लागू किया है। इन ठोस प्रयासों के माध्यम से, आइओबी नवाचार, आघात सहनियता और बेहतर सेवा मानकों के लिए प्रतिबद्ध एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना जारी रखता है।

योजना और आर्थिक डेस्क

योजना कार्य क्षेत्रवार मासिक लाभ और हानि गतिविधि की निगरानी, कॉरपोरेट के बजट, शीर्ष प्रबंधन को अनंतिम दैनिक एमआईएस की रिपोर्टिंग और विभिन्न अध्ययन विश्लेषण की दिशा में उपयोगी परिणाम प्राप्त करना जारी रखता है।

आर्थिक डेस्क नियमित अंतराल पर सरकार/आरबीआई की नीतियों का विश्लेषण करने के अलावा अर्थव्यवस्था में दिन-प्रतिदिन के विकास से शीर्ष प्रबंधन को अवगत कराता है।

ग्राहक ऑन बॉर्डिंग

वित्तीय वर्ष **2025-26** के दौरान, बैंक ने ग्राहक बनाने में अपनी मजबूत गति को बरकरार रखा और पिछले वर्ष के **39.91 लाख ग्राहकों की तुलना** में इस वर्ष सफलतापूर्वक **42.02 लाख कासा ग्राहकों** को अपने साथ जोड़ा। इसके साथ, बैंक ने **वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26** तक पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल **1.06 करोड़ कासा ग्राहकों** को अपने साथ जोड़ा है। **31 मार्च 2026 तक**, इन नए जुड़े ग्राहकों ने **₹32,744 करोड़ की कासा जमा, ₹37,911 करोड़ की सावधि जमा** और **कुल ₹70,655 करोड़ की जमा राशि** में योगदान दिया। इसके अलावा, इन ग्राहकों ने **₹1,08,092 करोड़ के क्रेडिट पोर्टफोलियो** में योगदान दिया, जिसमें **₹11,165 करोड़ के आवास ऋण** शामिल हैं। कुल मिलाकर, बैंक ने इन नए ग्राहकों से प्रभावशाली **₹1.79 लाख करोड़ का कुल कारोबार** जुटाया, जो बैंक की ग्राहक बनाने की रणनीति, क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और बढ़ते डिजिटल इकोसिस्टम की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

नए विकास

शाखाओं की मांग और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और बाजार में अन्य बैंकों की पेशकश के अनुरूप एवं अपने उत्पाद को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, हमने इनपुट एकत्र किए हैं तथा उपयुक्त संशोधन किए हैं और देयता योजनाओं को पेश और संशोधित किया है ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धी उत्पाद के रूप में बाजार में आगे बढ़ाया जा सके।

आइओबी इको बचत खाते का शुभारंभ:

इस वर्ष के दौरान, बैंक ने पर्यावरण के अनुकूल और पूरी तरह से डिजिटल बचत खाता, **आइओबी इको बचत खाता** लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य सतत् बैंकिंग अभ्यास को बढ़ावा देना है। यह उत्पाद वीकेवाईसी और टीएबी बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन खाता खोलने के साथ पेपरलेस बैंकिंग, नवीकरणीय पीवीसी डेबिट कार्ड, मुफ्त डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं, वैयक्तिक दुर्घटना बीमा कवरेज और इलेक्ट्रिक वाहन ऋण जैसे हरित वित्तपोषण उत्पादों में छूट प्रदान करता है, जिसके द्वारा बैंक की ईएसजी और डिजिटल परिवर्तन पहलों को समर्थन मिलता है।

आइओबी परिवार का शुभारंभ – परिवार बचत खाता:

बैंक ने **आइओबी परिवार**, एक अभिनव पारिवारिक बैंकिंग योजना शुरू की है, जिसके तीन संस्करण हैं: आइओबी आदर्श परिवार, आइओबी लेगेसी परिवार और आइओबी रॉयल परिवार। यह योजना परिवार के सदस्यों को समूह स्तर पर त्रैमासिक औसत शेष बनाए रखने और साथ ही उन्नत बैंकिंग लाभों का आनंद लेने में सक्षम बनाती है, जिससे ग्राहकों की सुविधा बढ़ती है, संबंध मजबूत होते हैं और जमा राशि बनाए रखने में बढ़ावा मिलता है।

आइओबी प्रीमियम का शुभारंभ – कॉरपोरेट सैलरी स्कीम:

वेतन खाता पोर्टफोलियो को मजबूत करने और कम लागत वाली जमा योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने उच्च आय वाले वेतनभोगी ग्राहकों को लक्षित करते हुए **आइओबी प्रीमियम** योजना शुरू की है। यह योजना बेहतर बीमा कवरेज, अस्पताल नकद लाभ, साइबर बीमा, उच्च ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ और अन्य प्रीमियम बैंकिंग लाभ प्रदान करती है, जिससे बैंक की वेतन संबंधी योजनाएँ बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाती है।

तमिलनाडु राज्य सरकार सैलरी पैकेज:

इस वर्ष के दौरान, बैंक ने **तमिलनाडु सरकार** के कर्मचारियों के लिए एक विशेष सैलरी पैकेज भी शुरू की, जिसमें बेहतर बीमा कवरेज, रियायती ऋण प्रसंस्करण शुल्क, ओवरड्राफ्ट सुविधाएं और अन्य मूल्यवर्धित लाभों के साथ अनुकूलित बैंकिंग समाधान प्रदान किए गए हैं, जिससे बैंक के मुख्य बाजार में सैलरी खाता फ्रैंचाइजी को और मजबूती मिली है।

केंद्र सरकार का सैलरी पैकेज:

इसके अलावा, बैंक ने **भारत सरकार** के कर्मचारियों के लिए श्रेणी ए, बी और सी के अंतर्गत एक विशेष सैलरी खाता पैकेज शुरू की है, जिसमें बेहतर बीमा कवरेज, ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ, पारिवारिक बैंकिंग लाभ और प्रीमियम डेबिट कार्ड सुविधाएँ शामिल हैं। इसका उद्देश्य सरकारी सैलरी सेगमेंट में बैंक की उपस्थिति को बढ़ाना है और उसका कासा वृद्धि में सहयोग लेना है।

एनएसई प्लेटफॉर्म पर आइओबी ई-एफडीआर सुविधा का शुभारंभ:

बैंक ने **भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसटी)** के प्लेटफॉर्म पर **आइओबी ई-एफडीआर सुविधा** शुरू की है, जिससे ट्रेडिंग सदस्य, क्लियरिंग सदस्य और ब्रोकर सुरक्षित और कागजी कार्रवाई रहित वातावरण में इलेक्ट्रॉनिक सावधि जमा रसीदें (ई-डिपॉजिट) गिरवी रख सकते हैं। यह पहल परिचालन दक्षता बढ़ाती है, भौतिक दस्तावेजीकरण को कम करती है और संस्थागत जमा जुटाने का एक नया मार्ग खोलती है।

एनआरआई एसबी डिपॉजिट वेरिएंट्स का शुभारंभ:

एनआरआई जमा जुटाने को मजबूत करने के लिए, बैंक ने उन्नत सुविधाओं और ग्राहक-केंद्रित लाभों के साथ एनआरई/एनआरओ बचत योजनाओं के तीन नए वेरिएंट पेश किए हैं। इससे बैंक के एनआरआई उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी और बाजार चलन के अनुरूप बन गए हैं, जिससे विदेशी जमा कारोबार में वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

वैयक्तिक ग्राहकों के लिए टैब-आधारित चालू खाता खोलना:

अपने डिजिटल परिवर्तन के अंतर्गत, बैंक ने आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से वैयक्तिक ग्राहकों के लिए टैब आधारित चालू खाता खोलने की सुविधा शुरू की है। इससे प्रक्रिया में लगने वाला समय काफी कम हो गया है, ग्राहकों को सुविधा मिली है और घर बैठे बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हो रही है।

एकल स्वामित्व वाली फर्मों के लिए टैब आधारित चालू खाता खोलना:

डिजिटल ऑनबोर्डिंग क्षमताओं को और मजबूत करते हुए, बैंक ने एकल स्वामित्व वाली फर्मों के लिए टैब आधारित चालू खाता खोलने की सुविधा शुरू की है। इसमें आधार प्रमाणीकरण, पैन सत्यापन, जीएसटी/उद्यम सत्यापन और डिजिटल दस्तावेज़ कैप्चर जैसी एकीकृत सुविधाएं शामिल हैं। इससे एमएसएमई ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो गई है और परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है।

आइओबी स्टेप-अप आरडी योजना का शुभारंभ:

बैंक ने **आइओबी स्टेप-अप** आरडी योजना शुरू की है, जो एक आघात सहनियता आवर्ती जमा योजना है। इसके अंतर्गत ग्राहक आकर्षक जमा दरों का लाभ उठाते हुए कई बार जमा राशि बढ़ाकर अपनी मासिक किस्त बढ़ा सकते हैं। यह योजना व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और इंटरनेट एवं मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से पूर्ण डिजिटल संचालन की सुविधा भी प्रदान करती है।

आइओबी डिजिटल जमा योजना का शुभारंभ:

बैंक ने नए ग्राहकों के लिए **आइओबी डिजिटल डिपॉजिट** योजना शुरू की है, जिससे वे बिना शाखा जाए ही पूर्णतः डिजिटल तरीके से सावधि जमा शुरू सकते हैं। यह योजना सुगम डिजिटल ऑनबोर्डिंग, सुरक्षित लेनदेन और ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करती है, जो बैंक की डिजिटल जमा जुटाने की रणनीति का समर्थन करती है।

जनसंपर्क

ए) प्रेस विज्ञप्ति और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इंटरेक्शन

- बैंक ने पीआर एजेंसी के साथ समन्वय में से **40 स्टैंडअलोन प्रेस विज्ञप्तियाँ** प्रसारित कीं और **25 इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इंटरेक्शन** आयोजित किए, जिससे **मीडिया में लगभग 2000+ कवरेज** प्राप्त हुए।

मीडिया कवरेज: -

प्रिंट मीडिया	ऑनलाइन मीडिया	इलेक्ट्रानिक मीडिया	कुल
1042	**1061**	**25**	**2128**

बी) विज्ञापन, प्रचार और अन्य गतिविधियाँ

बैंक ने विज्ञापन और प्रचार के लिए विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग किया, जिसमें प्रिंट, ऑनलाइन विज्ञापन, एफएम रेडियो, चेन्नै मेट्रो ट्रेन, चेन्नै, चंडीगढ, पंजाब, आगरा और कानपुर में बस पर ब्रांडिंग और रैपिंग, मुंबई मेट्रो ट्रेन ब्रांडिंग,लालबाग एक्सप्रेस ट्रेन ब्रांडिंग,ऑडियो जिंगल्स रेलवे स्टेशन,चेन्नै सेंट्रल रेलवे स्टेशन, आउटडोर होर्डिंग शामिल हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने **विज्ञापन (विनियामक) पर 2,86,14,365.26 रुपये और विज्ञापन (गैर-विनियामक) तथा प्रचार पर 13,00,48,231.40** रुपये खर्च किया।

सी) डीएफएस के निर्देशानुसार, बैंक द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का केंद्रीय रूप से आयोजन किया गया:

- **07 अप्रैल 2025** - बैंक ने "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया और हमारे कार्यपालकों द्वारा शपथ लिया गया ।

- **25 अप्रैल 2025** - बैंक ने बी. एस. अब्दुर रहमान क्रिसेंट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वंडलूर, चेन्नै में आइओबी साइबरनोवा – "पीएसबी हैकाथॉन सीरीज 2025 – डेमो डे" का आयोजन किया।

- **09 मई 2025** - बी.एस. अब्दुर रहमान क्रिसेंट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वंडलूर में आइओबी साइबरनोवा 2025 हैकाथॉन का भव्य समापन समारोह आयोजित किया। हमारी सरकारी नामित निदेशक सुश्री नीलम अग्रवाल, आईआरएस निदेशक, डीएफएस निदेशक, बैंक के शीर्षस्थ कार्यपालक और अन्य स्टाफ एवं छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

- **25 सितंबर 2025** – बैंक ने केंद्रीय कार्यालय में "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आयोजन "श्रमदान और स्वच्छता एक दिन, एक घंटा, एक साथ" थीम के साथ किया। जिसमें हमारे शीर्षस्थ कार्यपालकों ने भाग लिया।

- **22 अक्तूबर 2025-** बैंक द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे बैंक के प्रबंधन ने शपथ दिलवाई।

- **31 अक्तूबर 2025** – बैंक द्वारा श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" की शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे बैंक के प्रबंधन ने शपथ दिलवाई।

- **26 नवंबर 2025** – बैंक द्वारा "संविधान दिवस" के अवसर पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे बैंक के प्रबंधन ने शपथ दिलवाई।

- **27 फरवरी 2026** – बैंक ने 'विकसित भारत' के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार, और वित्त पर "पोस्ट बजट वेबिनार" के रूप में विचार-मंथन सत्रों के संबंध में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ समन्वय किया।

सी) बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित निम्नलिखित संसदीय (लोकसभा और राज्यसभा) समिति की बैठकों की मेजबानी की/उनमें भाग लिया

- **23 अगस्त 2025** – चेन्नै में शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल समिति का दौरा।

- **15 अगस्त 2025** – तिरुपति में महिला सशक्तिकरण समिति का अध्ययन दौरा।

- **15 अगस्त 2025** – भुवनेश्वर में लोक लेखा समिति(2025-26) का अध्ययन दौरा कार्यक्रम।

- **19 सितंबर 2025** – चेन्नै में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी स्थायी समिति का अध्ययन दौरा।

- **20 सितंबर 2025** – जयपुर(राजस्थान) में सरकारी आश्वासनों पर समिति, राज्यसभा का दौरा।

- **04 नवंबर 2025** – पंचमढ़ी में आयोजित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण पर संसदीय समिति का अध्ययन दौरा।

- **14 नवंबर 2025** – हैदराबाद में उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति का दौरा।

- **27 दिसंबर 2025** – कोच्चि में उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा।

- **27 दिसंबर 2025** - हैवलॉक में अनुमान समिति का अध्ययन दौरा।

- **29 दिसंबर 2025** – तिरुवनंतपुरम में महिली सशक्तिकरण पर संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा।

- **03 जनवरी 2026** – रामेश्वरम में कृषि पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा

- **03 जनवरी 2026** – मदुरै में याचिकाओं पर समिति का अध्ययन दौरा।

- **06 जनवरी 2026** – पॉडिचेरी में उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण पर संसदीय समिति(2025-26) का अध्ययन दौरा।

- **07 जनवरी 2026** – चेन्नै में वाणिज्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा।

- **21 जनवरी 2026** – कोच्चि में सामाजिक न्याय और अधिकारिता पर स्थायी समिति(2025-26) का अध्ययन दौरा।

- **24 फरवरी 2026** - बेंगलुरु में वित्त पर स्थायी समिति(2025-26) का अध्ययन दौरा।

- **24 फरवरी 2026** – बेंगलुरु में सरकारी आश्वासनों पर समिति(2025-26) का अध्ययन दौरा।

डी) कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

वित्त वर्ष **2025-26** के दौरान, बैंक ने कुल रु. **कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व** (सीएसआर) पर **8.74** करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे लगभग **5,85,083 लाभार्थी** लाभान्वित हुए।

वित्त वर्ष 2025- 26 के लिए बैंक द्वारा करेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर खर्च

क्रमांक	श्रेणी	स्वीकृत राशि (लाखों में जीएसटी रहित)	लाभार्थी				
			एसटी	एससी	ओबीसी	सामान्य	कुल
1	शिक्षा	**163.27**	5326	11242	24257	18341	**59162**
2	महिला एवं वरिष्ठ नागरिक सशक्तिकरण	**46.21**	1695	3636	7796	5826	**18953**
3	पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कारण	**209.16**	16324	34461	74351	56226	**181375**
4	स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता	**54.44**	1654	3491	7532	5695	**18370**
5	परंपरा एवं विरासत का संरक्षण	**137.86**	22139	46738	100854	76256	**245985**
6	ग्रामीण कल्याण पहल और आपदा प्रबंधन	**79.15**	1879	3881	8350	6313	**20423**
7	कौशल प्रशिक्षण/प्रशिक्षुता प्रशिक्षण एवं कौशल विकास	**67.54**	1218	2571	5548	4195	**13530**
8	खेल	**96.92**	782	1651	3561	2693	**8685**
9	प्रौद्योगिकी और अनुसंधान	**8.39**	1216	2565	5535	4185	**13500**
10	वार वेटरन और दान	**12.00**	459	969	2091	1581	**5100**
कुल योग		**874.94**	**52692**	**111205**	**239875**	**181311**	**585083**

ई) सोशल मीडिया

बैंक के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का बैंक की ब्रांड छवि को बढ़ाने के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया। हमारी ब्रांड छवि को और बढ़ाने और बनाने के लिए एक समर्पित सोशल मीडिया टीम बनाई गई है।

बैंक के कुल सब्सक्राइबर की संख्या 30 लाख का आँकड़ा पार कर चुकी है और 31 मार्च 2026 तक अब यह संख्या 30.46 लाख हो गई है।

क्रं.सं.	प्लेटफॉर्म	31.03.2025 तक	31.03.2026 तक	31 मार्च 2025 तक वृद्धि	31 मार्च 2025 तक % वृद्धि
1	यूट्युब	842294	1512616	670322	**79.58**
2	फेसबुक	352958	757668	404710	**114.66**
3	इंस्टाग्राम	273139	602472	329333	**120.57**
4	एक्स (ट्वीटर)	56914	88152	31238	**54.89**
5	लिंक्डइन	41039	53142	12103	**29.5**
6	थ्रेड्स	12933	32312	19379	**149.84**
	कुल	**1579277**	**3046362**	**1467085**	**92.90**

बोर्ड के निर्देशानुसार, बैंक के सब्सक्राइबर की संख्या 30 लाख के पार हो गई है, और सब्सक्राइबर की संख्या 30.46 लाख तक पहुंच गई है, जो 31 मार्च, 2025 के आँकड़ों की तुलना में 92.90% की वृद्धि है।

- इसके अतिरिक्त, हम अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में पोस्ट के साथ अपने सोशल मीडिया चैनलों को नियमित रूप से अपडेट करने, अपने ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करने और अपने बैंक की मार्केटिंग दृश्यता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए 736 पोस्टर/फ्लायर्स/वीडियो और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त **1629 ग्राहक की शिकायतों** का सावधानीपूर्वक निपटान किया गया और 48 घंटों के भीतर उनका समाधान किया गया।

कॉल सेंटर और लीड जेनेरेशन

बैंक **ग्राहकों के अनुरोध,पूछताछ और शिकायतों** को संभालने के लिए टोल-फ्री इनबाउंड सेवाओं के साथ एक आउटसोर्स ग्राहक संपर्क केंद्र संचालित करता है। ये सेवाएँ समर्पित ग्राहक सेवा सहयोगियों(सीएसए) के माध्यम से **24X7X365,** प्रदान की जाती है, जिससे ग्राहकों की समस्याओं का समय पर निवारण और पंजीकरण सुनिश्चित होता है। ग्राहकों को एक **इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सिस्टम के माध्यम से स्व-सेवा सुविधाएं** भी प्रदान की जाती है।

ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, **जून 2025** से **'नेक्स्ट-जेनेरेशन कॉन्टैक्ट सेंटर'** को क्रियान्वित किया गया, जो सेवा की गुणवत्ता में सुधार और ईएएसई मैट्रिक्स प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवीनतम **एआई-सक्षम तकनीकों और ओमनी-चैनल क्षमताओं** का लाभ उठाता है।

प्रदान की जाने वाली मुख्य सेवाएँ

1. **इनबाउंड सेवाएँ**
   - टोल-फ्री नंबर: **1800 425 4445** और **1800 890 4445**
2. **आउटबाउंड सेवाएँ**
   - एसएमए रिकवरी
   - लीड जेनेरेशन कॉलिंग और फॉलो-अप
   - ग्राहकों के निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के लिए कॉल करना ।
3. **अभियान कॉलिंग**
4. **वॉइस ब्लास्ट सेवाएँ**
5. **एआई-आधारित चैटबॉट सेवाएँ**

लीड जेनेरेशन

संपर्क केंद्र सुनियोजित लीड जनरेशन गतिविधियों के माध्यम से बैंक के कारोबारी विकास में सक्रिय रूप से सहयोग करता है। **बैंक के सीआरएम**

सिस्टम में उपलब्ध वास्तविक समय की लीड्स और विभिन्न विभागों द्वारा साझा किए गए लीड डेटा के आधार पर ग्राहकों से संपर्क किया जाता है।

लीड्स विभिन्न सोर्सेज से जेरनेट होती है, जिसमें शामिल हैं:

- सिबिल ट्रीगर
- आईवीआर इंटरेक्शन
- बैंक की वेबसाइट
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस
- संपर्क केंद्र-जनित इंटरेक्शन

सभी संभावित ग्राहकों को बैंक के सीआरएम सिस्टम में विधिवत टैग किया जाता है और उन्हें वास्तविक समय में संपर्क केंद्र को उपलब्ध कराया जाता है। ग्राहक सेवा सहयोगी एक स्वचालित डायलर सिस्टम के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क करते हैं, उपयुक्त कारोबारी अवसरों की पहचान करते हैं और ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार योग्य संभावित ग्राहकों को सीआरएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबंधित शाखाओं तक सुचारू रूप से पहुंचाते हैं ताकि उन्हें आगे कारोबार रूप से परिवर्तित किया जा सके।

एआई – आधारित चैटबॉट एप्लिकेशन - आइओबी बडी

बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर **एआई-आधारित चैटबॉट एप्लिकेशन** सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह चैटबॉट एक वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में कार्य करता है, जिसे ग्राहकों की पूछताछ का जवाब देकर, बैंकिंग प्रक्रियाओं में उनका मार्गदर्शन करके और चुनिंदा सेवा लेन-देन को वास्तविक समय में सुगम बनाकर उनकी सहायता करने के लिए डिजाइन किया गया है।

मुख्य विशेषताएं

- बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए स्वचालित जवाब
- चुनिंदा खाता संबंधी सेवाएं, जिनमें शामिल हैं:
    - खाता शेष की जानकारी
    - पिछले पांच लेन-देन
    - खाता विवरण तैयार करना
    - एटीएम कार्ड ब्लॉक करना
    - ऋण अनुरोध
- चैटबॉट इंटरफेस के माध्यम से कॉल सेंटर एजेंटों के साथ लाइव चैट शुरू करने की सुविधा
- नियमित बैंकिंग समय के बाद भी तत्काल सहायता के लिए 24×7 उपलब्धता
- बार-बार आने वाली और नियमित पूछताछों को प्रभावी ढंग से संभालकर मानवीय प्रतिनिधि पर परिचालन भार में कमी

आउटबाउंड कॉलिंग पर आरबीआई/टीआरएआई दिशानिर्देशों का अनुपालन

वॉयस कॉल और एसएमएस के माध्यम से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए आरबीआई और टीआरएआई के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक ने आउटबाउंड कॉल के लिए निर्धारित नंबरिंग श्रृंखला लागू की है। आरबीआई परिपत्र संदर्भ संख्या आरबीआई/2024-25 सीईपीडी.सीओ.ओबीडी.सं.एस1270/50-01- 001/2024-25 दिनांक 17.01.2025 के अनुसार:

- **प्रचार संबंधी वॉइस कॉल 1400xx** श्रृंखला से शुरू होती है।
- **लेनदेन और सेवा संबंधी** कॉल **1600xx** श्रृंखला से शुरू होती हैं।

बैंक ने निर्धारित समय सीमा के भीतर, यानी **31.03.2025** को या उससे पहले, आवश्यक कार्यान्वयन पूरा किया और निम्नलिखित नंबर प्राप्त किए:

- **लेनदेन और सेवा संबंधी कॉल:** 1600 118 119, 1600 300 418, 1600 118 119, 1600 318 418
- **प्रचार संबंधी कॉल:** 140 9686 440 से 140 9686 469

डिजिटल मौजूदगी

बैंक की अधिकारिक वेबसाइट पर ग्राहक सेवा मेनू के अंतर्गत संपर्क केंद्र की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा दी गई है, ताकि ग्राहकों के लिए इस तक पँहुचना आसान हो सके।

बैंकिंग क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत स्थिति में प्रवेश कर रहा है, जिसे स्वस्थ पूँजीकरण, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत लाभप्रदता और **खुदरा, कृषि, एमएसएमई, अवसंरचना और सेवा क्षेत्रों** में निरंतर ऋण मांग प्रायोजित है। भारत के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे, बढ़ते निवेश, अवसंरचना-आधारित विकास, डिजिटल अपनाने और बढ़ते वित्तीय समावेशन से बैंकिंग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कारोबारी अवसर प्राप्त होने की उम्मीद है।

साथ ही, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रेपो-लिंक्ड ऋण पोर्टफोलियो पर नीतिगत ब्याज दरों में कटौती के प्रभाव और कम लागत वाली जमा राशि जुटाने में प्रतिस्पर्धी दबावों के कारण, इस क्षेत्र को निकट भविष्य में **निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)** पर निकट अवधि के दबाव का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, एससीबी ऋण में **13.8% की वार्षिक वृद्धि** के साथ, जो अद्यतित डेटा के अनुसार **जमा वृद्धि 10.8% से अधिक है**, बैंकों से उम्मीद की जाती है कि वे ग्रेनुलर जमा संग्रहण, डिजिटल बैंकिंग, वेतन खातों, उत्पाद नवाचार और परिचालन दक्षता पर अपना ध्यान केंद्रित करें।

मजबूत पूँजीगत सुरक्षा, बेहतर जोखिम प्रबंधन प्रथाओं, त्वरित डिजिटल परिवर्तन और निरंतर नियामक समर्थन के साथ, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र निकट भविष्य की चुनौतियों से निपटने और देश के दीर्घकालिक आर्थिक विकास में सहयोग करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

निदेशक मंडल की ओर से

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 21-05-2026

अजय कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी

वर्ष 2025-26 के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

1) अनिवार्य आवश्यकताएं

1. कॉरपोरेट गवर्नेंस पर बैंक का दर्शन

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक कॉरपोरेट गवर्नेंस के सिद्धांतों और महत्व को पहचानता है और न केवल वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन कर रहा है, बल्कि स्वैच्छिक रूप से मजबूत कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रक्रियाओं का एक सेट तैयार कर उसका पालन भी कर रहा है। बैंक ने हमेशा अपने सभी हितधारकों अर्थात शेयरधारकों, ग्राहकों, सरकार और समाज के हितों की सर्वोत्तम सेवा करने का प्रयास किया है। कॉरपोरेट गवर्नेंस पर बैंक का विचार सभी स्तरों पर प्रदर्शन के लिए पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के उच्च मानक प्रदान करना और व्यावसायिकता, सामाजिक जवाबदेही, सुदृढ़ व्यवसाय प्रक्रियाओं और इष्टतम दक्षता के माध्यम से उत्कृष्टता सुनिश्चित करना और प्राप्त करना है। इसके बदले में बैंक को शेयरधारकों के मूल्य को अधिकतम करने और उनके हितों की रक्षा करने के लिए उच्च स्तर की व्यावसायिक नैतिकता बनाए रखने में सक्षम बनाया है।

बैंक के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं। हालाँकि, बैंक एक कंपनी नहीं है, बल्कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के तहत एक निगमित निकाय है और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित है। बैंक सेबी (सूचीगत बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आपेक्षाएँ) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट सीमा में उल्लिखित कॉरपोरेट गवर्नेंस मानदंडों के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करता है यह बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 और इस संबंध में भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और सेबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों, निर्देशों आदि का अनुपालन करता है।

2. निदेशक मंडल:

बैंक का गठन बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, (राष्ट्रीयकरण अधिनियम) के तहत किया गया है, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जाता है। निदेशक मंडल की संरचना राष्ट्रीयकरण अधिनियम, यथा संशोधित और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, यथा संशोधित के प्रावधानों द्वारा शासित होती है।

बोर्ड की जिम्मेदारियों में बैंक के समग्र कामकाज की निगरानी करना शामिल है, जिसमें व्यवसाय संचालन के लिए नीतियों का अनुमोदन, व्यवसाय समीक्षा, लेखा परीक्षा और जोखिम कार्य की स्वतंत्रता का आकलन, तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की विस्तृत जांच, एनपीए प्रबंधन और प्रावधान की प्रमाणिकता, नियामक और वैधानिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, ग्राहक संरक्षण, वित्तीय समावेशन, मानव संसाधनों का समग्र पर्यवेक्षण आदि शामिल हैं। बोर्ड ने विभिन्न उप-समितियों का गठन किया है और बोर्ड की समितियों को विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों के लिए अपनी शक्तियाँ सौंपी हैं। बोर्ड और इसकी समितियाँ समय-समय पर बैठकें आयोजित करती हैं।

क) संघटन:

बैंक का व्यवसाय निदेशक मंडल के अधीन है। एमडी व सीईओ तथा ईडी बोर्ड के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण में कार्य करते हैं। 31.03.2026 तक बोर्ड में 10 निदेशक हैं, जिनमें 3 पूर्णकालिक निदेशक, 2 गैर-कार्यपालक निदेशक, 4 अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक तथा शेयरधारकों में से उनके हितों का विधिवत प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया 1 निदेशक शामिल है।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ई) और 9(3)(एफ) के तहत भारत सरकार द्वारा कामगार कर्मचारी निदेशक और अधिकारी कर्मचारी निदेशक के पदों को नामित किया जाना आवश्यक है।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (जी) के अनुसार, बोर्ड में एक निदेशक होगा जो कम से कम पंद्रह वर्षों तक चार्टर्ड अकाउंटेंट रहा हो, जिसे रिज़र्व बैंक के परामर्श के बाद केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाएगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट निदेशक का पद 25.07.2019 से रिक्त है।

बैंक बोर्ड स्तर पर विभिन्न रिक्तियों को तत्काल भरने के लिए मामला वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के संज्ञान में लाया है तथा केंद्र सरकार अन्य निदेशकों को नामित करने की प्रक्रिया में है। भारत सरकार द्वारा निदेशकों की नियुक्ति किए जाने पर रिक्तियों को भरा जाएगा।

ख) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पद धारण करने वाले निदेशकों का विवरण:

निदेशक का नाम	पद का नाम	निदेशक पद की प्रकृति	नियुक्तियों की तिथि	सेवानिवृत्ति/वर्ष के दौरान पद से हटने
श्री श्रीनिवासन श्रीधर	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर कार्यपालक	21.02.2024	--
श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी	कार्यपालक/पूर्णकालिक	01.01.2023	--
श्री जयदीप दत्ता रॉय	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक/पूर्णकालिक	30.01.2024	--
श्री धनराज टी	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक/पूर्णकालिक	10.03.2024	--
सुश्री नीलम अग्रवाल	सरकारी नामिती निदेशक	आधिकारिक – गैर-कार्यपालक	05.08.2024	--
सुश्री सोनाली सेन गुप्ता	आरबीआई नामिती निदेशक	आधिकारिक– गैर-कार्यपालक	14.07.2023	03.03.2026
श्री थॉमस मैथ्यू	आरबीआई नामिती निदेशक	आधिकारिक – गैर-कार्यपालक	03.03.2026	--
श्री सुरेश कुमार रुंगटा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर-कार्यपालक	11.04.2025	--
श्री बी चंद्रा रेड्डी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर-कार्यपालक	11.04.2025	--
श्री दीपक शर्मा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर-कार्यपालक	11.04.2025	--
श्री संजया रस्तोगी	शेयरधारक निदेशक	गैर-कार्यपालक	03.12.2022	02.12.2025
श्री जी वेंकटरमणन	शेयरधारक निदेशक	गैर-कार्यपालक	03.12.2025	--

31.03.2026 तक बैंक के निदेशकों की प्रोफ़ाइल **अनुलग्नक-I** के रूप में संलग्न है।

निदेशकों के बीच आपसी रिश्ते का प्रकटीकरण: यह घोषित किया जाता है कि कोई भी निदेशक एक-दूसरे से संबंधित नहीं है।

बोर्ड ने निदेशकों के लिए एक आचार संहिता अपनाई है, तथा एमडी व सीईओ से एक घोषणा प्राप्त की गई है, जिसमें आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की गई है तथा घोषणा निम्नानुसार है

"यह पुष्टि की जाती है कि बैंक ने सभी बोर्ड सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए एक आचार संहिता निर्धारित की है और उक्त आचार संहिता बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट की गई है। बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन ने आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।"

बैंक के बोर्ड के निदेशकों ने यह भी पुष्टि की है कि "बैंक के स्वतंत्र निदेशकों सूचीगत बाध्यताओं में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं।"

श्री प्रणय कुमार, उप महा प्रबंधक, बोर्ड के सचिव थे।

बैंक के व्यवसाय और क्षेत्रों के संदर्भ में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए पहचाने गए आवश्यक मुख्य कौशल/ विशेषज्ञता/ योग्यताएं	बोर्ड के पास उपलब्ध मुख्य कौशल/ विशेषज्ञता/ योग्यताएं
बैंकिंग	हाँ
वित्त	हाँ
अर्थशास्त्र	हाँ
मानव संसाधन प्रबंधन	हाँ
सूचना प्रौद्योगिकी	हाँ
ट्रेज़री प्रबंधन	हाँ
विपणन	हाँ
जोखिम प्रबंधन	हाँ

ग) निदेशक मंडल के कौशल/विशेषज्ञता/क्षमता का विवरण:

निदेशक का नाम	बोर्ड के पास उपलब्ध कोर स्किल/एक्सपर्टीज़/कॉम्पिटेंसीज़
श्री श्रीनिवासन श्रीधर	लेखांकन, बैंकिंग, अर्थव्यवस्था, वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी, भुगतान एवं समायोजन प्रणाली, मानव संसाधन, जोखिम प्रबंधन, कारोबार प्रबंधन
श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	कृषि और ग्रामीण अर्थशास्त्र, बैंकिंग, सहकारिता, लघु उद्योग, भुगतान एवं समायोजन प्रणाली, मानव संसाधन, जोखिम प्रबंधन, कारोबार प्रबंधन, ऋण एवं वित्त।
- राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक होने के नाते बैंक ने सेबी सूचीबद्ध बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ विनियम 2015 की आवश्यकताओं का लागू सीमा तक अनुपालन किया है।

- बैंक सत्यनिष्ठा और व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध है और बैंक में कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार, कदाचार और अधिकार के दुरुपयोग को जड़ से समाप्त करने के लिए परिभाषित प्रणालियॉं और प्रक्रियाएँ स्थापित की हैं। बैंक कर्मचारियों/अधिकारियों, ग्राहकों और बैंक के संपर्क में आने वाले आम लागों के बीच काम करने और व्यवहार की एक खुली और पारदर्शी प्रणाली को प्रोत्साहित करता है। बैंक केंद्रीय सतर्कता आयोग के दायरे में आता है। इस प्रकार, बैंक ने इस संबंध में भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्हिसल ब्लोअर नीति बनाई गई है। व्हिसल ब्लोअर नीति नामक नीति का उद्देश्य विचलनों को शीघ्रता से पहचानना और यथासंभव कम समय में उनेस निपटना है। इसे बैंक के कर्मचारियों ओर अधिकारियों के बीच प्रसारित किया गया है ताकि उनके नामों के प्रकटीकरण के विरुद्ध उनकी पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित की जा सके और व्हिसल ब्लोअर को किसी भी व्यक्तिगत प्रतिशोधात्मक कार्रवाई जैसे अपमान, उत्पीडना या किसी अन्य प्रकार के अनुचित व्यवहार या उसके सार्वजनिक हित प्रकटीकरण के कारण किसी भी प्रकार की हानि के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान की जा सके।

- नीति का विषय -वस्तु बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है: https://www.iob.bank.in/en/disclosures-under-regulation-46-62--of-the-lodr-regulations

- बैंक के किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति तक पहूंच से वंचित नहीं किया गया है।

- बैंक ने नियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। आरबीआई/वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा लगाए गए दंडों का विवरण खातों के नोटों में प्रकट किया गया है।

- कॉरपोरेट गवर्नेंस के प्रावधानों से संबंधित नीतियां (कॉरपोरेट गवर्नेंस नीति और संबंधित पक्ष लेनदेन नीति) बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं और इन्हें निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है: https://www.iob.bank.in/en/disclosures-under-regulation-46-62--of-the-lodr-regulations

- 31.03.2026 तक बैंक की कोई भी महत्वपूर्ण सहायक कंपनी नहीं है।

  सामान्य बैंकिंग व्यवसाय के दौरान किए गए लेन-देन को छोड़कर, बैंक ने किसी भी संबंधित पक्ष के साथ ऐसा कोई महत्वपूर्ण लेन-देन नहीं किया है, जिससे बैंक के समग्र हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है। बैंक में यह स्थापित प्रथा है कि निदेशक मंडल तथा उसकी अन्य उप-समितियों की बैठकों में, जब उनसे संबंधित अथवा उनके रिश्तेदारों/फर्मों/कंपनियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाती है, जिनमें उनकी रुचि हो, तब संबंधित निदेशक विचार विमर्श में भाग नहीं लेते हैं।

- सामान्य बैंकिंग व्यवसाय के दौरान किए गए लेन देन तथा बैंक के निदेशक मंडल एवं उसकी समितियों की बैठकों में उनकी उपस्थिति के लिए बैंक द्वारा उन्हें दी जानेवाली बैठक शुल्क के सिवाय बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशकों का बैंक के साथ कोई वित्तीय संबंध अथवा या लेन-देन नहीं है।

- बैंक ने वित्तीय वर्ष 2029-2030 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट और वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट तैयार करने हेतु मेसर्स श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज को नियुक्त किया है। वार्षिक सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट बैंक की वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा होगी।

- मेसर्स श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जिसमें यह प्रमाणित किया गया है कि बैंक के निदेशक मंडल में से किसी को भी सेबी/ कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय या किसी भी ऐसे वैधानिक/ नियामक प्राधिकरण द्वारा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त होने या बने रहने से प्रतिबंधित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है, वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा साथ संलग्न है।

- सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनिमय, 2015 के **अनुलग्नक-V** के उप-पैरा (2) से (10) तक की कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट की किसी भी आवश्यकता का अनुपालन न करना: शून्य

- कमोडिटी मूल्य जोखिम और कमोडिटी हेजिंग गतिविधियां - लागू नहीं।

- योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से बैंक द्वारा जुटाई गई धनराशि का उपयोग: शून्य।

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने निजी प्लेसमेंट के माध्यम से बेसल III टीयर II बॉन्ड जारी करके 1000 करोड़ रुपये की पूँजी जुटाई, जिसे योग्य संस्थागत खरीदारों ने सब्सक्राइब किया।

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, ऐसा कोई दृष्टांत नहीं था, जहां बोर्ड ने बोर्ड समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया, जो अनिवार्य रूप से आवश्यक हैं। अनिवार्य रूप से आवश्यक सभी सिफारिशों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।

- सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनिमय, 2015 के विनिमय 33(2) के साथ पठित विनिमय 17(8) के तहत निर्धारित बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी से प्राप्त अनुपालन प्रमाणपत्र प्रत्येक तिमाही के लिए बोर्ड के समक्ष रखा गया है तथा इसे बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न किया जाएगा।

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैधानिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों को भुगतान की गई कुल व्यवसायिक शुल्क और अन्य व्यय 50,73,70,343.94.

- कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुरूप, बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए एक नीति तैयार की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान

विवरण	नं
वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या	01
वित्तीय वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	0
वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	01

- बैंक के वैधानिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र, सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनिमय, 2015 के अनुसार कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन के संबंध में होगा और इसे बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न किया जाएगा।

- विनियमों के अनुसरण में, बैंक ने नामित कर्मचारियों और निदेशकों के लिए बैंक के शेयरों में लेन-देन करने हेतु भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता तैयार की है। इन विनियमों के अनुसार, नामित कर्मचारियों और बैंक के निदेशकों से समय-समय पर जानकारी प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रपत्र तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक के शेयरों में लेन-देन के लिए ट्रेडिंग विंडो को बैंक के निदेशकों और नामित कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार बंद रखा गया था:

ट्रेडिंग विंडो बंद होने की तिथियाँ	बंद होने का उद्देश्य
1 अप्रैल 2025 से 4 मई 2025 तक	31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष के वित्तीय परिणामों की घोषणा।
1 जुलाई 2025 से 20 जुलाई 2025 तक	30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा।
1 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक	30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा।
1 जनवरी 2026 से 16 जनवरी 2026 तक	31 दिसंबर 2025 को समाप्त हुए वर्ष के वित्तीय परिणामों की घोषणा

- इस रिपोर्ट में संबंधित मदों के सामने बताए गए अनुसार गैर-अनिवार्य आवश्यकताओं को अपनाया गया है।

- बैंक की लाभांश वितरण नीति वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है और बैंक की वेबसाइट https://www.iob.bank.in/documents/d/guest/dividend-distribution-policy पर उपलब्ध है।

- निदेशकों के लिए परिचयात्मक कार्यक्रमों का विवरण बैंक की वेबसाइट https://www.iob.bank.in/en/fpiid पर उपलब्ध है।

- हमने सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015, संशोधित के विनियम 17 से 27 और विनियम 46 के उप-विनियम (2) के खंड (बी) से (आई) में निर्दिष्ट कॉरपोरेट गवर्नेंस आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

- इन विनियमों की अनुसूची III के भाग A के पैराग्राफ A के खंड 5A के अंतर्गत सूचीबद्ध संस्थाओं पर बाध्यकारी कुछ प्रकार के समझौतों का खुलासा: वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ऐसे कोई समझौते नहीं किए गए।

11. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 27(1) की विवेकाधीन आवश्यकताओं के कार्यान्वयन की सीमा निम्नानुसार है:

क्रम सं	विवेकाधीन आवश्यकताएँ	कार्यान्वयन की स्थिति
1	**बोर्ड:** एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष सूचीबद्ध इकाई के खर्च पर अध्यक्ष का कार्यालय बनाए रखने का हकदार होगा और उसे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति की भी अनुमति दी जा सकती है।	जी हाँ।
2	शेयरधारकों के अधिकार	वित्तीय परिणाम हमारी वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाते हैं।
3	लेखापरीक्षा अर्हता	बैंक के पास अप्रतिबंधित वित्तीय विवरण हैं।
4	अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक या सीईओ के लिए अलग पद।	भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद को दो भागों में विभाजित किया है: एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष होगा जो बैंक को समग्र नीतिगत दिशा प्रदान करेगा तथा दूसरा पूर्णकालिक कार्यपालक प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा जो बैंक के दैनिक कामकाज की देखरेख करेगा।
5	आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्टिंग	आंतरिक लेखा परीक्षक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करता है।

निदेशक मंडल की ओर से

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

परिशिष्ट-1

बैंक के वर्तमान निदेशकों का संक्षिप्त परिचय

1. श्री श्रीनिवासन श्रीधर, गैर-कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि: 03.05.1960)

श्री श्रीनिवासन श्रीधर ने 21.02.2024 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक और गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। श्री श्रीनिवासन श्रीधर 2018 से लेकर अपने वर्तमान पदभार ग्रहण करने तक बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरधारक निदेशक के रूप में बोर्ड में कार्यरत थे। श्री श्रीनिवासन श्रीधर दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम (ऑनर्स) स्नातक हैं और एक अर्हता प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हैं।

श्री श्रीनिवासन श्रीधर वित्तीय सेवाओं के विशेषज्ञ हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भारत में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव प्राप्त है। वे 28 वर्षों तक सिटीग्रुप के साथ जुड़े रहे और एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 6 देशों में काम कर चुके हैं। सिटीग्रुप में उन्होंने कई नेतृत्वकारी पदों पर कार्य किया, जिनमें तीन देशों के सीईओ, भारत के कॉरपोरेट बैंक प्रमुख, अफ्रीका के ट्रांजैक्शन सर्विसेज प्रमुख और मध्य, पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के बैंक सर्विसेज ग्रुप प्रमुख शामिल हैं। उनके पास कॉरपोरेट और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, उत्पाद प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, शासन और विनिमायक अनुपालन जैसे क्षेत्रों में दुनिया भर का गहन बैंकिंग अनुभव और उत्कृष्ट कार्य अनुभव भी है।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में उनकी शेयरधारिता शून्य है।
- अन्य निदेशक पद: ग्राफाइट इंडिया लिमिटेड और यूटीआई ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड।

2. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (जन्म तिथि: 15.10.1967)

श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने 09.10.2017 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति के पश्चात 01.01.2023 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किए हैं।

उन्होंने 1991 में इलाहाबाद बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में कई पदों पर कार्य किया। वे एक कुशल और अनुभवी बैंकर हैं, जिन्हें व्यापक जमीनी अनुभव प्राप्त है और इलाहाबाद बैंक में वरिष्ठ स्तर पर रहते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात और दिल्ली के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण क्षेत्रों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है।

इलाहाबाद बैंक में लगभग 27 वर्षों की सफल सेवा के बाद, भारत सरकार द्वारा उन्हें कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया और उन्होंने 9 अक्टूबर 2017 को इण्डियन ओवरसीज बैंक में कार्यभार संभाला।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में कार्यपालक निदेशक के रूप में उनका सफर बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। बैंक 2014 से घाटे में चल रहा था, 2015 से पीसीए में था और कई अन्य चुनौतियों के अलावा वित्तीय स्थिति भी बेहद खराब स्थिति में थी। उन्होंने प्रत्येक प्रमुख क्षेत्र के लिए रणनीतियां बनाईं और बोर्ड के सहयोग से उन्हें जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया। उन्होंने पांच वर्षों से अधिक समय तक बैंक में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्य किया और इस दौरान सभी विभागों और पोर्टफोलियो का प्रबंधन किया। कार्यपालक निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने मार्च 2020 में बैंक को घाटे से बाहर निकालने और सितंबर 2021 में पीसीए से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, वे 2020-2021 के दौरान लगभग 14 महीनों तक बैंक में एकमात्र कार्यपालक निदेशक थे।

वे भारत सरकार द्वारा संचालित इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आइआइएफसीएल) के निदेशक मंडल में दो वर्षों तक निदेशक भी रहे। उन्होंने अपने पूर्व बैंक में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के निदेशक मंडल में भी कार्य किया है।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: उनके पास हमारे बैंक के 8,182 शेयर हैं।
- अन्य निदेशक पद: यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड।

3. श्री जयदीप दत्ता रॉय, कार्यपालक निदेशक (जन्म तिथि: 01.07.1972)

श्री जयदीप दत्ता रॉय ने 31.01.2024 से इण्डियन ओवरसीज बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। लगभग 28 वर्षों के बैंकिंग अनुभव के बाद, उन्होंने वर्ष 1996 में बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यभार संभाला।

बैंक ऑफ बड़ौदा में मानव संसाधन प्रमुख, बैंक के देहरादून और बरेली क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रमुख, और पूर्ववर्ती देना और विजया बैंकों के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय के समय एकीकरण प्रमुख के रूप में सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद, उन्हें मुख्य महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया और बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के कार्यालय में तैनात किया गया। मुख्य महाप्रबंधक के रूप में, वे बैंक में रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन के प्रभारी थे और बैंक स्तर और वर्टिकल स्तर की

समीक्षा करने के अलावा बैंक की सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों का प्रबंधन भी करते थे, जिसके बाद, उन्हें भारत सरकार द्वारा 21.10.2021 से कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के रूप में, उन्होंने बैंक के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का प्रभार संभाला है, जिनमें रिटेल बैंकिंग व्यवसाय (परिसंपत्ति और देयताएँ), धन प्रबंधन और एनआरआई व्यवसाय, जोखिम, वित्त और योजना कार्य, मानव संसाधन प्रबंधन, आईटी और डिजिटल, निरीक्षण और लेखापरीक्षा, अनुपालन, क्रेडिट निगरानी, संग्रह, सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यम, संचालन और सेवाएं, एंटरप्राइज डेटा प्रबंधन आदि शामिल हैं।

उन्होंने नेशनल ई गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल), पीएसबी एलायंस लिमिटेड, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द नैनीताल बैंक लिमिटेड, बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड, बीओबी कार्ड्स लिमिटेड और बैंक ऑफ बड़ौदा तंजानिया लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी कार्य किया है। इसके अलावा, वे बड़ौदा-बीएनपी परिबास एसेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और बैंक ऑफ बड़ौदा (यूके) लिमिटेड के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष भी रहे हैं।

श्री जयदीप दत्ता रॉय ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है। वे लॉ ग्रेजुएट भी हैं और मुंबई के नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए भी कर चुके हैं।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: उनके पास हमारे बैंक के 8,096 शेयर हैं।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

4. श्री टी. धनराज, कार्यपालक निदेशक (जन्म तिथि: 20.05.1970)

श्री टी. धनराज ने 10 मार्च 2024 को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वे इंडियन बैंक में मुख्य महाप्रबंधक (सीडीओ/सीएलओ) थे। श्री टी. धनराज ने 1994 में ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में इंडियन बैंक में कार्यभार संभाला था।

बैंकिंग उद्योग में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ग्रामीण एवं कॉरपोरेट शाखाओं, कृषि ऋण, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और मानव संसाधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शाखा प्रमुख के रूप में विविध अनुभव प्राप्त किए। उन्होंने इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में विलय के दौरान मानव संसाधन संबंधी सभी मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकीकृत इकाई में मानव संसाधन प्रमुख के रूप में, उन्होंने दक्षता बढ़ाने के लिए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) को लागू करके मानव संसाधन प्रक्रियाओं में सुचारु परिवर्तन किया।

ग्रामीण बैंकिंग विभाग के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कृषि स्टार्टअप्स के वित्तपोषण के लिए कृषि इन्क्यूबेशन हेतु आईआईटी मद्रास के साथ सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कृषि सह-ऋण मॉडल की शुरुआत की। आरआरबी के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने पल्लवन ग्राम बैंक और पांडियन ग्राम बैंक के विलय को सफलतापूर्वक पूरा किया, जो बाद में तमिलनाडु ग्राम बैंक के नाम से जाना जाने लगा। वे नाबार्ड की सहायक कंपनी नबकिसान और इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित आरआरबी सप्तगिरि ग्रामीण बैंक के निदेशक मंडल में भी थे।

श्री टी. धनराज ने तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय से कृषि अभियांत्रिकी की डिग्री प्राप्त की है। इसके अलावा, उनके पास सीएआईआईबी और आईआईएम बैंगलोर द्वारा आयोजित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के नेताओं के लिए 'नेतृत्व विकास कार्यक्रम' प्रबंधन पाठ्यक्रम जैसी अन्य पेशेवर योग्यताएं भी हैं। उन्होंने आईआईएम, लखनऊ से 'मानव संसाधन विश्लेषण में कार्यकारी कार्यक्रम' (ईपीएचआरए) भी पूरा किया है।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: उनके पास हमारे बैंक के 7,834 शेयर हैं।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

5. सुश्री नीलम अग्रवाल, सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक (जन्म तिथि: 07.11.1979)

सुश्री नीलम अग्रवाल भारतीय राजस्व सेवा की 2008 बैच की अधिकारी हैं। उन्हें 05.08.2024 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के बोर्ड में भारत सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

सुश्री नीलम अग्रवाल वर्तमान में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में निदेशक के पद पर तैनात हैं। उन्हें आयकर विभाग में विभिन्न चुनौतीपूर्ण कार्यों को संभालने का एक दशक से अधिक का व्यापक अनुभव है। सुश्री नीलम अग्रवाल रांची विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। भारतीय राजस्व सेवा में शामिल होने से पहले, उनका चयन झारखंड प्रशासनिक सेवा के लिए हुआ था और उन्होंने झारखंड राज्य में कुछ वर्षों तक सेवा की।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में हिस्सेदारी शून्य है।
- अन्य निदेशक पद: नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड और पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक।

6. श्री थॉमस मैथ्यू, आरबीआई के मनोनीत निदेशक (जन्म तिथि: 13.11.1965)

श्री थॉमस मैथ्यू नवंबर 2025 के अंत में भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रधान मुख्य महा प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के समय, वे केरल और लक्षद्वीप के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक थे। इससे पहले, श्री थॉमस मैथ्यू आरबीआई के विनियमन विभाग (डीओआर) में मुख्य महा प्रबंधक थे और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक भी रह चुके थे। उन्होंने 1990 में ग्रेड बी अधिकारी के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यभार संभाला और विभिन्न कार्यालयों और आरबीआई के केंद्रीय कार्यालय में मुद्रा प्रबंधन (निर्गम विभाग), क्लियरिंग हाउस, बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग आदि सहित विभिन्न विभागों में कार्य किया है। इससे पहले वे भारतीय केंद्रीय बैंक के बोर्ड में भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक और तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक के बोर्ड में अतिरिक्त निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में हिस्सेदारी शून्य है।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

7. श्री सुरेश कुमार रुंगटा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि: 07.07.1956)

श्री सुरेश कुमार रुंगटा को 11.04.2025 को इंडियन ओवरसीज बैंक के निदेशक के रूप में पुनः मनोनीत किया गया है। उन्होंने कोषाध्यक्ष के रूप में बिहार राज्य में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। वे बिहार वैट सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं (2005 से)। इसके अलावा, उन्होंने कई पुस्तकें लिखी हैं।

वे बिहार के आर्थिक, ग्रामीण विकास और कृषि संबंधी मुद्दों पर आज, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, प्रभात खबर आदि प्रमुख हिंदी दैनिकों में नियमित रूप से लेख लिखते रहे हैं।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: शून्य।
- अन्य निदेशक पद: स्वदेशी प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड

8. श्री बी. चंद्रा रेड्डी, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि: 14.04.1958)

श्री बी. चंद्रारेड्डी को 11.04.2025 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के निदेशक के रूप में पुनः मनोनीत किया गया है। उन्हें लेखापरीक्षा का व्यापक अनुभव है। इससे पहले वे 2020-2021 के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में वैधानिक बैंक लेखापरीक्षक थे। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: शून्य।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

9. श्री दीपक शर्मा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि: 31.07.1976)

श्री दीपक शर्मा को 11.04.2025 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के निदेशक के रूप में पुनः मनोनीत किया गया है। उन्हें रियल एस्टेट उद्योग में व्यापक अनुभव है। इसके अलावा, उन्हें वित्त, कानूनी एवं अनुपालन, नेतृत्व कौशल, परियोजना प्रबंधन और संचालन के अनूठे संयोजन का प्रासंगिक अनुभव है। उन्होंने विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: शून्य।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

10. श्री जी. वेंकटरमणन, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि: 24.07.1965)

श्री जी. वेंकटरमनन को 03.12.2025 से भारत सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करते हुए बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री जी. वेंकटरमनन एक अनुभवी कार्यपालक हैं जिन्हें मुख्य रूप से जीवन बीमा क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है, जिसमें विभिन्न परिचालन और रणनीतिक क्षेत्र शामिल हैं। उनके नेतृत्व ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) के दक्षिणी क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह कई व्यावसायिक क्षेत्रों, विशेष रूप से बैंक बीमा, समूह व्यवसाय और ग्राहक सेवा में अग्रणी बन गया।

दावा निपटान सहित संबंध प्रबंधन। उनके नेतृत्व में, ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ऑनबोर्डिंग से लेकर दावा निपटान तक कई अग्रणी पहलें शुरू की गईं। इन पहलों को सशक्त डेटा विश्लेषण और ग्राहक आधार की जानकारियों का समर्थन प्राप्त था, जिससे ग्राहक सहभागिता और सेवा वितरण में वृद्धि हुई। श्री जी वेंकटरामनन 31 जुलाई 2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम से कार्यकारी निदेशक के पद पर चेन्नई स्थित दक्षिण क्षेत्र के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने 1989 में एक डायरेक्ट रिक्रूट ऑफिसर के रूप में एलआईसी में कार्यभार संभाला। अपने करियर के

दौरान, उन्होंने दक्षिण जोन के लिए मार्केटिंग और कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट के प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया और एलआईसी के कॉरपोरेट कार्यालय में मार्केटिंग विभाग में भी सेवाएं दीं।

उनका एलआईसी की विदेशी शाखा में भी कार्यकाल रहा है, जहां उनकी जिम्मेदारियों में नए आईटी सिस्टम के कार्यान्वयन के संबंध में परिचालन प्रक्रियाओं को मजबूत करना, परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए निधि प्रबंधन में सुधार करना और नियामक के साथ संपर्क स्थापित करना शामिल था। श्री वेंकटरमनन के पास गणित में डिग्री है और वे भारतीय बीमा संस्थान के एसोसिएट हैं।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता: उनके पास हमारे बैंक के 150 शेयर हैं।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

11. सुश्री सोनाली सेन गुप्ता, आरबीआई नामित निदेशक (03.03.2026 तक)

सुश्री सोनाली सेन गुप्ता वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), बेंगलुरु में कर्नाटक के लिए क्षेत्रीय निदेशक हैं। आरबीआई में अपने लगभग तीन दशकों के करियर में, उन्होंने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में वित्तीय समावेशन और विकास विभाग के प्रभारी मुख्य महा प्रबंधक के रूप में और राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (परिवर्तन), मुंबई के बोर्ड में निदेशक के रूप में कार्य किया है । उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र केंद्रीय कार्यालय के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर बैंकिंग विनियमन और पर्यवेक्षण और मानव संसाधन विकास है। उन्होंने केंद्रीय कार्यालय के साथ-साथ चंडीगढ़, कोलकाता और रिजर्व बैंक के नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयों में भी काम किया है।

वह 14.07.2023 से आरबीआई नामित निदेशक के रूप में हमारे बैंक से जुड़ीं और दिनांक 03.03.2026 को उनका कार्यकाल समाप्त हुआ ।

उन्होंने 'कृषि ऋण की समीक्षा करने के लिए आंतरिक कार्य समूह' के सदस्य सचिव के रूप में कार्य किया और 2019 में स्थापित 'एमएसएमई पर विशेषज्ञ समिति' को सचिवीय सहायता प्रदान करने वाली टीम का नेतृत्व किया। वह विनियमन समीक्षा प्राधिकरण 2.0 के तहत स्थापित रिटर्न/विवरणों के युक्तिकरण पर विशेष समिति का भी हिस्सा थीं।

भारतीय जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान, वह जी-20 के वित्त ट्रैक के तहत एक कार्य समूह, वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक भागीदारी (जीपीएफआई) के लिए आरबीआई लीड रही हैं।

उनके पास कॉमर्स (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री है और बैंकिंग और वित्त में मास्टर डिग्री है । वह भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (सीएआइआइबी) की प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

- इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता शून्य है।
- अन्य निदेशक पद: शून्य।

12. श्री संजया रस्तोगी, शेयरधारक निदेशक (02.12.2025 तक)

श्री संजया रस्तोगी 1987 में भारतीय जीवन बीमा निगम में सीधी भर्ती के माध्यम से शामिल हुए। स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की।

श्री संजया रस्तोगी को 03.12.2022 को हमारे बैंक में शेयरधारक निदेशक के रूप में नामित किए गए और दिनांक 02.12.2025 को उनका कार्यकाल समाप्त हुआ ।

अपने लंबे शानदार करियर में, उन्होंने एलआइसी में मार्केटिंग मैनेजर, मुंबई डीओ । और ।।। के सीनियर डिवीजनल मैनेजर के रूप में कई महत्वपूर्ण कार्यभार संभाले हैं। उन्होंने पेंशन और समूह योजना विभाग और एलआइसी एचएफएल में काम किया है। कार्यपालक निदेशक (एमबीएसी) के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले उन्होंने एलआईसी के उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली में क्षेत्रीय प्रबंधक (विपणन) के रूप में काम किया। वे 31.01.2023 को अधिवर्षिता पर एलआइसी आई के कार्यपालक निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

बैंक में शेयरधारिता : उनके पास हमारे बैंक के 100 शेयर हैं।

अन्य निदेशक पद: शून्य।

परिशिष्ट-2

सीईओ/सीएफओ प्रमाणपत्र

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीगत बाध्यताएँ व प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 17(8) के अनुसार विनमय, 2015 (एलओडीआर) यथा संशेधित

सेवा में,

निदेशक मंडल

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

क) हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार, हमने वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों तथा नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की है।

1) इन विवरणों में कोई भी महत्वपूर्ण असत्य कथन शामिल नहीं है, न ही इनमें किसी महत्वपूर्ण तथ्य को लोप है और न ही इनमें ऐसे कथन हैं जो भ्रामक हो सकते हैं।

2) ये विवरण संयुक्त रूप से बैंक के कार्यों की सही एवं निष्पक्ष स्थिति प्रस्तुत करते हैं तथा प्रचलित लेखा मानकों, लागू कानूनों और विनिमयों के अनुरुप हैं।

ख) हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार, वर्ष के दौरान बैंक द्वारा ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया गया है जो कपटपूर्ण,अवैध हो या सूचीबद्ध इकाई की आचार संहिता का उल्लंघन करता हो।

ग) हम वित्तीय प्रतिवेदन के लिए आंतरिक नियंत्रणों की स्थापना एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं तथा यह भी कि हमने वित्तीय प्रतिवेदन से संबंधित बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है। हमने ऐस आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन या संचालन में विद्यमान कमियों यदि कोई हों जिनकी हमें जानकारी है, उनके संबंध में लेखा परीक्षाकों एवं लेखा परीक्षा समिति को अवगत कराया है, तथा इन कमियों को दूर करने हेतु उठाए गए या प्रस्तावति कदमों की जानकारी भी दी है।

हमने लेखा परीक्षाकों तथा लेखा परीक्षा समिति को सूचति किया है:

1) वर्ष के दौरान वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक नियंत्रणों में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन।

2) वर्ष के दौरान लेखा नीतियों में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों तथा यह कि उन्हें वित्तीय विवरणों के टिप्पणियों में प्रकट किया गया है।

3) महत्वपूर्ण धोखाधड़ी की वे घटनाएँ जिनके बारे में हमें जानकारी मिली है, तथा उनमें, यदि कोई हो, प्रबंधन या ऐसे कर्मचारी की संलिप्तता जो वित्तीय प्रतिवेदन से संबंधित बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका रखता हो।

माधव चंद्र झा
उप महा प्रबंधक व सीएफओ

अजय कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

कॉरपोरेट गवर्नेन्स की शर्तों के अनुपालन संबंधी लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र

प्रति

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

के सदस्यों को

हमने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक ("बैंक") द्वारा 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन का परीक्षण किया है, जैसा कि संशोधित सेबी (लिस्टिंग बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के विनियम 17 से 27, विनियम 46(2) के खंड (बी) से (i) तथा अनुसूची V के पैरा सी एवं डी में निर्धारित किया गया है ।

कॉरपोरेट गवर्नेन्स की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है । भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी कॉरपोरेट गवर्नेंस के प्रमाणन संबंधी मार्गदर्शन टिप्पणी के अनुसार किए गए हमारे परीक्षण का दायरा केवल उन प्रक्रियाओं तथा उनके क्रियान्वयन तक सीमित था, जिन्हें बैंक द्वारा कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु अपनाया गया है । यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरणों पर कोई अभिमत व्यक्त करता है ।

प्रासंगिक अभिलेखों के हमारे परीक्षण के आधार पर तथा हमारे अभिमत और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए लिस्टिंग विनियमों के विनियम 17 से 27, विनियम 46(2) के खंड (बी) से (i) तथा अनुसूची V के पैरा सी एवं डी में निर्धारित कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया है, निम्नलिखित के अधीन —

क) समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक के निदेशक मंडल की संरचना में एक स्वतंत्र महिला निदेशक सम्मिलित नहीं थीं।

ख) बैंक के निदेशक मंडल की संरचना सेबी (लिस्टिंग बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17 के अनुरूप नहीं थी, क्योंकि 01 अप्रैल 2025 से 10 अप्रैल 2025 की अवधि के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता से कम रही ।

ग) सेबी (लिस्टिंग बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार 01 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 की अवधि के लिए निदेशक मंडल की लेखा परीक्षण समिति तथा जोखिम प्रबंधन समिति विधिवत गठित नहीं थीं। तथापि, बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अवधि के दौरान इन समितियों को सामान्यतः सौंपे जाने वाले कार्यों का निर्वहन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1980 के पैरा 14ए के प्रावधानों के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा किया गया ।

घ) हमने यह अवलोकन किया है कि बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के अनुसार निदेशक मंडल में निम्नलिखित रिक्तियाँ विद्यमान थीं

- धारा 9(3)(ई): बैंक के कर्मचारियों में से, जो कर्मचारी श्रेणी में आते हैं, उनमें से एक निदेशक की नियुक्ति ।
- धारा 9(3)(एफ): बैंक के कर्मचारियों में से, जो कर्मचारी श्रेणी में नहीं आते हैं, उनमें से एक निदेशक की नियुक्ति ।
- धारा 9(3)(जी): ऐसे एक निदेशक की नियुक्ति, जो कम से कम पंद्रह वर्षों से सनदी लेखाकार रहे हों, जिसका नामांकन केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श के पश्चात किया जाना है ।

हमें बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि बैंकों के निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार के वित्तीय सेवाएँ विभाग (डीएफएस) द्वारा की जाती है । बैंक द्वारा हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त नियुक्तियों के संबंध में अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक ने आवश्यक कदम उठाए तथा डीएफएस के साथ पत्राचार/संपर्क किया है ।

हम आगे यह भी स्पष्ट करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता के संबंध में कोई आश्वासन है और न ही इस बात का प्रमाण है कि प्रबंधन द्वारा बैंक के कार्यों का संचालन किस दक्षता या प्रभावशीलता के साथ किया गया है ।

यह प्रमाणपत्र केवल बैंक को लिस्टिंग विनियमों के अनुपालन में सक्षम बनाने के उद्देश्य से बैंक के सदस्यों को संबोधित एवं प्रदान किया गया है तथा इसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति द्वारा या किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए । तदनुसार, इस प्रमाणपत्र को हमारे पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना किसी अन्य उद्देश्य के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को प्रदर्शित किए जाने अथवा उसके हाथों में आने की स्थिति में हम किसी प्रकार की देयता या उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करते । इस प्रमाणपत्र की तिथि के पश्चात उत्पन्न होने वाली किसी भी घटना या परिस्थिति के संबंध में इस प्रमाणपत्र को अद्यतन करने की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

कृते तेज राज एंड पाल
सनदी लेखाकार
आईसीएआई पं सं: 304124ई

सीए बी. विजय
पार्टनर आईसीएआई ज्ञा सं 214678
यूडीआईएन: 26214678एक्ससीएचजीवाईए7632

12-05-2026

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं), विनियम, 2015 के विनियम 24ए के अनुसार, जैसा कि संशोधित किया गया है]

सदस्यगण
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

हमने 31 मार्च 2026 समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक** (इसके बाद "बैंक" कहा गया है) द्वारा लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन और बेहतर कॉरपोरेट आचरण के पालन का सचिवीय लेखापरीक्षा की है । सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से आयोजित की गई जिसने हमें कॉरपोरेट आचरणों/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने व उस पर अपने अभिमत व्यक्त करने के लिए एक उचित आधार प्रदान किया।

बैंक की बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बही, फार्मस और फाइल किए गए रिटर्नों, बैंक द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों और बैंक द्वारा और उसके अधिकारियों, एजेंटों और अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान प्रदान की गई जानकारी पर हमारे सत्यापन के आधार पर, हम एतदद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारे अभिमत में, बैंक ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु लेखापरीक्षा अवधि के दौरान और बड़े पैमाने पर सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और बैंक के पास उचित बोर्ड प्रक्रियाएँ और अनुपालन तंत्र है व इसके बाद बैंक द्वारा की गई रिपोर्टिंग के अधीन:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक द्वारा रखे गए बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त बही, फार्मस तथा दाखिल किए गए रिटर्न व अन्य अभिलेखों की जाँच की है:

i. कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियम बैंक पर लागू होंगे।

ii. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और उसके अधीन नियम।

iii. निपेक्षागार अधिनियम, 1996 और उसके तहत बनाए गए विनियम और उपविधि ;

iv. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियम एवं विनियम, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश तथा बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक; (समीक्षाधीन अवधि के लिए बैंक पर लागू नहीं) ।

v. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश:

ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015

बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011

सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार का निषेध) विनियम, 2015;

डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूँजी जारी करना और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018

ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीबद्धता) विनियम, 2021;

साथ ही हम उल्लेख करते हैं कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुसरण में कोई घटना/कार्रवाई नहीं हुई:

ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और श्रम जन्य इक्विटी) विनियम, 2021;

बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता) विनियम, 1993 कंपनी अधिनियम और ग्राहक के साथ व्यवहार के संबंध में (लागू नहीं है क्योंकि बैंक समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता के रूप में पंजीकृत नहीं है);

सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम, 2021; और

डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी - खरीद) विनियम, 2018

(vi) हमने विभिन्न कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा स्थापित प्रणालियों और तंत्रों की समीक्षा की है जो विशेष रूप से

बैंक पर लागू होते हैं और निम्नलिखित प्रमुख शीर्ष/समूहों के अंतर्गत वर्गीकृत किए गए हैं:

ए) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी अधिसूचनाएँ और परिपत्र और उसके संशोधन

बी) बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 और उसके संशोधन

सी) इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 2008

डी) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970.

ई) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों को जारी मास्टर निर्देश

एफ) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934.

हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी लेखापरीक्षा अभिमत के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं। हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारा मानना है कि बैंक द्वारा स्थापित प्रणालियाँ और तंत्र उक्त वर्णित कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त हैं।

हमने निम्नलिखित के लागू खंडों/विनियमों के अनुपालन की भी जाँच की है:

(i) निदेशक मंडल की बैठकों (एसएस-1) और सामान्य बैठकों (एसएस-2) (संशोधित) के संबंध में सचिवीय मानक और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी निदेशक मंडल की बैठकों और सामान्य बैठकों (संशोधित) पर मार्गदर्शन नोट। (बैंक पर लागू नहीं)

(ii) सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ किया गया यूनिफ़ॉर्म लिस्टिंग समझौता। (जिसे आगे "सूचिबद्ध विनियमन" कहा जाएगा)

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बैंक ने सामान्यत: निम्नलिखित के अलावा, उपर्युक्त वर्णित कानूनों का अनुपालन किया है:

1. समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक के निदेशक मंडल की संरचना में एक स्वतंत्र महिला निदेशक शामिल नहीं थीं।

2. अप्रैल 2025 से 10 अप्रैल 2025 की अवधि के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता से कम होने के कारण बैंक के निदेशक मंडल की संरचना सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17 के अनुरूप नहीं थी।

3. 1 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 की अवधि के दौरान, निदेशक मंडल की ऑडिट समिति और जोखिम प्रबंधन समिति का गठन, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार, विधिवत नहीं किया गया था। तथापि, बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अवधि के दौरान इन समितियों को सामान्यतः सौंपे गए कार्यों का निर्वहन निदेशक मंडल द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के पैरा 14A के अंतर्गत किया गया।

4. बैंक ने बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के अनुसार निम्नलिखित निदेशकों की नियुक्ति नहीं की है:

ए) धारा 9(3)(ई) - बैंक के ऐसे कर्मचारियों में से एक निदेशक की नियुक्ति जो वर्कमेन हैं।

बी) धारा 9(3)(एफ) - बैंक के ऐसे कर्मचारियों में से एक निदेशक की नियुक्ति जो वर्कमेन नहीं हैं।

सी) धारा 9(3)(जी): एक निदेशक की नियुक्ति, जो कम से कम पंद्रह वर्षों से सनदी लेखाकार रहा हो, जिसे रिज़र्व बैंक के परामर्श के बाद केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाएगा।

हमें बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि बैंकों के निदेशकों की नियुक्ति वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार द्वारा की जाती है। बैंक द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उपर्युक्त नियुक्तियों के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और डीएफएस को इसकी जानकारी दी है।

साथ ही हम रिपोर्ट करते हैं कि बैंक के निदेशक मंडल की नियुक्ति, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (यथा संशोधित), भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक-गवर्नेंस) निर्देश, 2025 तथा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 (यथा संशोधित) की धारा 9(3) के अनुसार विधिवत

की गई है। 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार, निदेशक मंडल का गठन कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों, स्वतंत्र निदेशकों तथा शेयरधारक निदेशक के उपयुक्त संतुलन के साथ किया गया है, सिवाय इसके कि ऊपर उल्लेखित अपवाद हैं। हमें सूचित किया गया है कि बैंक ने रिक्त पदों को भरने हेतु निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के समक्ष यह विषय रखा है ।

साथ ही हम रिपोर्ट करते हैं कि बैंक के आकार और संचालन के अनुरूप बैंक में लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी और सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ हैं।

साथ ही हम रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक ने निम्नलिखित कार्यक्रम/कार्रवाई की है:

1. निदेशक मंडल की 02 मई 2025 को आयोजित बैठक में प्राप्त अनुमोदन के अनुसार, निजी स्थानन पर ₹1000 करोड़ की राशि के लिए गैर-परिवर्तनीय, सूचीबद्ध, पूर्ण रूप से चुकता बेसल III अनुरूप टीयर II बॉन्ड्स श्रृंखला VI, डिबेंचर के रूप में जारी किए गए।

2. अहर्ताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी), अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव/राइट्स इश्यू/ईएसपीएस/अधिमानी इश्यू या किसी अन्य तरीके से इक्विटी शेयर जारी करके एक या अधिक किस्तों में 4000 करोड़ रुपये की इक्विटी शेयर पूँजी जुटाने के प्रस्ताव के लिए 02 जुलाई, 2025 को आयोजित अपनी वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त किया।

3. 02 जुलाई 2025 को आयोजित वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों से ₹4000 करोड़ मूल्य के शेयरों के सृजन, अनुदान, प्रस्ताव, निर्गम और आवंटन हेतु अनुमोदन प्राप्त किया गया, जो कर्मचारियों को कर्मचारी शेयर क्रय योजना (आइओबी ईएसपीएस 2025-26) के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे।

4. श्री जी. वेंकटरामनन को 03 दिसंबर 2025 से प्रभावी रूप से गैर-कार्यपालक स्वतंत्र शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया। प्रारंभ में इस नियुक्ति को शेयरधारकों के समक्ष एक असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रस्ताव था। चूँकि उक्त पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ, प्रस्तावित ईजीएम को रद्द कर दिया गया और निदेशक को लागू प्रावधानों के अनुसार निर्वाचित किया गया।

5. बैंक के प्रवर्तक अर्थात भारत के राष्ट्रपति, भारत सरकार के माध्यम से कार्य करते हुए, ने 17 और 18 दिसंबर 2025 को स्टॉक एक्सचेंज तंत्र के माध्यम से बैंक के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव किया। इसके परिणामस्वरूप बैंक में प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी घटकर 92.44% रह गई तथा बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़कर 7.56% हो गई।

6. बैंक को भारत इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद, जो एक संयुक्त उपक्रम है जिसमें बैंक की 35% हिस्सेदारी थी, की सदस्य स्वैच्छिक परिसमापन (एमवीएल) के अंतर्गत अंतरिम पूँजी प्रत्यावर्तन हेतु परिसमापक से यूएसडी 25,717,298.33 प्राप्त हुए।

कृते श्रीनिधि श्रीधरन व एसोसिएट्स
कंपनी सचिव (ओं)

सीएस श्रीनिधि श्रीधरन
सीपी सं. 17990
एफसीएस सं. 12510
पीआर सं.: 6279/2024
यूआईएन: एस2017टीएन472300
यूडीआईएन:एफ012510एच000232114

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

नोट: यह रिपोर्ट हमारे पत्र के समसंख्यक तिथि के साथ पढ़ा जाना है, जो कि **अनुबंध- ए** एवं प्रारूप के रूप में संलग्न हैं एवं वे रिपोर्ट के अभिन्न अंग हैं ।

अनुलग्नक 'ए'

सदस्यगण
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक,

इस पत्र के साथ सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट पढ़ी जानी है।

1. सचिवीय अभिलेखों के रखरखाव की जिम्मेदारी बैंक के प्रबंधन की है। हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर अभिमत व्यक्त करना है।

2. हमने लेखापरीक्षा मानकों (सीएसएएस-1 से सीएसएएस-4) और आईसीएसआई लेखापरीक्षा मानकों पर मार्गदर्शन नोट और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रथाओं और प्रक्रियाओं का पालन किया है। सत्यापन, परीक्षण के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि सचिवीय रिकॉर्ड में सही तथ्य परिलक्षित हों। हमारा मानना है कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का पालन किया है, वे हमारे अभिमत के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।

3. हमने बैंक के वित्तीय अभिलेखों और लेखा बहियों की सत्यता और उपयुक्तता के साथ-साथ विभिन्न प्रकटीकरणों और विवरणों में बताए गए मूल्यों और आंकड़ों की सत्यता को सत्यापित नहीं किया है, जिन्हें निर्दिष्ट कानूनों के तहत बैंक द्वारा दाखिल किया जाना आवश्यक है।

4. जहाँ भी आवश्यक था, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं के घटित होने आदि के बारे में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।

5. बैंक के प्रबंधन की यह जिम्मेदारी है कि वह कॉरपोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार करे और यह सुनिश्चित करे कि प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम करती हैं। हमारी जाँच परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

6. सचिवीय ऑडिट रिपोर्ट न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही उस प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है।

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

कृते श्रीनिधि श्रीधरन व एसोसिएट्स
कंपनी सचिव (ओं)

सीएस श्रीनिधि श्रीधरन
सीपी सं. 17990
एफसीएस सं. 12510
पीआर सं.: 6279/2024
यूआईएन: एस2017टीएन472300
यूडीआईएन:एफ012510एच000232114

निदेशकों की गैर - अयोग्यता का प्रमाण-पत्र

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सूचीगत बाध्यताएँ व प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 2015 की अनुसूची V अनुच्छेद -सी उप-खंड (10) (i) के साथ पढ़े जाने वाले विनियम 34 (3) के अनुक्रम में

निदेशक मंडल
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
763, अण्णा सालै
चेन्नै, तमिलनाडु – 600002

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सूचीगत बाध्यताएँ व प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 2015 की अनुसूची V अनुच्छेद -सी उप-खंड (10) (i) के साथ पढ़े जाने वाले विनियम 34 (3) के अनुसरण में इस प्रमाण-पत्र के निर्गमन के उद्देश्य से **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक,** जिसका पंजीकृत कार्यालय 763, अण्णा सालै , चेन्नै तमिलनाडु -600002 स्थित है, (जिसे आगे से "बैंक" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के निदेशकों द्वारा हमें प्रस्तुत सभी संबंधित पंजियों , रिकॉर्डों, प्रारूपों, विवरणियों की हमारे द्वारा जाँच की गयी ।

हमारे अभिमत और हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार और सत्यापनों (पोर्टल www.mca.gov.in पर निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) स्थिति सहित के अनुसार और जांच के साथ-साथ हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के आधार पर, जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार इस प्रमाण पत्र को जारी करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे और ऐसे सत्यापन के आधार पर जिसे आवश्यक समझा गया, हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च 2026 तक बैंक के बोर्ड में शामिल निम्नवत किसी भी निदेशक को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड/कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय या ऐसे किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त होने अथवा जारी रहने से ना तो वर्जित किया गया है और ना ही अयोग्य ठहराया गया है।

क्रम सं.	डीआईएन	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तिथि
1	07240718	श्री श्रीनिवासन श्रीधर	अध्यक्ष एवं गैर-कार्यपालक स्वतंत्र निदेशक	21.02.2024
2	08946309	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	कार्यपालक निदेशक, सीईओ-एमडी	01.01.2023
3	08055872	श्री जयदीप दत्ता रॉय	कार्यपालक निदेशक	30.01.2024
4	--	श्री धनराज टी	कार्यपालक निदेशक	10.03.2024
5	--	सुश्री नीलम अग्रवाल	गैर-कार्यपालक नामित निदेशक	05.08.2024
6	--	श्री थॉमस मैथ्यू	गैर-कार्यपालक नामित निदेशक	03.03.2026
7	--	श्री सुरेश कुमार रुंगटा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	21.12.2021
8	--	श्री बी. चंद्रा रेड्डी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	21.12.2021
9	--	श्री दीपक शर्मा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	21.12.2021
10	--	श्री जी. वेंकटरमणन	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	03.12.2025

बोर्ड के किसी भी निदेशक की नियुक्ति/उनकी सेवाओं को जारी रखने संबंधी पात्रता को सुनिश्चित करना बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी है । हमारी जिम्मेदारी है कि अपनी जाँच के आधार पर हम उसके बारे में अपना अभिमत व्यक्त करें ।

यह प्रमाण पत्र ना तो न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता के संबंध में कोई आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता के संबंध में, जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के कार्यों का संचालन किया है।

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

कृते श्रीनिधि श्रीधरन व एसोसिएट्स
कंपनी सचिव (ओं)

सीएस श्रीनिधि श्रीधरन
सीपी सं. 17990
एफसीएस सं. 12510
पीआर सं.: 6279/2024
यूआईएन: एस2017टीएन472300
यूडीआईएन:एफ012510एच000232114

31.03.2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए स्टैंडअलोन तुलन-पत्र

(₹ हजार में)

	अनुसूचियाँ	31.03.2026 तक	31.03.2025 तक
पूँजी और देनदारियां			
पूँजी	01	19256 58 98	19256 58 98
आरक्षितियां और अधिशेष	02	18258 74 23	13284 32 95
जमा	03	368191 25 42	311204 17 55
उधार	04	51602 57 20	42227 66 32
अन्य देयताएं और प्रावधान	05	16010 69 90	9044 20 83
कुल		**473319 85 73**	**395016 96 63**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक के पास नकदी और शेष	06	16605 92 89	18115 54 82
बैंकों में अतिशेष एवं मांग पर तथा अल्प सूचना पर प्राप्त धन	07	8616 64 50	2954 71 60
निवेश	08	119809 53 33	111044 83 64
अग्रिम	09	306621 81 47	245555 16 84
अचल संपत्तियां	10	5074 54 35	4654 82 10
अन्य परिसंपत्तियां	11	16591 39 19	12691 87 63
कुल		**473319 85 73**	**395016 96 63**
आकस्मिक देयताएं	12	153282 73 84	159405 16 51
संग्रहण के लिए बिल		18383 96 22	17088 33 51

मूल लेखांकन नीतियाँ	17
लेखों पर टिप्पणियाँ	18

अनुसूचियाँ तुलन-पत्र का अंग है ।

बोर्ड के लिए एवं उसकी ओर से

माधव चंद्र झा
मुख्य वित्तीय अधिकारी

धनराज टी
कार्यपालक निदेशक

जयदीप दत्ता रॉय
कार्यपालक निदेशक

अजय कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक व सीईओ

श्रीनिवासन श्रीधर
गैर-कार्यपालक अध्यक्ष

नीलम अग्रवाल
निदेशक

थॉमस मैथ्यू
निदेशक

वेंकटरमणन जी
निदेशक

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

31.03.2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन लाभ और हानि खाता

(₹ हजार में)

	अनुसूचियाँ	31.03.2026 तक	31.03.2025 तक
आय			
अर्जित ब्याज	13	31895 67 85	28131 00 87
अन्य आय	14	5636 47 04	5545 06 84
कुल		**37532 14 89**	**33676 07 71**
व्यय			
व्यय किया गया ब्याज	15	19322 04 24	17240 80 29
परिचालन खर्च	16	8183 97 89	7747 26 38
प्रावधान और आकस्मिकताएँ		4818 09 40	5353 30 54
कुल		**32324 11 53**	**30341 37 21**
लाभ/हानि (-)			
वर्ष के लिए निवल लाभ/हानि (-)		5208 03 36	3334 70 50
अग्रणित लाभ/हानि (-)		(12533 32 52)	(14469 29 17)
कुल		**(7325 29 16)**	**(11134 58 67)**
विनियोजन			
राजस्व आरक्षित निधि में अंतरण		1302 00 84	833 67 63
अन्य आरक्षितियों में अंतरण		38 61 55	421 37 16
पूँजी आरक्षितियों में अंतरण		67 42 68	43 69 06
निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षितियों में अंतरण		0	100 00 00
प्रस्तावित लाभांश (लाभांश कर सहित)		0	0
तुलन-पत्र में अग्रेषित शेष राशि		(8733 34 23)	(12533 32 52)
कुल		**(7325 29 16)**	**(11134 58 67)**
मूल एवं घटाए गए शेयर अर्जन (रु.)		2.70	1.76
प्रति इक्विटी शेयर का नाममात्र मूल्य (रु.)		10.00	10.00

कृते आर देवेंद्र कुमार व एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 114207डब्ल्यू

आनंद गोलास
साझेदार
एम. नं.: 400322
यूडीआइएन 2640322डब्ल्यूएफएफबीटीएन7506

कृते लक्ष्मी तृप्ति व एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 009189सी

एल एन अग्रवाल
साझेदार
एम. नं.: 078427
यूडीआइएन: 26078427एलसीटीएलबीजे3787

कृते तेज राज व पाल
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 304124ई

दिनकर मोहंती
साझेदार
एम. नं.: 059390
यूडीआइएन: 26059390आईयूओवीएसआई5022

कृते संजीव ओमप्रकाश गर्ग व कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन:008773सी

विकास मित्तल
साझेदार
एम. नं.:407833
यूडीआइएन: 26407833डीओआरजीआरबी7060

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

31.03.2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन नकदी प्रवाह विवरण

(₹ हजार में)

विवरण	31.03.2026 को समाप्त वर्ष	31.03.2025 को समाप्त वर्ष
परिचालनगत गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
निवल लाभ/(हानि)	5208 03 36	3334 70 50
करों हेतु प्रावधान	1059 99 75	1177 01 09
आयकर से पहले निवल लाभ/(हानि)	**6268 03 11**	**4511 71 59**
के लिए समायोजन:		
एचटीएम निवेशों के लिए परिशोधन	102 71 76	82 06 53
निवेश के पुनर्मूल्यांकन से हुई (लाभ)/हानि (निवल)	(5 26 30)	0
अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास	521 17 57	394 45 57
आस्तियों की बिक्री पर (लाभ)/हानि (निवल)	(2 02 29)	(1 79 59)
एनपीए के लिए प्रावधान	833 24 30	824 58 65
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	2726 48 75	3585 27 83
निवेश पर मूल्यह्रास (एनपीआई के लिए निवल प्रावधान)	(8 53 10)	(24 53 74)
उतार-चढ़ाव के कारण मूल्यह्रास प्रावधान	1 97 04	(69 43 61)
अन्य मदों के लिए प्रावधान	207 56 35	(197 19 89)
	4377 34 07	**4593 41 75**
के लिए समायोजन:		
जमाराशियों में वृद्धि/(कमी)	56930 82 31	26033 44 57
उधारियों में वृद्धि/(कमी)	9374 90 87	11840 49 77
अन्य देयताओं और प्रावधानों में वृद्धि/(कमी)	2842 00 93	(2466 85 49)
निवेश में (वृद्धि)/कमी	(8853 62 04)	(11470 41 31)
अग्रिमों में (वृद्धि)/कमी	(61899 88 93)	(33060 94 56)
अन्य आस्तियों में (वृद्धि)/कमी	(2994 12 90)	831 64 97
	(4599 89 75)	**(8292 62 05)**
प्रत्यक्ष कर (निवल)	(543 97 17)	1958 08 56
परिचालन गतिविधियों से/(प्रयुक्त हेतु) निवल नकदी प्रवाह (क)	**5501 50 26**	**2770 59 85**
निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
अचल आस्तियों की बिक्री/निपटान	6 96 61	49 79 23
अचल आस्तियों की खरीद	(645 88 67)	(614 95 90)
निवेश गतिविधियों से सृजित/(प्रयुक्त हेतु) निवल नकदी प्रवाह (ख)	**(638 92 06)**	**(565 16 67)**

31.03.2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन नकदी प्रवाह विवरण

(₹ हजार में)

विवरण	31.03.2026 को समाप्त वर्ष	31.03.2025 को समाप्त वर्ष
वित्त पोषित गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
टीयर I और टीयर II बॉन्डों का मोचन/अन्य उधार/पूँजी में वृद्धि	0	1432 77 71
पूँजी लिखत जारी करना (बेसल III, टीयर 1, टीयर II बॉन्ड का निर्गम)	0	0
आरक्षितियों/पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों में परिवर्तन	(862 59 90)	(987 51 09)
पूँजी लिखत पर देय ब्याज (आइओबी बॉन्ड्स, टीयर II बॉन्ड्स)	152 32 67	(134 85 24)
वित्त पोषित गतिविधियों से सृजित/(प्रयुक्त हेतु) निवल नकदी प्रवाह (ग)	**(710 27 23)**	**310 41 38**
नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि (क) + (ख) + (ग)	**4152 30 97**	**2515 84 56**
वर्ष के प्रारंभ में नकदी और नकदी समतुल्य		
आरबीआई के पास नकदी और शेष	18115 54 82	16904 56 29
बैंकों के पास शेष और मांग-द्रव्य	2954 71 60	1649 85 57
वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य		
आरबीआई के पास नकदी और शेष	16605 92 89	18115 54 82
बैंकों के पास बैलेंस और मांग-द्रव्य	8616 64 50	2954 71 60
नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/कमी	**4152 30 97**	**2515 84 56**

नोट्स:

1. यह विवरण अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार तैयार किया गया है ।
2. पिछले वर्ष के आंकड़ों को जहाँ भी आवश्यक हो, वर्तमान वर्ष के निष्पादन और नियामक आवश्यकताओं के अनुसार पुष्टि करने के लिए पुन: समूहीकृत किया गया है ।

अनुसूचियाँ तुलन-पत्र का अंग है ।

बोर्ड के लिए एवं उसकी ओर से

माधव चंद्र झा
मुख्य वित्तीय अधिकारी

धनराज टी
कार्यपालक निदेशक

जयदीप दत्ता रॉय
कार्यपालक निदेशक

अजय कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक व सीईओ

श्रीनिवासन श्रीधर
गैर-कार्यपालक अध्यक्ष

नीलम अग्रवाल
निदेशक

थॉमस मैथ्यू
निदेशक

वेंकटरमणन जी
निदेशक

समतिथि को हमारी रिपोर्ट के जरिए
सनदी लेखाकार के लिए एवं उनकी ओर से

आर.देवेंद्र कुमार एंड एसोसिएट्स
एफआरएन 114207डब्ल्यू

तेज राज एंड पाल
एफआरएन 304124ई

(आनंद गोलास)
साझेदार
एम नं:400322

(दिनकर मोहंती)
साझेदार
एम नं:059390

लक्ष्मी तृप्ति एंड एसोसिएट्स
एफआरएन 009189सी

संजीव ओमप्रकाश गर्ग
एंड कंपनी
एफआरएन: 008773सी

(एल.एन. अग्रवाल)
साझेदार
एम नं:078427

(विकास मित्तल)
साझेदार
एम नं:407833

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

अनुसूची - 1 पूँजी

(₹ हजार में)

	31.03.2026 तक	31.03.2025 तक
अधिकृत पूँजी		
प्रत्येक रुपये 10/- के 2500,00,00,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक 10 रुपये (विगत वर्ष प्रत्येक रुपये 10/- के 2500,00,00,000 इक्विटी शेयर)	25000 00 00	25000 00 00
निर्गमित, अभिदत्त व प्रदत्त पूँजी		
प्रत्येक 10/- रुपये के 1925,65,89,795 इक्विटी शेयर है । (इसमें प्रत्येक 10/- रुपये भारत सरकार द्वारा धारित 1780,04,88,299 इक्विटी शेयर के शामिल है)	19256 58 98	19256 58 98
आस्थगित कर के लिए प्रावधान	1,050.14	1,160.00
निवल प्रावधान	**1,059.99**	**1,177.01**

चालू वितीय वर्ष के दौरान, बैंक ने निम्न कर दर व्यवस्था (नई कर व्यवस्था) यानि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीएए के तहत अनुमत: 25.168% को चुनने के विकल्प का प्रयोग किया गया है, जो कि 34.944% की मौजूदा पुरानी कर दर व्यवस्था के विपरित है। तदनुसार आस्थगित कर व्यय शामिल है।

वर्ष के लिए ₹1059.99 करोड़ के कर व्यय में ₹9.85 करोड़ का चालू कर व्यय और ₹1050.14 करोड़ का आस्थगित कर व्यय शामिल है।

अग्रिम में भुगतान किया गया कर (प्रावधानों को घटाकर), उन राशियों के कारण है जिनका आकलन लंबित है/जो अपील के अधीन है/या विवाद के तहत भुगतान किया गया कर है।[अनुसूची 11(iii) देखें]

आस्थगित कर:

बैंक के पास 31 मार्च 2026 तक कुल ₹ 2,780.97 करोड़ का निवल आस्थगित कर का अग्रगामी शेष है, जैसे पिछली अवधियों में चिन्हित किए गए थे। बैंक ने 31.03.2026 को समाप्त वर्ष के लिए ₹1,050.14 करोड़ की आस्थगित कर परिसंपत्ति को वापस ले लिया है।

डीटीए और डीटीएल के मुख्य घटक नीचे दिए गए हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2026		31.03.2025	
	डीटीए	डीटीएल	डीटीए	डीटीएल
कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान	226.69	0.00	286.86	0.00
धोखाधड़ी के लिए प्रावधान	41.28	0.00	58.51	0.00
अन्य परिसंपतियों के लिए प्रावधान	101.70	0.00	146.23	0.00
पुनर्गठित अग्रिमों के लिए प्रावधान	23.51	0.00	57.43	0.00
सेवानिवृत भुगतान हेतु आरक्षित राशि	0.78	0.00	0.96	0.00
एनपीए के लिए प्रावधान	422.82	0.00	1,197.33	0.00
विदेशी मुद्रा ट्रांसलेसन रिज़र्व	325.09	0.00	390.74	0.00
अन्य	1,639.10	0.00	1,725.92	0.00
कुल	**2,780.97**	**0.00**	**3,863.98**	**0.00**
नेट डीटीए	2,780.97	0.00	3,863.98	0.00

बैंक की भारत के बाहर सिंगापुर,हांगकांग,कोलंबो और बैंकॉक में शाखाएं/कार्यालय हैं। पिलर टू कानून सभी देशों में लागू या मूल रूप से अधिनियमित हो चुका है, लेकिन श्रीलंका(कोलंबो शाखा के लिए) में अभी तक प्रभावी नहीं हुआ है। वितीय वर्ष 2025-26 के लिए, इन विदेशी शाखाओं ने पिलर टू कानून के तहत किसी भी कर का भुगतान नहीं किया है। बैंक का मानना है कि चूंकि पिलर टू मानदंड के तहत कोई टॉप-अप टैक्स देनदारी नहीं है, इसलिए बैंक के लाभ का कोई भी हिस्सा पिलर टू आय के अधीन नहीं है।

विवादित कर

अपीलीय अधिकारियों के निर्णयों, कुछ न्यायिक घोषणाओं और कर विशेषज्ञों की राय को ध्यान में रखते हुए, आयकर की ₹4,631.56 करोड़ (पिछले वर्ष ₹4,061.56 करोड़) की कुल विवादित और अन्य मांगों, ₹273.37 करोड़ (पिछले वर्ष ₹256.24 करोड़) के सेवा कर और ₹1,613.47 करोड़ (पिछले वर्ष 1,615.29 करोड़) के वस्तु एवं सेवा कर के संबंध में कोई भी प्रावधान करना आवश्यक नहीं समझा गया है।

2.9 लेखांकन मानक 23 (एएस 23) "एसोसिएट्स में निवेश का लेखांकन"

ओडिशा ग्रामीण बैंक में किए गए निवेश के संबंध में, जिसे एएस 23(एसोसिएट्स में निवश का लेखांकन) के अनुसार इक्विटी पद्धति के तहत लेखांकित किया गया है, इक्विटी शेयरों में निवेश ₹1,195.98 करोड़ की वहनीय राशि को आइओबी की ₹671.50 करोड़ की निवल संपति के हिस्से के विरुद्ध समायोजित किया गया है। समेकन के दौरान मूल्य में आई गिरावट को दर्ज करने के लिए ₹524.48 करोड़ के शेष को आरक्षित और अधिशेष के विरुद्ध समायोजित किया गया है।

वर्ष के दौरान एसीएआर क्रेडिट रेटिंग प्रा.लि. में किए गए निवेश को भी इक्विटी पद्धति के तहत लेखांकित किया गया है। इसमें ₹6.50 करोड़ की वहनीय राशि को आइओबी के ₹6.32 करोड़ की निवल संपत्ति के हिस्से के विरुद्ध समायोजित किया गया है और मूल्य में वृद्धि को पहचानने के लिए ₹0.18 करोड़ के अंकेक्षित शेष को आरक्षित और अधिशेष के विरुद्ध समायोजित किया गया है।

मैसर्स इंडिया इंटरनेशनल बैंक(मलेशिया),बरहाद(आईआईबीएम), बैंक का एक संयुक्त उद्यम था और वर्तमान में यह सदस्यों के मैम्बरस

वोलेंटरी लिक्विडेशन प्रक्रिया के अधीन है। बैंक को वर्ष के दौरान पूँजी वितरण/प्रत्यावर्तन के रूप में युएसडी 25,717,298.33 (230.88 करोड़ के बराबर) प्राप्त हुए, जो कि ₹199.58 करोड़ के मूल निवेश के विरुद्ध रखे गए ₹6.13 करोड़ के प्रावधान को वापस ले लिया गया है। अब आईआईबीएम बैंक का संयुक्त उद्यम नहीं रहा। बैंक की युनिवर्सल सोम्पो जनरल इंस्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 18.06% की हिस्सेदारी है। चुंकि कंपनी में शेयरधारिता 25% से कम है, इसलिए मौजूदा आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार समेकित वितीय परिणाम तैयार करने के लिए इसे संयुक्त उद्यम के रूप में नहीं माना गया है।

2.10 एएस 24 – परिचालन बंद करना

बैंक का इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया), बरहाद(आईआईबीएम) में 35% प्रतिशत निवेश था, जिसमें प्रत्येक 10 एमवाईआर मूल्य के 1,15,50,000 शेयर थे, जिनका कुल मूल्य ₹199.58 करोड़ था, जो वर्तमान में वोलेंटरी वाइंडिंग अप की प्रक्रिया मे है। 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, बैंक को अंतरिम पूँजी वितरण/प्रत्यावर्तन के रूप में युएसडी 25,717,298.33 (₹230.88 करोड़ के बराबर) प्राप्त हुई (जो कि बैंक का 35% निवेश था)। इस राशि को ₹199.58 करोड़ को मूल निवेश के विरुद्ध विनियोजित किया गया है और तदनुसार, 31.03.2026 तक, आईआईबीएम में निवेश का पूरा बही मूल्य वसूल कर लिया गया है। अत: आईआईबीएमबी अब बैंक की बहियों में संयुक्त उद्यम नहीं रहा।

2.11 लेखांकन मानक 26 – अमूर्त संपत्ति

कोर बैंकिंग सिस्टम के लिए अधिग्रहित सॉफ्टवेयर को अमूर्त संपत्ति के रूप में माना जाता है और 3 साल की अवधि तक परिशोधित किया जाता है ।

2.12 लेखांकन मानक 27 – संयुक्त उद्यम में हिस्सेदारी की वितीय रिपोर्टिंग

इंडिया इंटरनेशनल बैंक(मलेशिया) बरहद (आईआईबीएम), बैंक का एक संयुक्त उद्यम था और मैम्बरस वोलेंटरी लिक्विडेशन के अधीन था। इस वर्ष के दौरान, बैंक को अंतरिम पूँजी वितरण/प्रत्यावर्तन के रूप में युएसडी 25,717,298.33 (₹230.88 करोड़ के बराबर) प्राप्त हुई (जो कि बैंक का 35% निवेश था)। इस राशि को ₹199.58 करोड़ को मूल निवेश के विरुद्ध विनियोजित किया गया है और तदनुसार, 31.03.2026 तक, आईआईबीएमबी में निवेश का पूरा बही मूल्य वसूल कर लिया गया है। अत: आईआईबीएमबी अब बैंक की बहियों में संयुक्त उद्यम नहीं रहा।

बैंक की यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंस्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 18.06% की हिस्सेदारी है। चुंकि कंपनी की शेयरधारिता 25% से कम है, इसलिए वर्तमान आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार समेकित वितीय परिणाम तैयार करने के लिए इसे संयुक्त उद्यम के रूप में नहीं माना गया है।

2.13 लेखांकन मानक 29 – आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान:

क्र. सं.	विवरण	संक्षिप्त विवरण
1	बैंक के प्रति दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया	व्यवसाय के सामान्य अनुक्रम में विभिन्न कार्यवाहियों के लिए बैंक एक पक्षकार है। बैंक को उम्मीद नहीं है कि इन कार्यवाहियों के परिणाम से बैंक की वित्तीय स्थिति, संचालन के परिणाम या नकदी प्रवाह पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। बैंक उन विभिन्न कराधान मामलों में भी एक पक्षकार है जिनके संबंध में अपीलें लंबित हैं।
2	आंशिक प्रदत्त निवेशों/वेंचर फंड्स पर देयताएं	यह मद आंशिक रूप से भुगतान किए गए निवेशों के लिए देयता के प्रति भुगतान न की गई शेष राशि का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें वेंचर कैपिटल फंड्स के लिए अनाहरित प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं। बैंक के पास सेंट्रल वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेसन लिमिटेड के 11055 इक्विटी शेयर हैं, जिनका अंकित मूल्य ₹1000 प्रति शेयर है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। अंकित मूल्य ₹1,10,55,000.00 बही मूल्य ₹ 98,95,000.00 आज तक, कंपनी ने ₹11,60,000.00 की शेष पूँजी नहीं मांगी है। इसलिए कंपनी की ₹11,60,000.00 की इस न मांगी गई पूँजी की राशि को बैंक द्वारा आकस्मिक देयता माना गया है और इसे आंशिक रूप से भुगतान किए गए निवेश के लिए देयता के मद के तहत लेखांकित किया गया है।

क्र. सं.	विवरण	संक्षिप्त विवरण
3	फॉर्वर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट बकाया की वजह से देयता	बैंक भविष्य की तारीख में एक पूर्व निर्धारित मूल्य पर मुद्राओं का लेनदेन करने के लिए व्यापार के अपने सामान्य प्रक्रिया में विदेशी एक्सचेंजों में शामिल होता है। फॉरवर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट अनुबंधित दर पर भविष्य की तारीख में विदेशी मुद्रा खरीदने या बेचने की प्रतिबद्धता है। काल्पनिक राशियों को आकस्मिक देनदारियों के रूप में दर्ज किया जाता है। अपने ग्राहकों के साथ किए गए लेन-देन के संबंध में, बैंक आम तौर पर इंटरबैंक बाजार में लेन-देन बंद कर देता है। इसके परिणामस्वरूप अधिक संख्या में बकाया लेन-देन उत्पन्न होते हैं, और इसलिए पोर्टफोलियो के सकल काल्पनिक मूलधन का एक बड़ा मूल्य होता है, जबकि निवल बाजार जोखिम कम होता है।
4	इकाइयों की ओर से दी गई गारंटियां, स्वी का रो क्ति यां , बेचान एवं अन्य दायित्व	अपनी वाणिज्यिक बैंकिंग गतिविधियों के एक भाग के रूप में, बैंक अपने ग्राहक की ओर से दस्तावेजी क्रेडिट और गारंटी जारी करता है। दस्तावेजी ऋण बैंक के ग्राहकों की साख को बढ़ाते हैं। गारंटियां आम तौर पर अपरिवर्तनीय आश्वासन का प्रतिनिधित्व करती हैं कि ग्राहक अपने वित्तीय या प्रदर्शन दायित्वों को पूरा करने में विफल होने की स्थिति में बैंक भुगतान करेगा।
5	अन्य मद जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	बैंक अपने स्वयं के खाते में और ग्राहकों के लिए अंतर बैंक प्रतिभागियों के साथ मुद्रा विकल्प, अग्रेषण दर समझौते, मुद्रा स्वैप और ब्याज दर स्वैप में व्यवस्था करते हैं। करेंसी स्वैप निर्धारित दरों के आधार पर एक मुद्रा में दूसरी मुद्रा के मुकाबले ब्याज/मूलधन के माध्यम से नकदी प्रवाह का आदान-प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। ब्याज दर स्वैप फिक्स्ड और फ्लोटिंग ब्याज दर कैश फ्लो के आदान-प्रदान की प्रतिबद्धता है। आकस्मिक देनदारियों के रूप में दर्ज की जाने वाली कल्पित राशियाँ, आमतौर पर अनुबंधों के ब्याज घटक की गणना के लिए एक बेंचमार्क के रूप में उपयोग की जाने वाली राशियाँ हैं। इसके अलावा, इनमें उन अनुबंधों की अनुमानित राशि जिन्हें पूँजी खाते पर निष्पादित किया जाना बाकी है और इसके लिए प्रावधान नहीं किया गया है, सहयोगियों और सहायक कंपनियों की ओर से बैंक द्वारा जारी किए गए लेटर ऑफ कंफर्ट, जमाकर्ताओं की शिक्षा और जागरूकता निधि के तहत बैंक देयता और अन्य विविध दल देनदारियों भी शामिल है।

अतिरिक्त प्रकटीकरण

1. 31.03.2026 तक ग्रहणाधिकार के तहत रखी गई जमाराशियों के लिए ग्रहणाधिकार चिह्नित जमाराशि ₹16,603.93 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 5,439.48 करोड़) ऋण, एलजी, एलसी और सरकारी अधिकारियों द्वारा की गई कुर्क के प्रति है ।

2. अंतर शाखा समाधान/आंतरिक कार्यालय खाते

शाखाओं और/या केंद्रीय कार्यालय के विभागों में अंतर शाखा लेन-देन और आंतरिक/कार्यालय खातों का समाधान विभिन्न चरणों में किया जा रहा है । बकाया प्रविष्टियों को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं । यदि कोई आवश्यक लेखांकन समायोजन आवश्यक है तो ऐसी प्रक्रिया पूरी होने पर किया जाएगा। हालाँ कि प्रबंधन लंबित समाधान और बकाया प्रविष्टियों के उन्मूलन के किसी भी भौतिक परिणामी प्रभाव की उम्मीद नहीं करता है।

3. चुकौती आश्वासन पत्र (एलओसी)

वर्ष 2009-10 के दौरान, बैंक ने बैंकॉक शाखा के संबंध में न्यूनतम 12% सीआरएआर बनाए रखने और प्रतिधारित आय को पूँजी निधि में परिवर्तित करने और/या सीआरएआर को न्यूनतम 12% पर बहाल करने के लिए आगे पूँजी डालने की व्यवस्था करने के लिए एक लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किया है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक से अनुमोदन के अधीन है। 31 मार्च, 2026 तक बैंकॉक शाखा की निर्धारित पूँजी टीएचबी 2,20,00,00,000 (23%) है ।

सबसे खराब स्थिति में शाखा का पूरा टेक्सटाइल एक्सपोज़र एनपीए बन सकता है। हमें मानक टेक्सटाइल अग्रिमों के असुरक्षित हिस्से के रूप में टीएचबी 1.644 एमआइओ की सीमा तक अतिरिक्त प्रावधान करना पड़ सकता है। यदि यह आकस्मिकता उत्पन्न होती है, तो कोई अतिरिक्त पूँजी विप्रेषित नहीं की जाएगी क्योंकि मौजूदा रिज़र्व असुरक्षित राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त है।

वर्ष 2010-11 के दौरान, बैंक ने बैंक नेगारा मलेशिया के पक्ष में एक लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया है। बैंक अन्य संयुक्त उद्यम भागीदारों के साथ मिलकर इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद को वित्तपोषण, व्यवसाय और अन्य मामलों में आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि यह अपने व्यावसायिक संचालन और प्रबंधन के संचालन में मलेशियाई कानूनों, विनियमों और नीतियों की आवश्यकताओं का अनुपालन करता है। बैंक नेगारा मलेशिया को जारी किए गए लेटर ऑफ कम्फर्ट का वित्तीय प्रभाव एमवाइआर 330 एमआइओ की चुकता पूँजी के 35% के हमारे हिस्से के बराबर है, यानी, एमवाइआर 115.500 एमआइओ । 31.12.2025 तक, वोलेंटरी वाइंडिंग

अप के हिस्से के रूप में आईआईबीएमबी मेन निवेश का पूरा बही मूल्य वसूल कर लिया गया है। अब हमारे बैंक की बहियों में आईआईबीएमबी एक संयुक्त उद्यम नहीं रहा।

मेजबान देश नियामक के दिशानिर्देशों के आधार पर, बैंक ने आइओबी कोलंबो शाखा द्वारा किए गए व्यवसाय से उत्पन्न सभी दायित्वों और देनदारियों को पूरा करने के लिए 12.09.2019 को आयोजित अपनी बैठक में सीबीएसएल के पक्ष में चुकौती आश्वासन पत्र जारी किया है।

4. प्रावधान और आकस्मिकताएं

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	2025-26	2024-25
निवेश/बट्टे पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	0.09	0.00
एनपीए के लिए प्रावधान	833.00	834.02
मानक परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान	2,726.49	3,585.28
पुनर्गठित खातों के लिए प्रावधान	(0.43)	(21.26)
आयकर के लिए प्रावधान किया गया (आस्थगित कर सहित)	1,059.99	1,177.01
अन्य प्रावधान और आकस्मिकताएं	198.95	(221.74)
कुल	**4,818.09**	**5,353.31**

5. तुलनात्मक आंकड़े

जहां भी आवश्यक हुआ, पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुन समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के सभी सदस्यों को समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

अभिमत

1. हमने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के संलग्न समेकित वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया है ("मूल"/"बैंक"/"समूह") और इसके संयुक्त उद्यम और सहयोगी जिनमें 31 मार्च, 2026 तक समेकित तुलन-पत्र शामिल है, समेकित लाभ व हानि खाता और उसके बाद समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकद प्रवाहों का विवरण शामिल है, और समेकित वित्तीय विवरणों के नोट्स, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सारांश शामिल है (इसके बाद 'समेकित वित्तीय विवरणियां' के रूप में संदर्भित), जिसमें सम्मिलित है:

   ए) बैंक के लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण;

   बी) सहयोगी संस्थाओं के ऑडिट किए गए वित्तीय विवरण (ओडिशा ग्रामीण बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) एवं एसर क्रेडिट रेटिंग प्रा. लि.)

   हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और इस तरह के संयुक्त उद्यम और सहयोगी के अलग-अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, जैसा कि अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित किया गया था, उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्र, दिशानिर्देश और निर्देश ("आरबीआई दिशानिर्देश") और लागू लेखांकन मानक द्वारा इस प्रकार से जानकारी देते हैं जो समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के लिए भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं:

   ए) समेकित तुलन-पत्र के मामले में 31 मार्च, 2026 तक समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष अवलोकन देते हैं;

   बी) समाप्त वर्ष की तिथि के लिए समेकित लाभ व हानि खाते के संदर्भ में समूह और उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के वास्तविक लाभ; और

   सी) समाप्त वर्ष की तिथि के लिए समेकित नकदी प्रवाह के संदर्भ में समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष अवलोकन देते हैं।

अभिमत का आधार

2. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखापरीक्षा विषयक मानकताओं (एसए' यों) के अनुसार की है । हमारी जिम्मेदारियां इन मानकताओं के अधीन हमारी रिपोर्ट के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के भाग की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों के तहत विस्तृत रूप से दर्शाया गया है । आईसीएआई द्वारा जारी 'आचार संहिता' के अनुसार हम, समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम से स्वतंत्र हैं, साथ ही नैतिक अपेक्षाएँ जो समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक है जिन्हें लेखांकन मानक और बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान और समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्र और दिशानिर्देश के अनुसरण में तैयार किया गया है और हमने अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को इन अपेक्षाओं के अनुसार पूरा किया है । हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य तथा नीचे "अन्य मामले" पैराग्राफ में संदर्भित अन्य लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर विचार, हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

मामलों पर बल

3. हम स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणी की अनुसूची 18 के निम्नलिखित नोट्स की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं । हम अनुसूचित 18 के संयुक्त वित्तीय विवरणों में नोट संख्या 2.8 की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं, जो ₹2780.97 करोड़ की स्थगित कर परिसंपत्ति से संबंधित वहन शेष और वर्ष के दौरान अनुमानित आधार पर ₹1050.14 करोड़ की पुनर्वापसी तथा 31 मार्च, 2026 को स्थगित कर परिसंपत्ति के वहन शेष की प्राप्ति क्षमता के संबंध में प्रबंधन के आकलन से संबंधित है।

उपर्युक्त मामले के संबंध में हमारे अभिमत में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

4. प्रमुख लेखापरीक्षा मामले:-

   हमारे व्यवसायिक अभिमत में प्रमुख लेखा परीक्षा मामले, वे मामले हैं जो चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं । इन मामलो पर हमारे अभिमत वित्तीय विवरणों के समावेश रूप में हमारी लेखा परीक्षा के संदर्भ में हैं और उन पर हम अलग से कोई अभिमत प्रदान नहीं करना चाहते । प्रमुख लेखा-परीक्षकों द्वारा चिन्हित प्रमुख लेखापरीक्षा मामलो सहित संबंधित घटक लेखा-परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट किए गए निम्नांकित मामलों को हमने प्रमुख लेखा परीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है जो कि बैंक को हमारी रिपोर्ट के साथ संप्रेषित किए गए हैं।

1. अग्रिमों का वर्गीकरण, चिन्हित आय, गैर-निष्पादित अग्रिमों की पहचान और प्रावधान (वित्तीय विवरण की अनुसूची 9)

बैंक की निवल अग्रिम राशि कुल संपत्ति का 64.78 प्रतिशत है, जो वित्तीय विवरणों का महत्वपूर्ण भाग है । वे, अन्य बातों के आतिरिक्त, आय चिन्हित, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान (आईआरएसीपी) मानदंडों और आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अग्रिमों को अर्जक और अनर्जक (एनपीए) में वर्गीकृत करने से संबंधित दिशानिर्देश संबन्धित परिपत्रों और निर्देशों द्वारा निगरानी किये जाते हैं, सिर्फ विदेशी कार्यालयों के मामलों के छोड़कर जिसमें अग्रिमों का वर्गीकरण और उसका प्रावधान स्थानीय नियमों या आरबीआई के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हो उसके अनुसार किया जाता है । बैंक इन अग्रिमों को अपनी लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसीपी मानदंडों के आधार पर वर्गीकृत करता है।

अर्जक और अनर्जक अग्रिमों को चिन्हित करने के लिए उचित तंत्र स्थापित है। बैंक अपने सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेन-देन का हिसाब रखता है, जो अग्रिम अर्जक है या अनर्जक, उसे भी चिन्हित करता है ।

भारतीय रिज़र्व बैंक ("भारिबैं") द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित चिन्हित आय, संपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान पर विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अतिरिक्त, बैंक के पास अनर्जक परिसंपत्तियों पर प्रावधान के लिए कुछ नीतियाँ भी हैं ।

यदि, व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, आईआरएसीपी मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है, तो इन अग्रिमों (प्रावधानों का निवल) का आगामी मूल्य वास्तव में गलत हो सकता है।

लेन-देन की प्रकृति, नियामक आवश्यकताओं, वर्तमान कारोबारी माहौल, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन और प्रावधानों की गणना में शामिल अनुमान/निर्णय को ध्यान में रखते हुए, यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के इच्छित उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण विषय है।

साथ ही, आहरण शक्ति की गणना के लिए उधारकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत डेटा पर निर्भरता, सुरक्षा मूल्यांकन के लिए तीसरे पक्ष, भारिबैं द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्गठित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और चिन्हित ब्याज आय की पहचान पर निर्भरता के कारण गैर-निष्पादित अग्रिमों सहित, हमने उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा विषय के रूप में निर्धारित किया है।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

हमने गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की पहचान करने और उनके प्रावधान करने के लिए बैंक की प्रणाली का आकलन किया। हमारी लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और निम्नलिखित सहित वास्तविक परीक्षण शामिल थे:

ए) हमने सिस्टम में निर्मित नियंत्रणों, भारिबैं के दिशानिर्देशों के पालन के संबंध में शामिल जाँच और संतुलन व गैर-निष्पादित संपत्तियों की पहचान के लिए संबंधित बैंक की नीतियों, प्रकृति, समय और ठोस प्रक्रियाओं के सीमा निर्धारित करने के प्रावधान के बारे में बैंक से जानकारी प्राप्त की और तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई।

बी) हमें 20 शीर्ष शाखाओं के संबंध में आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार चिन्हित आय, निष्पादित और गैर-निष्पादित अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता जाँच के लिए आबंटित की गई थी। हमने आबंटित शाखाओं में ठोस प्रक्रियाओं को पूरा करने में, हमने बड़े अग्रिमों/तनावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है, जबकि अन्य अग्रिमों की नमूना आधार पर जांच की गई है, जिसमें बैंक के प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा भी शामिल है।

सी) आंतरिक लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा, क्रेडिट लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखापरीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता, बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार है।

डी) शाखाओं से प्राप्त रिटर्न को स्वीकार किया गया, जो ऑडिट के अधीन नहीं हैं और उस संबंध में हमने उपलब्ध कराए गए नमूना डेटा की शुद्धता को पुष्टि करने के लिए बैंक के आंतरिक निगरानी तंत्र/प्रणालियों की समीक्षा की और सुनिश्चित किया गया कि हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवाद/विचलन/त्रुटियों पर बैंक द्वारा विचार किया गया।

ई) समय-समय पर जारी भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की पहचान व प्रावधान और उसके अनुरुप आय के प्रतिवर्तन की जांच की गई।

एफ) एनपीए की पहचान और भारिबैं के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया।

जी) भारिबैं के निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा कार्यान्वित परिसंपत्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया।

एच) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य देशीय और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए काम को स्वीकार किया है।

आई) नमूना आधार पर चयनित उधारकर्ताओं की फाइलों और ऐसे खातो के परिचालन की समीक्षा की गई।

जे) प्रासंगिक विश्लेषणात्मक प्रक्रियाएं निष्पादित करना।

के) ब्याज आवेदन की परीक्षण जांच, अन्य शुल्क लगाना, कमीशन आदि।

एल) सुनिश्चित किया गया कि हमारी ऑडिट प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों को विधिवत ठीक किया गया है।

II सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण

बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणाली, कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और सीबीएस से जुड़ी या स्वतंत्र रूप से काम करने वाली अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कामकाज पर अत्यधिक निर्भर है।

हमारा विशेष ध्यान सिस्टम में दिए गए तर्क, डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता, पहुंच प्रबंधन और कर्तव्यों का पृथक्करण से संबंधित है। ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि अनुप्रयोगों और डेटा में परिवर्तन उचित, अधिकृत, शुद्ध और मॉनिटर किए गए हैं, जिससे सिस्टम सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट/रिटर्न और अन्य वित्तीय व गैर-वित्तीय जानकारी उत्पन्न कर सके, जिसका उपयोग वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए किया जाता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं दैनिक आधार पर व्यापक मात्रा में होती है और विविध व जटिल लेन-देन की प्रक्रिया होती है जो आईटी प्रणालियों पर अत्यधिक निर्भर हैं। यहाँ एक जोखिम रहता है कि स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाएं और संबंधित आंतरिक नियंत्रण सटीक रूप से डिज़ाइन व प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो सकते हैं, जिसके कारण इसे एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा का विषय माना जाता है।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में प्रमुख आईटी अनुप्रयोगों का मूल्यांकन और पहचान शामिल है, और परीक्षण पर सिस्टम से उत्पन्न रिपोर्ट/रिटर्न और अन्य वित्तीय व गैर-वित्तीय जानकारी के परीक्षण जांच के आधार पर आईटी सिस्टम के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना शामिल है। हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में शामिल हैं:

ए) बैंक के आईटी नियंत्रण वातावरण और लेखापरीक्षा अवधि के दौरान महत्वपूर्ण परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं।

बी) परीक्षण जांच के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण अनुप्रयोग, पहुंच नियंत्रण सहित बैंक के आईटी नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की गई।

सी) जहां हमने अतिरिक्त प्रक्रियाओं को निष्पादित करने की आवश्यकता की पहचान की, हमने मैन्युअल क्षतिपूर्ति नियंत्रणों पर निर्भरता रखी; जैसे सिस्टम और अन्य सूचना स्रोतों के बीच सामंजस्य या अतिरिक्त परीक्षण करना; पर्याप्त और उचित ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने अधिक नमूना जांच की।

डी) सांविधानिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखा परीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियों (एमओसी) पर निर्भरता रहती है।

ई) जहां भी उपलब्ध कराया गया हो, बाह्य विक्रेता निरीक्षण रिपोर्ट पर निर्भरता रहती है।

एफ) आईएस ऑडिट रिपोर्ट की समीक्षा की और प्रमुख आईटी नियंत्रणों के अनुपालन पर आईटी विभाग के साथ चर्चा की।

III. निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 8)

निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बॉण्ड, डिबेंचर, शेयर, सुरक्षा रसीदें और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किया गया निवेश शामिल है।

बैंक की कुल संपत्ति में निवेश 25.31 प्रतिशत है। ये भारिबैं के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित किये जाते हैं । भारिबैं के निर्देश, अन्य बातों के साथ निवेश का मूल्यांकन, निवेश का वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान, अचिन्हित आय और उसके प्रति प्रावधान के लिए लागू होते हैं।

बाजार की अस्थिरता, विश्वसनीय कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण गैर-उद्धृत निवेश और कम कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है।

तदनुसार, हमारा ऑडिट निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादित निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान पर केंद्रित था।

उपरोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारिबैं द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित विधि के अनुसार किया जाना है, जिसमें एफआईबीआईएल दरों, बीएसई/एनएसई पर उद्धृत दरों, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि जैसे विभिन्न स्रोतों से डेटा/जानकारी का संग्रह शामिल हैं।

मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं और निर्णय की सीमा, लेन-देन की मात्रा, उपलब्ध निवेश और नियामक की मात्रा को ध्यान में रखते हुए, हमने उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

भारिबैं के परिपत्रों/निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारी लेखापरीक्षा दृष्टिकोण मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादित निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और वास्तविक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की ओर केन्द्रित थी। ट्रेज़री के लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं निम्नलिखित पर केंद्रित हैं

ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में प्रासंगिक भारिबैं के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया व उसे स्वीकार किया।

बी) उपलब्ध निवेश के चयनित नमूने के लिए, हमने सुरक्षा की प्रत्येक श्रेणी के लिए फिर से मूल्यांकन करके भारिबैं के मास्टर परिपत्रों और निर्देशों के साथ सटीकता और अनुपालन का परीक्षण किया। निवेश की सभी श्रेणियां (सुरक्षा की प्रकृति के आधार पर) नमूने में शामिल हैं , सुनिश्चित करने के बाद नमूनों का चयन किया गया।

सी) नवीनतम उपलब्ध वित्तीय विवरणों के आधार पर या भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर, गैर-उद्धृत निवेशों के स्वतंत्र रूप से परीक्षण-जाँच की गई।

डी) हमने एनपीआई की पहचान और उसके अनुरुप आय के प्रतिवर्तन और प्रावधान के निर्माण की प्रक्रिया का आंकलन और मूल्यांकन किया।

ई) हमने भारिबैं के परिपत्रों और निर्देशों के अनुसार बनाए रखे जाने वाले प्रावधान और प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास की स्वतंत्र रूप से पुन: गणना करने के लिए पर्याप्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं अपनाईं। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूने का चयन किया और भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई के लिए परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों के लिए भारिबैं के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधान की पुनर्गणना की।

IV. कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देनदारियों का आकलन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरण की अनुसूची 12)

बैंक ने कर और गैर-कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित शामिल मामले के विरुद्ध विवादित दावे किए हैं, जो विभिन्न अदालतों/मंचों में लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं । प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित बहिर्प्रवाह का आकलन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने के लिए उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है। बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके स्वयं के निर्णय, पिछले अनुभव और जहां भी आवश्यक समझा जाए, कानूनी और स्वतंत्र कर सलाहकारों की सलाह से समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारा लेखापरीक्षा विचाराधीन विषय वस्तु के तथ्यों और इसमें शामिल कानून के निर्णय/व्याख्या का विश्लेषण करने पर केंद्रित था।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

ए) हमने योजना की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया और कर मुकद्दमेबाजी मामलों पर प्रबंधन के नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया है।

बी) हमने संभावित बहिर्प्रवाह और विवादों के संभावित परिणाम का अनुमान लगाने में प्रबंधन की अंतर्निहित धारणाओं की समीक्षा की। इन अनिश्चित कर/गैर कर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय कानूनी प्राथमिकता और अन्य फैसलों पर विचार किया गया।

सी) साथ ही, हमने ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में प्रबंधन निर्णयों, उद्योग स्तर के विचार-विमर्श और संभावित बहिर्वाह के अनुमान व बैंक के आंतरिक विशेषज्ञों की अभिमत पर विश्वास किया।

डी) प्रमुख विवादित गैर-कर मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा चुनिंदा प्रमुख पत्राचार, आंतरिक/बाह्य कानूनी राय/परामर्श को पढ़ा और उनका विश्लेषण किया।

ई) बैंक/अन्य कॉरपोरेट के मामले में एक-समान मामलो में जहां भी उपलब्ध हो, वहां अन्य कानूनी घोषणाओं की समीक्षा और सत्यापन किया गया।

एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन के साथ चर्चा की गई और प्रावधानों का अनुमान लगाने में प्रबंधन की अंतर्निहित प्रमुख धारणाओं का मूल्यांकन किया गया।

जी) विवादित गैर-कर मामलों के संभावित परिणाम के बारे में प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णयों पर विश्वास किया।

5. अन्य मामले

समेकित वित्तीय विवरणों में 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए समूह के ₹210.43करोड़ के निवल लाभ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि एक एसोसिएट के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में माना गया है, जिनकी वित्तीय विवरण/जानकारी का हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं किया गया है । इन वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें सौंपी गई और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारा अभिमत केवल संयुक्त उद्यम और सहयोगी के संबंध में निहित राशि और प्रकटीकरण से पूर्णतः ऐसे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय और अन्य कानूनी एवं विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी नीचे दी गई रिपोर्ट उपरोक्त मामलों के संबंध में अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और उनकी रिपोर्ट पर हमारी निर्भरता के संदर्भ में संशोधित नहीं है।

इस संबंध में हमारे अभिमत में संशोधन नहीं किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अतिरिक्त अन्य जानकारी

6. बैंक का निदेशक मंडल अन्य जानकारी के लिए जिम्मेदार है । अन्य जानकारी में निदेशक की रिपोर्ट, कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट, प्रमुख वित्तीय संकेतक और शेयरधारक को सूचना शामिल है, लेकिन उसमें समेकित वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है । अन्य जानकारी हमें इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद उपलब्ध कराये जाने की उम्मीद है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय बेसल III प्रकटीकरण के तहत अन्य जानकारी और पिलर 3 प्रकटीकरण को सम्मिलित नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन संबंधी निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं और न ही करेंगे ।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि जब अन्य जानकारी उपलब्ध हो, तो उसे पढ़ें और ऐसा करते समय इस बात पर विचार करें कि क्या अन्य जानकारी समेकित वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी से भौतिक रूप से असंगत है, या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है ।

जब हम निदेशकों की रिपोर्ट, कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट, प्रमुख वित्तीय संकेतक और शेयरधारक की सूचना को पढ़ते हैं और यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इसमें कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण है, तो हमें इस मामले को गवर्नेंस के प्रभारी तक पहुंचाना आवश्यक होगा ।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और गवर्नेंस की ज़िम्मेदारी संभालने वालों की ज़िम्मेदारियाँ

7. बैंक का निदेशक मंडल समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार है, जो भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों ,जिसमें लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान और भारतीय रिज़र्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र और दिशानिर्देश शामिल हैं, के अनुसार बैंक की समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय प्रदर्शन और समेकित नकदी प्रवाह का सही और उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इस जिम्मेदारी में बैंक की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का अनुरक्षण ; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और आवेदन; निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हैं; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को तैयार करना, कार्यान्वयन और अनुरक्षण, जोकि लेखांकन के रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे,वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक जो एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और सामग्री के दुरुपयोग से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भी हुई हो, शामिल है जिनका उपयोग उपरोक्तानुसार बैंक के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, एक चालू संस्था के रूप में बने रहने के लिए समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम क्षमता का आकलन करने के लिए समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम सहित ईकाइयों के निदेशक मंडल जिम्मेदार होता है और इससे संबंधित मामलों का प्रकटीकरण करना व लेखांकन के आधार का उपयोग करना, जब तक कि प्रबंधन या तो समूह को समाप्त करने या संचालन बंद करने का इरादा नहीं रखता है, या ऐसा करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होता है।

समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम से संबन्धित निदेशक मंडल, समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देख-रेख के लिए जिम्मेदार है।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की ज़िम्मेदारी

8. हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से वित्तीय विवरण महत्वपूर्ण गलत विवरण न हो, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भी हुई हो, और एक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन होता है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार की गई लेखा परीक्षा सदैव ही किसी महत्वपूर्ण के गलती के मौजूद होने का पता लगाएगी । गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें महत्वपूर्ण तब माना जाता है जब वे, व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से, इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को यथोचित रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

एसए के अनुसार लेखा परीक्षा के भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं तथा पूरी लेखा परीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद बनाए रखते हैं । साथ ही हम:

- समेकित वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों को पहचान कर उनका आकलन करते हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हुए हो, उन जोखिमों के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादन करते हैं व लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप ,महत्वपूर्ण गलत विवरण का पता नहीं लगने के कारण जोखिम त्रुटि एक से अधिक रूप में परिणामित हो सकती है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण को निरस्त करना शामिल हो सकती है।

- लेखा परीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना ताकि परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त लेखा परीक्षा की प्रक्रिया को तैयार किया जा सके ।

- प्रबंधन के द्वारा इस्तेमाल की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरणों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करते हैं ।

- प्रबंधन द्वारा चालू प्रतिष्ठान के आधार पर लेखांकन के उपयोग की उपयुक्तता और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष/निकालना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई में महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है जो बैंक को चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने कई क्षमता पर गम्भीर संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि एक महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान आकर्षित करना होगा या, यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय को संशोधित करने होगा । हमारे निष्कर्ष लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षण साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएं या शर्त बैंक को चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने से वंचित कर सकती हैं।

- समग्र प्रस्तुति, प्रकटीकरण सहित वित्तीय विवरणों की विषय वस्तु और संरचना के मूल्यांकन सहित इस बात का मूल्याकन करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देन और घटनाओं का इस तरह से दर्शाते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

- समेकित वित्तीय विवरणों पर अभिमत व्यक्त करने के लिए बैंक और उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के भीतर ऐसी संस्थाओं या व्यावसायिक गतिविधियों की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करें । हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं की वित्तीय जानकारी के निर्देशन, पर्यवेक्षण और लेखापरीक्षा के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार हैं, जिनके हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं । समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थाओं के लिए, जिनका लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षक द्वारा किया गया है, ऐसे अन्य लेखा परीक्षक उनके द्वारा किए गए लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार रहते हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

हम बैंक के गवर्नेंस की ज़िम्मेदारी संभालने वालों और उन अन्य संस्थाओं से, जिन्हें समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है और जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं, अन्य विषयों के साथ-साथ लेखा परीक्षण की नियोजित परिधि और समय-सीमा तथा महत्वपूर्ण लेखा परीक्षण निष्कर्षों के बारे में संवाद करते हैं, जिसमें हमारे लेखा परीक्षण के दौरान पहचानी गई आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमी शामिल होती है।

हम गवर्नेंस की ज़िम्मेदारी संभालने वालों को यह वक्तव्य भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया है, और उनके साथ उन सभी संबंधों तथा अन्य विषयों पर संवाद

करते हैं जिन्हें यथोचित रूप से हमारी स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला माना जा सकता है, तथा जहाँ लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों पर भी।

गवर्नेंस की ज़िम्मेदारी संभालने वालों के साथ संप्रेषित विषयों में से, हम उन विषयों को निर्धारित करते हैं जो वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखा परीक्षण विषय हैं। हम इन विषयों का वर्णन अपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में करते हैं, जब तक कि कानून या विनियमन उस विषय के सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता न हो, या अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करें कि किसी विषय को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम यथोचित रूप से सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक होने की संभावना रखते हैं।

अन्य विधिक तथा नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

9. समेकित तुलन पत्र और समेकित लाभ व हानि खाता, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों अनुसार तैयार किया गया है।

10. उपरोक्त पैराग्राफ 5,7 से 8 में इंगित लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन और बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अर्जन व अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 के अनुसार हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर और अलग-अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट और सहयोगी की अन्य वित्तीय जानकारी के आधार पर, जैसा कि 'अन्य मामलों' पैराग्राफ में वर्णित आवश्यक प्रकटीकरण की सीमाओं के अधीन रहते हुए हम रिपोर्ट करते हैं कि:

    ए) हमने उन सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरणों को प्राप्त किया है जो लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए हमारे ज्ञान और विश्वास के लिए आवश्यक थे एवं हमने उन्हें संतोषजनक पाया है;

    बी) बैंक के वे सभी लेन-देन जोकि हमारे संज्ञान में थे बैंक की क्षमता के अधीन हैं; तथा

    सी) बैंक की शाखाओं तथा कार्यालयों से प्राप्त विवरणियां हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्य के लिए पर्याप्त पाई गयी थीं।

11. जैसा कि पत्र संख्या डीओएस.एआरजी.6270/08.91.001/2019-20 दिनांकि 17 मार्च 2020 (यथा संशोधित) की आवश्यकताओं के अनुसार " सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति- वित्तीय वर्ष 2019-20 से एससीए की रिपोर्टिंग उत्तरदायित्व" पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी उत्तरवर्ती संसूचना दिनांकित 19 मई, 2020 के साथ पठित , हम उपरोक्त पत्र के पैरा 2 में निर्दिष्ट मामलों पर आगे की रिपोर्ट निम्नानुसार प्रस्तुत करते हैं:

    ए) हमारे अभिमत में, उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं, यहाँ तक कि वे आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

    बी) वित्तीय लेन-देन या मामलों पर कोई टिप्पणी और अवलोकन नहीं है, जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

    सी) चूंकि बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उपधारा (2) के तहत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यताएं बैंक पर लागू नहीं होती है।

    भारत में शामिल सहयोगी कंपनी (जो सरकारी कंपनी नहीं है) के सांविधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर, 31 मार्च 2026 तक भारत में शामिल सहयोगी कंपनी के किसी भी निदेशक को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) के अनुसार निदेशक नियुक्त किए जाने से अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

    डी) खातो और अन्य मामलों से जुड़े मामलों के अनुरक्षण से संबंधित कोई योग्यता, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

    ई) आईसीएआई द्वारा जारी "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षण पर तकनीकी गाइड" के अनुच्छेद 1.14 के अनुसार, आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आरबीआई द्वारा शुरू की गई रिपोर्टिंग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर लागू होगी। तदनुसार, समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समूह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्टिंग नहीं की जाती है।

12. हम साथ ही यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

    ए) हमारे अभिमत में, हमारे द्वारा दौरा नहीं की गई शाखाओं से हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए बैंक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त खाता बही विवरणियों से प्राप्त की गयी हैं और उन शाखाओं से जिनका हमने दौरा नहीं किया है वहाँ से हमें

लेखापरीक्षण के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त उचित विवरणियाँ व अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं।

बी) इस रिपोर्ट में दिए गए समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ व हानि खाता और समेकित नकदी के प्रवाह का विवरण और उन शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ खाता बहियों के साथ हैं, जिनका दौरा हमने नहीं किया ।

सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के तहत बैंक के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट हमें भेजी गई है और इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा समुचित सावधानी बरती गई है ।

डी) हमारे अभिमत में, समेकित तुलन पत्र , समेकित लाभ व हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह का विवरण लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं और वे आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते आर देवेंद्र कुमार व एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 114207डब्ल्यू

आनंद गोलास
साझेदार
एम. नं.: 400322
यूडीआइएन 26400322ओजेडएटीईएस9332

कृते तेज राज व पाल
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 304124ई

दिनकर मोहंती
साझेदार
एम. नं.: 059390
यूडीआइएन: 26059390एनडब्ल्यूआईवीवीयू4944

कृते लक्ष्मी तृप्ति व एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 009189सी

कृते संजीव ओमप्रकाश गर्ग व कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन:008773सी

एल एन अग्रवाल
साझेदार
एम. नं.: 078427
यूडीआइएन: 26078427एसआरएक्सक्यूजीएम4291

विकास मित्तल
साझेदार
एम. नं.:407833
यूडीआइएन: 26407833जेडसीएमपीडीएन3228

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 29.04.2026

बेसल III के स्तंभ 3 का प्रकटीकरण – 31.03.2026 तक

भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक-पूँजी पर्याप्तता पर विवेकपूर्ण मानदंड) के निर्देश, 2025 यथासंशोधित के अनुसार, बैंकों के बेसल III पूँजी आवश्यकताओं के अंतर्गत स्तंभ 3 का प्रकटीकरण करना अनिवार्य है। बैंक ने ये प्रकटीकरण निर्धारित किए हैं जो कि www.iob.bank.in पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: http://www.iob.bank.in/en/basel-iii-disclosure

इस अनुभाग में निम्नलिखित प्रकटीकरण शामिल है:

तालिका	विवरण
डीएफ-1	प्रयोज्यता की संभावना
डीएफ-2	पूँजी पर्याप्तता
डीएफ-3	उधार जोखिम:सभी बैंको के लिए सामान्य प्रकटीकरण
डीएफ-4	उधार जोखिम:मानकीकृत दृष्टिकोण के अनुरूप पोर्टफोलियो के लिए प्रकटीकरण
डीएफ-5	उधार जोखिम कम करना:मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण
डीएफ-6	प्रतिभूतिकरण:मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण
डीएफ-7	ट्रेडिंग बुक मे बाजार जोखिम
डीएफ-8	परिचालनात्मक जोखिम
डीएफ-9	बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम(आइआरआरबीबी)
डीएफ-10	प्रतिपक्ष उधार जोखिम संबंधित जोखिम एक्सपोज़र से संबंधित सामान्य प्रकटीकरण
डीएफ-11	पूँजी की संघटना
डीएफ-12	पूँजी की सरंचना:समाधान आवश्यकताएँ
डीएफ-13	विनियामक पूँजी लिखतों की प्रमुख विशेषताएँ
डीएफ-14	विनियामक पूँजी लिखतों के लिए नियम व शर्तें
डीएफ-15	पारिश्रमिक के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ
डीएफ-16	इक्विटी-बैंकिंग बही स्थिति के लिए प्रकटीकरण
डीएफ-17	लेखांकन आस्तियां तथा लिवरेज अनुपात एक्सपोज़र उपायों का तुलनात्मक सारांश
डीएफ-18	लिवरेज अनुपात सामान्य प्रकटीकरण टेम्पलेट

व्यवसायिक उत्तरदायित्व एवं धारणीयता रिपोर्ट

सेबी की आवश्यकतानुसार, व्यवसायिक उतरदायित्व एवं धारणीयता रिपोर्ट तैयार की गई है और इसे बैंक की वेबसाइट www.iob.bank.in पर विनमनविलण्डिखत विलं क केअं तर्गत हो ॉ विकया गया :

https://www.iob.bank.in/documents/d/guest/iobBRSR_2025-26

लाभांश वितरण नीति

संशोधित सेबी (सूचीगत बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के खंड 43ए के अनुसार बैंक ने एक लाभांश वितरण नीति बनाई है और यह बैंक की वेबसाइट www.iob.bank.in पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://www.iob.bank.in/documents/d/guest/dividend-distribution-policy

हरित पहल – शेयरधारकों से अपील

ई-मेल के माध्यम से सूचनाएँ /वार्षिक रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त करने हेतु

शेयरधारक जिनके पास शेयर डीमैट रूप में है और ई-मेल पता पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी के माध्यम से अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करवाएं।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता एवं मोबाइल नंबर बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट, मेसर्स केमियो कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड (यूनिट-इण्डियन ओवरसीज़ बैंक), सुब्रमण्यन बिल्डिंग, 5वां तल, नं 1 क्लब हाउस रोड, चेन्नै – 600 002, टेलीफोन:044-4002 0700 व ऑनलाइन निवेशक पोर्टल : http://wisdom.cameoindia.com , वेबसाइट: www.cameoindia.com को प्रदान करें।

फॉर्म आईएसआर-1 बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है:https://www.iob.bank.in/en/important-information-shareholder


IOB
Good people to grow with
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
90 FOUNDATION DAY
IOB Pink Wheels
A special vehicle loan designed to put women in the driver's seat.
SCAN TO KNOW MORE
Loan up to 90% of on-road price
0%
Zero processing & documentation charges
Eligible for women & girl students (co-applicant mandatory for students)
Repayment up to 6 years with flexible terms
*T&C Apply
www.iob.bank.in
Follow us on @IOBIndia
1800 890 4445 | 1800 425 4445
+91 96777 11234



From the Desk of Chairman

Dear Stakeholders,

As Non-Executive Chairman of the Board, I consider it both a privilege and a responsibility to address you at a time when the banking sector globally is navigating a period of significant transition and complexity.

The past year has once again demonstrated that the operating environment for financial institutions is becoming increasingly dynamic. Across the world, economies continue to contend with geopolitical tensions, shifts in trade and supply chains, evolving monetary conditions, technological disruption, and heightened uncertainty in financial markets.

At the same time, the banking sector itself is undergoing profound transformation. The rapid acceleration of digital adoption, the emergence of artificial intelligence and data-driven financial services, rising customer expectations, cyber-security concerns, and evolving regulatory standards are reshaping the manner in which banks operate and compete.

In such an environment, long-term institutional resilience assumes far greater importance than short-term outcomes alone.

Against this backdrop, the Indian economy has continued to display notable resilience and stability. India remains among the fastest-growing major economies in the world, supported by strong domestic demand, public investment in infrastructure, continued formalisation of the economy, expanding digital public infrastructure, and prudent macroeconomic management.

The Indian banking sector has also continued to strengthen over recent years. Improvements in capital adequacy, asset quality, governance frameworks, and operational capabilities have placed the sector on a significantly stronger footing than in previous cycles. Public Sector Banks, in particular, have undergone substantial transformation. Their role today extends beyond conventional banking; they remain vital institutions for financial inclusion, credit intermediation,

economic development, and maintaining public confidence in the financial system.

Indian Overseas Bank has participated meaningfully in this broader strengthening of the sector. During the year under review, the Bank continued to make progress across several important dimensions. The improvement in financial performance, strengthening of asset quality, enhancement of operational resilience, and continued focus on customer service reflect sustained efforts over multiple years.

To support this momentum, the Bank has continued to invest in technology, digital capabilities, and process improvement with the objective of improving customer experience, strengthening efficiency, and enhancing responsiveness in an increasingly competitive banking environment.

At the same time, it is important to recognise that sustainable banking cannot be built on growth alone. As a Board, our emphasis has been on ensuring that growth remains prudent, governance standards remain strong, and risk management frameworks remain robust and forward-looking.

We have continued to focus on strengthening oversight mechanisms, compliance culture, and institutional accountability. In today's environment, governance is not merely a regulatory requirement; it is central to maintaining trust, credibility, and long-term institutional strength.

Equally, risk management in modern banking must extend beyond traditional credit risks. Operational resilience, cyber-security preparedness, technology governance, conduct standards, and data protection have become equally critical dimensions of institutional stability. The Board and the Management remain conscious of these evolving challenges and continue to work towards strengthening the Bank's preparedness and resilience across these areas.

A strong institution is ultimately built not only through financial performance, but through culture, integrity, and consistency of purpose.

Looking ahead, while the medium-term outlook for the Indian economy remains positive, the external environment is likely to remain uncertain and rapidly evolving. Banks will need to balance growth aspirations with prudence, innovation with security, and competitiveness with responsible conduct.

For Indian Overseas Bank, the way forward must therefore be anchored in a few enduring principles: we must continuously maintain customer trust, relentlessly strengthen our governance, build deep operational resilience, adapt responsibly to technological change, and create long-term, sustainable value for all our stakeholders.

As a Board, we remain committed to supporting the Bank in this journey.

Before I conclude, I wish to place on record our sincere gratitude to the Government of India, particularly the Ministry of Finance, for its continued guidance and support to the public sector banking system and to Indian Overseas Bank.

The Board also deeply values the guidance, oversight, and regulatory stewardship provided by the Reserve Bank of India and other regulatory and supervisory authorities, whose role continues to be critical in maintaining the stability, integrity, and resilience of the financial system.

I would especially like to acknowledge the efforts and commitment of the Bank's employees across our country and overseas operations. Their dedication and adaptability continue to play a vital role in the Bank's progress.

I also thank our shareholders, depositors, valued customers, and all other stakeholders who continue to repose their confidence and trust in the Bank.

